# दैनिक अयोध्या टाइम्स

RNI NO.: UPHIN/2015/67284

समस्या आपकी-आवाज हमारी

Email:dainikayodhyatimes@gmail.com    www.dainikayodhyatimes.in/.page

वर्ष : 8    अंक : 145    पब्लिकेशन स्थानः कानपुर नगर    पृष्ठ : 08,    मूल्य : 2 रुपये,    सोमवार 25 जुलाई 2022    (डाक पंजीयन संख्याः 272/2021–23)


## संक्षिप्त समाचार

### छपरा में अवैध पटाखा फैक्ट्री में ब्लास्ट, 6 लोगों की मौत

बिहार। बिहार के छपरा में एक पटाखा बनाने वाली फैक्ट्री में ब्लास्ट होने की वजह से 6 लोगों की मौत



हो गई है। घटना सारण जिले के खोदाईबाग गांव की है। ब्लास्ट होने पर दूर–दूर तक इसकी आवाज गई है। कई लोगों के मलबे में अभी भी दबे होने की सूचना है। राहत और बचाव कार्य जारी है। जिन लोगों को बचाया जा चुका है उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के मुताबिक मरने वालों की संख्या में और वृद्धि हो सकती हैं। घटना की पुष्टि खुद सारण के एसपी संतोष कुमार ने की है।
रविवार को अचानक कि पटाखे में आग लग गई और बड़ा विस्फोट हुआ है। इस विस्फोट में तीन मंजिला मकान पूरी तरह से ध्वस्त हो गया है। मलबे में से भी पटाखों के फूटने की आवाज आई। स्थानीय लोगों ने सोशल मीडिया पर कई वीडियो भी जारी किए हैं। यह गैरकानूनी तरीके से पटाखा बनाने का काम बहुत पहले से चल रहा था। सूचना मिलने के साथ ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और राहत तथा बचाव कार्य शुरू कर दिया गया।

### काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन को लेकर हाथापाई, श्रद्धालुओं और सेवदारों में जमकर मारपीट

वाराणसी। वाराणसी में काशी विश्वनाथ मंदिर के गर्भगृह के अंदर भक्तों और चार मंदिर सेवकों के बीच



हाथापाई हो गई. घटना का सीसीटीवी फुटेज अब सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है. फुटेज में मंदिर के सेवक और दो भक्त काशी विश्वनाथ मंदिर के अंदर के क्षेत्र में एक–दूसरे को धक्का मारते हुए दिखाई दे रहे हैं. रिपोर्ट्स के मुताबिक, घटना शनिवार शाम की है, जब मंदिर के गर्भगृह में आरती चल रही थी।
दरवाजे बंद होने पर भी भक्तों ने दर्शन करने पर जोर दिया. विवाद तब शुरू हुआ, जब भक्त और मंदिर के सेवक एक–दूसरे को गर्भगृह के अंदर धकेलने लगे. श्रद्धालुओं को गर्भगृह से बाहर निकाला गया और मंदिर के सेवकों ने मंदिर प्रशासन को एक पत्र भेजकर घटना से अवगत कराया. उन्होंने पुलिस पर सहयोग नहीं करने का आरोप लगाया।
इस बीच दोनों श्रद्धालुओं ने घटना के बाद मंदिर के चार सेवकों समेत पांच लोगों के खिलाफ मारपीट का आरोप लगाते हुए पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है. कुछ दिन पहले भी राज्य पुलिस और मंदिर कर्मियों के बीच दर्शन को लेकर ऐसा ही विवाद हुआ था. कर्मचारी कथित तौर पर धरने पर बैठ गए और बाद में इस मुद्दे को सुलझा लिया गया।

### यूपी में सपा अब डूबता हुआ जहाज : डिप्टी सीएम केशव प्रसाद

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी के ओर से शनिवार को एक लेटर जारी किया गया. इसके जवाब में शिवपाल सिंह यादव की पार्टी ने भी एक लेटर जारी कर अखिलेश यादव से कई सवाल पूछे हैं. अब इस विवाद में यूपी के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य की एंट्री हुई है।डिप्टी सीएम के कांग्रेस और समाजवादी पार्टी पर रविवार को ट्वीट कर



निशाना साधा है. उन्होंने अपने ट्वीट में लिखा, यूपी में सपा अब डूबता हुआ जहाज है. कांग्रेस विधान परिषद में हीरो से जीरो है. बीजेपी के साथ देश प्रदेश का विकास हो रहा है। इससे पहले डिप्टी सीएम ने सपा द्वारा जारी लेटर पर भी शनिवार को ट्वीट कर निशाना साधा था।

### ईएससी की 12वीं क्लास की परीक्षा के नतीजे जारी, 99.38 फीसदी विद्यार्थी हुए पास

लखनऊ। काउंसिल फॉर द इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशन ने आज 5 बजे कक्षा 12वीं का परिणाम 2022 घोषित किया है. छात्र अपना सेमेस्टर 2 परिणाम 2022 आधिकारिक वेबसाइट cisce.org और results.cisce.org पर देख सकते हैं. छात्र आधिकारिक वेबसाइट के अलावा मोबाइल एसएमएस सेवा के माध्यम से आईएससी 12वीं परिणाम देख सकते हैं।

# युवा पीढ़ी जड़ों से जुड़े रहने की परंपरा को आगे बढ़ाए राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने देशवासियों का जताया आभार

राम कृपाल सिंह
नेशनल ब्यूरोचीफ

नई दिल्ली। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने पद छोड़ने की पूर्व संध्या पर देशवासियों को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने खुलकर अपनी बातें रखी। इस दौरान उन्होंने देशवासियों का आभार भी जताया। राष्ट्र के नाम संबोधन में रामनाथ कोविंद ने कहा कि निष्ठावान नागरिक ही वास्तविक निर्माता है। उन्होंने कहा कि अपने कार्यकाल के दौरान प्रतिभावान लोगों से मिलने का अवसर प्राप्त हुआ। मैं भी देश के लिए कुछ करना चाहता था। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि भारत का लोकतंत्र सभी को मौका देता है। राष्ट्रपति ने कहा कि मेरे कार्यकाल के दौरान मुझे सभी का सहयोग मिला। उन्होंने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि 5 साल पहले, मैं आपके चुने हुए जनप्रतिनिधियों के माध्यम से राष्ट्रपति के रूप में चुना गया था। राष्ट्रपति के रूप में मेरा कार्यकाल आज समाप्त हो रहा है। मैं आप सभी और आपके जन प्रतिनिधियों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करना चाहता हूं। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि 21वीं सदी को भारत की सदी बनाने के लिए हमारा देश सक्षम हो रहा है, यह मेरा दृढ़ विश्वास है।
राष्ट्रपति ने कहा कि कानपुर देहात जिले के परौंख गांव के



अति साधारण परिवार में पला–बढ़ा राम नाथ कोविन्द आज आप सभी देशवासियों को संबोधित कर रहा है, इसके लिए मैं अपने देश की जीवंत लोकतांत्रिक व्यवस्था की शक्ति को शत–शत नमन करता हूं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति के कार्यकाल के दौरान अपने पैतृक गांव का दौरा करना और अपने कानपुर के विद्यालय में वयोवृद्ध शिक्षकों के पैर छूकर उनका आशीर्वाद लेना मेरे जीवन के सबसे यादगार पलों में हमेशा शामिल रहेंगे। रामनाथ कोविंद ने कहा कि अपनी जड़ों से जुड़े रहना भारतीय संस्कृति की विशेषता है। मैं युवा पीढ़ी से यह अनुरोध करूंगा कि अपने गाँव या नगर तथा अपने विद्यालयों तथा शिक्षकों से जुड़े रहने की इस परंपरा को आगे बढ़ाते रहें। उन्होंने कहा कि उन्नीसवीं शताब्दी के दौरान पूरे देश में पराधीनता के विरुद्ध अनेक विद्रोह हुए। देशवासियों में नयी आशा का संचार करने वाले ऐसे विद्रोहों के अधिकांश नायकों के नाम भुला दिए गए थे। अब उनकी वीर–गाथाओं को आदर सहित याद किया जा रहा है।
राम नाथ कोविंद ने कहा कि तिलक और गोखले से लेकर भगत सिंह और नेताजी सुभाष चन्द्र बोस तकय जवाहरलाल नेहरू, सरदार पटेल और श्यामा प्रसाद मुकर्जी से लेकर सरोजिनी नायडू और कमलादेवी चट्टोपाध्याय तक– ऐसी अनेक विभूतियों का केवल एक ही लक्ष्य के लिए तत्पर होना, मानवता के इतिहास में अन्यत्र नहीं देखा गया है। उन्होंने कहा कि संविधान सभा में पूरे देश का प्रतिनिधित्व करने वाले अनेक महानुभावों में हंसाबेन मेहता, दुर्गाबाई देशमुख, राजकुमारी अमृत कौर तथा सुचेता कृपलानी सहित 15 महिलाएं भी शामिल थीं। संविधान सभा के सदस्यों के अमूल्य योगदान से निर्मित भारत का संविधान, हमारा प्रकाश–स्तम्भ रहा है। उन्होंने कहा कि हमारे पूर्वजों और हमारे आधुनिक राष्ट्र–निर्माताओं ने अपने कठिन परिश्रम और सेवा भावना के द्वारा न्याय, स्वतंत्रता, समता और बंधुता के आदर्शों को चरितार्थ किया था। हमें केवल उनके पदचिह्नों पर चलना है और आगे बढ़ते रहना है।
राष्ट्रपति ने कहा कि ने कहा कि अपने कार्यकाल के पांच वर्षों के दौरान, मैंने अपनी पूरी योग्यता से अपने दायित्वों का निर्वहन किया है। मैं डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद, डॉक्टर एस. राधाकृष्णन और डॉक्टर एपीजे अब्दुल कलाम जैसी महान विभूतियों का उत्तराधिकारी होने के नाते बहुत सचेत रहा हूं।
उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन का संकट हमारी धरती के भविष्य के लिए गंभीर खतरा बना हुआ है। हमें अपने बच्चों की खातिर अपने पर्यावरण, अपनी जमीन, हवा और पानी का संरक्षण करना है।
कोविंद ने कहा कि मैं सभी देशवासियों के प्रति हार्दिक कृतज्ञता व्यक्त करता हूं। भारत माता को सादर नमन करते हुए मैं आप सभी के उज्ज्वल भविष्य की मंगल कामना करता हूं।

## स्वर्गीय हरमोहन सिंह यादव की 10वीं पुण्यतिथि कल, कार्यक्रम को संबोधित करेंगे पीएम मोदी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 25 जुलाई सोमवार, 2022 को शाम 4.30 बजे स्वर्गीय हरमोहन सिंह यादव की 10वीं पुण्यतिथि पर एक कार्यक्रम को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधित करेंगे. हरमोहन सिंह यादव, का जन्म 18 अक्टूबर, 1921 को हुआ था और उनकी मृत्यु 25 जुलाई, 2012 को हो गई थी. हरमोहन सिंह यादव एक महान व्यक्ति और यादव समुदाय के नेता थे. कल के कार्यक्रम में प्रधानमंत्री की भागीदारीय दिवंगत नेता के किसानों, पिछड़े वर्गों और समाज के अन्य वर्गों के प्रति योगदान के सम्मान में है।
स्वर्गीय हरमोहन सिंह यादव लंबे समय तक राजनीति में सक्रिय रहे और उन्होंने एमएलसी, विधायक, राज्यसभा सदस्य और अखिल भारतीय यादव महासभा के अध्यक्ष के रूप में विभिन्न पदों पर कार्य किया. उन्होंने अपने बेटे सुखराम सिंह की मदद से कानपुर और इसके आसपास कई शैक्षणिक संस्थानों की स्थापना में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।
1984 के सिख–विरोधी दंगों के दौरान कई सिखों के जीवन की रक्षा करने में वीरता का प्रदर्शन के लिए स्वर्गीय हरमोहन सिंह



यादव को 1991 में शौर्य चक्र से सम्मानित किया गया था।

# पीएम मोदी की मौजूदगी में बीजेपी शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों की दिल्ली में अहम बैठक

राम कृपाल सिंह ने. ब्यूरोचीफ

नई दिल्ली। दिल्ली में बीजेपी शासित राज्यों के मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्रियों की बैठक हो रही है. इस बैठक में पीएम मोदी भी मौजूद हैं. बीजेपी की मुख्यमंत्री परिषद की इस बैठक में यूपी के सीएम आदित्यनाथ योगी, उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी, असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा, हरियाणा के सीएम मनोहर लाल खट्टर, एमपी के शिवराज सिंह चौहान, गोवा के सीएम प्रमोद सावंत, गुजरात के सीएम भूपेंद्र पटेल समेत अन्य नेता बैठक में शामिल हुए।
बैठक में बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, केशव मौर्य, ब्रजेश पाठक, देवेंद्र फडणवीस, बिरेन सिंह बसवराज बोम्बई, जयराम ठाकुर भी मौजूद हैं. बताया जा रहा है कि बैठक में पार्टी की सुशासन नीति पर विचार–विमर्श किया जाएगा. साथ ही सभी राज्यों के सीएम विकास एवं कल्याणकारी योजनाओं पर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे. मंत्री अपनी जनकल्याणकारी योजनाओं को लागू करने और गरीब व पिछड़े वर्ग को उसमें शामिल करने के तरीकों के साथ बैठक में अपनी शासन रिपोर्ट केंद्रीय नेतृत्व के सामने रखेंगे.।
बैठक में पीएम मोदी अपने विचार साझा करेंगे और राज्यों को विकास कार्यों पर मार्गदर्शन करेंगे. 2024 के लोकसभा चुनाव को लेकर बैठक में चर्चा की जा सकती है. इसके अलावा, पीएम मोदी देश भर में आगामी स्वतंत्रता दिवस समारोह पर भी चर्चा कर सकते हैं और सरकार के श्हर घर तिरंगा अभियान पर



बातचीत करेंगे. आजादी का अमृत महोत्सव के मद्देनजर नेताओं से ये भी अपेक्षा की जाती है कि वे आंदोलन के बारे में लोगों को जागरूक करने के तरीकों पर चर्चा करें। इससे पहले यह बैठक दिसंबर 2021 में उत्तर प्रदेश के वाराणसी में हुई थी. तब 12 बीजेपी शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों की भागीदारी देखी गई थी, जहां पीएम मोदी ने राज्यों के विकास और कल्याणकारी योजनाओं के कुशल वितरण पर अधिक ध्यान देने पर जोर दिया था।

## भारत सेना के तीनों अंगों की संयुक्त थिएटर कमान स्थापित करेगाः राजनाथ सिंह

### चीन और पाकिस्तान को सख्त चेतावनी देते हुए राजनाथ बोले यदि कोई युद्ध हुआ, तो भारत बनेगा विजेता

जम्मू। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सशस्त्र बलों के बीच समन्वय बढ़ाने के लिए सेना के तीनों अंगों की संयुक्त थिएटर कमान स्थापित करने की रविवार को घोषणा की। सिहं ने कहा कि भारत रक्षा उपकरणों के मामले में दुनिया के सबसे बड़े आयातक से एक निर्यातक बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने यहां जम्मू कश्मीर पीपुल्स फोरम द्वारा भारतीय सशस्त्र बलों के शहीदों को श्रद्धांजलि देने के लिए आयोजित एक कार्यक्रम में कहा, (करगिल में ऑपरेशन विजय में संयुक्त अभियान के मद्देनजर) हमने (देश में)संयुक्त थिएटर कमान स्थापित करने का फैसला किया है।''करगिल शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि देश की क्षेत्रीय अखंडता और संप्रभुता की रक्षा के लिए उनके सर्वोच्च बलिदान को देश नहीं भूल सकता। उन्होंने कहा, ''समाज और लोगों का यह कर्तव्य है कि वे शहीदों और उनके परिवारों को पूरा सम्मान दें।'' उन्होंने कहा, ''आप जो भी सहायता प्रदान कर सकते हैं, उनके परिवारों के लिए करें। यह प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है।'' रक्षा उत्पादन का जिक्र करते हुए सिंह ने कहा, ''भारत (रक्षा उत्पादों का)दुनिया का सबसे बड़ा आयातक था। आज, भारत दुनिया का सबसे बड़ा आयातक नहीं है, बल्कि रक्षा निर्यात में शामिल शीर्ष 25 देशों में से एक है।''
सिंह ने कहा कि देश ने 13,000 करोड़ रुपये का रक्षा निर्यात शुरू कर दिया है और 2025–26 तक इसे बढ़ाकर 35,000 रुपये से 40,000 करोड़ रुपये करने का लक्ष्य रखा गया है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) महासचिव दत्तात्रेय होसबले ने भी जम्मू विश्वविद्यालय के पास गुलशन ग्राउंड में सभा को संबोधित किया। सिंह का विधानसभा चुनाव के वास्ते पार्टी की तैयारियों का जायजा लेने के लिए त्रिकुट नगर स्थित पार्टी कार्यालय में भाजपा नेताओं की एक विशेष बैठक करने का कार्यक्रम है। उन्हें सुरक्षा स्थिति और राजनीतिक घटनाक्रम के बारे में भी जानकारी दी जाएगी।
पाकिस्तान और चीन के साथ भारत के रिश्ते तनाव भरे रह रहे हैं। 2020 में लद्दाख में हुई घटना के बाद से भारत और चीन के बीच के टकराव में लगातार बढ़ोतरी हुई है। अब तक भारत और चीन के बीच 16 दौर की बातचीत हो चुकी है। लेकिन कोई ठोस समाधान नहीं निकल सका है। चीन लगातार एलएसी पर अपनी विस्तार वाली



सोच को बढ़ाने में जुटा हुआ है। वहीं, पाकिस्तान आतंकवाद के जरिए भारत के खिलाफ लगातार साजिश रचता रहता है। इन सबके बीच रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आज एक बार फिर से दुश्मन देशों को बड़ी चेतावनी दे दी है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने साफ तौर पर कहा कि 'हम पर बुरी नजर डालने वाला कोई भी हो' भारत मुंहतोड़ जवाब देने के लिए तैयार है। इतना ही नहीं, जम्मू–कश्मीर दौरे पर गए रक्षा मंत्री ने विश्वास जताते हुए कहा कि यदि आज के समय में कोई युद्ध हुआ तो भारत विजेता बनकर वह भरेगा।

## ये उनकी पार्टी का अंदरूनी मामला अखिलेश यादव की खुली चिट्ठी पर डिप्टी डिप्टी ब्रजेश पाठक बोले

राम कृपाल सिंह ने.ब्यूरोचीफ



लखनऊ।सपा नेता अखिलेश यादव द्वारा अपने चाचा शिवपाल यादव और ओम प्रकाश राजभर को खुली चिट्ठी दिए जाने पर उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहा है कि ये उनकी पार्टी का आंतरिक मामला है लेकिन सामाजिक दृष्टि से मेरा मानना है कि भारतीय जनता पार्टी ऐसे सभी लोगों को साथ लेकर चलती है जो भारत माता के प्रति समर्पित भाव से काम करते हैं, राष्ट्र के प्रति सम्मान भाव से काम करते है. डिप्टी सीएम ने कहा, समाज में समर्पित भाव से काम करते हुए एक–एक व्यक्ति के सुख की चिंता करते हुए आम आदमी के जीवन में बदलाव लाने के लिए प्रधानमंत्री मोदी की नीतियों का समर्थन करते है।
दिनेश खटीक के वायरल त्यागपत्र की चिट्ठी के सवाल पर डिप्टी सीएम ने कहा कि, आप जानते हैं कि सब सामाजिक परिस्थितियां हैं और लोगों के विचार हैं और हम सब एक परिवार की तरह साथ मिलकर चलते हैं. बृजेश पाठक एक प्राइवेट हॉस्पिटल में डायलिसिस के उद्घाटन के लिए मेरठ पहुंचे थे जहां उन्होंने पहले डायलिसिस मशीन का उद्घाटन किया उसके बाद डॉक्टर्स को संबोधित किया।
बता दें कि लंबी खींचतान के बाद आखिरकार समाजवादी पार्टी ने राजभर से दो–टुक कह दिया कि वह जहां जाना चाहते हैं जाने के लिए स्वतंत्र हैं. अपनी चिट्ठी में सपा ने राजभर पर बीजेपी को मजबूत करने के आरोप भी लगाए हैं. सपा ने अपनी चिट्ठी में लिखा, ओमप्रकाश राजभर जी, समाज वादी पार्टी लगातार भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ लड़ रही है। आपका भारतीय जनता पार्टी के साथ गठजोड़ है और लगातार भारतीय जनता पार्टी को मजबूत करने के लिए काम कर रहे हैं. अगर आपको लगता है कहीं ज्यादा सम्मान मिलेगा तो वहां जाने के लिए आप स्वतंत्र हैं।



विरासत सौंपना या सत्ता हस्तांतरण करना, अपने आप में एक यज्ञ होता है। यज्ञ देवों और महादेव के साक्षित्व में होता है। हस्तांतरण के ये क्षण, इन क्षणों के भाव, अंतर्भाव और वातावरण ही इतिहास लिखते हैं। राष्ट्रपति पद का हस्तांतरण देखिए। राजनैतिक औपचारिकताएं होती रहेंगी। वैदिक प्रतिबद्धता प्रथमतः हो रही है। अब शुभ और लाभ होने ही मिलेंगे राष्ट्र को।

## स्मृति ईरानी ने कांग्रेस नेता पवन खेड़ा और जयराम रमेश को भेजा लीगल नोटिस




नई दिल्ली। गोवा में बार मामले को लेकर सियासी बवाल अभी भी जारी है। कांग्रेस केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी को लेकर हमलावर है। इन सबके बीच पलटवार में स्मृति ईरानी की ओर से अब लीगल नोटिस भी भेज दिया गया है। कांग्रेस की ओर से स्मृति ईरानी की बेटी पर गोवा में अवैध बार चलाने का आरोप लगाया गया था। कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से स्मृति ईरानी को मंत्रिमंडल से बर्खास्त करने की भी मांग की थी। पलटवार करते हुए स्मृति ईरानी ने कहा था कि मेरी बेटी विद्यार्थी है और वह कोई बार नहीं चलाती है। उन्होंने कहा था कि मुझे गांधी परिवार के खिलाफ बोलने की सजा कांग्रेस की ओर से दी जा रही है। शुक्रवार को एक संवाददाता सम्मेलन में भी स्मृति ईरानी ने साफ तौर पर कह दिया था कि वह इस मामले को लेकर कोर्ट जाएंगी। अब स्मृति ईरानी की ओर से कांग्रेस नेता पवन खेड़ा, जयराम रमेश, नेता डिसूजा और कांग्रेस को लीगल नोटिस भेजा गया है। इसके साथ ही उनसे बिना शर्त लिखित माफी मांगने और आरोपों को तत्काल प्रभाव से वापस लेने के लिए भी कहा गया है। इससे पहले स्मृति ईरानी ने कांग्रेस के इस आरोप को दुर्भावनापूर्ण करार दिया और उस पलटवार करते हुए दावा किया कि नेशनल हेराल्ड मामले में सोनिया और राहुल गांधी की ''5,000 करोड़ रुपये की लूट'' पर उनके मुखर रुख के कारण उनकी बेटी को निशाना बनाया गया है।
कांग्रेस के मीडिया एवं प्रचार प्रमुख पवन खेड़ा ने संवाददाताओं से कहा, केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी के परिवार पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगे हैं। गोवा में उनकी बेटी द्वारा चलाए जा रहे रेस्त्रां पर शराब परोसने के लिए फर्जी लाइसेंस जारी करवाने का आरोप लगा है और यह कोई 'सूत्रों के हवाले से' अथवा एजेंसियों द्वारा राजनीतिक प्रतिशोध लेने के लिए लगाया गया आरोप नहीं है, बल्कि सूचना का अधिकार (आरटीआई) के तहत प्राप्त जानकारी में खुलासा हुआ है।

# संक्षिप्त समाचार

## 60 हजार करोड़ की ठगी कर विदेश भागने वाले शाइन सिटी के एमडी पर पुलिस का शिकंजा, आलीशान पेंट हाउस सील

देशभर से 60 हजार करोड़ रुपए की ठगी कर भागे शाइन सिटी कंपनी के एमडी राशिद नसीम पर पुलिस ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है. सबसे पहले राशिद नसीम का डालीबाग के ग्रैंडियर सिक्स अपार्टमेंट स्थित 2 करोड़ रुपए कीमती आलीशान पेंट हाउस सील किया गया है. पुलिस अधिकारियों का कहना है कि राशिद नसीम देश छोड़कर भाग चुका है. उसकी यूपी समेत अन्य राज्यों में खरीदी गई तमाम नामी और बेनामी संपत्तियों का ब्यौरा भी जुटाया जा रहा है. महाठग राशिद नसीम प्रयागराज के करेली जीटीबी कॉलोनी का रहने वाला है. 22 साल पहले राशिद ने स्पीक एशिया मल्टी लेवल मार्केटिंग कंपनी में एजेंट के तौर पर नौकरी शुरू की थी. शातिर दिमाग राशिद ने कुछ ही महीनों में ही ठगी का ककहरा सीख लिया और अपने भाई आसिफ नसीम के साथ लखनऊ आकर वर्ष 2013 में शाइन सिटी इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड नाम से कंपनी शुरू की. उसने प्लॉट के नाम पर छोटी–छोटी स्कीमें चलाकर लखनऊ, प्रयागराज, वाराणसी, कानपुर और गोरखपुर समेत प्रदेश के अन्य जनपदों में ऑफिस खोले. एजेंट बनाकर ग्राहक लाने पर मोटा कमीशन देने की योजना चलाई. शातिर राशिद नसीम के पास इंचभर जमीन नहीं थी लेकिन किसानों से खेत किराए पर लेकर अपनी कंपनी और हाउसिंग स्कीमों के बोर्ड लगवाए. साइट विजिट के नाम पर महाठग ग्राहकों को खेतों में लाता था।



## चन्द्रशेखर व मंगल पाण्डेय जी के जन्मदिवस पर रावतपुर कासिग तक आजाद संदेश यात्रा निकाली

कानपुर। आप कानपुर नगर के जिला अध्यक्ष उमेश यादव के नेतृत्व में कातिकारी चन्द्रशेखर आजाद व मंगल पाण्डेय जी के जन्मदिवस पर चन्द्रशेखर आजाद की प्रतिमा स्थल से रावतपुर कासिग तक आजाद संदेश यात्रा निकाली गई इस अवसर पर मुख्य रूप से सवश्री उमेश यादव शैलेन्द्र सिंह परिहार रमेश सिहवानी मदनलाल भाटिया, जावेद मसूरी इमितयाज अहमद, सलमान खान, शहंशाह आलम, मुशीर अहमद सिद्दीकी के पी त्रिपाठी, राजकुमार कनोजिया, संजीव निगम, इकबाल बहादुर श्रीवास्तव,मो रियाज सुशीला निगम,तोफीक अहमद कुरैशी आदि उपस्थित थे।



## अटेवा चौबेपुर ब्लाक कार्यकारणी का हुआ गठन

कानपुर। अटेवा चौबेपुर ब्लाक कार्यकारणी का हुआ गठन। आज दिनांक 24–07–2022 को अटेवा कानपुर की एक बैठक जिलाध्यक्ष नीरज तिवारी की अध्यक्षता और जिला महामंत्री सुनील कुमार बाजपेयी के संचालन में गीतानगर में संपन्न हुई। जिसमें चौबेपुर ब्लॉक कार्यकारिणी का गठन करते हुए मनीष गुप्ता को ब्लॉक अध्यक्ष, अंजनी त्रिवेदी को ब्लॉक महामंत्री व अजय वर्मा को ब्लॉक कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया।आज की बैठक में प्रमुख रूप से प्रदेश संयुक्त मंत्री अखिलेश यादव, मंडल महामंत्री डॉ यतीन्द्र शर्मा, अतुल तिवारी,अतुल मिश्रा, सचिन गुप्ता,सुयस शुक्ला, विकास सक्सेना, अभिषेक पासी,शिवकुमार पाल आदि लोग उपस्थित रहे।



## घर में खाना बनाते समय सिलिंडर की रबर निकलने से दो बहनें झुलसी, अस्पताल में भर्ती

कानपुर। कानपुर में श्याम नगर स्थित भल्ला की टटिया में घर में खाना बनाते समय अचानक गैस चूल्हे में लगी सिलिंडर की रबर निकल गई। जिससे आग लग गई। आग की चपेट में आने से दो बहनें झुलस गईं। परिजनों ने उन्हें उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। श्याम नगर भल्ला टटिया निवासी दिनेश शटरिंग का काम करते हैं। दिनेश ने बताया कि रविवार को उनके घर पर कुछ मेहमान आने थे। जिसके चलते उनकी बहने सुनीता और पुष्पा भी आई थीं। सुनीता रसोई में खाना बना रही थी। अचानक गैस चूल्हे में लगी सिलेंडर की रबर निकल गयी और आग लगने से सुनीता उसकी चपेट में आ गई। चीख–पुकार मचने पर पुष्पा उसे बचाने गई तो वह भी आग की चपेट में आकर झुलस गई। परिजनों ने आनन–फानन आग बुझाकर दोनों को रामादेवी स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां दोनों का उपचार चल रहा है।



## तीन बार वेबसाइट क्रैश कर आठ माह में उड़ाए 40 करोड़, जांच में हुआ खुलासा

कमोडिटी एक्सचेंज की वेबसाइट के जरिये निवेश के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह ने आठ महीने के भीतर करीब 40 करोड़ रुपये पार किए। उन्होंने तीन बार वेबसाइट क्रैश की। यह खुलासा पुलिस की जांच में हुआ है। पुलिस ने आरोपियों के खाते सीज करवा दिए हैं। खातों का विवरण खंगाला जा रहा है। बीते सोमवार को क्राइम ब्रांच ने आगरा निवासी विकास, नितिन, विक्रम व राहुल को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। गिरोह कमोडिटी एक्सचेंज की फर्जी वेबसाइट बनाकर लोगों से निवेश कराते थे। कुछ समय तक छोटी–छोटी रकम वापस करते थे।



ग्राहकों को भरोसा होने पर जब ग्राहक बड़ी रकम लगाते थे, तो वेबसाइट क्रैश कराते थे। रकम इन आरोपियों के खातों में ट्रांसफर होती थी। जांच में पता चला कि पिछले साल अक्तूबर से इस साल मई तक तीन बार वेबसाइट क्रैश कराई। आरोपी ग्राहकों को सोशल मीडिया पर लिंक भेजकर 10–20 हजार रुपये की भी ठगी करते थे।

# एंटी करप्शन द्वारा संपन्न हुआ हलवा वितरण कार्यक्रम

दैनिक अयोध्या टाइम्स सवांद

कानपुर। कानपुर में कल देर रात एंटी करप्शन एंड सोशल डेवलपमेंट काउंसिल संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष कुमार सचान के निर्देश पर बृहद रूप से हलवा वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें कानपुर नगर के किदवई नगर स्थित छोटे वाले बाबा हनुमान मंदिर, बड़े हनुमान मंदिर शनि देव मंदिर सहित कई अन्य स्थानों पर हलवा वितरण संपन्न हुआ इस मौके पर जिलाध्यक्ष विनय शर्मा ने बताया कि संगठन की कानपुर नगर इकाई दिन प्रतिदिन गरीब असहाय बच्चों की शिक्षा भोजन की व्यवस्था कर रही हैं समय–समय पर भोजन वितरण, हलवा वितरण, शरबत वितरण ऐसे कार्यक्रम आयोजित करती रहती हैं। महासचिव प्रशान्त बाजपेयी ने बताया कि संगठन जल्द ही ऐसे बच्चों की मदद के लिए आगे आएगा जो देख या सुन नहीं सकते हैं ऐसे बच्चों के लिए काफी किताबें खाने पीने का सामान उपलब्ध कराने का कार्य भी किया जाएगा जिससे इन बच्चों का भी भविष्य संवारा जा सके द्दइस मौके पर संगठन के राष्ट्रीय सचिव सुमित कुमार, संगठन मंत्री विजय शंकर ,जिलाध्यक्ष उन्नाव देवांग शर्मा, जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा बबली गुप्ता ,जिला सचिव महिला मोर्चा पूजा सिंह, सहित सदस्य गण उपस्थित रहे।



# नीरज की जीत पर झूमा,कानपुर ओलंपिक संघ ने दी बधाई

दैनिक अयोध्या टाइम्स सवांद

कानपुर। नीरज चोपड़ा अमेरिका के यूजीन में चल रही वर्ल्ड एथलेटिक्स चौम्पियनशिप में भले ही जेवलिन थ्रो का गोल्ड मेडल जीतने से चूक गए. लेकिन,उनका सिल्वर मेडल भी इतिहास रचने वाला साबित हुआ.नीरज वर्ल्ड एथलेटिक्स चौम्पियनशिप के 39 साल में रजत पदक जीतने वाले भारत के पहले एथलीट बने.उनसे पहले 2003 में अंजू बॉबी जॉर्ज ने पेरिस में हुई चौम्पियनशिप में लॉन्ग जंप इवेंट में ब्रॉन्ज मेडल जीता था.नीरज ने 88.13 मीटर भाला फेंक कर यह मेडल हासिल किया.गोल्ड मेडल ग्रेनेडा के मौजूदा विश्व चौम्पियन एंडरसन पीटर्स ने जीता.उन्होंने 90.46 मीटर भाला फेंका।नीरज चोपड़ा की इस ऐतिहासिक सफलता पर पूरा देश खुश है।कानपुर ओलंपिक एसोसिएशन के सचिव डा.रजत आदित्य दीक्षित ने विश्व चौम्पियनशिप में रजत पदक पर नीरज चोपड़ा को बधाई दी उन्होंने कहा कि नीरज ने हमें और देश गौरवान्वित किया है।आपके सर्वश्रेष्ठ प्रयासों से दुनिया में देश का नाम रोशन हुआ है।यूं ही देश का परचम लहराते रहिये शानदार प्रदर्शन और आगे के लिये शुभकामना।इस अवसर पर राहुल शुक्ला,सौरभ गौर,मनीष मिश्रा,अभिलेख सिन्हा,रोहित सोनकर आदि ने बधाई दी।



# विद्युत विभाग द्वारा नियमावली के विरुद्ध किया गया तबादला

राकेश ढंग
(वरिष्ठ संवाददाता)

कानपुर। शासन के आदेश द्वारा 30 जून 2022 को पदोन्नति कर तबादला किया गया पर नियमावली के अंतर्गत किसी को सही ठहराया और किसी को नियमावली के विरुद्ध परिवर्तन किया गया इससे स्पष्ट प्रतीत होता है कि नियम विरुद्ध नियमावली का आदेश विशेष लोगों के लिए निर्धारित किया गया इसके अलावा केस्को द्वारा 2 वर्ष से डटे जे सी यादव को जाजमऊ नियमावली के विरुद्ध ट्रांसफर कर दिया पर सवाल ये उठता है 15 वर्ष से डटे अधिकारी क्यों नहीं हटाए गए यह केस को भी अच्छी पहचान।




# माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष आयुष शर्मा के द्वारा जूम मिटिंग हुई सम्पन्न

दैनिक अयोध्या टाइम्स तहसील संवाददाता आशीष राजपूत

कानपुर। भारतीय विशाल हिन्दू युवा सेवा संगठन रजि0 के राष्ट्रीय अध्यक्ष आयुष शर्मा के द्वारा जूम मिटिंग बुलाई गई जिसमें शामिल रहे सभी जिले व प्रदेश के कार्यकर्ताओं ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया और नारे लगाते हुए मिटिंग का समापन हुआ राष्ट्रीय अध्यक्ष आयुष शर्मा के द्वारा बडा ऐलान किया गया जल्द ही हिन्दू समाज के साथ विभिन्न प्रकार के जिहादियों द्वारा हत्याओं पर प्रतिबंध और भारत देश सनातन हिन्दू राष्ट्र घोषित करने गौ माता को राष्ट्रीय पशु घोषित करने व स्कूलों आदि में गीता ग्रन्थ पढ़ाई आदि को लेकर ज्ञापन सौंपा जायेगा और जल्द ही जंतर मंतर पर प्रदर्शन करने हेतू तैयारियां शुरू करेंगे इसको लेकर अहम बैठक सम्पन्न हुई जिसमें शामिल रहे अग्निरेश शर्मा मण्डल प्रचार प्रसार प्रमुख प्रवीण कुमार उपाध्याय प्रदेश उपाध्यक्ष जिला अध्यक्ष युवा शक्ति अभिषेक गुप्ता जिला मंत्री महेश शर्मा जिला अध्यक्ष शाहजहांपुर दुर्गेश कुमार जिला सचिव राम जी कटियार आदि पदाधिकारी गण मोजूद रहे।



# जिलाधिकारी ने परिवारी जनों के साथ भगवान शिव जी की पूजा कर मनाया जन्मदिन, नवग्रह वाटिका में किया पौधरोपण

संवाददाता अनुज प्रताप सिंह
छायाकार राधा ठाकुर कानपुर देहात। जिलाधिकारी नेहा जैन ने आज दिनांक 24 जुलाई 2022 को अपने जन्म दिवस के अवसर पर भगवान शिव की वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ पूजा अर्चना की एवं कार्यालय में नवग्रह वाटिका का निर्माण किया।

जिलाधिकारी ने अपने परिवार जनों के साथ नवग्रह वाटिका में मदार, खैर, लटजीरा, गूलर, पीपल, ढाक, दूब, छ्योकर,कुश के पौधों को वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ रोपण किया गया इस मौके पर जिलाधिकारी को सभी लोगों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस मौके पर वन विभाग के उप प्रभागीय वन अधिकारी अमित सिंह, रेंजर क्षेत्रीय वन अधिकारी सर्वेश कुमार सिंह, उप क्षेत्रीय वन अधिकारी अमित कुमार कटियार, वन दरोगा अमित कुमार, वन रेंजर विजय, माली सजीवन लाल आदि उपस्थित रहे।





# पॉलिटेक्निक के छात्र तीन साल में करेंगे तीन इंटर्नशिप, कंपनी बनाने के बारे में भी दिया जाएगा प्रशिक्षण

प्रदेश के पॉलिटेक्निक संस्थानों में न्यू इंटर्नशिप नीति लागू की जा रही है। इस नीति के तहत डिप्लोमा इंजीनियरिंग के छात्रों को तीन साल में तीन तरह की इंटर्नशिप करनी होगी। नौकरी की राह आसान हो सके, इसीलिए छात्रों को उद्योगों में प्रायोगिक ज्ञान दिलाने की तैयारी की गई है। शोध विकास एवं प्रशिक्षण संस्थान (आईआरडीटी) ने पॉलिसी को बनाकर शासन को भेज दी है। अब शासन की हरी झंडी मिलते ही नई नीति लागू कर दी जाएगी। आईआरडीटी के निदेशक मनोज कुमार ने बताया कि अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) के निर्देशों को ध्यान में रखकर नीति बनाई गई है। नीति के तहत छात्रों को वर्कशॉप में काम करना, कंपनी बनाने के बारे में प्रशिक्षण और उद्योगों में काम करना सिखाया जाएगा। सभी छात्रों को इंटर्नशिप करनी होगी। मार्कशीट में इंटर्नशिप करने वालों के क्रेडिट अंक भी जोड़े जाएंगे। नए सत्र से नई नीति को लागू करने की संभावना है।

कब करनी होगी इटर्नशिप

न्यू इंटर्नशिप नीति के तहत छात्रों को दूसरे सेमेस्टर के बाद गर्मी की छुट्टियों में तीन से चार हफ्ते की पहली इंटर्नशिप करनी होगी। इसमें कार्यशाला में प्रशिक्षण, रिसर्च प्रोजेक्ट पर काम और संस्थान की लैब में काम करना होगा। इसका क्रेडिट स्कोर 3–4 है। दूसरी इंटर्नशिप चौथे सेमेस्टर के बाद गर्मी की छुट्टियों में होगी। इसमें उद्योग, सरकारी संस्थान, एनजीओ, एमएसएमई, ग्रामीण इलाकों में काम, इनोवेशन और एंटरप्रेन्योरशिप के गुर सीखना होगा। यह चार से छह हफ्ते की होगी, इसका क्रेडिट स्कोर 4–6 है। तीसरी इंटर्नशिप पांचवें सेमेस्टर के बाद तीन से चार हफ्ते की होगी, इसका क्रेडिट स्कोर 3–4 है। इसमें प्रोजेक्ट रिपोर्ट आदि बनाना सिखाया जाएगा।

नई इंटर्नशिप नीति के फायदे

– उद्योगों को उनकी मांग के अनुसार अभ्यर्थी मिलेंगे।
– उद्योगों को कम समय के लिए स्टाफ मिलता रहेगा।
– कुछ छात्रों को इंटर्नशिप के समय ही नौकरी मिल जाएगी।
– छात्रों और उद्योग के बीच संबंध बनेंगे जो कि नौकरी के समय सहायक होगे।
– संस्थान और कंपनी के बीच संबंध बनेंगे जो प्लेसमेंट दिलाने में कारगर होंगे।
– उद्योगों के अनुसार समय–समय पर सिलेबस को अपडेट किया जा सकेगा।




# कानपुर में आईआईटी से रामादेवी तक जीटी रोड छह लेन की होगी, एक हजार करोड़ रुपये हो चुके हैं स्वीकृत

कानपुर। कानपुर से होकर गुजरी जीटी रोड पर लगने वाले जाम से निजात दिलाने के लिए सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने आईआईटी से रामादेवी तक चार लेन की सड़क को छह लेन बनाने का प्रस्ताव मांगा है। इससे पहले भेजे गए गोल चौराहा से रामादेवी तक एलिवेटेड रोड बनाने का प्रस्ताव निरस्त कर दिया है। नए प्रस्ताव को लेकर एनएच पीडब्ल्यूडी ने सर्वे शुरू कर दिया है। इसी आधार पर डीपीआर तैयार कर शासन को भेजी जाएगी। सब कुछ तय समय में हुआ तो इस साल के अंत या अगले साल की शुरुआत में निर्माण शुरू हो जाएगा। लाखों लोगों को जाम से निजात दिलाने के उद्देश्य से पीडब्ल्यूडी ने सवा साल पहले रामादेवी से गोल चौराहे तक जीटी रोड चौड़ीकरण की योजना बनाई थी। सर्वे रिपोर्ट सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय भेजी गई थी। वहां से प्रस्ताव बदलते हुए रामादेवी से गोल चौराहे तक चार लेन के एलिवेटेड रोड निर्माण का फैसला लिया गया। इसके लिए पिछले साल टेंडर निकालकर कंसल्टेंट कंपनी भी चयनित कर ली गई थी, पर विधानसभा चुनाव के मद्देनजर आचार संहिता की वजह से काम शुरू नहीं हो पाया था।

अब मंत्रालय ने एलिवेटेड रोड निर्माण का प्रस्ताव स्थगित कर दिया है। एनएच पीडब्ल्यूडी को आदेश दिए गए हैं कि जीटी रोड चौड़ीकरण का प्रस्ताव तैयार करें। बताया गया कि जीटी रोड के समानांतर अनवरगंज रेलवे स्टेशन के पास से आईआईटी के पास तक रेलवे ट्रैक को एलिवेटेड करने का फैसला हो चुका है। इसी वजह से जीटी रोड को एलिवेटेड करने का प्रस्ताव स्थगित कर दोबारा चौड़ीकरण का निर्णय लिया गया।

मंत्रालय ने रामादेवी चौराहे से गोल चौराहे तक एलिवेटेड रोड निर्माण की योजना स्थगित कर दी है। जीटी रोड को चौड़ा कर छह लेन का करने का प्रस्ताव मांगा है। इसके लिए सर्वे शुरू कर दिया गया है। जल्द ही रिपोर्ट भेजी जाएगी। जीटी रोड के किनारे–किनारे रामादेवी से लेकर गांधी ग्राम तक, टाटमिल चौराहे के आसपास, अफीमकोठी से जरीब चौकी तक, दक्षिणेश्वर हनुमान मंदिर के आसपास, गोल चौराहा से गुरुदेव चौराहे तक, कल्याणपुर थाने के पास से आईआईटी तक अतिक्रमण है।

नंबर गेम

– 18.2 किमी है रामादेवी चौराहे से आईआईटी तक जीटी रोड की लंबाई
– 06 लेन करने के लिए सड़क के दोनों तरफ एक–एक लेन बनेगी
– 3.20 मीटर होगी एक लेन की चौड़ाई



# जीकेसी के तत्वाधान में डॉक्टर संपूर्णानंद व्याख्यानमाला कार्यक्रम हुआ संपन्न

राम कृपाल सिंह ने. ब्यूरोचीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स

कानपुर। ग्लोबल कायस्थ कॉन्फ्रेंस कानपुर मध्य के द्वारा साउथ गैलेक्सी गेस्ट हाउस रतनलाल नगर में डॉक्टर संपूर्णानंद के जीवन पर व्याख्यानमाला जीकेसी प्रदेश अध्यक्ष विवेक श्रीवास्तव एवं प्रदेश अध्यक्ष महिला विंग लवली सक्सेना के द्वारा आयोजित की गई जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर डॉक्टर शेखरानन्द वर्मा एवं विशिष्ट अतिथि सतीश निगम ग्लोबल अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद मुख्य न्यासी रागिनी रंजन ग्लोबल वरिष्ठ उपाध्यक्ष अखिलेश श्रीवास्तव ग्लोबल महासचिव अनुराग सक्सेना राष्ट्रीय संगठन सचिव शुभ्रांशु राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला विंग ऋतु खरे, प्रदेश महासचिव उत्तर मध्य राजेश श्रीवास्तव मंच पर उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन करके की गई और कायस्थ शिरोमणि डॉक्टर संपूर्णानंद की जीवनी के बारे में बताया की बहुमुखी प्रतिभा से ओतप्रोत डॉक्टर संपूर्णानंद जी जो कि ना केवल एक कुशल निर्भीक राजनेता एवं सर्वतोमुखी प्रतिभा वाले, साहित्यकार एवं अध्यापक थे वे सदैव हिंदी के पक्षधर रहे इसलिए उन्हें हिंदी की श्री वृद्धि के लिए समाजवाद पुस्तक जो उनके द्वारा लिखी गई थी उस के लिए मंगला प्रसाद पुरस्कार भी मिला संपूर्णानंद जी को शुरुआत से ही राष्ट्र सेवा में लगन थी उन्होंने कई सत्याग्रह आंदोलन में भी हिस्सा लिया आपको देश की अनेक विश्वविद्यालयों ने डॉक्टर की उपाधि से सम्मानित किया सर्वप्रथम उत्तर प्रदेश के शिक्षा मंत्री सूचना विभाग में मंत्री के रूप में भी कार्य किया तथा उनकी कार्यशैली को देखते हुए उनको दो बार उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री घोषित किया गया वह राजस्थान के राज्यपाल भी बनाए गए , उक्त कार्यक्रम मे मंच का संचालन गोपाल सक्सेना एवं विवेक श्रीवास्तव ने किया तथा विपिन निगम की कृष्णम डांस ग्रुप ने एवं कला संस्कृति प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष मंजू बाला श्रीवास्तव एवं रिद्धि खरे ,सिद्धि खरे ने मनमोहक प्रस्तुतियां देकर सभी को आनंदित किया प्रस्तुत कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष बहराइच अरुण कुमार श्रीवास्तव ,जिला महासचिव राधेरमण श्रीवास्तव, अतुल निगम,अजय माथुर ,अखिलेश श्रीवास्तव ,राजेश निगम, करुणेश कुलश्रेष्ठ ,दीपक श्रीवास्तव, लक्ष्मी श्रीवास्तव ,मल्लिका श्रीवास्तव, अभिषेक सक्सेना, प्रीति श्रीवास्तव, उत्तम अस्थाना नितिन सिन्हा, शोभा श्रीवास्तव आदि और भी भाई बहन संख्या में मौजूद रहे।



## डीएम ने महामाई मंदिर में शहीदों के नाम की शिलापट्ट लगवाने की अपील की

संवाददाता विमल पाण्डेय
दैंनिक अयोध्या टाइम्स

- डीएम ने सेहुद व महामाई मंदिर में की पूजा–अर्चना

दिबियापुर,औरैया। जिलाधिकारी प्रकाश चन्द्र श्रीवास्तव ने शनिवार को सायंकाल सेहुद स्थित धौरा नाग मंदिर व मां महामाई मंदिर का भ्रमण किया और इन धार्मिक स्थलों के इतिहास की जानकारी की इतिहास जानने के बाद उन्होंने महामाई मंदिर परिसर में 1947 में शहीद हुये स्थानीय लोगों की स्मृति में शिलापट्ट लगवाये जाने की अपील की। डीएम ने पूजा–अर्चना कर सुख–समृद्धि की दुआ मांगी। इस अवसर पर उनके साथ मौजूद पुरातत्व विभाग की खोज कर रहे पूर्व सैनिक अविनाश अग्निहोत्री ने महामाई मंदिर के पुराने इतिहास के बारे में बताया कि पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने एक बार आकर यहां पर पूजा–अर्चना की थी। उन्होंने बताया 7 दिसंबर 1942 को यहां पर अंग्रेजों से लड़ाई हुई थी जिसमें लगभग डेढ़ सैकड़ा अंग्रेज मारे गए थे जबकि 55 स्थानीय लोग शहीद हुए थे। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने मंदिर समिति के लोगों से कहा कि शहीद हुए 55 लोगों की याद में 7 दिसंबर को मंदिर परिसर में उनकी पुण्य तिथि मनाई जाये और स्मृति में मंदिर परिसर में शहीदों के नाम की शिलापट लगवाई जाए। जिस पर समिति के सदस्यों ने कहा कि समिति के सभी सदस्यों से विचार विमर्श कर आपको अवगत करा दिया जाएगा।



## मां बेटी से मारपीट मुकदमा दर्ज

संवाददाता विमल पाण्डेय दैंनिक अयोध्या टाइम्स फफूंद (औरैया)। कस्बे के एक मोहल्ले में दुकान पर सौदा खरीदने गयी एक युवती को देख तीन युवकों ने टिप्पणी की युवती की शिकायत पर पहुंची उसकी मां ने जब विरोध किया तो युवकों ने महिला व उसकी छोटी बेटी के साथ जमकर मारपीट की जिसमे वह घायल हो गयी।महिला की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एससीध्एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया।

कस्बे के मोहल्ला ताहरपुर निवासी मुन्नी देवी पत्नी मुन्नीलाल धानुक ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि रविवार की शाम उसकी पुत्री दुकान पर सौदा लेने गयी थी तभी वहां मौजूद पप्पू,प्रांशु व बलबीर डीलर का भाई नाम नामालूम शराब के नशे में भददी भददी टिप्पणी करने लगे।पुत्री ने घर आकर उसे बताया तो उसने इसका विरोध किया जिस पर युवकों ने उसे व उसकी छोटी पुत्री के साथ डंडों घूंसों से मारपीट की जिसमे वह गम्भीर घायल हो गयी।महिला की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## सीबीएसई ने आयोजित की कार्यशाला

संवाददाता विमल पाण्डेय
दैंनिक अयोध्या टाइम्स

- राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को कक्षा तक पहुंचाने के लिए शिक्षकों का हुआ मंथन

दिबियापुर,औरैया। गेल डीएवी पब्लिक स्कूल में सीबीएसई (प्रयागराज) द्वारा क्षमता संवर्धन कार्यशाला का आयोजन किया गया। पूरे दिन चली इस कार्यशाला में राष्ट्रीय शिक्षा नीति २०२० के लक्ष्य और मुख्य बिंदुओं पर विचार करते हुए उसको कक्षा तक कैसे पहुंचाया जाए इस पर गहन मंथन किया गया। औरैया जनपद के लगभग 12 सीबीएसई विद्यालयों के विभिन्न विषयों के 66 शिक्षकों ने भाग लिया। सीबीएसई के प्रतिनिधि के तौर पर विषय विशेषज्ञ बलविंदर सिंह सीबीएसई सिटी कॉर्डिनेटर, एनटीए कॉर्डिनेटर कानपुर और राजीव मोहन मिश्रा सीबीएसई सिटी कोर्डिनेटर,एनटीए कॉर्डिनेटर शाहजहांपुर ने कार्यशाला को संचालित किया। इस अवसर पर प्राचार्य नवोदय विद्यालय संजीव कुमार गुप्ता भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार और दीप प्रज्वलन से किया गया। कार्यशाला में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में भारत की शिक्षा व्यवस्था को वैश्विक शिक्षा नीति के समान स्तर पर लाने का लक्ष्य रखा गया। जिसमें विद्यालय स्तर के शिक्षकों का प्रमुख योगदान होगा।राजीव मोहन मिश्रा ने बताया की किस प्रकार विद्यार्थियों के शारीरिक, मानसिक, आध्यात्मिक और सामाजिक विकास के लक्ष्य को प्राप्त किया जाए। विशेषज्ञ बलविंदर सिंह ने बताया की नई शिक्षा नीति ना केवल विद्यार्थियों को ग्लोबल सिटीजन के रूप में तैयार करेगी बल्कि भारतीय संस्कृति के संरक्षण और प्रसार पर भी उतना ही ध्यान देगी। गेल डीएवी प्राचार्य अशोक कुमार शर्मा ने बताया की तेजी से विकसित होती आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस टेक्नोलॉजी के दौर में शिक्षकों को नई टेक्नोलॉजी के प्रयोग में दक्ष होना कितना आवश्यक है। प्रतिभागी शिक्षकों ने बदलते रोजगार और समय के साथ समाप्त और उत्पन्न होते रोजगारों की जानकारी विद्यार्थियों तक पहुंचाने पर जोर दिया गया। इस बात पर भी मंथन हुआ की अंकों की होड़ की अपेक्षा विद्यार्थियों में कौशल विकास, निर्णय क्षमता, नवाचार सृजन पर अधिक जोर दिया जाए। आज जब टेक्नोलॉजी के दौर में शिक्षक ही ज्ञान का एक मात्र स्रोत नही है वह अपनी सार्थकता कैसे सिद्ध करे इस बार विचार विमर्श किया गया। बहुत सी समूह गतिविधियों और सार्थक विचार विमर्श से कार्यशाला में शिक्षकों की ऊर्जा भरपूर देखने को मिली। ज्ञात हो गेल डीएवी पब्लिक स्कूल को सीबीएसई ने अपने ट्रेनिंग सेंटर के रूप में चुना है साथ ही विद्यालय जिले के विद्यालयों का परीक्षा और मूल्यांकन केंद्र भी है। कार्यक्रम का समापन वैदिक शांतिपाठ से किया गया।



## श्रीमद् भागवत कथा सुन कर भाव-विभोर हुए भक्त



लखीमपुर,खीरी। सावन के पावन माह के अवसर पर निघासन के ग्राम देवीदीनपुरवा के शिव मंदिर पर 11 दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन गांव के ही रामकुमार उर्फ रामू के द्वारा आयोजन किया गया। जिसमें पं. उत्तम कुमार महराज द्वारा कथा प्रारंभ हुई। जिसमें गोवर्धन पूजा और श्रीकृष्ण लीला के बारे में कहा कि एक बार इंद्रदेव को अभिमान हो गया, तब लीलाधारी श्रीकृष्ण ने एक लीला रची। एक दिन श्रीकृष्ण ने देखा कि सभी ब्रजवासी तरह–तरह के पकवान बना रहे हैं। पूजा का मंडप सजाया जा रहा है और सभी लोग प्रातःकाल से ही पूजन की सामाग्री एकत्रित करने में व्यस्त हैं। तब श्रीकृष्ण ने योशदा से पूछा, मईया ये आज सभी लोग किसके पूजन की तैयारी कर रहे हैं, इस पर मईया यशोदा ने कहा कि पुत्र सभी ब्रजवासी इंद्र देव के पूजन की तैयारी कर रहे हैं। तब कन्हैया ने कहा, कि सभी लोग इंद्रदेव की पूजा क्यों कर रहे हैं, तो माता यशोदा उन्हें बताते हुए कहती हैं, क्योंकि इंद्रदेव वर्षा करते हैं और जिससे अन्न की पैदावार अच्छी होती है और हमारी गायों को चारा प्राप्त होता है। तब श्रीकृष्ण ने कहा कि वर्षा करना तो इंद्रदेव का कर्तव्य है। यदि पूजा करनी है तो हमें गोवर्धन पर्वत की करनी चाहिए, क्योंकि हमारी गायें तो वहीं चरती हैं और हमें फल–फूल, सब्जियां आदि भी गोवर्धन पर्वत से प्राप्त होती हैं। इसके बाद सभी ब्रजवासी इंद्रदेव की बजाए गोवर्धन पर्वत की पूजा करने लगे। इस बात को देवराज इंद्र ने अपना अपमान समझा और क्रोध में आकर प्रलयदायक मूसलाधार बारिश शुरू कर दी। जिससे हर ओर त्राहि–त्राहि होने लगी।

सभी अपने परिवार और पशुओं को बचाने के लिए इधर–उधर भागने लगे। तब ब्रजवासी कहने लगे कि यह सब कृष्णा की बात मानने का कारण हुआ है, अब हमें इंद्रदेव का कोप सहना पड़ेगा। भगवान श्रीकृष्ण ने इंद्रदेव का अंहकार दूर करने और सभी ब्रजवासियों की रक्षा करने हेतु गोवर्धन पर्वत को अपनी उंगली पर उठा लिया। तब सभी ब्रजवासियों ने गोवर्धन पर्वत के नीचे शरण ली। इसके बाद इंद्रदेव को अपनी भूल का अहसास हुआ और उन्होंने श्रीकृष्ण से क्षमा याचना की। इसी के बाद से गोवर्धन पर्वत के पूजन की परंपरा आरंभ हुई। इस मौके पर रामचंद्र ढोलक, बाजक हरपाल मंजीरा, सेवक राम समेत क्षेत्र के सैकड़ों श्रोता मौजूद रहे।

## स्वागत समारोह में दिन-रात हो रही कांवरियों की सेवा



- कावड़ियों के लिए साइकिल, मोटरसाइकिल, ट्रैक्टर–ट्राली की समस्या सहित स्वास्थ्य परीक्षण तक की हुई व्यवस्था

लखीमपुर,खीरी। सावन माह में फर्रुखाबाद एवं हरिद्वार से छोटी काशी गोला गोकर्णनाथ, टेढेनाथ जल चढ़ाने वाले कांवड़ियों के लिए 15 वर्षों से लगातार कांवरिया स्वागत समारोह एवं कांवरिया हेल्पलाइन 14 जुलाई से रोडवेज बस स्टैंड के निकट आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष भी शिविर में कांवरियों के ठहरने खाने–पीने जलपान कांवरिया हेल्पलाइन की निःशुल्क व्यवस्था बनाई गई है। व्यवस्थापक समाजसेवी शिवम राठौर ने बताया कि दूरदराज से आने वाले कांवड़ियों के लिए निःशुल्क जलपान की व्यवस्था विगत 15 वर्षों से लगातार चल रही है। इस वर्ष प्रत्येक वर्ष की भांति दुगनी संख्या में कांवरिया निकल रहे हैं। कांवरिया हेल्पलाइन के तहत हर संभव हर प्रकार की समस्याओं का समाधान हेल्पलाइन के माध्यम से मदद की जा रही है। इस बार सावन माह के तीसरे रविवार 31 जुलाई को विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया है।

- स्वास्थ्य की व्यवस्था

कांवड़िया हेल्पलाइन के तहत स्वास्थ्य कर्मी प्राइवेट व्यवस्था की गई है। किसी भी प्रकार की कांवडियों को अगर दिक्कत आती है। तत्काल प्रभाव से काउंटर पर ही इलाज किया जाएगा। अधिक समस्या लगने पर नजदीकी हॉस्पिटल भर्ती कराया जाएगा। कांवरिया की हर समस्या का समाधान कांवरिया हेल्पलाइन के द्वारा किया जा रहा है। कांवरियों के लिए एक जानकी एंबुलेंस 24 घंटा सेवा के लिए लगाई गई है।

## लोडर की टक्कर से घायल युवक की अस्पताल में मौत



संवाददाता विमल पाण्डेय दैंनिक अयोध्या टाइम्स फफूंद (औरैया)। बीती रविवार को दिबियापुर फफूंद रोड पर एक लोडर ने बाइक में टक्कर मार दी थी।बाइक चालक युवक गम्भीर घायल हो गया नाजुक हालत में परिजन उसे कानपुर ले गए जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी।शनिवार देर रात युवक का शव गांव पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

फफूंद थाना के गांव गमनाममऊ निवासी 25 वर्षीय सचिन कुमार पुत्र ब्रजकिशोर बीती सत्रह जुलाई को सुबह बाइक से दिबियापुर जा रहा था। फफूंद दिबियापुर रोड पर स्थित डिग्री कॉलेज के पहुंचते ही दिबियापुर की ओर से आ रहे एक लोडर ने सामने से उसकी बाइक में टक्कर मार दी और भाग निकला। टक्कर से सचिन गम्भीर घायल हो गया सूचना पर पहुंचे परिजन उसे इलाज के लिए कानपुर ले गए जहां शनिवार शाम उसकी मौत हो गयी।देर रात मृतक का शव गांव पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया उसकी दिव्यांग पत्नी अनीता को गहरा सदमा पहुंचा।मृतक मजदूरी करके परिवार पाल रहा था उसकी एक बेटी



चार वर्षीय आसना व दो वर्षीय एक पुत्र अंश है।

## महर्षि फार्मर्स प्रोडयूसर कंपनी के तत्वावधान में किसान गोष्ठी का हुआ आयोजन




संवाददाता विमल पाण्डेय
दैंनिक अयोध्या टाइम्स

- कार्यक्रम में किसानो को प्रमाणपत्र व बीज देकर किया गया सम्मानित

फफूंद,औरैया। रविवार को विकासखण्ड भाग्य नगर की ग्राम पंचायत देवरपुर में महर्षि फार्मर्स प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड के तत्वाधान में किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप उपनिदेशक कृषि औरैया शैलेन्द्र कुमार वर्मा ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के वर्तमान समय में किसानों को एफ.पी.ओ. से जुड़ने के लिए आग्रह किया और कहा कृषक संगठन के द्वारा किसानों का विकास तीव्र गति से संभव है। कार्यक्रम में उप संभागीय कृषि अधिकारी औरैया ने किसानों को समूह में फसल उत्पादन के परामर्श दिए एवं किसानों को बीज उत्पादन कर आय में वृद्धि हेतु परामर्श दिए।कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केन्द्र ग्वारी विकास खण्ड अछल्दा के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं हेड डॉ० अनन्त कुमार झा ने किसानों को बीज अपड़न करने की तकनीक पर वृहद रूप से चर्चा की साथ ही महर्षि फार्मर्स प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड देवर पुर द्वारा धान का बीज प्रजाति एनडीआर 2065, पूसा बासमती 1718 एवं पूसा बासमती 1509 का बीज उत्पादन खेत का भ्रमण कराया।

कार्यक्रम में महर्षि फार्मर्स प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड देवरपुर के निदेशक अखिलेश कुमार तिवारी ने किसानों से कहा कि किसान एफ.पी.ओ. से जुड़ कर अपनी आय को में वृद्धि कर सकते हैं। इस कार्यक्रम में टेढ़ सैकड़ा किसानों ने पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

## घपलेबाज प्रधानपति की खबरचलाने पर पत्रकार व विकलांग मजदूर साथी पर लगाया 50,000 रुपए रंगदारी मांगने का फर्जी आरोप

संवाददाता विमल पाण्डेय दैंनिक अयोध्या टाइम्स औरैया। योगी सरकार ग्रामीण क्षेत्र में विकास कार्यो के लिए करोड़ों रुपए भेजती लेकिन ग्राम प्रधान विकास कार्यों में निधि खर्च न कर अपने सुख सुविधा जुटाने में खर्च कर रहे है योगी सरकार चाहे कितने जतन कर ले लेकिन घपला होने से कभी रोक नहीं पायेगी प्रशासन में बैठे अधिकारी प्रधान के खिलाफ जांच करने से कतराते रहते हैं ग्राम प्रधानों के खिलाफ शिकायतें मिलने के बावजूद जांच के नाम पर खानापूर्ति कर सारा मामला रफा–दफा कर दिया जाता है ग्राम प्रधान विकास कार्यों के लिए शासन द्वारा भेजी गई विकास निधि से हल्के फुल्के विकासकार्य कराकर दिखा दिए जाते है उसके बाद होता है विकास निधि का आपस में शुरू होता हैबंदरबांट का खेल विकास कार्य सिर्फ कागजों में ही दौड़ कर रह जाते है जनता को खबर तक नहीं लगती है।

ऐसा ही मामला विकासखंड औरैया क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत मिहौली का निकलकर सामने आया है बताते चलें 1 सप्ताह पहले एक पत्रकार द्वारा तालाब में हो रहे कार्य में प्रधान पति गोविंद सिंह रोजगार सेवक बृजेश कुमार अपने चाहतों को काम पर लगाता है और जो अति गरीब भूमिहीन विधवा महिलाओं व पुरुषों को कामपर नहीं लगाया जाता है प्रधान पति और रोजगार सेवक द्वारा लगभग एक दर्जन अपने चाहतों को 1000 का लालच देकर उनके खातों में फर्जी तरीके से 5000 से लेकर 10000 तक डलवाकर उनसे जबरन निकलवा लिए जाते हैं 1 खाताधारक विकलांग मजदूर देवेंद्र कुमार पुत्र रामनाथ खाता में 6000 अतिरिक्त डालकर जबरन निकलवा ली गई और उसको धमकी दी गई अगर किसी को बताया या अधिकारी से शिकायत की तो तुम्हारा भविष्य खराब कर देंगे और कुछ खाताधारकों में बलवंत सिंह पुत्र रामनाथ देशराज पुत्र तुलसीराम ने प्रधान पति व रोजगार सेवक के डर से धनराशि को निकाल कर दे दी



प्रधान पति वाह रोजगार सेवक द्वारा किए गए कार्यों में कपड़ों की खबर चलाई तो दोनों लोग ने बौखला करो पत्रकार राघवेंद्र सिंह विकलांग मनरेगा मजदूर देवेंद्र कुमार एक अन्य साथी मिथिलेश कुमार के ऊपर 50000 की रंगदारी मांगने झूठी शिकायत सदर कोतवाली औरैया में दे दी अगर शासन प्रशासन द्वारा ग्राम पंचायत मिहौली में हो रहे कार्यों व आई हुई विकास निधि की जांच कराई जाए तो सारी असलियत सामने निकल कर आ जाएगी।

# संक्षिप्त समाचार

## बीसी सखियों को निदेशक ने दिए प्रमाण-पत्र

लखीमपुर,खीरी। इंड बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान में निदेशक राकेश कुमार के कुशल निर्देशन, मार्गदर्शन में छह दिवसीय बैंक सखी प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हुआ। जिसमें स्वयं सहायता समूह की ब्लॉक बेहजम, बांकेगंज,



फूलबेहड़, रमियाबेहड़ के कुल 31 प्रशिक्षणार्थियों ने सफलतापूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त किया। संस्थान निदेशक राकेश कुमार ने सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण–पत्र वितरित करते हुए सभी को आत्मनिर्भर बनने के लिए वह पूरी निष्ठा व ईमानदारी से कार्य करने के लिए प्रेरित किया। संस्थान महिला सशक्तिकरण की दिशा में भी अपनी भूमिका निभा रहा है एवं संस्थान में विभिन्न ट्रेडों में 18 से 45 वर्ष के युवक–युवतियों को निशुल्क व्यवसायिक प्रशिक्षण की सुविधा उपलब्ध है। अंत में संस्थान के निदेशक ने सभी प्रशिक्षणार्थियों को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर संकाय सदस्य अंकित सक्सेना, मो. ओवैस, कार्यालय सहायक प्रियंका गुप्ता, प्रमोद त्रिपाठी उपस्थित रहे।

## विवाहिता ने लगाया मारपीट करने का आरोप

लखीमपुर,खीरी। कस्बा मोहम्मदी निवासी एक विवाहिता ने दहेज की मांग पूरी न कर पाने पर पति और ससुर पर कई दिनों से रुक–रुक कर पिटाई करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार, मोहल्ला सरैया निवासी नाजरीन ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी शादी दो वर्ष पूर्व गांव दिलावरपुर की अदनान के साथ हुई थी। कुछ समय बाद उसके पति और ससुर बाइक और नकदी की मांग करने लगे, कई बार समझौता कराया गया। जिसको लेकर पति और ससुर द्वारा दो दिनों से कमरे में बंद कर रुक–रुक कर बेल्टों से पिटाई कर लहूलुहान कर दिया। शनिवार को देवर ने अपनी भाभी के मायके वालों को घटना की जानकारी दी। जिस पर पिता ने अपनी पुत्री को मोहम्मदी के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उसका इलाज चल रहा है। पीड़िता ने घटना की सूचना पुलिस को दी है। निरीक्षक अंबर सिंह ने बताया कि जानकारी होते ही पुलिस टीम भेजकर आरोपी पति को हिरासत में लिया गया है। तहरीर मिलते ही मुकदमा दर्ज कर लिया जाएगा।

## साहित्य कुशवाहा ने मोहम्मदी का नाम किया रोशन



मोहम्मदी,खीरी। नगर में जवाहर नवोदय विद्यालय मितौली में कस्बे का निवासी साहित्य कुशवाहा पुत्र रमाकांत कुशवाहा निवासी मोहल्ला बाजार खुर्द मोहम्मदी सीबीएसई 12वीं परीक्षा में 500/477 अंक प्राप्त कर (95.4 प्रतिशत) कॉलेज टॉप किया है। साहित्य जिले में नौवां स्थान प्राप्त किया। साहित्य कुशवाहा ने बताया कि इस सफलता का श्रेय अपने गुरुजनों एवं मैं अपने माता–पिता को दे रहा हूं। भविष्य में आईआईटी इंजीनियर बनने का मेरा सपना है।

## संसद की कार्यवाही 'विषम परिस्थितियों' में ही बाधित की जानी चाहिएः मनीष तिवारी

नयी दिल्ली। संसद की कार्यवाही के बार–बार बाधित होने के बीच कांग्रेस के नेता एवं सांसद मनीष तिवारी ने रविवार को कहा कि सांसदों को इस बारे में गंभीरता से आत्ममंथन करना चाहिए कि क्या संसद की कार्यवाही में व्यवधान पैदा करना एक ''वैध रणनीति'' है और ''विषम परिस्थितियों'' में ही संसद के कामकाज में बाधा पैदा की जानी चाहिए। तिवारी ने कहा कि संसद की कार्यवाही में व्यवधान पैदा करना आम बात नहीं बननी चाहिए। उन्होंने कहा कि सदन की कार्यवाही का सुचारू तरीके से संचालन सरकार की जिम्मेदारी है और बार–बार होने वाले स्थगन का दोष कांग्रेस पर मढा जाना ''दुर्भाग्यपूर्ण और अवसरवाद'' है, क्योंकि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और उसके सहयोगियों ने 2004 से 2014 के दौरान विपक्ष में रहने पर कई बार संसद की कार्यवाही बाधित की थी। तिवारी ने कहा, ''मैंने लोकसभा अध्यक्ष (ओम बिरला) के साथ एक अनौपचारिक संवाद में सुझाव भी दिया था कि शाम छह बजे सरकारी कामकाज समाप्त हो जाने के बाद, विपक्ष द्वारा सामूहिक रूप से सुझाए गए किसी भी विषय पर नियम 193 के तहत संसद के प्रत्येक कामकाजी दिन शाम छह से रात नौ बजे तक चर्चा की जानी चाहिए।''



## सम्पादकीय....

### राष्ट्रपति एक वर्ग नहीं बल्कि पूरे देश का गौरव

देश की दूसरी महिला राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का चुनाव कई तरह से चर्चा में बना हुआ है। पहले तो एन.डी.ए. ने उन्हें एक आदिवासी उम्मीदवार के रूप में बहु प्रचारित करने की रणनीति बनाई जबकि पूर्व में भी पी.ए. संगमा और अल्फ्रेड स्वेल आदिवासी समाज से राष्ट्रपति पद का चुनाव लड़ चुके थे।

सामान्यता राष्ट्रपति का पद उनके व्यक्तित्व, समाज में उनके योगदान और उनकी निर्विवाद सेवाओं को लेकर जाने जाते हैं। जाति के आधार पर कभी भी न तो राष्ट्रपति पद के उम्मीदवारों को प्रचारित किया गया ना ही इस आधार पर उन्हें महिमामंडित करने की कोशिश की गई। वे देश के संविधान के सबसे बड़े रक्षक के रूप में ही चुने जाते हैं। देश तो हर जाति, हर धर्म और हर समाज का है, इसलिये वे भारत के हर नागरिक के पालक के रूप में ही जाने जाते हैं। अगर कोई राजनीतिक दल ऐसे पदों को एक जाति की सीमाओं में बांधने की चेष्टा करते हैं तो क्या इसे राष्ट्रपति पद की गरिमा को क्षति पहुंचाना नहीं माना जाना चाहिए? क्या हमने बाबू राजेंद्र प्रसाद को इसलिए राष्ट्रपति चुना कि वे कायस्थ थे या के. आर. नारायणन दलित, ए.पी.जे. अब्दुल कलाम अल्पसंख्यक या प्रणव मुखर्जी ब्राह्मण थे, शायद नहीं। यह सब अपने अपने क्षेत्र के विशेषज्ञ व्यक्ति थे। देश के प्रति इनकी सेवाएं उत्कृष्ट थी। इन्हीं उत्कृष्ट सेवाओं के लिए हमें राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को भी याद करना चाहिए ना कि उनके जाति वर्ग के कारण। वे अब एक वर्ग की नहीं बल्कि पूरे भारत का गौरव हैं ।



देश में विभिन्न अवसरों पर हुए राष्ट्रपति पद के हर चुनाव किसी न किसी कारण से चर्चित रहे है। 1969 का चुनाव त्रिकोणी होने के कारण सबसे कम मतों से जीतने वाला चुनाव बना इसमें इंदिरा गांधी द्वारा समर्थित निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में वी.वी. गिरी को 48 प्रतिशत वोट मिले थे और वह अपने निकटतम प्रतिद्वंदी नीलम संजीव रेड्डी से लगभग 90 हजार मतों से ही चुनाव जीत सके थे। यह पहला चुनाव था जब अंतरात्मा की आवाज पर वोट डालने का आव्हान किया गया था और एक श्रमिक नेता वी वी गिरी राष्ट्रपति चुने गये।

देश में सर्वाधिक मतों से चुनाव जीतने वाले राष्ट्रपति के रूप में के.आर. नारायणन का चुनाव सबसे चर्चित रहा है। इसमें नारायणन ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी टी.एन. शेषन को लगभग 9 लाख 5 हजार मतों से परास्त किया था। मत प्रतिशत के हिसाब से बाबू राजेंद्र प्रसाद एक मात्र राष्ट्रपति रहे जिन्हें कुल मतों का 99 प्रतिशत मत प्राप्त हुए, दूसरे नंबर पर एस. राधाकृष्णन जिन्हें 98 प्रतिशत, के.आर. नारायणन जिन्हें 95 प्रतिशत और ए.पी.जे. अब्दुल कलाम जिन्हें 90 प्रतिशत मत प्राप्त हुए थे। अगर भारतीय जनता पार्टी के द्वारा बनाये गये एन.डी.ए. उम्मीदवारों के मतों की तुलना करें तो श्रीमती द्रौपदी मुर्मू को अपने ही पार्टी के पूर्व राष्ट्रपति कोविंद के मुकाबले 2 प्रतिशत कम वोट प्राप्त हुए हैं। श्री कोविंद को कुल मतों का 66 प्रतिशत जबकि श्रीमती द्रौपदी मुर्मू को 64 प्रतिशत मत प्राप्त हुए हैं। भारतीय जनता पार्टी ने इस चुनाव को एक और दृष्टि से चर्चित बनाने की चेष्टा की है वह है प्रतिपक्ष की क्रॉस वोटिंग को लेकर । जबकि राष्ट्रपति पद के कई चुनाव में क्रॉस वोटिंग होती रही है। स्वयं भारतीय जनता पार्टी शिवसेना और अन्य दल भी समय–समय पर क्रॉस वोटिंग कर चुके हैं।

श्रीमती पाटिल के चुनाव में शिवसेना ने गठबंधन की सीमाओं से बाहर आकर पाटिल के पक्ष में मतदान किया था। हालांकि इस चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के प्रमुख नेता भैरोंसिंह शेखावत चुनाव लड़ रहे थे लेकिन इसके बावजूद गुजरात में 5 विधायकों ने प्रतिभा पाटिल के पक्ष में क्रॉस वोटिंग की थी। इसी तरह 2012 में जब प्रणव मुखर्जी के विरुद्ध पी.ए. संगमा एनडीए के उम्मीदवार थे तब कर्नाटक में 14 विधायकों ने मुखर्जी के पक्ष में क्रॉस वोटिंग की थी। इसी तरह 2017 में मीरा कुमार ने श्री कोविद के विरुद्ध प्रतिपक्ष यू.पी.ए. के उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ा था। इस चुनाव में भी एन.डी.ए. के उम्मीदवार कोविंद के विरुद्ध गुजरात के एक, गोवा के 3 और राजस्थान के 6 विधायकों ने मीरा कुमार के पक्ष में क्रॉस वोटिंग की थी। इसी तरह 2002 में ए.पी.जे. अब्दुल कलाम सर्व सम्मत उम्मीदवार के रूप में सामने आये थे किंतु वामपंथी पार्टियों ने क्रांतिकारी और आजाद हिंद फौज की महिला कमांडर लक्ष्मी सहगल को उनके विरुद्ध उतार दिया था। इस चुनाव में मध्यप्रदेश के 11 मत रद्द हुये थे और 2 मत क्रॉस वोट हुये थे। चूंकि राष्ट्रपति पद का चुनाव गुप्त मतदान के माध्यम से किया जाता है एवं इस चुनाव में कोई भी दल व्हिप जारी नहीं करता है इसलिए क्रॉस वोटिंग का मामला पार्टी अनुशासन के दायरे में नहीं आता है।

ऐसा इसलिए भी सोचा गया होगा ताकि राष्ट्रपति पद का चुनाव निर्विवाद रहे और उसे पार्टी की सीमाओं में ना बांधा जाए।

1977 का राष्ट्रपति पद का चुनाव भी कम चर्चित नहीं रहा यह चुनाव तत्कालीन राष्ट्रपति जाकिर हुसैन की मृत्यू के कारण बचे हुए कार्यकाल के लिये हुआ था। हालांकि यह पूर्णकालिक चुनाव तो नहीं था किंतु इस चुनाव में 37 उम्मीदवारों ने अपने पर्चे दाखिल किए थे और 36 उम्मीदवारों के नामांकन रद्द हो जाने के कारण नीलम संजीव रेड्डी निर्विरोध राष्ट्रपति के रूप में चुने गए। वे देश के ऐसे एकमात्र राष्ट्रपति थे। इसी तरह बाबू राजेंद्र प्रसाद दो बार राष्ट्रपति पद को सुशोभित करने करने वाले एकमात्र राष्ट्रपति रहे।

महामहिम द्रोपदी मुरमू अब देश की शोभा हैं,उनके संघर्ष और जिजीविशा को याद रखने का यह समय है न कि उनकी जाति को।

–भूपेन्द्र गुप्ता

## कानों सुनी तो क्या आंखों देखी पर भी सोच समझकर निर्णय लेना चाहिए

मानव के व्यावहारिक जीवन में अनेक बार ऐसी परिस्थितियां उत्पन्न होती है जहां उस विशेष अनियोजित परिस्थितियों में अचानक ही निर्णय लेने की जरूरत होती है बस!! यही वह समय होता है जब अपनी बुद्धि कौशलता के साथ हमें बड़े बुजुर्गों द्वारा कही गई कहावतों, मुहावरों, विचारों को रेखांकित करने की अत्यंत तात्कालिक जरूरत होती है जिससे हमें अति उच्च गुणवत्ता का सकारात्मक निर्णय लेने में आसानी होती है,जिसके दूरगामी सकारात्मक परिणाम होते हैं और उन परिस्थितियों में पढ़ने वाले विपरीत नुकसान, दुष्परिणामों से बचा जा सकता है जिसके दूरगामी सकारात्मक परिणाम निकलते हैं और हम उसका श्रेय बड़े बुजुर्गों के आशीर्वाद के रूप में ले सकते हैं।

साथियों बात अगर हमव्यवहारिक जीवन में निर्णय लेने की करें तो यह दो प्रकार का हो सकता है नियोजित और अनियोजित निर्णय, ऐसे निर्णय जो किसी परिस्थिति विशेष पर अकस्मात लेने पड़ते हैं जिसके लिए कोई पूर्व योजना नहीं होती है। अनियोजित निर्णय कहलाते हैं। इसके विपरीत ऐसे निर्णय जो किसी पूर्व योजना पर आधारित होते हैं, नियोजित निर्णय कहलाते हैं। नियोजित निर्णय ठोस तथ्यों पर आधारित होते हैं क्योंकि यह पूर्व निर्धारित योजनापर आधारित होते हैं।

साथियों बात अगर हम बड़े बुजुर्गों की कहावतों की करें तो, कहावत उस छोटे से वाक्य या लाइन को कहा जाता है जिसके माध्यम से बड़ी–बड़ी बातें कह दी जाती है। गाँव, घर में अक्सर बड़े–बुजुर्गों के द्वारा बहुत सारी कहावतें सुनने को मिलती है। इन कहावतों को स्कूल में नही पढाया जाता है, इसे ज्यादातर ग्रामीण क्षेत्रों के लोग बोलने में प्रयोग करते है। बहुत सारी ऐसी कहावतें होती है जो घर की महिलाओं के द्वारा प्रयोग की जाती है, कई बार गाँव में बड़े बुजुर्गों की कहावत का अर्थ तो पढ़े लिखे लोग भी नहीं निकाल पाते है, और शर्म में हाँ में हाँ मिलाकर आगे बढ़ जाते है।

साथियों बात अगर हम तुरंत निर्णय लेने वाली परिस्थितियों की करें तो, मानव जीवन में अनेक बार ऐसी परिस्थितियां आती है जब मनुष्य समझ नहीं पाता कि उसे किस तरह उस परिस्थिति का सामना करना है । परिस्थितिवश उत्पन्न स्थिति स्वयंमें इतनी उलझी होती है की अगर सूझ बूझ और दूर दृष्टि का सहारा न लिया जाये तो निर्णय गलत होने की पूरी सम्भावना रहती है ।अनेको बार छोटी छोटी बातें हमें नकारात्मक गहराई तक प्रभावित करती हैं । ऐसी स्थिति उत्पन्न होने पर बेहतर तो यह है की हम शांति और धैर्य से उस परिस्थिति का विश्लेषण करें तथा उस स्थिति के पक्षविपक्ष दोनों के बारे में सोंचे क्योंकि प्रत्येक स्थिति के दो पहलू होते है , एक अगर सकारात्मक है तो दूसरा नकारात्मक अवश्य होगा । हमें परिस्थिति के गुण दोष के आधार पर निर्णय लेना चाहिए न कि जल्दबाजी में या घबराकर कोई कदम उठाना चाहिए जिससे की हमारे पक्ष में होने वाली बात का भी विपरीत असर हो जाये ।सबसे बड़ी बात हमें किसी भी विपरीत स्थिति में धैर्य , सहनशीलता और शांति से निर्णय लेने की आदत डालनी चाहिए अगर ऐसा हुआ तो हम अपने जीवन में अवश्य सफल होंगे ।

साथियों बात अगर हम कानों सुनी और आंखों देखी पर भी सोच समझकर निर्णय लेने की करें तो,आँखों देखी या कानों से सुनी हर बात सत्य हो, यह आवश्यक नहीं है। हम उस एक ही पक्ष को देखते और सुनते हैं, जो हमें प्रत्यक्ष दिखाई या सुनाई देता है। उसके दूसरे पहलू के विषय में जानकारी न होने के कारण हम कोई विशेष धारणा बना लेते हैं। जब हमारा वास्तविकता से सामना होता है तब पश्चाताप करना पड़ता है। अपनी नजरों को झुकाकर क्षमा–याचना करनी पड़ती है। उस दयनीय स्थिति से बचने के लिए मनुष्य को सावधान रहना चाहिए। उसे ऐसा कुछ भी नहीं कहना चाहिए जो उसके तिरस्कार का कारण बन जाए।

साथियों बात अगर हम परिस्थितियों पर निर्भर सटीक निर्णय लेने की करें तो, आधा–अधूरा ज्ञान सदा ही विध्वंस कारक होता है। जो भी देखें या सुने उसे निकष पर कसें। इससे भी बढ़कर यह जानने का प्रयास करना चाहिए कि हमारी सोच कहाँ तक सही है। किसी भी घटना के सारे पहलुओं को जाने बिना कोई धारणा नहीं बनानी चाहिए। इसके अतिरिक्त चटकारे लेकर, मिर्च–मसाला लगाकर दूसरों को अपमानित करने की प्रवृत्ति से बचना चाहिए। ऐसे अफवाहें फैलाने वालों की जब पोल खुल जाती है तो वे कहीं के भी नहीं रह जाते। लोग उन पर विश्वास करना छोड़ देते हैं और उनकी बातों को सीरियसली न लेकर मजाक में उड़ा देते हैं। इसलिए मनुष्य को ऐसी स्थितयों से बचना चाहिए। उसे एक जिम्मेदार मनुष्य बनने का प्रयास करना चाहिए।

साथियों बात अगर हम परिस्थितियों व निर्णय पर बीरबल और अकबर के सीख वाले किस्से की करें तो उपरोक्त कहावतों को सटीकता से समझने के लिए, मेरे पिताजी द्वारा बताया गया किस्सा जरूर सुनना चाहिए, राजा अकबर जंगल में शिकार करते हुए रास्ता भटक गए, देर होने के कारण रानी साहिबा ने नौकर को रूम बेड क्लीन का आदेश दिया नौकर नें रूम में मखमली बेड को देखा तो दिल बेड पर एक बार सोने के लिए ललचाया और वह चादर ओढ़ कर सो गया उसे नींद आ गई!!

उधर रानी साहिबा भी अपनी धुन में ही आई और बेड पर राजा आराम फरमा रहे हैं समझकर उन पर हाथ रख कर सो गई। जब देर रात्रि राजा अपने रूम में आया तो किसी और के साथ रानी को सोते देख गुस्से से लाल हुआ और बंदूक निकाल कर दोनों को गोली से उड़ाने ही वाले थे कि उन्हें बीरबल की बात याद आई कि कानों सुनी तो क्या आंखों देखी पर भी विश्वास नहीं करना चाहिए!!

इसलिए राजा रुक गया और इंतजार किया!! जब रानी और नौकर की नींद टूटी तो दोनों बहुत भौचक्के रह गए और रानी ने नौकर पर चिल्लाया तब नौकर ने माफी मांगी और बेड पर सोने का अपना किस्सा सुनाया कि वह मखमली बेड देखकर वह सोया और रानी ने भी राजा समझ कर बेड पर सोई यह सच्चाई सुनकर राजा ने कहा बड़े बुजुर्गों की कहावतों के निर्णय नें आज रानी और नौकर की जान बचाई यह समझ में आया और दूसरे दिन बीरबल को बुलाकर पुरस्कृत किया।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरणका अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि आओ अनियोजित निर्णय पर ध्यान दें, कानों सुनीतो क्या आंखों देखी पर भी सोच समझकर निर्णय लेना चाहिए,अनियोजित निर्णय लेते समय बड़े बुजुर्गों की कहावतों पर गौर करने से विपत्तियों से बचने और लक्ष्यों को प्राप्त करने में सुविधा होती है।

–संकलनकर्ता लेखक – कर विशेषज्ञ स्तंभकार एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया

## एकनाथ शिंदे ने मरती शिवसेना को बचा लिया - डा. हरिकृष्ण बड़ोदिया

राष्ट्रीय राजनीति में शिवसेना का बालासाहेब के समय में जो दबदबा और स्थिति थी वह आज नहीं है। यूं अगर देखा जाए तो शिवसेना की पहचान उसकी कट्टरवादी हिंदुत्व विचारधारा हुआ करती थी। बाला साहब ठाकरे ने जिस दबंगई से हिंदुत्व की विचारधारा को विस्तार दिया उसका भारतीय राजनीति में दूसरा उदाहरण नहीं दिखाई देता। बाला साहब एक ऐसे प्रखर राष्ट्रवादी राजनेता थे जो बेखौफ होकर हिंदुत्व का समर्थन करते थे। उनके कट्टर हिंदूवादी आक्रामक विचारों से विरोधी ही नहीं बल्कि दुश्मन देश पाकिस्तान भी थरथर कांपता था। 1966 में उन्होंने शिवसेना की स्थापना कर महाराष्ट्र की राजनीति में हिंदूवादी विचारधारा को प्रखर राष्ट्रवाद का चेहरा बनाया। अपनी राजनीतिक विचारधारा को प्रसारित करने के लिए उन्होंने मराठी समाचार पत्र सामना प्रारंभ किया जिसकी संपादकीय वे स्वयं लिखते थे। महाराष्ट्र में उनकी विचारधारा को प्रसारित करने में सामना की बहुत बड़ी भूमिका रही। निसंदेह अपने जीवन काल में उन्होंने हिंदुओं में जो स्वाभिमान और राष्ट्रप्रेम जगाया आधुनिक भारत में ऐसा कोई दूसरा नेता या संगठन नहीं दिखाई देता। यही कारण रहा कि उन्हें हिंदू हृदय सम्राट श्री बालासाहेब ठाकरे कहा जाता है। लेकिन 17 नवंबर 2012 को उनके अवसान के बाद उद्धव ठाकरे परिवार उनकी विरासत को सहेजने में नाकाम प्रतीत होती है। वस्तुतः उद्धव ठाकरे उतने आक्रामक नहीं रहे जितने बाला साहब थे। लेकिन बाला साहब के समर्थक शिवसैनिक उन्हें तब भी उतना ही सम्मान देते रहे जितना बालासाहेब को मिलता रहा था।

अगर आज की स्थिति में बाला साहब ठाकरे परिवार में राजनीतिक विरासत के उत्तराधिकारीयों के रूप में देखा जाए तो महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना का गठन करने वाले राज ठाकरे ज्यादा आक्रामक और बाला साहब की आक्रामक शैली के राजनेता हैं। यह अलग बात है कि उन्हें महाराष्ट्र में उतनी सफलता नहीं मिली। कारण स्पष्ट है कि महाराष्ट्र के नागरिक बालासाहेब को आदर्श मानते हैं इसलिए उन्होंने उद्धव ठाकरे के साथ खड़े रहना ज्यादा उचित समझा। यदि उद्धव ठाकरे ने अपनी राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं पर लगाम लगाई होती तो जो स्थिति आज शिवसेना की है वह नहीं होती। पिछले 2019 के महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों के परिणामों को देखें तो पाते हैं कि शिवसेना और भाजपा के नैसर्गिक गठजोड़ और प्रधानमंत्री मोदी की छवि और देवेंद्र फडणवीस के महाराष्ट्र के सफल मुख्यमंत्री कार्यकाल की अच्छी छवि के कारण 288 सदस्यों वाली विधानसभा में भाजपा को 105 सीटें और शिवसेना को 55 सीटें मिली थीं। निश्चित ही इस समय यदि उद्धव ठाकरे, आदित्य ठाकरे और संजय राऊत ने राजनीतिक परिपक्वता का परिचय दिया होता और अपनी हठधर्मिता ना दिखाई होती तो शिवसेना आज की दुर्गति पूर्ण स्थिति में नहीं पहुंचती। असल में संजय राउत जैसे महत्वकांक्षी राजनेता ने शिवसेना को अधिक नुकसान पहुंचाया तो वहीं उद्धव ठाकरे की बाला साहब ठाकरे वाली अकड़ ने गठबंधन के साथियों को शिवसेना से दूरी बनाने को बाध्य किया। शिवसेना ने मात्र 55 सीटें जीती थीं और जो भी भाजपा, मोदी और देवेंद्र फडणवीस की लोकप्रियता की वजह से। फिर भी उद्धव ठाकरे चाहते थे कि मुख्यमंत्री शिवसेना का हो। उद्धव और उनके साथियों ने इस झूठ का सहारा लेकर कि भाजपा ने चुनाव के पहले यह आश्वासन दिया था कि आधे आधे कार्यकाल के लिए शिवसेना और भाजपा का मुख्यमंत्री होगा भाजपा वाले नैसर्गिक गठबंधन को क्षति पहुंचाने का काम किया। महाराष्ट्र ही नहीं पूरा देश जानता है कि शिवसेना भाजपा के साथ ना होती तो उसे 55 सीटें भी प्राप्त नहीं होती। लेकिन अपनी पार्टी का मुख्यमंत्री बनाने और सत्ता सुख प्राप्त करने के लिए उद्धव ठाकरे एंड कंपनी ने भाजपा से नाता तोड़कर विपरीत विचारधारा से गठजोड़ कर सरकार बनाकर महाराष्ट्र की जनता को ठगे जाने का एहसास कराया।

उद्धव ठाकरे और संजय राउत ने कांग्रेस और एनसीपी से गठजोड़ कर ढाई साल तक सत्ता सुख भोग तो लिया लेकिन इन सब ने बाला साहब की शिवसेना को सक्षम और सशक्त बनाने की वर्षों की मेहनत पर पानी फेर दिया। उद्धव ठाकरे ने कांग्रेस और शिवसेना के दबाव और खुद को मुख्यमंत्री बनाए रखने के लिए हिंदुत्व को तिलांजलि देकर तथाकथित धर्मनिरपेक्षता के चक्कर में अपनी छवि खुदगर्ज नेता की बना ली जिसने शिवसेना के विधानसभा में अन्य सदस्यों को विचलित कर दिया।

शिवसेना में उद्धव का विरोध अंदर ही अंदर पनपने लगा जिसको शिवसेना और बाला साहब के विश्वसनीय एकनाथ शिंदे ने बगावत कर उद्धव ठाकरे, आदित्य और संजय राउत के पैरों तले की जमीन खिसका दी। असल में उद्धव ठाकरे और उनका परिवार इस गलतफहमी का शिकार था कि जिस तरह बाला साहब की कही गई बात शिव सैनिकों को ब्रह्म वाक्य था उसी तरह उद्धव ठाकरे की बात भी शिवसैनिक बिना किसी विरोध के मानेंगे। लेकिन ऐसा नहीं था। ढाई साल के अपने शासन में उद्धव ठाकरे, आदित्य ठाकरे और संजय राउत ने शिवसेना के सिद्धांतों के विरुद्ध जो काम किए उन्होंने जनता में शिवसेना की छवि को काफी हानि पहुंचाई। जिसका मूल्यांकन एकनाथ शिंदे के साथ जाने वाले सभी 40 विधायक कर रहे थे। यही नहीं उद्धव ठाकरे सरकार में अन्य अन्य मामलों में आरोपित मंत्री अनिल देशमुख और नवाब मलिक का जेल में होना या पालघर में साधुओं की हत्या या सुशांत सिंह राजपूत का मामला और नवनीत राणा और रवि राणा के हनुमान चालीसा पाठ ना करने देने और उन्हें अनावश्यक राष्ट्रोंद्रोह के आरोप में फंसा कर जेल की हवा खिलाने आदि ने महाराष्ट्र की जनता में शिवसेना के विरुद्ध जनमत तैयार कर दिया जिसे एकनाथ शिंदे सहित 40 विधायक महसूस कर रहे थे। ये विधायक जानते थे कि आसन्न महानगर पालिका चुनाव और 2024 में होने वाले लोकसभा और विधानसभा चुनावों में उनकी हार निश्चित है जिसकी वजह से ही उन्होंने न केवल सरकार से बगावत की बल्कि अपने नैसर्गिक साथी भाजपा से गठजोड़ कर नई सरकार के गठन का रास्ता चुना। सचाई तो यह है कि उद्धव सरकार ने जनता में अपनी विश्वसनीयता खो दी थी। यह बात एकनाथ शिंदे और 40 विधायक तो जानते थे लेकिन उद्धव ठाकरे, आदित्य ठाकरे और संजय राउत नहीं जानते थे क्योंकि सत्ता की काली पट्टी उनकी आंखों पर चढ़ी थी जिसकी वजह से वे दीवारों पर लिखी इबारत नहीं पढ़ पा रहे थे। लेकिन जब सरकार का पतन हुआ तब इनकी आंखें खुली और तब उन्हें एहसास हुआ कि उन्होंने ढाई साल की कांग्रेस और एनसीपी के साथ सरकार चलाकर इतिहास की सबसे बड़ी भूल की है। सच्चाई तो यह है कि शिवसेना अपना राजनीतिक वजूद ही खो देती इसमें कोई संदेह नहीं था। अगर सच पूछा जाए तो एकनाथ शिंदे ने मरती हुई शिवसेना को नया जीवनदान दे दिया आज स्थिति यह है कि उद्धव ठाकरे भाजपा के साथ हर तरह के समझौते करने को लालायित है। यही नहीं अपने शिवसैनिक सांसदों के दबाव के कारण उद्धव ने यह कहकर कि मुझ पर कोई दबाव नहीं है और मैं राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू का समर्थन करता हूं। यही नहीं आगे बढ़कर एनडीए के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार जगदीप धनखड़ का समर्थन करना भी उद्धव की मजबूरी को प्रकट करता है। लेकिन एकनाथ शिंदे सेना और उद्धव सेना की यह लड़ाई अभी खत्म नहीं हुई है। अभी तो इन दोनों गुटों में असली शिवसेना का निर्धारण होना बाकी है। इसका निर्णय 8 अगस्त को होगा जब उद्धव सेना और एकनाथ सेना अपने अपने पक्ष के दस्तावेज चुनाव आयोग के सामने प्रस्तुत करेंगे। उद्धव ठाकरे के सामने चुनौतियां इतनी हैं कि वे समझ ही नहीं पा रहे कि उनसे कैसे निपटा जाए। हालांकि हर व्यक्ति जानता है कि बाला साहेब के उत्तराधिकारी उद्धव ठाकरे हैं लेकिन उन्होंने शिवसेना के सिद्धांतों को तिलांजलि देकर असली शिवसेना के तमगे को भी खो दिया है।

आज दोनों गुटों में असली शिवसेना के निर्धारण का मामला सुप्रीम कोर्ट में भी लंबित है। देखना होगा यह ओहदा किसको मिलता है उद्धव ठाकरे को या एकनाथ शिंदे को। यदि यह एकनाथ शिंदे को मिलता है तो उद्धव गुट को जिंदगी भर पछताने के अलावा कुछ नहीं बचेगा।

## पंच से पक्षकार

हरिप्रसाद और रामप्रसाद दोनों सगे भाई थे। उम्र के आखिरी पड़ाव तक दोनों के रिश्ते ठीक–ठाक थे। दोनों ने आपसी सहमति से रामनगर चौराहे वाली अपनी पैतृक जमीन पर दुकान बनाने का सोचा, ताकि उससे जो आय हो उससे उनका जीवन सुचारू रूप से चल सके।

दुकान का काम चल ही रहा था तभी हरिप्रसाद और रामप्रसाद के बीच कुछ बातों को लेकर विवाद हो गया और उनमें बातचीत होना बंद हो गया। जिससे उनकी दुकान का काम भी रुक गया। दोनों एक दूसरे पर खूब आरोप–प्रत्यारोप भी लगाने लगे। बढ़ते विवाद को देख उसे सुलझाने के लिए उनके पड़ोसियों ने मोहल्ले के कुछ लोगों को जुटाकर एक पंचायत बुलाई, परन्तु पंचायत के सामने भी दोनों आपसी विवाद को खत्म करने के लिए तैयार नहीं हो रहे थे। बल्कि एक दूसरे पर एक से बढ़कर एक आरोप–प्रत्यारोप लगाए जा रहे थे। पंचायत ने भी मामले को बढ़ते देख उन्हें कुछ दिनों के लिए एक–दूसरे से दूर रहने की कड़ी हिदायत दी जिससे उनका विवाद हिंसा का रूप धारण ना कर सके। इसके साथ ही पंचायत ने दुकान के बचे आधे–अधूरे काम को पूरा करने की जिम्मेदारी गाँव के पढ़े–लिखे एक व्यक्ति विनोद को दे दिया ताकि दोनों भाईयों के विवाद से उनके धन का नुकसान ना हो। हरिप्रसाद और रामप्रसाद ने भी विनोद को पंच परमेश्वर का दर्जा देते हुए दुकान के बचे हुए काम को पूरा करने के लिए विनोद के नाम पर सहमत हो गए।

प्रसिद्ध उपन्यासकार एवं कहानीकार मुंशी प्रेमचंद की कहानी पंच परमेश्वर की तरह यहाँ भी समाज में हरिप्रसाद का सम्मान उनके धन से तो रामप्रसाद का सम्मान उनके व्यक्तिगत अच्छे व्यवहार की वजह से लोगों में था। परंतु, शास्त्रों में कहा गया है कि कलयुग में मूर्ख, चोर और बेईमान आदमी अपने पद और धन के कारण समाज में श्रेष्ठ होगा और उसके प्रति लोगों का झुकाव जल्दी होगा। ठीक वैसे ही विनोद का झुकाव हरिप्रसाद की तरफ जल्दी हो गया। विनोद हरिप्रसाद के हर बातों का अमल दुकान के कार्यों में करता और यदि रामप्रसाद इसका विरोध करना चाहता तो उसकी बातों को अनसुना कर देता या रामप्रसाद को तीन–पांच पढ़ाकर उसकी बात टाल देता। कुछ दिन ऐसे ही चलता रहा और धीरे–धीरे रामप्रसाद को भी इस बात का एहसास होने लगा की वह ठगा जा रहा है और उसके साथ अन्याय हो रहा है। उसने इसके संदर्भ में विनोद से सीधा बात करना ही उचित समझा।

अगली सुबह खेत और घर के जरूरी काम निपटा रामप्रसाद विनोद के घर जा पहुंचा और कहने लगा– विनोद भाई, पंचायत की सहमति पर मैंने आपको पंच परमेश्वर माना है और इसलिए एक पंच के नाते आपसे निष्पक्ष न्याय करने की गुहार लगाने आया हूँ।

इतना सुनते ही विनोद गुस्से में रामप्रसाद को भला बुरा कहते हुए हरिप्रसाद के सामने उसकी तुच्छ औकात की बात करने लगा और हरिप्रसाद के तारीफों की पुल बांधने लगा। विनोद के इस स्वभाव और एक पक्षीय नजरिया को देखते हुए रामप्रसाद ने कहा– विनोद जी, आज भले ही मेरी आर्थिक औकात हरिप्रसाद से छोटी है, परन्तु हरिप्रसाद के चंद रुपयों के लालच में आपने अपनी औकात पंच परमेश्वर जैसे ऊँचे दर्जे से गिराकर एक पक्षकार के स्तर की बना ली।

इतना सुनते ही विनोद के चेहरे का रंग उड़ गया और रामप्रसाद गमछे से अपना पसीना पोंछते हुए अपने घर की तरफ चल पड़ा।

अंकुर सिंह

अयोध्या टाइम्स के लिए **मुद्रक, प्रकाशक एवं स्वामी बृजेश कुमार मौर्य** द्वारा किशोर प्रिन्टर्स 124/659 बी ब्लाक गोविन्द नगर, कानपुर नगर से मुद्रित व संजय नगर, गोविन्द नगर, कानपुर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित

**राम कृपाल सिंह**
मुख्य संपादक/नेशनल ब्यूरोचीफ
**मो. : 9956096265**
सम्पादक : डॉ अनवेश सिंह
मो. : 9918523251
आर.एन.आई. नं. : यूपीएचआईएन 2015/67284
**DAVP CODE 133691**
डाक पंजीयन सं.: 272/2021–23
E-mail : dainikayodhyatimes@gmail.com
Website: dainikayodhyatimes.page

### आवश्यक सूचना

समाचार पत्र से संबंधित समस्त प्रकार के विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर न्यायालय ही होगा। – संपादक

## : प्रसारित :

**दिल्ली, लखनऊ, औरैया, इटावा, चित्रकूट, फर्रुखाबाद, कन्नौज, कानपुर देहात, कानपुर नगर, उन्नाव, लखीमपुर खीरी, रायबरेली, सीतापुर, आगरा, मथुरा, हाथरस, कासगंज, प्रयागराज, फतेहपुर, प्रतापगढ़, पीलीभीत, संत कबीर नगर, बांदा, हमीरपुर, ललितपुर, मैनपुरी, बहराइच, बलरामपुर, गोंडा, श्रावस्ती, अमेठी, गाजीपुर, बाराबंकी, अयोध्या, सुल्तानपुर, देवरिया, बरेली, भदोही, आजमगढ़, गोरखपुर, महाराजगंज, जालौन, बिजनौर, सोनभद्र, मुरादाबाद, रामपुर, संभल, सहारनपुर, शामली, अन्य स्टेट : मध्य प्रदेश, बिहार, असम/त्रिपुरा, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र**

# संक्षिप्त समाचार

## कोटेदार पर दबंग ने किया हमला

दैनिक अयोध्या टाइम्स
हमीरपुर(सिसोलर)। थाना क्षेत्र के गढ़ा गांव निवासी रामनारायण कोटेदार ने थाना प्रभारी को तहरीर देते हुए बताया की जब प्रार्थी अपने घर में बैठा हुआ था तभी गांव निवासी हरिपाल केवट ने घर में घुसकर कुल्हाड़ी से हमला करते हुऐ जान से मारने की कोशिश की. मैने अपना बचाव करते हुए उसके हाथ से कुल्हाड़ी छीन ली. उसके बाद दबंग हरिपाल गाली गलौज करते हुए जान से मार देने की धमकी देते हुए भग गया। पीड़ित ने थानाध्यक्ष से कार्यवाही की मांग की है।

## पुलिस ने 2 शातिर अपराधियों पर गैंगेस्टर की कार्यवाही

नन्द कुमार गुप्ता श्रावस्ती (दैनिक अयोध्या टाइम्स)। जनपद श्रावस्ती के थाना सोनवा पुलिस द्वारा अभियुक्तगण निसार अहमद उर्फ डींगे पुत्र मकबूल निवासी नानकार थाना सोनवा, नफीस पुत्र मुमताज खाँ निवासी इमलिया करनपुर थाना मल्हीपुर जनपद श्रावस्ती के विरुद्ध धारा 3(1) उ0प्र0 गैंगेस्टर एक्ट की कार्यवाही की गयी। इनका एक संगठित गिरोह है जिसका लीडर निसार अहमद उर्फ डींगे है। अभियुक्तगणों द्वारा आर्थिक/गौतिक लाभ गोवंश की चोरी कर उनका वध करके उनकी खाल व मांस बेचने की घटनाए कारित की जाती रही है।

## NMMSE वर्ष 2022/23 में कंपोजिट विद्यालय जमुनहा के 8 छात्रों का हुआ चयन

नन्द कुमार गुप्ता श्रावस्ती (दैनिक अयोध्या टाइम्स)। भारत सरकार के मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा प्रत्येक राज्य के प्रतिभावान छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान करने हेतु आयोजित राष्ट्रीय आय एवं योग्यता पर आधारित परीक्षा NMMSE वर्ष 2022/23 में जनपद श्रावस्ती के 13 छात्रों का चयन हुआ है। जिसमें से शिक्षा क्षेत्र जमुनहा के कंपोजिट विद्यालय जमुनहा के 8 छात्रों का चयन हुआ है। जिसमे शिक्षक आलोक कुमार गुप्ता का सभी छात्रों को मार्गदर्शन कराते हुए सफलता अर्जित करवाने हेतु जनपद का गौरव बढ़ाने में योगदान रहा। इस उपलब्धि में छात्र शाहिस्ता परवीन व वैष्णवी पटवा का जनपद में क्रमशः प्रथम व द्वितीय स्थान हासिल किया है। इसी प्रकार उक्त परीक्षा में चमन कुमार तिवारी, छाया मोदनवाल, अमन कुमार तिवारी, कुलदीप पाठक, हरीश कुमार व सूरज कुमार का भी चयन हुआ है। परीक्षा में सफलता पर विद्यालय परिवार में हर्ष व्याप्त है। उक्त परीक्षा में चयनित छात्रों को हाईस्कूल और इंटरमीडिएट में अध्ययन करने पर प्रतिमाह भारत सरकार द्वारा 1000 की छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है। यह योजना गरीब प्रतिभाशाली छात्रों के आगे पढ़ने के लिए प्रोत्साहित करने और ड्रॉपआउट रोकने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर संचालित है। विद्यालय के प्रधानाचार्य अमरनाथ सिंह, आलोक गुप्ता, वीरेंद्र मौर्या, विनोद शर्मा, राधा देवी, रफतजहां ने सभी बच्चो को प्रोत्साहित किया।

## नवांगतुक प्रधानाचार्य का हुआ जोरदार स्वागत


मो मुनब्बर ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स कन्नौज
इंदरगढ़ कन्नौज। नवांगतुक का स्वागत सत्कार हमारी परंपरा रही है उसी परंपरा के चलते आज जनपद स्थित सरदार पटेल इंटर कॉलेज कचाटीपुर में नवांगतुक प्रधानाचार्य का विद्यालय परिवार द्वारा जोरदार स्वागत समारोह का आयोजन किया गया जनपद कन्नौज के इंदरगढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत सरदार पटेल इंटर कॉलेज कचाटीपुर में नवागंतुक प्रधानाचार्य अमर सिंह चौहान का विद्यालय परिवार द्वारा जोरदार माल्यार्पण कर स्वागत किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रबंध समिति के प्रतिनिधि सौरभ पटेल ने प्रधानाचार्य के कार्यकाल द्वारा विद्यालय का पुरातन



गौरव कायम रखते हुए उसको आगे ले जाने की बात कही वहीं स्वागत समारोह कार्यक्रम का संचालन वीपी सिंह द्वारा किया गया कार्यक्रमों में संवाद करते हुए प्रधानाचार्य ने विद्यालय की गरिमा को कायम रखते हुए उन्नत शिखर पर ले जाने की बात कही स्वागत कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उप प्रधानाचार्य राजीव कटियार अध्यापक अशोक कुमार अमित कनौजिया धीरज कुमार राजेश सिंह गजेंद्र दुबे आकांक्षा वर्मा सेल शुक्ला सुनील कुमार रघुवीर सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री आरोग्य स्वस्थय मेला जिले के 30 ग्रामीण व छह शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में किया गया सीएमओ डॉ एन डी शर्मा

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो उरई। मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेला जिले के 30 ग्रामीण व छह शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर आयोजित किया गया। इसमें 659 पुरुषों, 688 महिलाओं समेत 1603 रोगियों की जांच की गई थी। इसमें 256 बच्चे भी शामिल थे। सीएमओ डॉ एनडी शर्मा ने शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बघौरा में आयोजित मुख्यमंत्री आरोग्य मेला का सवा दो बजे निरीक्षण किया। इसमें डॉ विशाल सचान, स्टाफ नर्स किरन राठौर, फार्मासिस्ट हिमांशु, एलटी सौरभ मिश्रा मौजूद मिले। जबकि वार्ड आया प्रीति अनुपस्थिति मिली। इसके अलावा मांडवी,मालती, शाशिबाला, माया देवी समेत चार



एएनएम गैरहाजिर मिली। अनुपस्थिति कर्मचारियों का वेतन रोककर उनसे स्पष्टीकरण मांगा गया। स्वास्थ्य मेले में 195 आयुष्मान कार्ड बनाए गए। 35 लोगों की कोराना, 34 की मलेरिया जांच की गई। 25 रोगियों की हिपेटाइटिस, 12 की आखों का परीक्षण किया गया। 58 गर्भवती का परीक्षण किया गया। इनमें पांच को उच्च केंद्रों पर रेफर कर दिया गया। मेले में 94 बुखार, 198 लीवर संबंधी, 100 श्वसन संबंधी, 64 डायबिटीज, 336 त्वचा संबंधी, 19 खून की कमी, 53 उच्च रक्तचाप के रोगी देखे तथा उनको उपचार प्रदान किया गया।

## डगमरा आश्रम के पास मोड़ पर अनियंत्रित हुई बाइक दीवाल से टकराई, दो घायल



नन्द कुमार गुप्ता श्रावस्ती (दैनिक अयोध्या टाइम्स)। जनपद श्रावस्ती के थाना क्षेत्र सिरसिया के अंतर्गत डगमरा आश्रम के पास तेज रफ्तार बाइक सवार मंदिर से लौटते समय मोड़ पर अनियंत्रित होकर दीवाल से टकरा गया। जिससे दोनो व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हे स्थानीय लोगो के द्वारा बिना समय गवाएं दोनों व्यक्ति को ई रिक्शा को रोककर उससे तत्काल सिरसिया अस्पताल पहुंचाया गया।
जिसके बाद घायल युवकों का डॉक्टरों द्वारा प्राथमिक उपचार करने के बाद जिला हॉस्पिटल भिनगा के लिए भेज दिया गया है। जहां दोनो व्यक्ति नशे की हालत में बताये जा रहे है।

## संदिग्ध परिस्थितियों मे युवक की मौत



मो मुनब्बर ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स कन्नौज। हसेरन विकासखंड क्षेत्र के गांव मे संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत होने से घर परिवार में कोहराम मच गया। घर परिवार के लोगों का रो रो कर बुरा हाल है। घर के लोगों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। क्षेत्र के राजपुर गांव निवासी विकास उम्र 18 वर्ष पुत्र सुधीर यादव की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। जानकारी होते ही घर परिवार में कोहराम मच गया। मृतक युवक हाई स्कूल की परीक्षा पास कर चुका था। छह भाई–बहनों में चौथे नंबर का था। भाई प्रबल , बंटू , बहन सावित्री , विपिन सभी का रो रो कर बुरा हाल है। जानकारी होते ही गांव के लोगों का तांता लग गया। चचेरे भाई पंकज यादव ने जानकारी देते हुए बताया मौत का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पा रहा है। इसकी जानकारी खढनी चौकी पुलिस को दी गई । सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मां सुमन देवी सहित घर परिवार के लोगों का रो रो कर बुरा हाल है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा।

## अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना सिरसिया की अपराध समीक्षा की



नन्द कुमार गुप्ता श्रावस्ती ( दैनिक अयोध्या टाइम्स)। अपर पुलिस अधीक्षक केशव चंद्र गोस्वामी द्वारा थाना सिरसिया पर तैनात विवेचको के साथ मीटिंग कर लंबित एहकमात की समीक्षा की गई। लम्बित विवेचनाओं के निस्तारण करने के साथ–साथ वांछित, वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी तथा लंबित प्रार्थना पत्रों का भी गुणवत्तापूर्ण यथाशीघ्र निस्तारण हेतु थाना प्रभारी सहित सभी विवेचकों को निर्देशित किया गया। इसके अतिरिक्त सभी बीट आरक्षियों की मीटिंग की गई जिसमें बीट व्यवस्था के अंतर्गत जांच हेतु प्राप्त प्रार्थना पत्रों के निस्तारण हेतु आवश्यक दिशा–निर्देश दिए।
साथ ही साथ यह भी बताया गया कि क्षेत्र में चौपाल लगाकर जनमानस से संवाद करें, उनकी समस्याओं को सुनें, आम जनमानस से मधुर व्यवहार रखा जाए तथा उन्हें प्रेरित करें कि आपके आस–पास हो रही संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी पुलिस को दे। सूचना देने वाले व्यक्ति का नाम पता गोपनीय रहेगा। इस अवसर पर सभी उपनिरीक्षक गण मौजूद रहे।

## पुलिस ने शांतिभंग में किया चालान



मो मुनब्बर ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स कन्नौज। क्रिमिनल और क्राइम के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति के चलते पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह के निर्देशानुसार चलाए जा रहे अपराधियों की धरपकड़ एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के अभियान के चलते चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया स
जनपद के इंदरगढ़ क्षेत्र मे शांति व्यवस्था को बनाए रखने के क्रम में पुलिस ने 4 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर शांति भंग की कार्रवाई की।
इंदरगढ़ थाना प्रभारी कमल भाटी के निर्देशन पर क्षेत्र में शांति व्यवस्था को बनाए रखने की क्रम में उप निरीक्षक राकेश कुमार द्वारा गोविंद पुत्र लालाराम निवासी ग्राम जगतापुर इंदरगढ़ गोविंद संखवार पुत्र ब्रजकिशोर निवासी ग्राम कचाटीपुर , प्रियांशु पुत्र धीरेंद्र , राकेश पुत्र सुखलाल निवासी ग्राम निकारीपुर इंदरगढ़ कन्नौज को गिरफ्तार कर शांति भंग में कार्यवाही की।

## जिला कारागार में हुआ वृक्षारोपण

मो मुनब्बर ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स कन्नौज
कन्नौज। जलालाबाद पर्यावरण को संरक्षित करने के उद्देश्य से जेल अधीक्षक प्रमोद त्रिपाठी ने कारागार में वृक्षारोपण किया । उन्होंने कहा कि एक वृक्ष 10 पुत्र के समान है। प्रत्येक भारतीय को अपने जीवन में वृक्षों को ज्यादा से ज्यादा लगाना चाहिए। यह बहुत ही पुण्य दाई होता है। और वैज्ञानिक तौर तरीके से अगर देखा जाए तो यह ऑक्सीजन पूरी भरपूर मात्रा में देता है। जिससे लोग जीते हैं और जीने के लिए सांसो का होना बहोत ही महत्वपूर्ण है। त्रिपाठी ने कहा कि ऑक्सीजन जिसे हम प्राणवायु ऑक्सीजन के नाम से जानते हैं। बहुत ही महत्वपूर्ण होता है। इस दौरान प्रभारी कारा पाल प्रदीप कुमार ,उपकारापाल रवि सिंह, , कनिष्ठ सहायक पंकज कुमार समेत जेल तंत्र मौजूद रहा।

# डॉ सोनेलाल पटेल की जयंती पर किया पौधरोपण

नन्द कुमार गुप्ता, हसमत हुसैन खान श्रावस्ती (दैनिक अयोध्या टाइम्स)। श्रावस्ती अपना दल के संस्थापक डॉ सोनेलाल पटेल जी के 73 जयंती के उपलक्ष्य में डॉक्टर सोनेलाल पटेल फाउंडेशन के तत्वाधान में रविवार को ग्राम औरैया टिकई में वृहद पौध रोपण अभियान चलाया गया जिसमें समाज के हर तबके के लोगों ने बढ़–चढ़कर भाग लिया।
गत 2 जुलाई को लखनऊ इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित डॉक्टर सोनेलाल पटेल जन्म जयंती समारोह में केंद्रीय उद्योग एवं वाणिज्य राज्य मंत्री भारत सरकार श्रीमती अनुप्रिया पटेल ने सभी से अपील की थी कि डॉक्टर साहब के 73वें जयंती पर कम से कम 73 पौधे हर जिले में लगाए जाएं आज के समय की सबसे बड़ी जरूरत पर्यावरण संरक्षण है इसी क्रम में रविवार को बृहद पौधरोपण अभियान चलाया गया। रोपे गए पौधों में कुछ इमारती तो कुछ फलदार वृक्ष भी है इनकी सुरक्षा एवं जिम्मेदारी दीप फाउंडेशन से जुड़े लोगों की है सभी ने संकल्प लिया है कि रोपे गए पौधे को वृक्ष बनाने तक उनकी देखभाल करेंगे। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि वृक्ष हमें प्राणवायु ऑक्सीजन ऑक्सीजन देते हैं । आज पूरा विश्व ग्लोबल वार्मिंग की समस्या से जूझ रहा है जिसका एकमात्र उपाय पौधरोपण की है इस अवसर पर महेंद्र पटेल,बंटी शर्मा, अवधेश वर्मा, कन्हाई लाल, श्यामलाल, तुलसीराम पासवान, छोटू पंडित, मोनू पटेल,राहुल वर्मा,जमील खान, लल्लूराम आदि डॉ सोनेलाल फाउंडेशन के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# गोला गोकरण नाथ के लिए रवाना हुआ कांवरियों का जत्था



मो मुनब्बर ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स कन्नौज। छिबरामऊ कन्नौज स नगर के मोहल्ला चौधरियान से सैकड़ों शिवभक्त आज कावड़ लेकर भगवान महादेव की नगरी छोटी काशी कहे जाने वाले गोलागोकर्णनाथ के लिए रवाना हुए। इस मौके पर भारतीय किसान यूनियन किसान के जिलाध्यक्ष राजा शुक्ला, समाजसेवी पुनीत दुबे, रवि तिवारी, श्रेयश द्विवेदी गुड्डा, सच्चू तिवारी, अभिषेक पाठक आदि ने इस कावड़ यात्रा मे जाने वाले सभी शिव भक्तो का तिलक चंदन करके पूजन किया व मंगलकामनाओं के साथ सभी कावड़ यात्रियों को रवाना किया। समाजसेवी व नगर पालिका अध्यक्ष पद के प्रत्याशी पुनीत दुबे ने कावडियों के लिए खाने पीने की आवश्यक वस्तुए व यात्रा के लिए विशेष सहयोग किया । यह यात्रा छिबरामऊ से फर्रुखाबाद के पांचाल घाट पहुंचेगी। वहां से गंगा स्नान करने के पश्चात् कावड़ भरकर सभी भक्त गोला के लिए पैदल प्रस्थान करेंगे, सोमवार को सुबह सभी शिव भक्त गोला गोकर्णनाथ बाबा को कावड़ व गंगाजल अर्पित कर नगर छिबरामऊ के लिए वापसी करेंगे।

# भारत सेना के तीनों अंगों की संयुक्तथिएटर कमान स्थापित करेगा : राजनाथ सिंह

जम्मू। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सशस्त्र बलों के बीच समन्वय बढ़ाने के लिए सेना के तीनों अंगों की संयुक्त थिएटर कमान स्थापित करने की रविवार को घोषणा की। सिहं ने कहा कि भारत रक्षा उपकरणों के मामले में दुनिया के सबसे बड़े आयातक से एक निर्यातक बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने यहां जम्मू कश्मीर पीपुल्स फोरम द्वारा भारतीय सशस्त्र बलों के शहीदों को श्रद्धांजलि देने के लिए आयोजित एक कार्यक्रम में कहा, (करगिल में ऑपरेशन विजय में संयुक्त अभियान के मद्देनजर) हमने (देश में)संयुक्त थिएटर कमान स्थापित करने का फैसला किया है।''
करगिल शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि देश की क्षेत्रीय अखंडता और संप्रभुता की रक्षा के लिए उनके सर्वोच्च बलिदान को देश नहीं भूल सकता। उन्होंने कहा, ''समाज और लोगों का यह कर्तव्य है कि वे शहीदों और उनके परिवारों को पूरा सम्मान दें।'' उन्होंने कहा, ''आप जो भी सहायता प्रदान कर सकते हैं, उनके परिवारों के लिए करें। यह प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है।'' रक्षा उत्पादन का जिक्र करते हुए सिंह ने कहा, ''भारत (रक्षा उत्पादों का)दुनिया का सबसे बड़ा आयातक था। आज, भारत दुनिया का सबसे बड़ा आयातक नहीं है, बल्कि रक्षा निर्यात में शामिल शीर्ष 25 देशों में से एक है।''
सिंह ने कहा कि देश ने 13,000 करोड़ रुपये का रक्षा निर्यात शुरू कर दिया है और 2025–26 तक इसे बढ़ाकर 35,000 रुपये से 40,000 करोड़ रुपये करने का लक्ष्य रखा गया है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) महासचिव दत्तात्रेय होसबले ने भी जम्मू विश्वविद्यालय के पास गुलशन ग्राउंड में सभा को संबोधित किया। सिंह का विधानसभा चुनाव के वास्ते पार्टी की तैयारियों का जायजा लेने के लिए त्रिकुट नगर स्थित पार्टी कार्यालय में भाजपा नेताओं की एक विशेष बैठक करने का कार्यक्रम है। उन्हें सुरक्षा स्थिति और राजनीतिक घटनाक्रम के बारे में भी जानकारी दी जाएगी।

# सरकारी स्कूल ने बनाई अपनी अलग पहचान

सीतापुर। उत्तर प्रदेश के जनपद सीतापुर का सरकारी विद्यालय शिक्षक अभिषेक शुक्ला के प्रयासों से देश भर मे अपनी अलग पहचान बना चुका है। हम सीतापर के महोली ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय सहजापुर की बात कर रहे है। इस विद्यालय के बच्चे पढ़ने– लिखने के साथ–साथ अन्य पाठ्य सहगामी क्रियाओं मे भी रुचि ले रहे है। बच्चें डांस, मेहन्दी प्रतियोगिता, कला व क्राफ्ट सहित रंगोली व अन्य खेल गतिविधियों मे निपुण बन चुके है। विद्यालय की प्रार्थना सभा व समय– समय पर विद्यालय मे होने वाले ज्ञानोत्सव, पठन उत्सव, चहक व प्रवेश उत्सव मे बच्चों की सांस्कृतिक प्रस्तुति ने विद्यालय को नई पहचान दी है। यह सब यहाँ के शिक्षक अभिषेक कुमार शुक्ला के सकारात्मक प्रयासों व समस्त स्टाफ के सहयोग से सम्भव हुआ है। शिक्षक अभिषेक कुमार शुक्ला के प्रयासों व बच्चों व शिक्षा के प्रति उनके समर्पण की प्रशंसा बेसिक शिक्षा विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा प्रकाशित श्प्रेरणाश मे भी हो चुकी है। शिक्षक अभिषेक अपने बाल केंद्रित व नवाचारी शिक्षण हेतु अलग ही पहचान रखते है। विधानसभा चुनाव मे स्वीप मतदाता जागरूकता अभियान मे विशेष भूमिका का निर्वहन करने हेतु उन्हे सम्मानित व पुरुस्कृत भी किया जा चुका है। इस अभियान मे उनके प्राथमिक विद्यालय सहजापुर के बच्चों ने केंद्रीय भूमिका का निर्वहन किया। जिसके लिए विद्यालय के बच्चों की प्रशंसा तत्कालीन सीतापुर जिला अधिकारी श्री विशाल भारद्वाज द्वारा की गई।
प्राथमिक विद्यालय सहजापुर के बच्चें काव्य पाठ,नाट्य विधा,एकांकी,कविता पाठ,कहानी सुनाने सहित खेलकूद आदि मे अपनी अलग पहचान रखते है।



# शैलेश्वर मंदिर में हुई महाआरती

दैनिक अयोध्या टाइम्स
हमीरपुर। भगवती मानव कल्याण संगठन के तत्वावधान व प्रातः स्मरणीय सदगुरूदेव धर्मसम्राट युगचेतना पुरुष परमहंस योगीराज श्री शक्तिपुत्र जी महाराज जी के निर्देशन में समाज कल्याण आत्मकल्याण व विश्वकल्याण हेतु हर माह की भांति चौथे रविवार को महाआरती का आयोजन शल्लेशवर धाम मंदिर सरीला में किया गया! इस दिव्य अनुष्ठान का संचालन भगवती मानव कल्याण संगठन तहसील हमीरपुर तहसील अध्यक्ष रामकिशोर प्रजापति ने किया। दिव्य अनुष्ठान का शुभारंभ गुरूवर व मां जगदम्बे के जयकारे लगाकर व शंखनाद करने के पश्चात किया गया! कार्यक्रम में अपार संख्या में श्रद्धालुओं ने नियम से नित्य साधनाक्रम को पूरा करते हुए दिव्य आरती का लाभ प्राप्त किया। समापन अवसर पर संगठन की टीम प्रमुख बहन स्नेहलता राजपूत ने उपस्थित भक्त समूह को संबोधित करते हुए कहा कि सदगुरूदेव भगवान जी ने हम सबको अपना आशीर्वाद प्रदान किया है! उन्होंने कहा कि गुरूवर जी द्वारा दिया गया नित्य साधना मार्ग बड़ा ही सरल व उर्जावान है! इस साधना को समाज का हर व्यक्ति करके घर– गृहस्थी का जीवन जीता हुआ एक साधक का जीवन जी सकता है। उनहोंने कहा कि गुरूवर जी सच्चिदानंदस्वरूप इस युग में मानव अवतार लेकर श्री शक्तिपुत्र जी महाराज जी के रूप में इस धरा पर आये है! जिनके सानिध्य में हर पल हम सब को जीवन जीने का सौभाग्य प्राप्त हो रहा है और करोड़ों लोग पूर्ण श्रद्धा, विश्वास के साथ संगठन की पूर्ण विचारधारा से जुड़कर नशामुक्त व मासांहार मुक्त जीवन जीते हुए लाभान्वित हो रहे हैं! भारतीय शक्ति चेतना पार्टी युवा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह गौतम ने कहा कि आज इस कलिकाल के कुचक्र व अनीति, अन्याय, अधर्म भृष्टाचार से मुक्त करवाने के लिए तीन धाराओ को समाज हित के लिए दिया गया है! पहली धारा पंचज्योति शक्तितीर्थ सिद्वाश्रम धाम के माध्यम से चल रहे दिव्यानुष्ठान, अखंड श्री दुर्गा चालीसा पाठ के माध्यम से समाज हित में विशेष ऊर्जा प्रदान की जा रही है, जिससे जुड़कर करोड़ों लोग लाभान्वित हो रहे हैं! दुसरी धारा भगवती मानव कल्याण संगठन के माध्यम से भारत देश के कोने–कोने में संगठन के सदस्यों के द्वारा समाज कल्याण हेतु निःशुल्क दिव्य अनुष्ठान कराये जा रहे हैं और तीसरी धारा भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के माध्यम से राजनीति में सुधारकर देश को एक अच्छा शासन देकर समाज व देश में ईमानदार लोगों को सत्ता में लाना है! तभी समाज व देश का कल्याण हो सकेगा! संगठन के तहसील सचिव पुष्पेंद्र यादव ने कहा कि गुरूवर श्री का अगला शिविर महाशक्ति शंखनाद शारदीय नवरात्र पर्व 3,4,5 अक्टूबर 2022 इस त्रिदिवसीय विशाल शिविर में गुरूवर श्री के अति विशिष्ट महत्वपूर्ण चिंतन सुनने का सौभाग्य प्राप्त होगा।



इस अति महत्वपूर्ण विशिष्ट शिविर में दिनांक 04 अक्टूबर को सायंकाल 04 बजे एक लाख से अधिक भक्तों के द्वारा एक साथ महाशक्ति शंखनाद किया जायेगा तथा यह विश्वव्यापी शंखनाद गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में अपनी ख्याति दर्ज करायेगा! अतः आप सभी उपस्थित होकर इस ऐतिहासिक आयोजन के साक्षी बनने का सौभाग्य प्राप्त करे, अंत में भगवती मानव कल्याण संगठन शाखा सरीला के तहसील अध्यक्ष बलवान सिंह राजपूत ने सभी का आभार व्यक्त किया। महाआरती मे सैकड़ों लोग उपस्थित रहे। सभी को शक्ति जल व प्रसाद वितरण किया गया।

# संक्षिप्त समाचार

## आकाशीय बिजली की चपेट में आने दो भैंसों की मौत

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो उरई (जालौन)। डकोर थाना क्षेत्र के अंर्तगत ग्राम गढा में आकाशीय बिजली की चपेट में आने से किसान को दो कीमती भैंसों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। डकोर थाना क्षेत्र के अंर्तगत ग्राम गढ़ा निवासी दीपचंद्र वर्मा पुत्र नारायण वर्मा की दो कीमती भैंसे गांव के बाहर चर रही थी इसी बीच गडगडाहट और पानी के साथ गिरी आकाशीय बिजली की चपेट में आने से उसकी दो कीमती भैंसों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी।

## प्रोजेक्ट नई किरणका किया आयोजन

औरैया। पुलिस अधीक्षक औरैया श्रीमती चारू निगम के निर्देशानुसार महिला थानाध्यक्ष प्रीति सेंगर की अध्यक्षता में प्रोजेक्ट नई किरण का आयोजन किया गया! जिसमें आज 11 फाइलें दायर की गई! व 04 परिवार को जो आपसी वैचारिक मतभेद की वजह से कुछ दिनो से अलग रह रहे थे !एक दूसरे के साथ रहने को राजी नही थे जिसके कारण परिवार टूटने की कगार पर था! जिसे समझा बुझाकर



पति–पत्नी के मध्य मन मुटाव कलह को दूर कर एक साथ रहने को राजी कर परिवार से मिलाया गया। परिवार को हसी खुशी बिदा किया गया। नई किरण प्रोजेक्ट के अन्तर्गत विखरे परिवारों को एक सूत्र में बांधने का प्रयास किया जा रहा है। इस दौरान प्रोजेक्ट नई किरण के अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे।

## कैबिनेट मंत्री संजय निषाद के सुल्तानपुर पहुंचने पर किया गया जोरदार भव्य स्वागत

दैनिक अयोध्या टाइम्स सुल्तानपुर ब्यूरो चीफ घनश्याम वर्मा। डॉक्टर संजय निषाद ने बताया कि जब से देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बने जब से देश विकास की ओर बढ़ रहा है। डॉक्टर संजय निषाद ने सबका साथ सबका विकास को लेकर पूरे हिंदुस्तान में काम किया जा रहा है और किसी के साथ भेदभाव नहीं किया जा रहा है। डॉक्टर संजय निषाद बोले कि प्रधानमंत्री ने हमारे मछुआरों के लिए कई योजनाएं दी है। अब मछुआरे के लड़के भी बन सकते हैं डॉक्टर आईएएस पीसीएस डॉक्टर संजय निषाद ने बताया कि आरक्षण के मुद्दे अंतिम तक इस पर निर्णय लिया जाएगा। सुल्तानपुर रविवार को निषाद पार्टी के मुखिया संजय निषाद पहुंचे सुल्तानपुर वही सुल्तानपुर पहुंचने पर पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा उनका फूल माला पहना कर किया स्वागत कैबिनेट मंत्री संजय निषाद देर रात सुलतानपुर पी डब्लू डी गेस्ट हाउस पहुंचे और शाम का भोजन व विश्राम निषाद पार्टी के विधायक राज प्रसाद उपाध्याय के यहां किए उसके बाद सुबह पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस विश्राम की उसके बाद सुल्तानपुर के पंडित रामनरेश त्रिपाठी सभागार में आयोजित मत्स्य पालक विकास अभिकरण कार्यक्रम में निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष वा उत्तर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री डाक्टर संजय कुमार निषाद कार्यक्रम में सम्मिलित होकर कार्यकर्ताओं एवं देवतुल्य जनता के साथ बैठक को सम्बोधित कर सरकार द्वारा दी जा रही मत्स्य पालन के साथ साथ विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के



बारे में जागरूक किया एवं संगठन को विस्तार देने हेतु सतत जनहित में कार्य करने के लिए प्रेरित किया। वहीं संजय निषाद के समर्थकों में खुशी की लहर देखने को मिला समर्थकों ने संजय निषाद को देखने के बाद नारे लगाने लगे जय निषाद और संजय निषाद भी जय निषाद के नारे लगाए समर्थकों के साथ संजय निषाद अपनी लगभग 3 घंटे के भाषण में योगी सरकार की वह मोदी सरकार की उपलब्धियां गिनाते रहे वही भाजपा के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमित शाह योगी आदित्यनाथ का धन्यवाद अर्पण किया निषाद पार्टी के मुखिया संजय निषाद ने बताया उन्होंने मछुआ समाज के लिए एक से बढ़कर एक योजनाओं व रोजगार ओं के लिए रणनी बना रखी है वही संजय निषाद ने बताया कि अब मछुआ समाज का भी लड़का डॉक्टर आईएएस पीसीएस बनेगा वही पत्रकारों से बात करते हुए आरक्षण के मुद्दे पर उन्होंने जवाब दिया अंतिम तक इस पर निर्णय लिया जाएगा।

## गोसाईगंज पुलिस को मिली बड़ी सफलता कच्ची शराब के साथ अभियुक्तको किया गिरफ्तार मुकदमा हुआ पंजीकृत

दैनिक अयोध्या टाइम्स सुल्तानपुर ब्यूरो चीफ घनश्याम वर्मा सुल्तानपुर। जिले में रविवार को कच्ची शराब के खिलाफ अभियान चलाया गया। जिसमें स्थानीय थाने की पुलिस ने क्षेत्र में ईंट–भट्ठों पर दबिश दी और 30 लीटर कच्ची शराब बरामद कर बनाने व बिक्री करने में संलिप्त एक व्यक्ति के खिलाफ आबकारी अधिनियम में कार्रवाई की गई। पुलिस की इस कार्रवाई से हड़कंप मच गया। कच्ची का कारोबार करने वालों को उम्मीद नहीं थी कि पुलिस भी इस तरह की कार्रवाई करेगी। जिले में बड़ी मात्रा में कच्ची बनाने व बिक्री करने का खेल शुरू हो गया है। इसकी जानकारी होने पर एसपी डॉ सोमेन वर्मा ने कच्ची के निर्माण, बिक्री एवं संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए निर्देश दिए। जिसपर गोसाईगंज थानाध्यक्ष संदीप राय, उपनिरीक्षक मातादीन मय हमरहियो के साथ ने क्षेत्र में ताबड़तोड़ दबिश दी। जिससे शराब माफियाओं में खलबली मच गई। दबिश के दौरान पुलिस ने 30 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की। पुलिस को देख कई आरोपित भाग निकले। इस बीच एक आरोपी सोनू निषाद पुत्र स्व राम शब्द निषाद निवासी गांव वलीपुर थाना कोतवाली नगर को गिरफ्तार किया गया। जिसपर नियमानुसार कार्यवाही करते हुए आबकारी अधिनियम की धारा 60(1) के तहत मुकदमा अपराध संख्या 391/2022 पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गई।




## एसओजी व सर्विलांस सेल संयुक्त टीम को मिली बड़ी सफलता एट थाना क्षेत्र में हुई हत्या का खुलासा, लाइसेंसी रिवाल्वर व लूटा गया माल बरामद



दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो उरई (जालौन)। एट थाना पुलिस, एसओजी व सर्विलांस सेल संयुक्त टीम को मिली बड़ी सफलता एट थाना क्षेत्र में हुई हत्या का खुलासा, लाइसेंसी रिवाल्वर व लूटा गया माल बरामद किया पुलिस टीम ने। थाना एट पुलिस एवं एसओजी व सर्विलांस सेल की संयुक्त टीम द्वारा थाना एट क्षेत्रान्तर्गत हुयी हत्या की घटना का सफल अनावरण करते हुये हत्या से सम्बन्धित अभियुक्त को एक लाइसेन्सी रिवाल्वर एवं लूटे गये माल करीब 01 किलो पीली धातु कीमत करीब 52 लाख रूपये व 50 हजार रुपये के साथ गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। घटना का खुलासा करते हुए अपर पुलिस अधीक्षक जालौन असीम चौधरी ने बताया कि एट थाना क्षेत्र के ग्राम में हत्या के बाद लूट की घटना को अंजाम दिया गया था जिसका खुलासा पुलिस की संयुक्त टीम के द्वारा कर लिया गया है।

## रस्सियों के सहारे रेस्क्यू किया गया मगरमच्छ को



दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो । एट रविवार की सुबह नहर से निकलकर मोहल्ले में घुसने के प्रयास कर रहा मगरमच्छ को ग्रामीणों और वन विभाग के कर्मचारियों ने 4 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद पकड़कर बेतवा नदी में ले जाकर छोड़ा वही रेस्क्यू करते समय मगरमच्छ ने अपने बचाव के लिए वन कर्मियों पर हमला करने की कोशिश भी की।

बता दे एट नगर पंचायत में धंगुवा कला रोड पर अचानक हमीरपुर शाख की नहर से निकलकर मोहल्ले में घुसने का प्रयास कर रहे हैं मगरमच्छ को जब वहां से गुजर रहे राहगीरों ने सड़क से घरों की ओर जाते हुए देखा तो हड़कंप मच गया तत्काल ग्रामीणों ने सूचना वन विभाग के कर्मचारियों पुष्पेंद्र सिंह करण सिंह वीर सिंह को दी सूचना पाकर मौके पर पहुंची टीम ने मोहल्ले वासियों की मदद से 4 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद मगरमच्छ को रस्सियों से बांधकर पकड़ा वहीं मोहल्ले के कुछ शरारती तत्व द्वारा मगरमच्छ को मारने का प्रयास कर रहे थे खबर लगते ही स्थानीय पुलिस भी मौके पर पहुंची जहां ग्रामीणों को खदेड़ कर सकुशल मगरमच्छ को वाहन में लाद कर बेतवा नदी में ले जाकर छोड़ा वन विभाग के दरोगा ने बताया कि बेतवा में अचानक पानी छोड़े जाने की वजह से नहरों में मगरमच्छ आ जाने से टहलते हुए खेतों के सहारे सड़क पर आ गया था जिसे टीम ने रेस्क्यू करके पकड़ लिया है वही मगरमच्छ को पकड़ते समय हमला करने की भी कोशिश की।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने आदिवासियों का किया सम्मान घर घर जाकर माला पहनाकर मिष्ठान खिलाया



दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो उरई,जालौन। देश में पहली बार आदिवासी समाज से राष्ट्रपति चुनी गई दोषमुर्म के चुने जाने पर जिले के भाजपा पदाधिकारियों ने रविवार को जिले के 19 मंडलों में आदिवासी समाज के लोगों को घर घर जाकर उनका सम्मान किया। उन्हें मिष्ठान खिलाकर माला पहनाकर उनका स्वागत किया। इस दौरान विधायक गोरी शंकर बर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार में ही सभी वर्गों के लोगों को सम्मान दिया जाता है।उन्होंने कहा कि देश में पहली बार 15 वी राष्ट्रपति के रुप में द्रोपदी मुर्म जी के चुने जाने पर पूरा देश गर्व कर रहा है। इस दौरान विवेक कुशवाहा, अग्निवेश चतुर्वेदी, वीर प्रताप जादौन, अमित पांडे, मनोज यादव, अर्पण शुक्ला आदि मौजूद रहे।

## नाक, कान, गला एवं कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ0 आदित्य नारायन तिवारी की हुई (एम्स दिल्ली) से जिला अस्पताल मे तैनाती



दैनिक अयोध्या टाइम्स सुल्तानपुर रिपोर्ट विनय सेन

सुलतानपुर। पिछले लंबे समय से जिला अस्पताल में संविदा या फिर संबद्ध (नाक, कान, गला रोग)ईएनटी सर्जनों से ही सेवाएं ली जा रही थी, परंतु अब मरीजों को भटकना नही पडेगा, कयोंकि अब जिला अस्पताल को नियमित नाक, कान, गला एवं कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ0 आदित्य नारायन तिवारी के रूप में एक विशेषज्ञ ईएनटी सर्जन मिल गया है, जो सप्ताह के प्रत्येक दिन जिला अस्पताल में मरीजों के लिए उपलब्ध रहेंगे, डाक्टर आदित्य नारायन तिवारी पूर्व में जिला अस्पताल में सेवाएं दे चुके हैं, बीच में उनका एम्स दिल्ली में ईएनटी विभाग में होने के कारण जनपद के सरकारी अस्पताल में संविदा एवं संबद्ध डाक्टरों से काम चलाया जा रहा था, जिसके चलते नाक, कान, गला रोग से ग्रसित मरीजों के लिए नियमित डाक्टरों की उपलब्धता ना होने के कारण परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था, परंतु अब मरीजों को समस्या से निजात मिल गई है, आपको बता दें कि डाक्टर आदित्य नारायन तिवारी शालीन व्यक्तित्व व मरीजों के प्रति बहुत समर्पित रहने वाले डाक्टरों में शुमार किये जाते हैं, पूर्व में भी उनकी कभी भी कोई शिकायत नहीं रही, डाक्टर आदित्य से चाहे मरीज रहे हो या स्टाफ रहा हो सभी के लिए हमेशा अपनी उपलब्धता बनाए रहे, जिसके चलते डॉ0 आदित्य सभी के प्रिय भी रहे हैं। बहरहाल अब जनपद के नाक, कान, गला और कैंसर जैसी घातक बीमारियों के लिए जिले को एक बेहतरीन और विशेषज्ञ डाक्टर मिल गया है, जो जनपद के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है।

# महिलाएं करेंगी पानी के गुणवत्ता की जांच



दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो उरई (जालौन)। अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे विशाल कुमार यादव व अधिशासी अभियंता जल निगम अंचल कुमार गुप्ता की अगुवाई में जनपद के महिलाओं को पानी की गुणवत्ता की जांच करने के लिए प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसी क्रम में आज कदौरा विकासखंड में जल गुणवत्ता की जांच के लिए प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण का सुभारंभ करते हुए खंड विकास अधिकारी बृज किशोर के कुशवाहा ने कहा पानी सभी को गुणवत्तापूर्ण मिलेगा। जल जीवन मिशन में के तहत सभी को शुद्ध व गुणवत्तापूर्ण पानी मिलेगा।

पानी की गुणवत्ता की जांच करने के तरीकों को विस्तार से बताते हुए मुख्य प्रशिक्षक यूनोप्स के जिला सलाहकार लिए पेयजल गुणवत्ता परीक्षण हेतु महिलाओं को प्रशिक्षित करते हुए पानी परीक्षण की जानकारी विस्तार से दी। उन्होंने महिलाओं को बताया की पानी के केमिकल टेस्ट दस प्रकार के होते है। केमिकल जांच के लिए पानी में पाए जाने वाले क्लोराइड, फ्लोराइड, नाइट्रेट, आर्सेनिक, पीएच, आयरन, हार्डनेस, अल्किनिटी, आदि की जांच की जाती है। इनकी पानी में कितनी मात्रा है। इसकी गणना करते है। उन्होंने कहा कि सभी को शुद्ध एवम गुणवत्तापूर्ण पानी मिले। इसके लिए पानी की जांच साल में दो बार करते है। उन्होंने कहा की इस कार्य के लिए प्रत्येक ग्राम पंचायत से पांच पांच महिलाओं का चयन किया गया है।ग्राम विकास अधिकारी जगतनारायण कुशवाहा व संयुक्त विकास खंड अहिकारी मनोज कुमार गुप्ता ने बताया की दूषित पानी से हमे तमाम प्रकार की बीमारिया हो सकती है जैसे हैजा, कालरा, टाइफाइड, जैसी प्रमुख बीमारिया हो सकती है। प्रशिक्षक धर्मवीर सिंह भदौरिया ने H2S सर्वे के बारे में जागरूक किया।

उन्होंने बताया की यदि पानी की जांच में पानी सही नही पाया जाता है तो इसके लिए उपचार किया जाता है। और पीने के लिए सही मानक के अनुसार पानी हो। हिमांशू भदौरिया ने जल परीक्षण करने वाली महिलाओं को बताया कि पानी को टेस्ट करने के बाद जो परिणाम आते है उनको जल जीवन मिशन के वेबसाइट ˘फडै˘ पर कैसे अपलोड किया जाता है। उन्होंने जल परीक्षण को वेबसाइट पर अपलोड करने के तरीके बताए। यह प्रशिक्षण एमिनेंस इनोवेटिव स्किल एजुकेशन प्राइवेट लिमिटेड द्वारा किया गया। इसमे जन कल्याण परिषद से शशिकांत उपस्थित रहे, विभिन्न ग्रामों से जल परीक्षण से जुड़ी महिलाएं गीता देवी, अनुसुइया, नीलम, संगीता देवी, मंगला निगम, शालिनी यादव, नीलम यादव, रागिनी, विमला, संध्या, सुमित्रा, शुशीला, ममता, मिथलेश कुमारी, मनीषा, हेमलता, आदि सहित आधा सैकड़ा से अधिक महिलाओं ने भाग लिया। प्रक्षिषण में भाग लेने बाली महिलाओं को प्रमाण पत्र व किट वितरित की गई।

# भाजपा मंडल अध्यक्ष पुष्पेन्द्र राजपूत ने ग्रामीणों समस्या को रखा अधिकारियों के सामने

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो उरई (जालौन)। भाजपा चली गांव की ओर में ग्राम पंचायत ऐरी रमपुरा विकासखंड डकोर में अभी कुछ दिन पहले ही उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आगमन हुआ था आगमन के समय पुरे गांव को चकाचक करके अस्थाई सुंदरता अधिकारियों के द्वारा की गई थी ।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री परम आदरणीय योगी आदित्यनाथ के जाने के बाद वहां के अधिकारियों ने गांव की समस्याओं को सुनने का तो दूर बात ग्राम में आने का भी मन नहीं किया । इसी श्रंखला में ऐरी रामपुरा से होकर टीकर ओर एक बंबीं सालों से बंद पडी हुई है ।जिससे किसानों की सैकड़ों बीघा जमीन सिचाई से बंचित रह जाती है या व्यक्तिगत नलकूपों द्वारा अधिक दामों में सिंचाई करने को किसान मजबूर होते हैं। सिंचाई की समस्या का रोना ग्राम पंचायत टीकर के ग्राम वासियों ने जब भा, ज पा मंडल अध्यक्ष पुष्पेंद्र सिंह राजपूत करमेर के सामने रोया तो इस प्रकरण पर पुष्पेंद्र राजपूत ने बिना देर देरी किये तत्काल सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता से बात की व इस समस्या की पूरी जानकारी देकर समस्या को तत्काल निस्तारण के लिए आदेशित किया। इस समस्या के निस्तारण के लिए अधिशासी अभियंता सिंचाई विभाग ने मंडल अध्यक्ष पुष्पेंद्र राजपूत के बात को संज्ञान में लेते हुए जूनियर इंजीनियर को आदेशित किया की जल्द से जल्द ऐरी रमपुरा से टीकर कि ओर जाने वाले उस बंबीं का सत्यापन कर समस्या का निस्तारण करके किसानों को लाभ दिलाने का कार्य करें । अन्यथा की स्थिति में सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।



इस संबंध में आनन–फानन जूनियर इंजीनियर ने पुष्पेंद्र सिंह राजपूत को मौके पर ले जाकर इस कुलावे को बरसात बाद मरम्मत करने का आश्वासन दिया है अधिशासी अभियंता सिंचाई विभाग जालौन के आदेश अनुसार पहुंचाई गई टीम जूनियर इंजीनियर व पुष्पेंद्र सिंह राजपूत के साथ ग्राम पंचायत टीकर व एरी रमपुरा के प्रधान के साथ वार्ता करके ग्राम पंचायत टीकर में एक संपूर्ण ग्राम वासियों के साथ बैठक की गई ।

जिसमें यह सिंचाई वाली बंबी की मरम्मत की बात सुनकर ग्राम पंचायत टीकर के ग्राम वासियों के चेहरे खिल उठे व जूनियर इंजीनियर के साथ मंडल अध्यक्ष पुष्पेंद्र सिंह राजपूत जी के सम्मान में ताली बजाने को मजबूर हो गए।

# श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के जिला संगठन मंत्री व जिला मीडिया प्रभारी बने : गोविन्द सेंगर व अनुराग ठाकुर

दैनिक अयोध्या टाइम्स –विधूना,औरैया। देश के सबसे बड़े संगठन श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना उत्तर प्रदेश के सुप्रीमो राकेश सिंह रघुवंशी जी के आदेशानुसार गोविंद सिंह सेंगर को जिला संगठन मंत्री व जिला मीडिया प्रभारी अनुराग ठाकुर औरैया उत्तर प्रदेश के पद पर नियुक्ति किया गया है।मां करणी से प्रार्थना है। कि आप इस पद की गरिमा व सम्मान बनाए रखते हुए। संगठन द्वारा दी गई जिम्मेदारियों को बखूबी निभाएंगे। संगठन की मजबूती में अपना पूर्ण योगदान देंगे। कार्यकाल के दौरान पद का व्यक्तिगत एवं राजनीतिक उपयोग, अनुशासन हीनता, एवं किसी भी तौर पर संगठन को नुकसान पहुचाने की स्थिति में आपको तुरंत प्रभाव से मुक्त कर दिया जाएगा।

हम आपके उज्जवल भविष्य की कामना के करते है। वहीं आपको बताते चले गोविन्द सेंगर ने बताया कि मैं पूरी निष्ठा व ईमानदारी के अपना दायित्व निभाऊंगा और टीम को बढ़ोत्तरी के पद आगे ले जाने में कुशल होंगे , वहीं जिला मीडिया प्रभारी अनुराग ठाकुर ने भी अपने सभी कार्यकर्ताओं को साथ में लेकर चलने का प्रण लिया व भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाकर देश व प्रदेश में हो रही अनैतिक कार्यों से पर्दाफाश करेंगे जिससे कि सरकार व उच्चाधिकारियों तक बात को रख सकेंगे।

टींम राकेश सिंह रघुंवशी श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना डॉ सोनू चौहान जिलाध्यक्ष



औरैया जो कि पूरी तरह से कार्यों को निभा रहे उसी प्रकार से टीम के समस्त कार्यकर्ता भी पूरी तरह व ईमानदारी से कार्य करेंगे।

# आबकारी विभाग की छापेमारी में 20 लीटर अवैध शराब बरामद, दोभेजे गए जेल

दैनिक अयोध्या टाइम्स सुल्तानपुर ब्यूरो चीफ घनश्याम वर्मा जयसिंहपुर, सुलतानपुर। गांवो में बना रहे कच्ची शराब और अवैध तरीके से बेच रहे शराब माफियाओं के खिलाफ आबकारी विभाग का ताबड़तोड़ अभियान जारी है। आबकारी निरीक्षक डॉ महेंद्र प्रताप वर्मा के नेतृत्व में लगातार क्षेत्र में विशेष प्रवर्तन अभियान चलाया जा रहा है। जिससे शराब माफियाओं में आबकारी विभाग का खौफ साफ दिखता नजर आ रहा है। इसी कड़ी में आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश के आदेश के क्रम में अवैध शराब के विरुद्ध चल रहे विशेष प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत जिला आबकारी अधिकारी के निर्देश में आबकारी निरीक्षक डॉ महेंद्र प्रताप वर्मा व पुलिस की संयुक्त टीम ने शनिवार की बीती रात मोतीगरपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत गांव दियरा, खैरहा,




काछा भिटोरा आदि गांवों में ताबड़तोड़ दबिश दी। जहां से 20 लीव अवैध कच्ची शराब बरामद हुई। जिसपर नियमानुसार कार्यवाही करते हुए दो अभियोग पंजीकृत कर दो अभियुक्त पप्पू निषाद निवासी गांव खैरहा और दारा निवासी गांव दियरा को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। आबकारी की इस ताबड़तोड़ छापेमारी से शराब माफियाओं में हड़कंप मच हुआ है। कई शराब माफिया तो अपना कारोबार बंद करने को मजबूर हो गए। छापेमारी के साथ साथ आबकारी निरीक्षक ने क्षेत्र में स्थित आधा दर्जन से अधिक दुकानों की भी चेकिंग की, जहां सब सही पाया गया। आबकारी निरीक्षक डॉ महेंद्र प्रताप वर्मा के बताया की ऐसे ही क्षेत्र में लगातार अभियान चलता रहेगा। और अवैध शराब के कार्य के लिप्त लोगो पर कड़ी से कड़ी कार्यवाही कर उन्हे जेल भेजा जाएगा।

## नगर निगम पर लापरवाही का आरोप, दो दिनों की बारिश में डूबा शहर, लोगों ने सड़क पर की धान रोपनी

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)। मोतिहारी नगर परिषद ने भले नए परिसमन में नगर निगम का दर्जा प्राप्त कर लिया हो और इसका विस्तार काफी लंबा चौरा हो गया हो और ये लोगों से मनमानी टैक्स की वसूली करता हो लेकिन इसकी कालगुजरी थमने का नाम नहीं ले रही है। एक ओर जिला प्रशासन ने सुविधाओं की बढ़ोतरी का आश्वासन देकर कई ग्रामीण पंचायतों को नगर निगम में मिला लिया है और ग्रामीण इलाकों के लोगों से मनमानी टैक्स की वसूली कर रहा है। वहीं सुविधाओं के नाम पर लोगों को ठेंगा दिखलाया जा रहा है। ताजा मामला मोतिहारी से सटे रघुनाथपुर का है। जहां के लोग मात्र दो दिनों की बरसात से हलकान है। गली मोहल्लों की कौन कहे मुख्य सड़क पूरी तरह से जलमग्न है। मोतिहारी को अरेराज ,हरसिद्धि ,पहाड़पुर ,संग्रामपुर सहित अन्य क्षेत्रों को जोड़ने वाली इस सड़क पर दो से तीन फीट तक पानी बह रहा है। यहां लगातार दुर्घटनाएं घाटित हो रही है और लोगों को आनेजाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है और नगर निगम कान में तेल रख सो रहा।



इसी से आजिज यहां के ग्रामीणों ने नगर निगम व जिला प्रसाशन का धयान इस ओर आकृष्ट कराने के लिए आज सुबह इस मुख्य सड़क पर धान की रोपनी की व नगर निगम व जिला प्रसाशन के खिलाफ अपना आक्रोश जताया। लोगों का साफ कहना है कि जिला प्रसाशन नगर निगम के नाम पर सिर्फ टैक्स की वसूली कर रहा है लेकिन सुबिधा के आम पर लोगो को ठेंगा दिखला रहा है। आलम ये है कि लोगों का घरों से निकलना दूभर हो गया है और लोग हलकान कर रहे हैं और एक अदद नाले के लिए संघर्ष कर रहे हैं।

## लड़का-लड़की राजी,पुलिस ने करा दी शादी बेतिया में घर से भागे प्रेमी

☒ थाने पहुंची शिकायत तो आए, बोले– हमें साथ रहना है

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) बैरिया। बैरिया थाना में शनिवार की शाम को अलग ही माहौल था। थाने के अंदर शिव मंदिर में पुलिसकर्मियों की मौजूदगी में कपल की शादी कराई गई। प्रेमी ने प्रेमिका की मांग में सिंदूर भरा। वहीं, पुलिसकर्मी सुरक्षा के साथ–साथ गवाह भी बने रहे।

घर से भाग गई थी लड़की

दरअसल, हरेंद्र शर्मा के बेटे सनी(21 साल) का पड़ोस के ही लालबाबू पटेल की बेटी उजाला कुमारी(19) से अफेयर चल रहा था। दोनों करीब पांच साल से एक–दूसरे के करीब थे। दोनों बैरिया थाना क्षेत्र के खिरिया घाट चौधरिया टोला के रहने वाले हैं। हालांकि, लड़का और लड़की के परिजन शादी को तैयार नहीं थे। इस बीच लड़की घर छोड़ कर गुरुवार की रात चली गई। लड़की की मां ने बैरिया थाने में सनी कुमार के ऊपर प्राथमिकी दर्ज करने के लिए आवेदन दिया। थाने के अंदर लड़की की मांग में सिंदूर भरता लड़का। थाने में दोनों से हुई बातचीत। शुक्रवार की रात महिला थाना से फोन आया कि उजला नाम की लड़की थाने में आई है। इसके बाद बैरिया पुलिस ने लड़की को महिला थाने से लाया। फिर पूछताछ करने के बाद युवक सनी को भी बुलाया। दोनों से बातचीत की गई। प्रेमी और प्रेमिका ने बताया कि वे शादी कर एक साथ रहना चाहते हैं। इसके बाद पुलिसकर्मियों ने दोनों की शादी करा दी। थाने कैंपस में ही मंदिर में पंडित को बुलाया गया। इसके बाद हिंदू रीति–रिवाज से सात फेरे दिलवाए गए। क्या बोले थानाध्यक्ष–हालांकि, पुलिसकर्मियों ने दोनों पक्ष के परिजनों को भी बुला लिया था।



शादी के दौरान वे भी मौजूद रहे। वहीं इस मामले में बैरिया थानाध्यक्ष प्रणय कुमार ने बताया की लड़का और लड़की के बीच 5 साल से प्रेम प्रसंग चल रहा था। इसी दौरान लड़की घर से गुरूवार को फरार हो गई थी। लड़की के मां ने इस मामले में एक आवेदन भी दिया था। लेकिन, बरामदगी के बाद मामला प्रेम प्रसंग का निकला। फिर थाने कैंपस में शादी कराई गई।

## टीचर्स ऑफ बिहार के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म कुटुंब ऐप पर 10 लाख से भी अधिक प्रतिष्ठा प्वाइंट प्राप्त कर चौंपियन ऑफ द कुटुंब ऐप बने पूर्वी चंपारण जिले के शिक्षक मृत्युंजय ठाकुर



(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)। टीचर्स ऑफ बिहार के भिन्न–भिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से बिहार के लाखों शिक्षक जुड़कर अपने विद्यालय में आयोजित होने वाले नवाचारी गतिविधि को प्रतिदिन साझा करते हैं। ऐसे तो टीचर्स ऑफ बिहार के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से लाखों शिक्षक जुड़े हुए हैं परंतु केवल कुटुंब ऐप से बिहार ही नही भारत के 27 राज्यों के लगभग 60 हजार शिक्षक जुड़े हुए हैं। मात्र साल भर में जिस रफ्तार से शिक्षक कुटुंब ऐप से जुड़े है इससे लगता है कि वह दिन दूर नही जब लाखों शिक्षक इस ऐप से जुड़कर अपनी गतिविधि को पूरे भारत में साझा करेंगे। टीचर्स ऑफ बिहार के कुटुंब ऐप की लोकप्रियता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता कि प्रति महीने लगभग 5 हजार से भी अधिक शिक्षक जुड़ रहे हैं। यह सब कीर्तिमान स्थापित करने में टीचर्स ऑफ बिहार के प्रदेश मीडिया संयोजक सह पूर्वी चंपारण जिले के पताही प्रखंड स्थित नवसृजित प्राथमिक विद्यालय खुटौना यादव टोला के शिक्षक सह प्रदेश मीडिया प्रभारी बिहार प्रदेश प्रारंभिक शिक्षक संघ मृत्युंजय ठाकुर का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। मृत्युंजय ठाकुर के इस अभूतपूर्व योगदान के लिए टीचर्स ऑफ बिहार के फाउंडर पटना जिले के शिक्षक शिव कुमार एवं कुटुंब ऐप मॉडरेटर मुजफ्फरपुर जिले के मुरौल प्रखण्ड स्थित राजकीय बुनियादी विद्यालय बखरी के शिक्षक केशव कुमार ने पूरी टीम के तरफ से आभार प्रकट करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना की है। उन्होंने संयुक्त रूप से श्री ठाकुर को इस उपलब्धि के लिए बधाई देते हुए कहा कि मृत्युंजय ठाकुर के द्वारा टीचर्स ऑफ बिहार के कुटुंब ऐप पर प्रतिदिन बिहार के सरकारी विद्यालयों के शिक्षकों के द्वारा अपने विद्यालयों की साझा किए गए उत्कृष्ट शैक्षिक गतिविधि को बिहार ही नहीं बल्कि बिहार सहित भारत के कई राज्यों में प्रतिदिन साझा किया जाता है। इसी का प्रतिफल है कि कुटुंब ऐप से बिहार ही नहीं बल्कि बिहार सहित अन्य 27 राज्य के शिक्षक भी जुड़े हुए हैं। श्री ठाकुर के द्वारा साझा किए गए पोस्ट के कारण ही कुटुंब ऐप के तरफ से इन्हें 10 लाख से भी अधिक प्रतिष्ठा पॉइंट प्रदान किए गए हैं साथ ही अभी तक इनके रेफरल आईडी से सर्वाधिक 3 हजार से भी अधिक शिक्षक इस ऐप से जुड़ चुके हैं। आज बिहार के सरकारी विद्यालयों की गतिविधि अगर कुटुंब ऐप के माध्यम से भारत के कई राज्य तक पहुंच पा रही है तो इसमें मृत्युंजय ठाकुर का ही सर्वाधिक योगदान है।

यह जानकारी टीचर्स ऑफ बिहार के प्रदेश प्रवक्ता शिक्षक रंजेश कुमार ने दी।

## विधानसभा उपचुनाव की तैयारियों को लेकर पार्टी के मोकामा विधानसभा के वरीय पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) पटना। वीआईपी सुप्रीमो सन ऑफ मलाह श्री मुकेश सहनी पटना के 6,स्ट्रैंड रोड आवास पर मोकामा विधानसभा उपचुनाव की तैयारियों को लेकर पार्टी के मोकामा विधानसभा के वरीय पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक किया।



बैठक में मोकामा विधानसभा उपचुनाव की तैयारियां एवं पार्टी की विचारधारा, नीतियों व सिद्धांतों को जन–जन तक पहुंचाने तथा विभिन्न राजनीतिक, सामाजिक सांगठनिक विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्री बालगोविंद बिन्द, श्री अर्जुन सहनी, श्रीमती शारदा देवी, श्री पंकज बिन्द (प्रमुख), श्री इंदल सहनी, श्री प्रदुमन बेलदार, श्री रमेश यादव, श्री विशेश्वर सहनी, श्री रामरती चौहान, श्री पशुराम सहनी, श्री टुनटुन जी, श्री वाला जी पूर्व जिला अध्यक्ष, श्री सुनील चौहान, डॉ. साहब सरपंच, श्री नीतीश कुमार, श्री शिवजतन केवट, श्री कारू यादव, श्री अर्जुन निषाद, श्री लोहा यादव, श्री शंकर चौधरी, श्री सत्येंद्र सहनी, श्री व्यास जी एवं पार्टी के कई पदाधिकारीगण मौजूद रहे।

## मछुआरों के सवाल पर आंदोलन करेगी माकपा

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) कोटवा। आशा मछुआरों के सवाल पर भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी कोटवा लोकल कमेटी आंदोलन करेगी उक्त फैसला भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी लोकल कमेटी कोटवा के द्वारा बलिया में आयोजित लोकल सचिव के द्वारा किए गए छेड़छाड़ पर आपत्ति दर्ज करते हुए इस के सवाल पर जंगजू आंदोलन में जाने के लिए उपस्थित सदस्यों का आह्वान किया नेता द्वय ने अपने संबोधन में कहा की यदि मछुआरों का शोषण बंद नहीं हुआ तो पार्टी प्रखंड से लेकर जिला स्तर पर लड़ाई लड़ेगी।साथ ही



कमेटी के बैठक में लिया गया बैठक में पार्टी जिला मंत्री सतेंद्र कुमार मिश्रा जिला सचिव मंडल सदस्य कोटवा प्रभारी अशोक पाठक ने राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय के साथ–साथ स्थानीय सवालों पर विस्तार से चर्चा किया नेता देने कोटवा मत्स्य जीवी सहयोग समिति लिमिटेड के मतदाता सूची में स्थानीय 28जुलाई2022 को जिला सहकारिता पदाधिकारी के समक्ष घेराव करने का निर्णय लिया गया। बैठक में कामरेड रंजीत सिंह,जगन साह,वकील सहनी,राजेश साह,लालबाबू कुशवाहा,रामदेव सहनी, इनर सहनी,राजा साह ने अपना विचार व्यक्त किया। अध्यक्षता रामदेव सहनी ने की।

## घोरैया थानेदार पर उनके ही थाने में अटेम्प्ट टू मर्डर का दर्ज हुआ है केस श्रवण कुमार भारती ने प्रेस साक्षात्कार में सरकार एवं उच्च स्तरीय प्रशासन से दोषियों के विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने की मांग

☒ थानेदार पर दर्ज है 307 फिर भी कर रहे थानेदारी, यह कैसा है न्याय प्रणाली

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) बांका। बांका जिला के अंतर्गत घोरैया थाना क्षेत्र के मंदार डेरु निवासी श्रवण कुमार भारती ने प्रेस साक्षात्कार में बताया कि मेरा नाम श्रवण कुमार भारती पिता राम सेवक सिंह ग्राम मंदार डेरु थाना घोरैया जिला बंका है।

सवाल। धोरैया थाना के थानेदार पर उनके थाने में ही अटेम्प्ट टू मर्डर का केस आपने ही किया है!

उत्तर –श्रवण कुमार भारती ने कहा कि जी हां हमने ही किया है।

सवाल–केस करने का कारण क्या रहा है?

उत्तर –श्रवण कुमार भारती ने कहा कि कारण यह था कि थानेदार पर विश्वास नहीं था कि केस लेंगे। इसके लिए हमने कोर्ट का सहारा लिया है।

सवाल– आपने थाना में केस नहीं करके सीजीएम कोर्ट बांका में क्यों किया, क्या आप को डर था पुलिस व्यवस्था से?

उत्तर– श्रवण कुमार भारती ने कहा जी मैंने जैसे 14/05 को बालू माफिया और शराब माफिया के खिलाफ थाना गया आवेदन लेकर, वहां केस नहीं लिया थानाध्यक्ष ने। 14–05–2022 को थाना अध्यक्ष महेश्वर राय ने कहा कि कल आओ, तो हमने गया। जब केस थाना अध्यक्ष महेश्वर राय ने नहीं लिए, तो हमने 17/05 को बांका जिला के पुलिस हेड क्वार्टर गए। वहां पर एसपी साहब नहीं थे, प्रभार में डी एस पी महोदय श्री मंगलेश सिंह प्रभार में थे, उनको हमने आवेदन दिया। प्रभारी एसपी महोदय ने कहा कि ठीक है कार्रवाई होगी। उसके बाद कोई कार्रवाई नहीं हुई। श्रवण कुमार भारती ने सरकार से अनुरोध करते हुए कहा कि मेरे साथ जो घटना हुआ है उसका निष्पक्ष जांच किया जाए। सीबीआई या सीआईडी से निष्पक्ष जांच कराई जाए। उन्होंने कहा कि इस कांड में जो भी लोग दोषी है, चाहे खादी हो या खाकी हो, या मैं ही क्यों ना रहूं, चाहे महेश्वर राय थानाध्यक्ष, चाहे गोपाल यादव सहायक आरक्षी निरीक्षक हों, उन सब पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई किया जाए।

उन्होंने एक जाती हुई चौना ठेला की ओर इशारा करते हुए कहा कि आपने देखा हमारे सामने से ही बालू का गाड़ी गया, चौना ठेला पर। यहां पर सुबह आइएगा तो देखिएगा की खाली बालू का रैली चलता है चारों तरफ दिन भर। श्रवण कुमार भारती ने कहा कि बालू की आड़ में शराब ढ़ोया जाता है। उन्होंने कहा कि इसमें कुछ सफेदपोश नेता और थाना का सारा स्टाफ मिला हुआ है।श्रवण कुमार भारती ने सरकार से निवेदन करते हुए कहा कि मेरे साथ न्याय किया जाए, और इसका निष्पक्ष जांच किया जाए। सीबीआई से हो या सीआईडी डिपार्टमेंट से हो। श्रवण कुमार भारती ने शंका जाहिर करते हुए कहा कि घोरैया थाना में जब तक महेश्वराय थानाध्यक्ष रहेंगे, तब तक हमें निष्पक्ष जांच होने की उम्मीद नहीं है। इसलिए इनका तबादला किया जाए। उन्होंने बताया कि रोज ने रोज कुछ घटना हो रहा है, एवं महेश्वराय थाना प्रभारी एवं गोपाल यादव सहायक आरक्षी निरीक्षक ने मेरे साथ जो दुर्व्यवहार किया है, मैं किडनी रोगी रोगी हूं दिल्ली एम्स का। पारा से मैं श्रीमान एसपी साहब को ई–मेल से सीएमओ कार्यालय तक, आईजी महोदय, डीआईजी महोदय, डीजीपी महोदय, सब को आवेदन दे चुका हूं। फिर भी हमें न्याय नहीं मिला। जिसके कारण हमने न्यायालय की शरण में गया। उन्होंने कहा कि किंतु अभी तक महेश्वराय थानाध्यक्ष थाना प्रभारी के रूप में घोरैया थाना में जमा हुआ है। उन्होंने कहा कि महेश्वराय थानाध्यक्ष के रहते, निष्पक्ष जांच हमको नहीं लगता है कि हो सकेगा। उन्होंने शंका जताते हुए कहा कि हमें झूठे केस में और फंसा सकता है सरकार। इसलिए मैं श्रीमान से निवेदन करता हूं कि यथासंभव थानाध्यक्ष महेश्वर राय और सहायक आरक्षी निरीक्षक गोपाल यादव का ट्रांसफर किया जाए, और इन दोनों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई किया जाए। ताकि मैं स्वस्थ मन से किडनी का इलाज कराने के लिए दिल्ली एम्स जा सकूं। श्रवण कुमार भारती ने बताया कि स्थानीय कुछ राजनीतिक कार्यकर्ताओं के दबाव में थानाध्यक्ष महेश्वर राय ऐसा कर रहें हैं। आए दिन किसी ना किसी को शराब के नाम से छेड़ा जा रहा है, किसी को बालू माफिया के नाम से, तो किसी को ब्लैक चावल के नाम से, रोज कुछ ना कुछ हो रहा है। श्रवण कुमार भारती ने सरकार के एवं पुलिस प्रशासन के उच्च स्तरीय अधिकारियों को इंगित करते हुए कहा कि यदि आप जांच करने आते हैं तो सारा सबूत देने को मैं तैयार हूं। थानाध्यक्ष के खिलाफ एक नहीं कई लोग हैं खरा, लेकिन कोई नहीं चाहता पुलिस से भिड़ना। जैसे हम भीड़े तो हमारे साथ क्या हुआ, सब लोग देख रहा है। श्रवण कुमार भारती ने बताया कि 17/05 को आवेदन लेकर एसपी साहब को देने गया एसपी साहब नहीं थे तो प्रभारी एसपी साहब को आवेदन दिया। 17/05 को आवेदन दिया और 25/05 को मेरे साथ घटना हो गया। 26 को एसपी साहब से मिलने गए, तो एसपी साहब नहीं थे। मेरी बेटी मीनाक्षी व्हाट्सएप के माध्यम के जरिए बात की,और आवेदन दिया। बात हुआ तो उन्होंने कहा कि 2:00 बजे आइए, इस बीच हमको पीड़ा होने लगा, तो पीएमसीएच पटना में भर्ती होकर इलाज करवा रहा हूं और स्वास्थ्य लाभ ले रहा हूं। श्रवण कुमार भारती ने मीडिया के माध्यम से साक्षात्कार में सरकार से एवं उच्च स्तरीय पुलिस प्रशासनिक अधिकारियों से निवेदन करते हुए कहा है कि दोषियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी करवाई किया जाए। इस कांड की जांच निष्पक्ष रुप से कराने हेतु सीबीआई या सीआईडी विभाग के अधिकारियों को यह केस सौंपी जाए।



## शिक्षक अभ्यर्थियों में हर्ष का माहौल,सुगौली बीडीओ ने दिया नियुक्तिपत्र

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता डॉ मनीष कुमार सिंह मोतिहारी पूर्वी चंपारण। सुगौली,पू.चरू प्रखण्ड अंतर्गत विभिन्न राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालयों एवं राजकीय मध्य विद्यालयों में वर्ग एक से पाँच तथा वर्ग छः से आठ तक के विषयवार चयनित, बीस अभ्यर्थियों के बीच मंगल सेमिनरी 2 के सभागार में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी सह सचिव प्रखण्ड शिक्षक नियोजन सुगौली तेज प्रताप त्यागी के द्वारा नियुक्ति पत्र वितरण किया गया।वर्ग एक से पाँच के शिक्षक अमरेंद्र कुमार सिंह,रंजन कुमार शर्मा, दीपक कुमार पांडेय,नीतू रविशंकर पांडेय,अभय कुमार,जितेंद्र कुमार,वृजनन्द कुमार,अमेरिका साह,धनंजय शर्मा।वही वर्ग छः से आठ तक के विषयवार शिक्षक अभ्यर्थी सामाजिक विज्ञान के लिए खुशबू कुमारी, दीपा कुमारी,रिंकी कुमारी, मधु कुमारी।हिंदी के लिए दीपमाला कुमारी,अंजू कुमारी,लालबाबू शर्मा। अंग्रेजी के लिए अनुप्रिया, पप्पू कुमार,नंदकिशोर पंडित, निर्मल कुमार राम,कुल 20 नवनियुक्त शिक्षको को प्रखण्ड के विभिन्न मध्य विद्यालयों में पदस्थापित किया गया।नियुक्ति पत्र वितरण के समय प्रखण्ड विकास पदाधिकारी सुगौली तेज प्रताप त्यागी ने सभी शिक्षक अभ्यर्थियों को शुभकामना दी।मौके पर प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी सुगौली रामविजय यादव, प्रखण्ड शिक्षक नियोजन कोषांग प्रभारी योगेंद्र प्रसाद,शिक्षक नागेंद्र शर्मा, अमरेंद्र ठाकुर,त्रिदीप प्रसाद गुप्ता,पन्नालाल काजी,भरत कुमा इत्यादि उपस्थित थे।



# संक्षिप्त समाचार


## पंचायत में बन रहे कचड़ा प्रबंधन केंद्र का भारी विरोध

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) मोतिहारी, के सुगौली प्रखंड आपको बता दें कि आज फिर से फुलवरिया पंचायत में डंपिंग सेंटर का निर्माण शुरू हो गया है।यह डंपिंग सेंटर पहले से ही विवादों का जड़ रहा है, फुलवरिया पंचायत के ग्रामीणों का कहना है कि यह कचरा सेंटर बस्तियों के बीच मे बन रहा है जो कि ग्रामीणों के लिए सिरदर्द बना हुआ है, जब बस्तियों के बीच मे यह कचरा सेंटर बनेगा तो अनेको प्रकार की बीमारियों का सामना ग्रामीणों को करना पड़ेगा।ग्रामीणों के द्वारा जब बिरोध किया गया तो स्थानीय मुखिया के द्वारा विरोध कर रहे लोगो पर एफ.आई. आर. दर्ज करा दिया गया।वही ग्रामीणों के द्वारा सुगौली प्रखण्ड विकास पदाधिकारी,और जिलाधिकारी को भी आवेदन दिया गया है, उप विकास आयुक्त के द्वारा पत्रांक 1531 में सुगौली प्रखण्ड विकास पदाधिकारी को आदेश भी दिया जा रहा है कि अगर डंपिंग सेंटर बस्तियों के बीच मे है तो जांच कर जगह को बदला जाए।लेकिन बिना जगह बदले फिर से उसी जगह पर डंपिंग सेंटर का निर्माण मुखिया और प्रखण्ड विकास पदाधिकारी के द्वारा कराया जा रहा है।



## छपरा में मस्जिद के पास स्थित मकान में बम धमाका, दस से ज्यादा लोगों की मरने की आशंका

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) सारण जिला के खैरा थाना क्षेत्र के खोदाईबाग इलाके में एक मकान में जबरदस्त विस्फोट के बाद घर के परखच्चे उड़ गए और मकान के बचे हिस्से में आग लग गई। घर नदी किनारे है जिसमे मकान का बड़ा हिस्सा ढह गया है। बताया जा रहा है कि ध्वस्त घर मे कई लोग दबे पड़े हैं। जिन्हें निकालने का प्रयास हो रहा है। अभी तक मरने वालों की तादाद का कोई आधिकारिक बयान सामने नही आया है लेकिन बताया जा रहा है कि उक्त मकान तथा आसपास मौजूद 10 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई है। एक घंटे से लगातार हो रहे हैं विस्फोट घटना सुबह की बतायी जा रही है। जहां बताया जा रहा है कि जिस मकान में ब्लास्ट हुआ वहां पटाखा बनाने का काम होता था, उसी दौरान अचानक विस्फोट हो गया। जिसमें पिछले एक घंटे से लगातार विस्फोट हो रहे हैं, जिसके कारण न तो पुलिस औ न ही आम लोग उन मकानों के आसपाने जाने की हिम्मत जुटा पा रहे हैं।



## अमोतिहारी में दिनदहाड़े नाका के सामने से बाइक चोरी

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)



मोतिहारी में दिनदहाड़े बाइक चोरी।मोतिहारी मेन रोड नगर थाना अंतर्गत नाका नंबर एक के सामने न्यू अशोका ड्रेसेज के पास से दुकान मालिक की ही बाइक चोरी हो गई। अशोका ड्रेसेज के प्रोपराइटर प्रदीप कुमार ने बताया कि दुकान पर शनिवार दोपहर 2 बजे करीब उनके पुत्र सनी कुमार थे और बाइक हीरो स्पलेंडर आई स्मार्ट गाड़ी नंबर BR05U 6614 दुकान के सामने लगी हुई थी। उसी क्रम में चोर ने बाइक चोरी कर भाग ही रहा था की सन्नी कुमार और दुकान के स्टाफ की नजर उस चोर पर पड़ी तो उन्होंने चोर का पीछा भी किया लेकिन चोर भागने में कामयाब हो गया काफी खोजबीन के बाद भी गाड़ी न मिलने पर प्रदीप कुमार ने पुलिस को सूचित कर घटना की जानकारी दी और नगर थाना में आवेदन दिया। पुलिस मामले की छान बीन कर रही है।

## कौशल कुमार जिलाधिकारी सुपौल द्वारा प्रखंड कार्यालय सरायगढ़ भपटियाही का निरिक्षण किया गया

आलोक बादल जिला संवाददाता (बिहार) सुपौल। श्री कौशल कुमार जिलाधिकारी सुपौल द्वारा प्रखंड कार्यालय सरायगढ़ भपटियाही का निरिक्षण किया गया। जिलाधिकारी महोदय द्वारा निरीक्षण के क्रम में कई बिंदुओं पर प्रखंड विकास पदाधिकारी, सरायगढ़ भपटियाही को आवश्यक दिशा– निर्देश दिये गए। प्रखंड विकास पदाधिकारी को दिए गए निर्देश का अनुपालन निदेशित किया गया।



निरीक्षक के क्रम में श्रीमती श्वेता कुमारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी,सरायगढ़, एवं वरीय कोषागार पदाधिकारी उपस्थित थे।

## गंगा समग्र सफाई अभियान चलाया गया

साहिल कुमार सिंह (ब्योरो चीफ अयोध्या टाइम्स कटिहार) आज 185 रविवार गंगा समग्र काढ़ा गोला घाट समिति के तत्वावधान में लगातार काढ़ा गोला गंगा घाट पर स्वच्छता एवं जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया श्रावण मास को देखते हुए आज विशेष अभियान चलाया गया आज के इस कार्यक्रम में शामिल प्रखंड संयोजक मनोज साह आरती प्रमुख जीवछ गुप्ता विभाष मंडल रुदल मंडल अनिल मंडल महाराणा मंडल कांत लाल मंडल बिनोद मंडल राजीव साह मन्नू साह जगदीश पंडित सूरज साह चंदन साह विपिन भगत इत्यादी कार्यकर्ताओं के सहयोग रहा।



# इनरव्हील क्लब 11वे पदस्थापना का आयोजन किया गया



दैनिक अयोध्या टाइम डॉ मनीष कुमार सिंह पूर्वी चंपारण मोतिहारी। इनरव्हील क्लब ऑफ लेक टाउन के 11वे स्थापना समारोह को संबोधित कर रही थी। वरीय उप समाहर्ता दीपशिखा ने कहा कि समाज सेवा के काम में महिलाओं की भागीदारी संवेदनाओं के साथ रहती है ।इसलिए महिलाओं को समाज सेवा के क्षेत्र में खुलकर सामने आना चाहिए।

इस मौके पर न्यू वर्तमान निशा देव ने नए अध्यक्ष के रूप में राखी साह को कॉलर पहना कर इसकी घोषणा की क्लब की बिंदु गुप्ता ने बताया कि राखी सा चंपारण शहर के मोतिहारी के पूर्व मेयर विशवंभर नाथ प्रसाद साह के पुत्र समाजसेवी विपुल कुमार शाह की पत्नी जो गृहिणी के साथ सामाजिक कार्यों में हिस्सा लेती है। वही नई अध्यक्ष राखी साहनी किए जाने वाले प्रोजेक्ट के बारे में जानकारी दी ।वरीय उपसमाहर्ता दीपशिखा चार्टर प्रेसिडेंट संगीता चित्रांश वर्तमान अध्यक्ष निशा देवा नहीं अध्यक्ष राखी साह रंजीता गुप्ता ने संयुक्त रुप से कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर किया ।मौके पर पीपी आशा सिंह वाइस प्रेसिडेंट कुमारी अमृता कोषाध्यक्ष पुतुल सिन्हा आई एस ओ चंद्र लाता वर्मा एडिटर नीलम वर्मा, राकेश गुप्ता, राजीव रंजन, रोहित गुप्ता ,अमित कुमार ,लायंस क्लब से नंदू मिश्रा, निशा गुप्ता ,विपुल कुमार, राम भजन समाजसेवी, पवन राज ,सुधीर कुमार सिंह ,प्रवीण सिंह, आदि उपस्थित थे।

# जिले की तीन महिला पर्यवेक्षिका का डीएम ने अनुबंध किया रद

हरिओम राय (ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स कैमूर)। डीएम नवदीप शुक्ला ने तीन महिला पर्यवेक्षिका का अनुबंध रद कर दिया है। अब तीनों महिला पर्यवेक्षिका चयन मुक्त हो गई हैं। चयन मुक्त होने वाली पर्यवेक्षिकाओं में तत्कालीन कुदरा बाल विकास परियोजना की महिला पर्यवेक्षिका अनिता कुमारी, किरण सिंह तथा कविता कुमारी शामिल हैं। यह कार्रवाई आईसीडीएस के डीपीओ की अनुशंसा पर डीएम ने की है। इसके साथ ही इसकी कापी समाज कल्याण विभाग को भी भेजी गई है। मिली जानकारी के मुताबिक वर्ष 2018 में कुदरा प्रखंड में आंगनबाड़ी सेविका सहायिका के लिए कुल 179 केंद्र में आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 180 से लेकर 189 तक कुल 10 केंद्रों पर बिना विभागीय स्वीकृति के बाल विकास परियोजना कार्यालय कुदरा के द्वारा सेविका सहायिका चयन के लिए रिक्ति की सूची विज्ञापन के लिए भेजी गई थी। इन केंद्रों पर बिना विभागीय स्वीकृति के ही सेविका–सहायिका का चयन कार्य भी पूरा कर लिया गया। मामला संज्ञान में आने पर विभागीय पदाधिकारी हरकत में आए और मामले की जांच शुरू हुई। जांच के दौरान मामला सही मिलने पर महिला पर्यवेक्षिका से कई बार स्पष्टीकरण भी मांगा गया। जिसका जवाब भी महिला पर्यवेक्षिकाओं द्वारा दिया गया था। इस मामले में समाज कल्याण विभाग को भी अवगत कराया गया था। लेकिन जवाब



संतोषजनक नहीं होने पर मामले में डीपीओ ने सुनवाई के बाद कार्यवाही के लिए अनुशंसा की। डीपीओ की अनुशंसा पर डीएम ने यह कार्रवाई की है। इसके अलावा जहां पर तत्कालीन महिला पर्यवेक्षिका वर्तमान समय में कार्यरत हैं वहां के पदाधिकारियों को भी पत्राचार कर दिया गया है। डीएम के द्वारा तीनों महिला पर्यवेक्षिकाओं को चयन मुक्त करने की चर्चा सभी प्रखंडों में होती रही।

# अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव बने डॉ मंतोष, लगा बधाईयों का तांता

☒ कोटवा में समर्थको ने किया खुशी का इजहार, बाटी मिठाई लगया गुलाल

(संवाददाता अर्जुन राय अयोध्या टाइम्स कोटवा पूर्वी चम्पारण)। कोटवा पूर्वी चम्पारण बिहार प्रदेश जदयू अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष श्री बिजय सिंह निषाद ने जदयू नेता डॉ मंतोष कुमार साहनी को अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव के पद पर मनोनित किये । मनोनित होने



पर डॉ मंतोष कुमार साहनी ने जदयू के शीर्ष नेतृत्व माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार , जदयू राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री ललन सिंह , जदयू प्रदेश अध्यक्ष श्री उमेश सिंह कुशवाहा और अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष श्री बिजय सिंह निषाद का आभार ब्यक्त किये। प्रदेश महासचिव के पद पर मनोनित होने पर बधाई देने वाले में विधान परिषद सदस्य श्री भीष्म साहनी , केसरिया विधायिका श्री मति शालिनी मिश्रा , पूर्व विधायक मो ओबैदुल्लाह , पूर्व विधायक श्री मति रजिया खातुन , पूर्व विधायक मीना द्विवेदी , प्रदेश उपाध्यक्ष सुभाष सिंह कुशवाहा , प्रदेश महासचिव रामपुकार सिन्हा , प्रदेश महासचिव मंजू देवी , प्रदेश सचिव श्री राजकिशोर ठाकुर , प्रदेश सचिव भुवन पटेल , प्रदेश सचिव साकेत सिंह , जदयू जिलाध्यक्ष श्री रतन सिंह पटेल , शिक्षा प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष श्री रविन्द्र सिंह पटेल , महिला जिलाध्यक्ष श्री मति शोभा सिंह , युवा जिलाध्यक्ष कौशल किशोर सिंह , जदयू नेता राजन दुबे , किसान जिलाध्यक्ष श्री संजय सिंह, अनुसूचित जाति जिलाध्यक्ष अभिषेक प्रकाश रजक, श्री विशाल कुमार शाह, लवकिशोर निषाद , श्यामकांत कुशवाहा, डॉ कुमकुम सिन्हा , सुनील ठाकुर जी , डॉ दीपक कुमार जी , हीरालाल महतों , बैधनाथ भगत , हृदया नारायण प्रसाद नागर , बिनोद सहनी , सोनालाल सहनी , संतोष ठाकुर , धर्मेंद्र पटेल , दुलारचंद यादव विनय सहनी, ओमप्रकाश पटेल , आदि ने बधाई दी।

# ब्लू मेडिक्स केयर का पूर्व सांसद लवली आनंद ने किया फिटकतकर शुभारंभ



दैनिक अयोध्या टाइम्स गोपाल कुमार ठाकुर शिवहर अनुमण्डल ब्यूरो चीफ शिवहर,सीतामढ़ी। आप सभी को इस जानकारी से अवगत करा दिया जाए कि पूर्व सांसद लवली आनंद, नगर परिषद शिवहर के निवर्तमान चेयरमैन अंशुमान नंदन सिंह, भाजपा जिला मंत्री व दंत चिकित्सक डॉ नूतन माला सिंह, ताजपुर पंचायत के पूर्व मुखिया चंदन कुमार सिंह सहित ब्लू मैडिक्स शिवहर के प्रोपराइटर रवि सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर प्रतिष्ठान का शुभारंभ किया है। सभी अतिथियों को ब्लू मैडिक्स शिवहर वार्ड नंबर 9 राजस्थान चौक के नजदीक की ओर से फूल के गुलदस्ते, प्रतीक चिन्ह आदि देकर सम्मानित किया गया है। आए हुए अतिथियों के द्वारा ब्लू मैडिक्स शिवहर के उज्जवल भविष्य की कामना की है। इस दौरान ब्लू मेडिकल के प्रोपराइटर रवि सिंह ने बताया है कि भारत के सबसे तेजी से बढ़ती हुई रिटेल चेन फॉर्मेसी के तहत बिहार का 69 वां स्टोर शिवहर में खुला गया है , बताया है कि ब्लू मेडिक्स का उद्देश्य लोगों तक उत्तम दवा सही समय पर उपलब्ध कराना है इसके लिए ब्लू मेडिक्स में एक विश्वस्तरीय डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम बनाया है, जिससे सुबे के दूरदराज के गांवों तक जरूरत की दवाई किफायती दाम पर पहुंच रही है। कंपनी के आए हुए प्रतिनिधियों ने बताया है कि ब्लू मेडिक्स के सेंट्रल वेयरहाउस सिस्टम से सप्लाई की जाती है, जिससे दवाएं स्टोर मालिकों को सही दाम पर मिलती है। इसका फायदा सीधे ग्राहकों को 20: की छूट के रूप में मिलता है। बताया है कि ब्लू मेडिक्स की कोशिश ग्राहकों की अच्छी सेवा देने की है। इसके तहत होम डिलीवरी और स्टोर पिकअप की सुविधा भी दी जाती है।

हर स्तर पर दो लाख से ज्यादा दबाओ का मेल रखा जाता है ,ताकि जरूरत की सारी दवाएं पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध रहे और ग्राहकों को बिना किसी इंतजार के मिल सके। मौके पर राजद जिलाध्यक्ष मोहम्मद इश्तियाक अहमद खां, फ्रेंड्स ऑफ आनंद के जिला संयोजक पप्पू सिंह ,कांग्रेस मीडिया प्रवक्ता मुकेश कुमार सिंह, अजय कुमार ऋतुराज, साहेब सिंह, सतीश कुमार ,जगाराम, नेयाज अहमद ,प्रभाकर सिंह, मुरली मनोहर सिंह, नवनीत कुमार सिंह, सौरभ कुमार, मुन्ना कुमार प्रदीप कुमार सोनू आदि मौजूद थे।

# राष्ट्रीय स्वयसेवक के द्वार संयोजित गुरु पूजन दिनचर्या का हुआ समापन



दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता उत्कर्ष कुमार सिंह मोनू की रिपोर्ट शिवहर, सीतामढ़ी। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भारत का एक , हिन्दू राष्ट्रवादी, अर्धसैनिक, स्वयं सेवक संगठन हैं, जो व्यापक रूप से भारत के सत्तारूढ़ दल भारतीय जनता पार्टी का पैतृक संगठन माना जाता हैं। यह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अपेक्षा संघ या आर.एस.एस. के नाम से अधिक प्रसिद्ध है। बीबीसी के अनुसार संघ विश्व का सबसे बड़ा स्वयंसेवी संस्थान है। वही आप सभी को इस जानकारी से अवगत करा दू की रविवार को बिहार के लघु जिले शिवहर के मंगल भवन में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ गुरु पूजन दिनचर्या का हुआ समापन किया गया वही आप को इस बता दूं की कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉक्टर के एन सिंह के द्वारा किया गया, बौद्धिककर्ता उत्तर पूर्व क्षेत्र के सह क्षेत्र प्रचारक रामकुमार जी के द्वारा किया गया, नगर स्थित वैसे स्वयंसेवक जिनका अभी तक गुरु पूजन नहीं हुआ था एवं जिले के विभिन्न क्षेत्रों के वैसे स्वयंसेवक जिनका गुरु पूजन अभी तक नहीं हुआ था उन सभी का उपस्थिति आज के कार्यक्रम में हुआ। कार्यक्रम में मुख्य शिक्षक अमरेश कुमार, प्रार्थना वाचक राजेश कुमार उपस्थित थे। इनके अतिरिक्त जिला संघचालक डॉ आर के सिंह ,विभाग कार्यवाह जया किशोर जी, जिला कार्यवाह विनोद कुमार, ठाकुर रत्नाकर राणा, भाजपा जिला अध्यक्ष संजीव कुमार पांडे, विहिप के विभाग संरक्षण अशोक उपाध्याय, बजरंग दल के जिला संयोजक सुधीर कुमार, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रामकृपाल शर्मा ,भाजपा जिला मंत्री डॉ नूतन सिंह सहित संघ के अन्य दायित्व वान कार्यकर्ता उपस्थित थे।

ज्ञात हो कि इस बार जिले के विभिन्न खंडों के विभिन्न पंचायतों में 13 जुलाई से गुरु पूजन कार्यक्रम शुरू होकर आज 24 जुलाई 2022 को समाप्त हुआ है। जिले में कूल 51 स्थानों पर इस बीच गुरु दक्षिणा कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

# राष्ट्रीय स्वयसेवक संघ का गुरु दक्षिणा कार्यक्रम आज नरकटियागंज संघ कार्यालय में समापन हुआ



दैनिक अयोध्या टाइम्स से नरकटियागंज संवाददाता दीपू साह। बौद्धिक कर्ता श्री वानिकान्त् झा ने बताया कि हिंदू कैंलेडर के हिसाब से व्यास पूर्णिमा से रक्षाबंधन तक यानी एक महीने तक गुरू दक्षिणा का कार्यक्रम चलता है। इस दौरान राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ में गुरू माने जाने वाले भगवा ध्वज के सामने यह समर्पण राशि रखते हैं। इसे गुप्त रखा जाता है यानी दक्षिणा की राशि और देने वाले का नाम सार्वजनिक नहीं कि जाता हैं संघ की स्थापना तो साल 1925 में हुई लेकिन साल 1928 में गुरू पूजा का कार्यक्रम शुरू हुआ और तब से अनवरत चल रहा है। डॉ. हेडगेवार पर बायोग्राफी लिखने वाले एन एच पल्हीकर के मुताबिक संघ में शुरुआत में सब लोग डॉ. हेडगेवार को गुरू के तौर पर स्वीकार करना चाहते थे, लेकिन डॉ. हेडगेवार ने इससे इनकार करते हुए कहा कि कोई भी व्यक्ति पूर्ण नहीं होता, उसमें दोष होते हैं, चाहे वो गुरू द्रोणाचार्य ही क्यों ना हो और तब हिन्दू धर्म में प्रतिष्ठित भगवा ध्वज को गुरू के तौर पर स्वीकार किया गया। संघ की शाखाएं, सभी कार्यक्रम भगवा ध्वज को प्रणाम से ही शुरू होते हैं और गुरू दक्षिणा भी भगवा ध्वज को ही समर्पित की जाती है।

कार्यक्रम मे आशीष अग्रवाल,पंकज तिवारी,राकेश जी, अजय जी,अनिल,सुनील गोयल, आयुष,शिवांश, संदीप,विपुल,अनमोल,समेत सैकड़ो स्वयंसेवक मौजूद रहे।


# स्थानीय स्तर पर शिकायतों का समाधान त्वरित हो सके इसके लिए अपना पंचायत अपना प्रशासन का आयोजन किया जा रहा है : जिलाधिकारी



(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) हाजीपुर। स्थानीय स्तर पर शिकायतों का समाधान त्वरित हो सके इसके लिए अपना पंचायत– अपना प्रशासन का आयोजन किया जा रहा है

जिलाधिकारी श्री यशपाल मीणा के द्वारा महुआ प्रखंड के मिर्जानगर पंचायत में अपना पंचायत – अपना प्रशासन कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन करते हुए वहां पर बड़ी संख्या में उपस्थित स्थानीय ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा गया कि लोक शिकायतों का निपटारा जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। स्थानीय स्तर पर ही लोक शिकायतों का निष्पादन त्वरित रूप से हो ताकि लोगों को अनावश्यक परेशानी ना हो और यात्रा व्यय भी नहीं लगे इसके लिए वैशाली जिला के सभी पंचायतों में यह कार्यक्रम एक मुहिम के रूप में चलाया जा रहा है । जिलाधिकारी ने कहा कि अभी तक 150 से अधिक पंचायतों में इस तरह का आयोजन किया जा चुका है जहां शिकायतों की कुल 9500 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें 3200 आवेदनों का निष्पादन ऑन स्पॉट किया गया तथा ऐसे आवेदन जिसमें जांच की जरूरत थी उस पर जांच कराकर उसे भी शीघ्र निष्पादित किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने कहा कि इस आयोजन में प्रखंड स्तरीय सभी पदाधिकारी उपस्थित रहते हैं और आपसी समन्वय के साथ प्राप्त शिकायतों का निष्पादन करते हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि आप सभी से अनुरोध रहेगा पंचायत स्तरीय कार्यक्रम में जाएं और अपनी समस्याओं से प्रशासन को अवगत कराएं ।इसके अतिरिक्त प्रखंड स्तर पर भी प्रशासन आपके द्वार का कार्यक्रम शुरू किया गया है और ऐसा पहला आयोजन भगवानपुर प्रखंड के किया गया है जहां 600 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए थे जिसमें से अधिकाधिक का निष्पादन कर दिया गया है। जिला अधिकारी के द्वारा यहां पर सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया गया ।उन्होंने कहा कि सात निश्चय फेज 2 के तहत हर खेत को पानी उपलब्ध कराने का कार्य चल रहा है ।स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड, स्वयं सहायता भत्ता और कुशल युवा कार्यक्रम के बारे में बता कर वहां उपस्थित युवाओं को प्रेरित किया गया और इसका लाभ उठाने की बात कही गई। जिलाधिकारी ने अपना मोबाइल नंबर भी लोगों को नोट करवाया और कहा कि कहीं परेशानी हो तो मेरे से सीधा संपर्क किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि जमीन विवाद के विरुद्ध भी मुहिम छेड़ा गया है इसके लिए जिला में त्रुटिपूर्ण 990000 जमाबन्दी में से 700000 की सुधार की गई है और इसमें से 345000 जमाबन्दी को भौतिक सत्यापन के पश्चात पोर्टल पर ऑनलाइन किया गया है ।आने वाले समय में भी सभी जमाबंदी को ऑनलाइन कराया जाएगा। इसके लिए तेजी से कार्य चल रही है और प्रतिदिन इसका अनुसरण किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी अंचलों की सरकारी जमीन चिन्हित की गई है और उसका भौतिक सत्यापन कराकर उसकी निर्देशिका बनवाई गई है। यह सब नवाचार के रूप में लिया गया है। जिला अधिकारी के द्वारा कार्यक्रम स्थल राजकीयकृत आदर्श मध्य विद्यालय मिर्जा नगर के प्रांगण में वृक्षारोपण किया गया और यहीं पर छात्र–छात्राओं एवं स्थानीय लोगों के लिए एक पुस्तकालय का उद्घाटन किया गया आज विद्यालय के प्रांगण में बालक और बालिका वर्ग में अलग–अलग खो–खो प्रतियोगिता कराई गई और सभी प्रतिभागियों को उनका उत्साहवर्धन करते हुए मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया ।इस अवसर पर जिलाधिकारी के साथ उप विकास आयुक्त श्री चित्रगुप्त कुमार ,एसडीओ महुआ श्री संदीप कुमार, एसडीओ महनार श्री सुमित कुमार ,डीसीएलआर महुआ एवं महनार तथा सभी प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी एवं इसी विद्यालय से पढ़े–लिखे वर्तमान में भारत सरकार में उप सचिव श्री देवेंद्र कुमार भी उपस्थित थे।

# समस्तीपुर में अपराधी पुलिस को खुली चुनौती देकर एक के बाद एक आपराधिक वारदात को अंजाम दे आसानी से फरार हो जाता है



दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ समस्तीपुर निरंजन जायसवाल। समस्तीपुर जिले में अपराधियों का तांडव थमने का नाम नहीं ले रहा है। अपराधियों का तांडव लगातार जारी है। आए दिन अपराधी छोटी–बड़ी घटना को अंजाम देकर फरार हो जाते हैं। बेलगाम अपराधी पुलिस को खुली चुनौती देकर बेखौफ हो एक के बाद एक आपराधिक वारदात को अंजाम दे रहे हैं। ताजा मामला मुफस्सिल थाना क्षेत्र के मूसापुर गैस गोदाम मोहल्ला का है। जहां 15 से 20 की संख्या में पहुंचे हथियारबंद बदमाशों ने एक घर के बाहर कई राउंड फायरिंग की। फायरिंग की घटना के बाद आसपास के लोगों में दहशत का माहौल कायम हो गया। फायरिंग के बाद सभी बदमाश हथियार लहराते वहां से फरार हो गए। सूचना पर पहुंची स्थानीय थाने की पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है।

# संक्षिप्त समाचार

## शराब मामले में दो लोगों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

दिवाकर कुमार प्रखंड रिपोर्टर मानसी दैनिक अयोध्या टाइम्स मानसी थाना क्षेत्र के अंतर्गत छोटी बलहा निवासी कैलाश चौधरी के पत्नी मीना देवी को 12 लीटर शराब के साथ मानसी थाना अध्यक्ष निलेश कुमार ने गिरफ्तार किया ।तथा चक हुसैनी निवासी सुमन पोद्दार को भी शराब मामले में गिरफ्तार किया गया। बताया जाता है कि थाना रोड खगड़िया का रहने वाला चक हुसैनी में रहकर शराब का धंधा कर रहा था। इसके पहले भी उनका भाई तथा पत्नी शराब मामले में जेल जा चुका है ।आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## 21 लीटर देसी शराब जब्त

दिवाकर कुमार प्रखंड रिपोर्टर मानसी दैनिक अयोध्या टाइम्स मानसी स्टेशन पर पुरबिया एक्सप्रेस ट्रेन से 21 लीटर देसी शराब जप्त किया गया। जीआरपी थाना अध्यक्ष अशोक कुमार राय ने बताया कि शराब कारोबारी डिलीवरी के लिए पुरबिया एक्सप्रेस से कहीं जा रहा था ।जिसकी गुप्त सूचना मुझे मिली ।इस पर मानसी जीआरपी पुलिस कार्रवाई करते हुए मानसी स्टेशन पर पुरबिया एक्सप्रेस के एक बोगी से 21 लीटर देसी शराब जप्त करने में सफलता हासिल की। परंतु शराब कारोबारी भागने में सफल रहे ।इधर जीआरपी थाना अध्यक्ष ने बताया कि आरोपी की पहचान के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है।

## बैठक में अनुपस्थित जिला मत्स्य पदाधिकारी से स्पष्टीकरण



हरिओम राय (ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स कैमूर)। समाहरणालय सभाकक्ष में डीएम नवदीप शुक्ला की अध्यक्षता में जिला समन्वय समिति की बैठक की गई। बैठक में डीएम द्वारा सभी जिला स्तरीय पदाधिकारियों को दूसरे विभागों से संबंधित मुद्दे को संबंधित विभाग के पदाधिकारी के समक्ष रखने का निर्देश दिया गया। सबसे पहले अपर समाहर्ता जिला लोक शिकायत निवारण द्वारा पीएम पोर्टल एवं सीएम डैशबोर्ड से संबंधित लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन के लिए कहा गया। डीएम द्वारा सभी संबंधित पदाधिकारियों को तत्काल आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया।

## बेटे ने मां से मांगा 2000 रुपए नहीं दिए जाने पर मां के सामने ही युवक ने खुद को मारी गोली मौके मौत

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ सुभाष सहरसा बिहार।



सहरसा सदर थाना क्षेत्र के बटराहा वार्ड नंबर 25 में एक युवक ने खुद को गोली मार ली उनकी मौके पर ही मौत हो गई मृतक युवक का नाम आकाश यादव बताया जा रहा है कि मृतक युवक अपने मां से 2000 मांग रहे थे जहां उनकी मां द्वारा उसे 1000 दिया लेकिन मृतक युवक 2000 की जिद में अरा रहा और बाद में नाराज होकर अपने मां के सामने ही खुद को गोली मार ली जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई घटना की जानकारी जैसे ही आसपास के लोगों को मिली तो भारी संख्या में लोग इकट्ठे हो गए वही पुलिस को भी जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंचकर मामले की छानबीन शुरू कर दी जानकारी के मुताबिक मृतक युवक किसी गोली कांड मामले में फरार आरोपी थे जहां पुलिस को उनकी तलाश कई दिनों से थी और उनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने कई बार छापेमारी भी कर चुकी थी।

## महाराजगंज की प्राची कुमारी ने 96: अंक हासिल कर बनी प्रखंड टॉपर



दैनिक अयोध्या टाइम्स (प्रखंड महाराजगंज रिपोर्टर) सुजीत कुमार। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के दसवीं का रिजल्ट जारी होते हैं छात्र और छात्राओं में खुशी की लहर है। वही महाराजगंज प्रखंड क्षेत्र में रिजल्ट जारी होते ही सफल होने वाले छात्र–छात्राओं को बधाई देने वाले का तांता लगा हुआ है। वही महाराजगंज की प्राची कुमारी ने 96: अंक हासिल कर सीबीएसई के दसवीं के परीक्षा में प्रखंड टॉपर बनी है। प्राची कुमारी ने अपने माता–पिता के साथ साथ पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। वह मेडिकल के क्षेत्र में जाना चाहती है और डॉक्टर बन लोगों की सेवा करना चाहती है। रिजल्ट आने के बाद घर में खुशी का माहौल है। प्राची ने सफलता का श्रेय अपने पिता हरे कृष्ण कुमार व माता आशा देवी व गुरुजनों को दिया है। बता दें कि पिता होम्योपैथिक मेडिकल की दुकान चलाते हैं वही माता शिक्षिका है।

## धानुक एकता मंच के जिला कार्यकारिणी नालंदा की एक बैठक आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता कौशलेंद्र कुमार जी ने की

नागेंद्र कुमार राजा अनुमंडल ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स बिहार सरीफ (नालंदा)। रविवार को बड़ी पहाड़ी बिहार शरीफ में



धानुक एकता मंच के जिला कार्यकारिणी नालंदा की एक बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता कौशलेंद्र कुमार जी ने की। इस बैठक में जिला कार्यकारिणी के सारे लोग उपस्थित रहे। आज के इस बैठक में सर्वसम्मति से जिला कमेटी का गठन किया गया जो निम्न प्रकार से हैं – अध्यक्ष–मुकेश धानुक, कोषाध्यक्ष प्रमोद कुमार, सचिव–रुपेश कुमार, उपाध्यक्ष–वीरमणि मंडल, अमरजीत कुमार, सूरज कुमार, मीडिया प्रभारी–अमोद कुमार, आजाद कुमार, महासचिव–अरविंद प्रसाद, कपिलदेव प्रसाद, कौशलेंद्र कुमार उप सचिव–विक्रम कुमार। इस बैठक में दिलीप कुमार के साथ और अन्य लोग उपस्थित थे।

## एसडीएम ने ली ताजियादारों की बैठक

अयोध्या टाईम्स एस० बी० यादव ब्यूरो चीफ अमेठी/बाजार शुकुल। आसन्न मोहर्रम त्योहार को दृष्टिगत रखते हुए स्थानीय थाना परिसर में एसडीएम सविता यादव की अध्यक्षता में क्षेत्र के ताजियादारों की बैठक शनिवार को सम्पन्न हुई

बैठक में क्षेत्र के लगभग सभी ताजियादारों से संवाद स्थापित करते हुए ताजियास्थलों व उनसे सम्बन्धित कर्बला एवं मार्ग सम्बन्धी जायजा लिया गया साथ ही ताजियादारों से उनके नाम की सूची ली गई। सीओ अर्पित कपूर व एसडीएम सविता यादव ने लोगों से त्योहार को शान्तिपूर्ण ढंग से मनाने की सलाह दी जिससे भाईचारा को कहीं ठेस न पहुचे।

बैठक में खण्ड विकास अधिकारी अंजलि सरोज, जेइ विद्युत विभाग, थानाध्यक्ष अखिलेश गुप्ता, और क्षेत्र केमुन्ने खाँ, अकील अहम ,मुन्ना खाँ, राजू खाँ, महफूज अहमद, आदि सैकडा की तादाद में लोग मौजूद रहे आयोजित समाधान दिवस में भी लोगों ने अपनी समस्याओं का निदान कराया।

## मुंबई में कबड्डी प्लेयर की क्रिकेट स्टंप से पीट-पीटकर हत्या, लोगों का प्रदर्शन, अब तक तीन गिरफ्तार

मुंबई। मुंबई के धारावी में शुक्रवार और शनिवार की दरमियानी रात एक 26 वर्षीय कबड्डी खिलाड़ी की क्रिकेट स्टंप से पीट–पीटकर हत्या कर दी गई। पूछताछ में दो आरोपियों ने अपना जुर्म पहले ही कुबूल कर लिया था जिसके बाद उनको गिरफ्तार कर लिया गया था। आज तीसरी आरोपी को भी गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिस इस मामले में आईपीसी की धारा 302 के तहत मामला दर्ज कर चुकी है और इसकी जांच कर रही है। इन सबके बीच आज धारावी पुलिस स्टेशन के बाहर भीड़ जमा हो गई। कबड्डी खिलाड़ी की हत्या के मामले में सभी आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग होने लगी। इस विरोध प्रदर्शन में स्थानीय लोगों के साथ–साथ खिलाड़ी का परिवार भी शामिल था।

जिस खिलाड़ी की हत्या की गई है उसका नाम विमल राज नादर है। विमलराज के पोस्टमार्टम में यह बात निकल कर आई है कि हत्या में क्रिकेट स्टंप के अलावा तेज धारदार हथियारों का इस्तेमाल किया गया है। विमलराज के लिए इंसाफ की मांग कर रहे बड़ी संख्या में लोगों ने




थाने का घेराव कर दिया। पुलिस ने स्थानीय लोगों को शांत कराने की कोशिश की और आश्वासन दिया कि आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस को संदेह है कि हत्या की वजह पुरानी रंजिश हो सकती है। यही कारण रहा कि तीन चार लोग पुरानी रंजिश को लेकर विमल राज के घर पर जुटे और पीट–पीट कर उनकी हत्या कर दी गई।

## बुध,शुक्र और सूर्य का अगस्त में हो रहा राशि परिवर्तन, 3 राशियों की चमक जाएगी किस्मत

अगस्त में बुद्ध शुक्र और सूर्य राशि परिवर्तन से अद्भुत सुखद लाभ

अयोध्या टाइम्स संवाददाता हरिओम दुबेरू– ग्रहों और नक्षत्रों की स्थितियों में परिवर्तन के लिहाज से बहुत खास होने जा रहा है,अगस्त महीना।ज्योतिषियों के अनुसार अगस्त माह में तीन बड़े ग्रह दृ बुध, शुक्र और सूर्य अपनी राशि बदलने जा रहें हैं।अगस्त माह में पहला राशि परिवर्तन बुध ग्रह का होगा।

ज्योतिष के अनुसार बुध ग्रह 09 अगस्त 2022 को अपनी राशि परिवर्तित करेंगे।उसके बाद शुक्र ग्रह का गोचर 11 अगस्त 2022 को होगा। तीसरा गोचर सूर्य ग्रह का 17 अगस्त 2022 को होगा। इसके बाद बुध पुनः 20 अगस्त को 2022 राशि परिवर्तन करते हुए कन्या राशि में प्रवेश करेंगे। इन ग्रहों के राशि परिवर्तन से सभी 12 राशियों पर शुभ–अशुभ प्रभाव पडेगा। परंतु इन तीन राशियों के लिए यह समय बेहद शुभ लाभकारी साबित होगा।




मिथुन राशिः अगस्त माह में होने वाले ग्रहों का राशि परिवर्तन मिथुन राशि वालों के लिए शुभ समय लेकर आ रहा है।इस दौरान इन जातकों को व्यापार में मनवांछित लाभ मिलेगा।नौकरी पेशे से जुड़े लोगों का प्रमोशन होगा।इनकी आर्थिक स्थिति बेहतर होगी। धन का लाभ होगा। पारिवारिक माहौल सुखमय होगा। मान–सम्मान में वृद्धि होगी।

तुला राशिः अगस्त महीने के ग्रहों की स्थिति इन राशि वालों के लिए अच्छे दिन लेकर आ रहा है। इस दौरान इनकी आय में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। नौकरी से जुड़े लोगों को प्रमोशन और धन लाभ हो सकता है। सरकारी नौकरी करने वाले जातकों को ऑफिस में प्रशंसा मिलेगी। इनकी कार्यशैली में सुधार आयेगा।

सिंह राशिः अगस्त माह में होने वाला राशि परिवर्तन इन जातकों के लिए सुखद परिणाम लेकर आयेगा। इस दौरान इन्हें पारिवारिक सुख प्राप्त होगा। आर्थिक उन्नति होगी। नौकरी में तरक्की के योग बने हैंसूर्य गोचर से इनके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। इनकी किस्मत पूरा साथ देगी।कुल मिलकर अगस्त महीने में बुध, शुक्र और सूर्य का गोचर इनकी सोई किस्मत जगा देगा।

## थाना शिवनगर डीडई सिद्धार्थनगर में 01 नफर वारंटी गिरफ्तार

संवादाता आर के शर्मा दैनिक अयोध्या टाइम्स सिद्धार्थनगर।

श्रीअमित कुमार आनंद (पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर), के आदेश के क्रम में एवं श्री सुरेश चंद्र रावत, (अपर पुलिस अधीक्षक), के निर्देशन, व श्री देवी गुलाम क्षेत्राधिकारी बांसी के कुशल पर्वेक्षण में श्री ज्ञानेन्द्र कुमार राय (प्रभारी निरीक्षक थाना शिवनगर डिडई) के कुशल नेतृत्व में संज्ञेय अपराध की रोकथाम व शान्ति व्यवस्था बनाये रखने हेतु थाना स्थानीय से 01 नफर वारंटी को संबंधित वाद संख्या 43/2013 मुकदमा अपराध संख्या 427/2013 धारा 135 भा ० वि ० अ में गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय रवाना किया गया।

गिरफ्तार व्यक्तियों का विवरण....

1. शैलेंद्र कुमार पांडे पुत्र शिव शंकर पांडे निवासी गजहरा थाना शिव नगर डीडई जनपद सिद्धार्थनगर। गिरफ्तार करने वाली टीम विवरण 1 एसआई श्री राकेश त्रिपाठी 2. हे ० संतोष कुमार 3.का0 विजय प्रकाश यादव

## भोला पर पर लोगों ने धूमधाम से की सेवा पार्टी , आइसक्रीम फल

दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो

आगरा। में महाशिवरात्रि पर्व लोगों में हर्षोल्लास के साथ रात्रि से ही शिव भक्तों के लिए हर जगह भंडारे का आयोजन किया गया मुख्य रूप से दयालबाग कृष्णा नगर कॉलोनी में शनि भक्तों ने हर्ष उल्लास के साथ भोला पर्व पर लोगों को आइसक्रीम पकोड़े और सुबह चाय का बंदोबस्त किया। सभी लोगों में ईश्वर के प्रति श्रद्धा भाग्य साथ परिक्रमा में आने वाले भक्तों की सेवा भाव से सेवा की कौन है रक्तदान करने के लिए संगीत के साथ खानपान के लिए हर एक चीज के व्यवस्था करते हुए जय भोले जय भोले करते हुए। भक्तजन जाते हुए दिखाई दिए हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी काफी तादाद में लोगों ने पैदल चलकर भगवान भोले शंकर से आशीर्वाद दिया और वही डॉ० विशेष राजपूत उनके भाई दिनेश राजपूत ने भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया वही काफी तादाद में सेवा करने वालों में कपूरचंद ललित चंद्र मुंशीलाल प्रह्लाद राम महेश नरेश रिंकू नवीन दिनेश रवि ने श्रद्धा भाव के साथ भोले भक्तों का स्वागत किया। इस वर्ष भी ढोल नगाड़े के



साथ में हर्षोल्लास से शिवरात्रि पर्व मनाया गया। जलवा क्षेत्र में टैगोर नगर में शनि मंदिर के सभी भक्तों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और हर्ष और उल्लास के साथ महाशिवरात्रि पर्व को सेवा भाव के साथ सभी ने योगदान कर अपने आप को ईश्वर के चरणों में धन्य किया।

## स्वनिधि महोत्सव कार्यक्रम प्रमिला सभागार कानपुर मे हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ

कानपुर नगर। आज स्वनिधि योजना महोत्सव प्रमिला सभागार कानपुर नगर निगम दोपहर 3रू00 बजे से आयोजित किया गया ।जिसमे मुख्य अतिथि माननीय श्रीमती प्रमिला पांडे जी, विधान सभा अध्यक्ष माननीय श्री सतीश महाना जी, केंद्रीय राज्य मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति जी, अपर आयुक्त रोली गुप्ता जी मोनिका दीदी जी ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया ।। जिसमे स्वयं सहायता समूह की बहनों के लिए मेंहदी और रंगोली की प्रतियोगिता रखी गई । इस प्रतियोगिता में बहनों और बेटियों ने हिस्सा लिया तथा छोटे छोटे बच्चों का सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुआ महापौर प्रमिला पाण्डेय , और श्री महाना जी ने बच्चों की सराहना करते हुए उनको सम्मानित भी किया और स्वनिधि योजना का लाभ लेने वाले लाभार्थियों को भी मंच में सम्मानित किया ।

इसके साथ स्वयं सहायता समूह की बहनों ने अपने हाथों से बनाई हुई वस्तुओं की दुकान भी लगाई जिसको देखकर लोगों ने खरीददारी भी की बहुत ही अच्छे से कार्यक्रम संपन्न हुआ

कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित रहे परियोजना अधिकारी श्री तेजकुमार जी, सहायक परियोजना अधिकारी श्री संजय सर जी शिवांगी जी चंद्रलता जी,संकल्प सेवा संस्था राष्ट्रीय अध्यक्षा गीता गुप्ता,कीर्ति जी,पिंकी तिवारी जी , मीरा तिवारी जी आदि



## कलेक्ट्रेट में मतदाता सूची को लेकर बीएलओ की बैठक 7 अगस्त व 21 अगस्त को बूथ पर चलेगा विशेष अभियान

अयोध्या टाईम्स एस० बी० यादव ब्यूरो चीफ अमेठीध्गौरीगंज मतदाता सूची को दुरुस्त करने के लिए कलेक्ट्रेट में बी एल ओ और सुपरवाइजर की बैठक आयोजित की गई।

बैठक उपजिलाधिकारी गौरीगंज राकेश कुमार की देखरेख में ट्रेनिंग आयोजित की गई। नायब तहसीलदार आशुतोष पाण्डेय ने बी एल ओ व सुपर वाइजर को मतदाता सूची से आधार कार्ड से लिंक करने, सूची में नाम जोड़ने, घटाने और संशोधन करने के बारे में समझाया, कार्ड को आधार से लिंक करने के लिए फार्म 6ब का प्रयोग



करना है। बाकी नाम बढ़ाने घटाने और संशोधन के लिए पुराने फार्म भरा जाएगा। उन्होंने बताया कि चुनाव आयोग 1 अगस्त से 31 दिसम्बर तक अभियान चला रहा है। जिसमें 7 व 21 अभियान के तहत सभी बी एल ओ बूथ पर मौजूद रहकर अपना कार्य करेंगे। उनके कार्य को सुगम आसान करते हुए चुनाव आयोग GARUNA APP लॉन्च किया है। जिस पर बी एल ओ अपने पासवर्ड से यह कार्य आसानी से कर सकेंगे। आयोग ने आयु 18 वर्ष की अहर्ता तिथि 1 जनवरी, 1अप्रैल, 1जुलाई और 1अक्टूबर बढ़ा दिया है। मतदाताओं के पता का निर्धारण के लिए बिजली, पानी व गैस कनेक्शन मान्य है। जिले में इस अभियान की शुरुवात 1 अगस्त को जिलाधिकारी अमेठी राकेश मिश्रा के द्वारा की जायेगी। इस मौके पर तहसील परिक्षेत्र के काफी संख्या में सुपर वाइजर और बी एल ओ मौजूद रहे।

## समाज को संगठित होने की जरूरत है- रामहित भारती प्रयागराज

ओंकार नाथ चौधरी

बलरामपुर जनपद सामाजिक जागरुकता कार्यक्रम का आन लाइन आयोजन किया गया इस कार्यक्रम को ग्रामीण बौद्ध कल्याण सेवा संस्थान के संस्था प्रमुख ओंकार नाथ चौधरी द्वाराआयोजित किया गया बलरामपुर, लखनऊ, उन्नाव, श्रावस्ती,प्रतापगढ़ सीतापुर रायबरेली,प्रयागराज,इलाहाबाद, हरदोई,वाराणसी, लखीमपुर भदोही,फतेहपुर,कानपुर, बाराबंकी, पंजाब , विहार, प्रदेशों व जनपदों से पासी समाज के साथी ने अपने अपने विचारों को प्रस्तुत किया।

इस कार्यक्रम का संचालन श्री शिवराम रावत उन्नाव से व श्रीमती रीता चौधरी श्रावस्ती द्वारा किया गया। श्री बालकराम जी हरदोई ने कहा कि पहले हमारा समाज एक था और हम सब एक साथ एक विचारधारा के मानने वाले थे एक साथ रोटी बेटी का संबंध था लेकिन हम अब अलग–अलग धर्म में बट जाने के कारण हमारे समाज में बहुत बिखरा आ गया है तभी हम एक नहीं हो पाते हैं

श्री डॉक्टर सुभाष चंद्र इलाहाबाद ने कहा कि हम सभी स्वाजातीय बंधुओं को एक साथ होने की बहुत बड़ी जरूरत है हम एक साथ तभी हो सकते हैं जब हम एक विचारधारा के होंगे।

श्री रामहित भारती प्रयागराज ने कहा कि समाज को संगठित होने की जरूरत है क्योंकि इस समय समाज में इतना बिखराव हो गया है बिखराव होने के कारण हम लोग एक होने में सफल नहीं हो पा रहे हैं बिखराव का कारण है कि एक दूसरे की बात ना मानना और अलग–अलग विचारों में बंधे हुए हैं इसलिए समाज को एक विचारधारा से जुड़ने की जरूरत है।

श्री शिवराम रावत उन्नाव जी ने कहा कि हम लोगों को एक विचारधारा से जुड़ने की जरूरत है और हमारा पासी धर्म ही समाज को जोड़ने का काम कर सकता है इसलिए हमें सभी लोगों को एक साथ पासी धर्म मानने की जरूरत है।



श्री ज्ञान प्रकाश जी लखनऊ ने कहा कि हम सब को एक विचारधारा में आने के लिए सभी को पासी धर्म मानना जरूरी है क्योंकि अलग–अलग धर्म मानने से हम लोगों में काफी बिखराव हो गया है।

इस कार्यक्रम में,श्री ज्ञान प्रकाश जी लखनऊ, श्री शिवराम रावत उन्नाव, श्री रामहित भारती प्रयागराज ,श्री अशोक महतो नालंदा बिहार,श्रीबालकराम जी हरदोई, डॉक्टर सुभाष चंद्र प्रयागराज, प्रेमचन्द्र इलाहाबाद आदि स्वाजाति बन्धु प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया कार्यक्रम का समापन श्री रामहित भारती प्रयागराज द्वारा किया गया।

## लखनऊ पुलिस के हाथ लगी बड़ा सफलता, रईस खान के गैंग की कोशिश नाकाम, तीन बदमाश गिरफ्तार

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में रविवार की सुबह पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी. लखनऊ के कैंट थाना क्षेत्र में रविवार की सुबह पुलिस और शूटरों के बीच मुठभेड़ हुई. ये मुठभेड़ बिहार के कुख्यात शूटर रईस खान गैंग के सदस्यों के साथ हुई. ये मुठभेड़ लोको तिराहे के पास हुई है।

लखनऊ में रविवार को दिन की शुरूआत मुठभेड़ के साथ हुई. यहां कैंट थाना क्षेत्र के अंतर्गत सुबह मुठभेड़ में एक शूटर घायल हो गया. ये मुठभेड़ कुख्यात शूटर रईस खान गैंग के सदस्यों के साथ हुई. इस गैंग के शूटर राजधानी में बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में थे।

डीसीपी प्राची सिंह ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि मुठभेड़ के दौरान शूटरों के पैर में गोली लगी है. कुछ दिनों पहले ही कैंट थाना क्षेत्र के अंतर्गत रहने वाले ठेकेदार वीरेंद्र ठाकुर को इन्हीं शूटरों ने मौत के घाट उतारा था. इस मुठभेड़ के दौरान डीसीपी प्राची सिंह ने खुद अपनी टीम के साथ मोर्चा संभाला था।

आशियाना और कैंट पुलिस के साथ क्राइम ब्रांच की संयुक्त टीम के साथ सुबह ये मुठभेड़ हुई है. बताया जा रहा है कि डीसीपी प्राची सिंह ने लगातार अपराधियों के खिलाफ मोर्चा



खोल रखा है. जिसके कारण डीसीपी प्राची सिंह का अपराधियों में खौफ बढ़ता जा रहा है. सुबह मुठभेड़ के दौरान काशिफ, मुन्ना और मोहम्मद फैसल नाम के बदमाश घायल हुए हैं. जिन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है।

### दक्षिण गुजरात के महुवा नगर के सर्वश्रेष्ठ दानवीर स्वर्गीय श्री नारायणभाई गोपाड भाई भकत जी की पहली पुण्यतिथि के शुभ अवसर पर जी एच भकत मेमोरियल फाउंडेशन ट्रस्ट महुवा व रोटरी आई ईन्स्टटयूट दुधीया तालाब नवसारी द्वारा महुवा अस्मीता भवन में रखा गया श्रद्धांजलि नेत्रयज्ञ का सुंदर आयोजन

गुजरात । महुवा (चंद्रकांत सी पूजारी ) नेत्रयज्ञ कार्यक्रम की शुरुआत दिप प्रज्वलित करके और पूज्य नारायणभाई भकता जी की तस्वीर को पुष्प माला पहनाकर पुष्प अर्पित करके किया गया और बादमें उपस्थित रहे मुख्य महेमान व आई केम्प में आए सभी मरीजों ने दो मिनट का मोन रहकर परम कृपालु परमेश्वर भगवान का नाम लेकर प्राथना करके दी श्रद्धांजलि,उनकी दिव्य आत्मा की शांति के लिए, गौरांग भाई व्यास, योगेश भाई नायक व मुख्य महेमानो ने नारायणभाई भकत के समग्र भारत के साथ साथ विदेशों में भी उनके द्वारा चल रहे आरोग्य व शैक्षणिक व सामाजिक सेवा कार्य को याद करके प्रासंगिक प्रवचन दीया ।

यह कार्यक्रम में श्रीमती लीलावती बहन मोहनलाल शाह आंखों की होस्पीटल नवसारी के निष्णात डोक्टरों की टीम द्वारा नि शुल्क आंखों कि चिकित्सा करके दिए गए मरीजों को आंखों के चश्मे व दवाई ओर जिनकी आंखों में ओप्रेशन करने जैसा दिखाई दिया ।

ऐसे सभी मरीजों का ओप्रेशन करके लगाएं जाएंगे अच्छे वाले लेंस जिसमें मरीज अच्छे से देख सके और अपने परिवार के साथ अच्छा जीवन बिता सकें ऐसे अच्छे सुद भाव से यह नेत्रयज्ञ श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया यह कार्यक्रम के मुख्य महेमान साफीया बहेन ,

डोक्टर ऐबनर यह दोनों विशेष यह कार्यक्रम में उपस्थित रहे जो मेक्सिको अमेरिका से है ।

इन्होंने भी दी नारायणभाई भकत को प्राथना करके श्रद्धांजलि और कार्यक्रम में रोटरी आई ईन्स्टटयूट के योगेश भाई नायक व उनकी पुरी टीम व हरेनभाई पटेल जी एच भकत मेमोरियल फाउंडेशन ट्रस्ट अध्यक्ष, गौरांग भाई व्यास ,जनक भाई देसाई, महुवा अशेष के अध्यक्ष हिनेशभाई उपाध्याय, जीनेश भाई भावसार, हितेश भाई नायक , महुवा गांव के सरपंच व डेप्युटी सरपंच, मीनेषभाई शाह, गमनभाई ठीम्मर ,नीखील भाई व्यास ,व महुवा तहसील के सरकारी सहकारी व सामाजिक संस्था व संगठन के पदाधिकारी उपस्थित रहकर दी श्रद्धांजलि और यह नेत्रयज्ञ में 400 से अधिक लोगों ने अपनी आंखों की




चिकित्सा करवा कर उठाया लाभ और दी उन्होंने भी दिल से नारायणभाई भकत को श्रद्धांजलि

यह नेत्रयज्ञ में उपस्थित सभी महेमान व सभी मरीजों के लिए जी एच फाउंडेशन ट्रस्ट की ओर से भोजन की व्यवस्था भी की गई हमारे संवाददाता चंद्रकांत सी पूजारी ने जब यह कार्यक्रम में अमेरिकी से आए हुवे मुख्य महेमान और यह कार्यक्रम के आयोजन करनेवाले महानुभावों से पुछा गया तब उन्होंने अपनी प्रतिक्रिया कुछ इस तरह व्यक्त की ।

सुरत महुवा से हमारे संवाददाता चंद्रकांत सी पूजारी की एक रिपोर्ट

# संक्षिप्त समाचार

## एस.जे. एजुकेशन सेंटर स्कूल के विद्यार्थियों ने लहराया परचम

• हर दिन एक छोटी सी प्रगति बड़े परिणामों में इजाफा करती है। इसी प्रकार का कुछ ऐसा ही उदाहरण एस जे एजुकेशन सेंटर स्कूल की छात्र छात्राओं न परीक्षा परिणाम में सर्वाधिक अंक लाकर स्कूल और अध्यापकों व अभिभावकों का मान सम्मान बढ़ाकर एक मिसाल कायम की।

अयोध्या टाइम्स संवाददाता हरिओम द्विवेदी कानपुर आवास विकास स्थित एस.जे. एजुकेशन सेंटर स्कूल ने सत्र 2021–22 के कक्षा 12 के छात्रों के सीआईएससीई के परिणाम आज गर्व के साथ घोषित किए। पहले सेमेस्टर की मजबूती को जारी रखते हुए, इस सेमेस्टर में भी छात्रों ने साबित कर दिया कि जीतना एक बार की बात नहीं हैय यह हमेशा की आदत है। महामारी द्वारा लगाई गई बाधाओं को पार करते हुए, हमारे छात्रों ने अपने लक्ष्यों के लिए प्रयास करना जारी रखाय इसके अलावा, उन्होंने समय की आवश्यकता के साथ अपने अनुकूलन क्षमता कौशल को



प्रस्तुत किया और उनके और उनके सफल शैक्षणिक परिणामों के बीच किसी भी बाधा को पार करने के लिए संसाधनों का इष्टतम उपयोग किया। हमें आईसीएसई बैच 2021–22 के उन छात्रों का नाम लेते हुए गर्व हो रहा है, जिन्होंने अपने स्कूल की सम्मान सूची में एक और गौरव का पंख जोड़ कर उड़ान भरी।

इस वर्ष के आईएससी टॉपर्स हैंः अक्षत दीक्षित (98%), किशलय तिवारी ( 97.5%), यश शुक्ला ( 97% ), शुभम सिंह ( 95% ), समीक्षा पांडे (95%), सचिन क्र. गौतम ( 93% ), परितोषित सिंह (92%), प्रियांशी पाल ( 92%), व्योम शुक्ल ( 92%) अनुष्का केसरवानी (91%), अंजलि (91%), कृतिका शुक्ला (91), रंजीता कुमारी ( 91% ), सौरभ वर्मा ( 91% ), आदर्श प्रताप सिंह (91%), अनुपेन्द्र (90.25%), अमन यादव ( 90%), शुभ गुप्ता (87.7%) प्रबंधन समिति और प्रधानाचार्या श्रीमती रेनू बाजपाई ने सभी छात्रों को बधाई दी और शिक्षकों के प्रयासों की भी सराहना की। इस अवसर पर छात्रों के साथ शिक्षक सोहेल मालिक, अमित शुक्ल, बेनु चौटर्जी, दीपेन्द्र चौहान, अनिल कटियार आदि भी मौजूद रहे।

## भदोही राष्ट्रीय राजमार्ग जीटी रोड घोसिया मे गंगा जमुनी तहजीब देखने को मिली

भदोही। जनपद भदोही के राष्ट्रीय राजमार्ग जीटी रोड घोसिया में गंगा जमुनी तहजीब देखने को मिली राष्ट्रीय राजमार्ग पर प्रयागराज से



चलकर वाराणसी जाने की तरफ कांवर यात्रा लेकर कावड़ यात्रियों को हिंदू–मुस्लिम सेवा समिति की तरफ से सेवा किया जा रहा है जिसमें भारी मात्रा में नगर पंचायत घोसिया के नगरवासी ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और कावर ले जाते हुये सभी कावंरियो को मुफ्त सुविधा पेश किया गया जिसमें मुख्य रुप से मेराज अहमद जिला अध्यक्ष एमएसओ भदोही लवकुश गुप्ता नगेंद्र गुप्ता धारा मुंडा पाठक भारी मात्रा में नगरवासी मौजूद रहे ।

भदोही मोहम्मद मासूम

## मेधावी छात्रा वंदना ने जनपद में 12 वां रैंक प्राप्त कर अपने विद्यालय व शिक्षा क्षेत्र का नाम रोशन किया

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो रिपोर्ट बजरंगी गुप्ता उतरौला (बलरामपुर)

राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृति योजना परीक्षा में शिक्षा क्षेत्र उतरौला के उ.प्रा.वि.बढ़या पकड़ी की मेधावी छात्रा वंदना ने जनपद में 12 वां रैंक प्राप्त कर अपने विद्यालय व शिक्षा क्षेत्र का नाम रोशन किया है। आपको बता दें कि कुछ दिन पूर्व ही वंदना ने भारत सरकार की महत्वपूर्ण योजना के अंतर्गत `भ्त्रैज्भ्। (श्रेष्ठा) परीक्षा में आल इंडिया रैंक 311 प्राप्त कर प्रदेश व जनपद की बेसिक शिक्षा जगत को गौरवान्वित करने का अवसर दिया। छात्रा की इस



उपलब्धि पर छात्रा के परिजन, खंड शिक्षा अधिकारी सतीश कुमार,सम्बंधित विद्यालय की प्रधानाध्यापिका पूनम श्रीवास्तव, स.अ. रत्नदीप कुमार श्रीवास्तव , अनुदेशक अमित कुमार श्रीवास्तव, एआएपी विक्रम सिंह ,विजय कुमार यादव,कृष्ण कुमार, मलिक मुनव्वर, अनवार अहमद तथा ब्लाक के अन्य सभी विद्यालयों के अध्यापकों ने छात्रा को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## श्यामा प्रसाद मुखर्जी चौराहा स्थित लाइफ केयर हास्पिटल में निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो रिपोर्ट बजरंगी गुप्ता

उतरौला (बलरामपुर)

26 जुलाई मंगलवार को उतरौला के श्यामा प्रसाद मुखर्जी चौराहा स्थित लाइफ केयर हॉस्पिटल में निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा। डायरेक्टर डॉक्टर अहमद खान ने बताया कि अस्पताल में प्रत्येक माह की 26 तारीख को निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन होता है। जिसमें शुगर, ब्लड



प्रेशर व अन्य बीमारियों का जांच व उपचार निशुल्क किया जाता है। साथ ही दवाइयां भी निःशुल्क दी जाती हैं। मंगलवार को आयोजित होने वाले निशुल्क चिकित्सा शिविर में सहारा हॉस्पिटल लखनऊ के एमडी डॉक्टर एम ए खान, एमडी डॉक्टर शहीर खान, एवं महिला रोग विशेषज्ञ डॉ नाजिया सुल्ताना मरीजों का जांच एवं उपचार करेंगे। डाइटिशियन विशेषज्ञ द्वारा शुगर मरीजों को खानपान में एहतियात बरतने पर विशेष सलाह दिया जाएगा।

## राहुल जायसवाल बने ब्लाक अध्यक्ष

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो रिपोर्ट बजरंगी गुप्ता

श्रीदत्तगंज (बलरामपुर) विश्व हिंदू परिषद के जिला योजना बैठक कुबेर मति पांडे मेमोरियल इंटर कॉलेज श्रीदत्तगंज में संपन्न हुई जिसमें गैसड़ी तुलसीपुर बलरामपुर उतरौला श्रीदत्तगंज एवं पचपेड़वा के कार्यकर्ता सम्मिलित रहे, यह बैठक जिला अध्यक्ष सुबीर श्रीवास्तव चंदन मिश्रा एवं भीमसेन वर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। जिला योजना बैठक में मुख्य अतिथि के रुप में राजकुमार एवं दुर्गा वाहिनी मातृ शक्ति की मां ने अपना उद्बोधन दिया जिसमें श्रीदत्तगंज प्रखंड से अध्यक्ष राहुल



जायसवाल, उपाध्यक्ष आकाश श्रीवास्तव वीरेंद्र पटेल एवं बृजेश सिंह, कार्याध्यक्ष सुधांशु तिवारी, सहसंयोजक रोहित मिश्रा, एवं संगठन के कार्यकर्ताओं मौजूद रहें।

## हम सब मिलकर बनाएंगे निपुण प्रदेश

एटा। जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल की अध्यक्षता में रविवार को कलेक्ट्रेट सभागार में एक बैठक का आयोजन हुआ। इस दौरान राज्य परियोजना कार्यालय, महानिदेशक और समाज के अन्य वर्गों के लोगों को जागरूक करने हेतु निपुण भारत के लक्ष्यों और इनकी संप्राप्ति से अवगत कराया जाएगा। इस सम्बंध में समय समय पर जारी शासनादेश



स्कूल शिक्षा के निर्देशानुसार निपुण अभियान को जनांदोलन के रूप में प्रचार प्रसार हेतु लक्ष्यों की कॉपी डीएम और मुख्य विकास अधिकारी को सौंपी गई।

निपुण अभियान को जनांदोलन बनाने के क्रम में रविवार को प्रथम चरण में जिलाधिकारी से शुरुआत की गई। शीघ्र ही अन्य जन प्रतिनिधियों और मीडिया के बंधुओं और बेसलाइन डाटा को रेफरेंस प्वाइंट मानकर 2025–26 तक 100 प्रतिशत निपुण जनपद बनाने की शासन के त्रैमासिक लक्ष्यों की भी जानकारी दी गई। इस दौरान जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी और उप शिक्षा निदेशक डाइट एवं बेसिक शिक्षा विभाग के समस्त खंड शिक्षा अधिकारी, जिला समन्वयक, एसआरजी, एआरपी उपस्थित रहे।

## करंट की चपेट में आने से धौलपुर के कांवडिया की हालत बिगड़ी, मुस्लिम समुदाय के लोगों ने बचाई जान

एटा। यूपी के एटा जनपद के मारहरा थानान्तर्गत मारहरा–नगरिया मोड मार्ग पर रविवार को विद्युत करंट की चपेट में आकर एक कांवडिया बुरी तरह झुलस गया। जिसे गंभीर हालत में स्थानीय स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया। हादसा सोरों घाट से कांवड लाते समय हुआ।

धौलपुर निवासी 25 वर्षीय सुरजीत सिंह अन्य लोगों के साथ रविवार को सोरों घाट से कांवड लेकर निकाला। रविवार को सुबह करीब 8 बजे मारहरा क्षेत्र के मारहरा और नगरिया मोड मार्ग पर पहुंचा कि तभी सड़क किनारे लगे ट्रांसफार्मर के लिए लगे दो पोलों में विद्युत विभाग की लापरवाही से आ रहे करंट में चपेट में आ गया। जिससे कांवडिया गंभीर रूप से झुलस गया। आनन–फानन में मौके पर पहुंचे मुस्लिम समुदाय के लोग राहत कार्य में जुट गए। कांवडियों को स्थानीय स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया।

घटना की खबर लगते ही पुलिस के आलाधिकारी, थानाध्यक्ष मारहरा, सीओ मौके पर पहुंच गए और घटनास्थल स्थल का निरीक्षण किया।

विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बुलाकर बिजली पोल को दिखवाया गया। उसके करंट को ठीक कराया और जिस कांवडिया की कांवड खराब हो गई, उसकी कांवड पुनः भरवाने के लिए पुलिसकर्मियों को गंगाघाट भेजा गया। स्थानीय लोगों ने विद्युत विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाया है। कहा है कि इस पोल में काफी समय से बिजली का कारंट दौड़ रहा है। मारहरा कस्वावासियों ने इसकी शिकायत भी की, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई, अंजाम यह हुआ कि कांवडियों को करंट लग गया।

## श्री शिव शक्तिसेवा दल द्वारा शिव शंकर की विशाल झांकी, विशाल प्रतिमा व भव्य भंडारे का आयोजन

दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो

आगरा। 24 जुलाई 2022 को लाखों शिव भक्तों के द्वारा लगाई गई। इस भव्य परिक्रमा के दौरान रूई की मंडी चौराहा शाहगंज स्थित वर्षों से शिव भक्तों की सेवा कर रहे श्री शिव शक्ति भक्तों की भक्ति का अदभुत नजारा देखने को मिला

इस अवसर पर संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी आदरणीय श्री केशव देव शर्मा जी,श्री शिव शक्ति सेवा दल के संयोजक वरिष्ठ समाजसेवी भाजपा



सेवा दल द्वारा शिव शंकर की विशाल झांकी, विशाल प्रतिमा व भव्य भंडारे का आयोजन किया गया तथा परिक्रमा कर रहे शिव भक्तों के लिए प्रसाद,फल,शीतल मीठा जल इत्यादि का वितरण किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ सोमनाथ धाम मंदिर के महंत (गुरू जी) परम श्रद्धेय श्री शंकर नाथ योगी जी द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।

कोरोना के कारण दो वर्ष से प्रतिबंधित इस परिक्रमा पर सरकार द्वारा सभी पाबंदियां हटाने पर शिव महानगर महामंत्री श्री हेमंत भोजवानी जी,शाहगंज बाजार कमेटी के अध्यक्ष काली बाबू,रूई की मंडी बाजार कमेटी के अध्यक्ष सुमित सतीजा जी,जोगीपाडा बाजार कमेटी के अध्यक्ष बृह्मचंद गोस्वामी जी,डॉ आशुतोष कुलश्रेष्ठ,के के पांडेय,हेमंत थावानी,बंटी कुशवाह,ललित पोपटानी,भूपेंद्र जगवानी,भूषण मंगलानी,आकाश मूलानी,मुकेश कुशवाह,गौरव गोस्वामी,पार्षद उमेश पेरवानी जी,सहित सैकडों शिव भक्त उपस्थित रहे।

## किसान मजदूर संघर्ष की महिला पिंकी चौधरी को नया जिलाध्यक्ष बनाया गया

नरेन्द्र प्रताप सिंह की रिपोर्ट

किसान मजदूर संघर्ष मोर्चा महिला प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष बनी पिंकी चौधरी ़ इसौली मंसूर पुर बद्रीपुर विकास खंड खैराबाद सीतापुर किसान मजदूर संघर्ष मोर्चा की बैठक में पिंकी चौधारी को महिला प्रकोष्ठ संगठन का जिलाअध्यक्षा नियुक्त किया गया है!आज गांव की बैठक में उपस्थित संगठन जिला अध्यक्ष पिंदर सिंह सिद्धू ने आयोजित बैठक में उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि जनपद के नजदीकी विकास खंड खैराबाद के इस गांव में कच्चे मकान और राशन कार्ड सुविधा से दूर गरीबों की सुधि लेने वाला कोई नहीं है! उन्होंने लोगों से आवाहन करते हुए कहा कि आप सभी को एकजुट होकर अपने हकों के लिए संघर्ष करना होगा! तभी योजनाओं का लाभ मिलेगा! ज्वलंत समस्याओं से जिला प्रशासन को अवगत कराने के लिए जिलाधिकारी महोदय को



संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा गया!बैठक में मुख्य रूप से आरती,नीलम, मिनू, ममता ,रेशमा, खुशबू, अनीता, पुष्पा, विनीता, राधा, पूजा,सुधा,शशी, अनुज,लौंग श्री,कैलाशा, सरोजिनी आदि लोग मौजूद रहे।

## ईटीए-4 कैप्शन-विद्युत करंट लगने के बाद कावडिया को राहत प्रदान करते हुए मुस्लिम समुदाय के लोग

- डीआईजी ने कांवड़ रूटों का लिया जायजा, अधीनस्थों को दिए शख्त निर्देश

एटा। कांवडिया को विद्युत करंट लगने के बाद पुलिस प्रशासन एलर्ट हो गया। जैसे ही जानकारी अलीगढ़ रेंज के डीआईजी दीपक कुमार को हुई, तभी वे मारहरा स्थित घटनास्थल पर पहुंच गए। उन्होंने कावड यात्रा में पड़ने वाले सभी रूटों का जायजा लिया। सोरों से जलेसर होकर आगरा जाने वाले, सोरों से एटा और आगरा तथा फिरोजाबाद, शिकोहाबाद जाने वाले रूट को भी चौक किया। इस दौरान उन्होंने जलेसर क्षेत्राधिकारी नासिर खान, पुलिस उपाधीक्षक कालू सिंह एवं मौजूद सभी थानाध्यक्षों को शख्त निर्देश दिए कि सोरों से लाखों की संख्या में शिवभक्त कांवड में पवित्र गंगाजल लेकर शिव मंदिरों पर जलाभिषेक करने के लिए गुजर रहे हैं किसी भी कांवडिया को किसी प्रकार की असुविधा न होनी चाहिए। इस दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह और



अपर पुलिस अधीक्षक धनंजय सिंह भी मौजूद रहे।

## दिव्यांग बच्चों को डीएम ने किया सम्मानित

चन्द्रप्रताप सिंह जिला संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स इटावा

इटावा।बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा समेकित शिक्षा योजना के अन्तर्गत जनपद में एक्सीलेरेटेड लर्निंग कैम्प में अध्ययनरत 36 श्रवणबाधित तथा 24 दृष्टिबाधित बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोडने हेतु डायट परिसर पर आवासीय कैम्प का संचालन किया जाता था। उक्त कैम्प में ही 01 से 08 तक की शिक्षा प्राप्त कर चुके पूर्ण दृष्टिबाधित छात्र व छात्रा, शिवा यादव द्वारा जोधा सिंह इण्टर कालेज, जसवन्तनगर में कक्षा–10 में अध्ययन करते हुए बोर्ड परीक्षा में 64.80 प्रतिशत तथा प्रभाती राजकीय बालिका इण्टर कालेज,जसवन्तनगर में अध्ययन करते हुए 12वीं की बोर्ड परीक्षा परिणाम में 76.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जनपद का नाम रौशन किया तथा जनपद के दिव्यांग बच्चों को भी शिक्षा की मुख्यधारा से जुडे रहते हुए आगे बढने का रास्ता दिखाया।



इस अवसर पर जिलाधिकारी अवनीश राय ने कहा कि दिव्यांग बच्चों के प्रति हमारी नैतिक जिम्मेदारी है कि हम उन्हे हीन भावना से ग्रसित न होने दें, बल्कि सामान्य बच्चों की तरह ही उन्हें बराबरी का दर्जा दें। दिव्यांगता उनके लिए अभिशाप नहीं बल्कि वरदान है, वे किसी से कम नही है। उन्होने ने स्पेशल एजूकेटर्स को निर्देश दिए कि वे लोग और अधिक परिश्रम करें तथा यह सुनिश्चित करें कि कोई भी दिव्यांग बच्चा स्कूल जाने तथा सरकार द्वारा प्रदत्त योजनाओं से वंचित न रह जायें। राधा जो कि मूकबधिर बालिका है और राजकीय बालिका इण्टर कालेज, जसवन्तनगर में कक्षा–10 में अध्ययनरत है। उसके अद्भुत,अलौकिक एवं अविश्वसनीय कलाकारी व चित्रकला के लिए उत्कृष्ट अवार्ड से सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान योजना के तहत इन दिव्यांग बच्चों को भी शिक्षा की मुख्यधारा से जोडने का प्रयास किया जा रहा है। आउट सोर्सिंग के माध्यम से जनपद को रमसा में 04 विशेष शिक्षक कार्यरत है जिनके द्वारा समय–समय पर सपोर्ट प्रदान किया जा रहा है। दिव्यांग बच्चों की बोर्ड परीक्षा देने हेतु रीडर की व्यवस्था तथा उनको धनराशि प्रदान करने की व्यवस्था माध्यमिक शिक्षा अभियान के अन्तर्गत किया जाता है। बेसिक शिक्षा विभाग के अन्तर्गत 06 से 14 वर्ष के 90 दिव्यांग बच्चों को एस्कार्ट एलाउण्स के अन्तर्गत 10 माह हेतु 6000/– रू0 तथा 126 दिव्यांग बालिकाओं को स्टाईपेण्ड के तहत 10 माह हेतु 2000/– रू0 की धनराशि प्रदान करने का प्रावधान किया गया है। इस अवसर मुख्य विकास अधिकारी संतोष राय,सीएमओ भगवान दास,एस.पी. यादव डायट प्राचार्य,राजू राणा डीआईओएस, दीनदयाल डीडीओ,शैलेश कुमार बीएसए,अर्चना सिन्हा डीसी आईईडी, समस्त जिला स्तरीय अधिकारीगण तथा स्पेशल एजूकेटर्स अनिल कुमार, विकास खण्ड जसवन्तनगर उपस्थित रहें।

## क्षेत्राधिकारी एवं प्रभारी निरीक्षक द्वारा कांवड यात्रा के दृष्टिगत सुरक्षा व कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने हेतु क्षेत्र में पैदल भ्रमण व चेकिंग

सिकंदराराऊ। रविवार को नवागंतुक पुलिस अधीक्षक देवेश कुमार पाण्डेय के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी सुरेंद्र सिंह एवं प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार सिंह द्वारा कांवड यात्रा के दृष्टिगत सुरक्षा व कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने हेतु क्षेत्र में पैदल भ्रमण व चेकिंग की गई। इस दौरान कांवडियों के आने–जाने वाले रास्तों पर ड्यूटी में लगे पुलिस बल को चेक करते हुए उन्हें सतर्कता के साथ ड्यूटी करने हेतु निर्देशित किया गया।

इसी क्रम में कांवडियों से संवाद कर उनका हाल चाल जाना एवं उनको सुरक्षा के प्रति आश्वस्त किया गया साथ ही कांवडियों के ठहरने एवं सूक्ष्म जलपान हेतु बनाये गये शिविरों का जायजा लिया गया।

कावंड यात्रा को सकुशल सम्पन्न कराने के दृष्टिगत समस्त चौकी प्रभारियों द्वारा पुलिस टीम के साथ अपने–अपने क्षेत्रान्तर्गत प्रमुख चौराहों व संवेदनशील स्थानों व अन्य स्थानों पर लगातार भ्रमणशील रहकर चेकिंग की जा रही है एवं जनपद में जगह–जगह बैरियर लगाकर संदिग्ध व्यक्ति व वाहनों की सघनता से चेकिंग की जा रही है। साथ ही कांवड मार्गों पर लगे पुलिसकर्मियों द्वारा मार्ग से आने–जाने वाले कावडियों का उचित मार्गदर्शन किया जा रहा है तथा रोड पर चलने वाले वाहनों के चालकों को कांवड मार्ग पर कम स्पीड एवं सावधानीपूर्वक वाहन चलाने हेतु पुलिस बल द्वारा लगातार निर्देशित



किया जा रहा है। जिससे किसी भी प्रकार की सम्भावित दुर्घटना से बचा जा सके एवं सभी अपने–अपने गंतव्य को सकुशल पहुंच सके।

## माँ सरस्वती निःशुल्क कोचिंग में आयोजित हुआ सर्पदंश जागरूकता कार्यक्रम

चन्द्रप्रताप सिंह जिला संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स इटावा

इटावा। मुख्य विकास अधिकारी के निर्देशन में पर्यावरण एवं वन्यजीव संरक्षण के लिये जनपद मे कार्य कर रही संस्था ऑर्गनाइजेशन फॉर कंजर्वेशन ऑफ एनवायरनमेंट एंड नेचर (ओशन) के द्वारा डिजास्टर मेंनेजमेंट के तहत राज्य आपदा विषयक सर्प पहचान,सर्पदंश उपचार व सर्पों का महत्व विषय पर आधारित एक महत्वपूर्ण जागरूकता कार्यक्रम आज माँ सरस्वती निःशुल्क कोचिंग सेंटर पर विभिन्न बच्चों के साथ आयोजित हुआ। उक्त जागरूकता कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद इटावा के स्वच्छता, पर्यावरण एवं वन्यजीव संरक्षण के ब्रांड एम्बेसडर एवं मिशन स्नेक बाइट डेथ फ्री इण्डिया के यूपी कोर्डिनेटर, वन्यजीव विशेषज्ञ सर्पमित्र डॉ आशीष त्रिपाठी ने कई बच्चों व स्कूल स्टाफ को पोस्टर के माध्यम से सर्पो से जुड़ी कई महत्वपूर्ण जानकारियाँ देते हुये बताया कि,भारत मे हर साल सर्पदंश से लगभग 50,000 लोग असमय ही मर जाते है जिनमे से



ज्यादातर लोग सही समय से सही इलाज न मिलने से ही मरते है। उन्होंने कहा कि, चूहों को सूंघकर उनके पीछे अक्सर सर्प भी घर मे आ जाते है। अतः हमे अपने अपने घर मे साफ सफाई रखने का पूरा प्रयास करना चाहिये। इस मौसम में वेहद सावधान भी रहें क्यों कि, वैसे तो छोटे बड़े सर्प अक्सर ही हमारे आस पास हमे कभी भी दिखाई दे ही जाते है और हम भयभीत होकर अनजाने में सर्पदंश का शिकार भी हो जाते है लेकिन ऐसी स्थिति में हमे बिल्कुल भी घबराना नही है क्यों कि, हमारे आस पास दिखाई देने वाले सभी प्रकार के सर्प जहरीले ही नही होते है। सभी सर्प किसान मित्र भी होते है जो चूहों को खाकर पर्यावरण संतुलन बनाये रखने में अपनी अहम भूमिका भी निभाते है। सम्पूर्ण भारत मे पाई जाने वाली खतरनाक बिग फोर प्रजाति में से केवल कोबरा,करैत व रसल वाइपर को ही अब तक इटावा जनपद में देखा गया है।

उक्त कार्यक्रम में डिस्ट्रिक्ट कोर्डिनेटर ओशन इटावा डॉ पीयूष दीक्षित ने बच्चों को प्रश्नोत्तरी पहर में सामाजिक अंधविश्वास विषय पर जागरूक किया व कई अन्य महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदान कर अंधविश्वास दूर किया। सामाजिक एवं मानव सेवा समिति के प्रदेश अध्यक्ष व कोचिंग संचालक सौम्य वर्मा तरुन ने संस्था ओशन को बच्चों को इस प्रकार की बेहद महत्वपूर्ण जानकारी देने के लिये विशेष धन्यवाद देते हुए कहा कि,आज का यह जागरूकता कार्यक्रम बेहद ही अनूठा व ज्ञानवर्धक रहा इस आयोजन से हमारी कोचिंग के बच्चों का सर्पों के प्रति भय अब बिल्कुल ही समाप्त हो गया है। उन्होंने कहा कि, मेरा मानना है कि,इस प्रकार का महत्वपूर्ण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित होते रहने चाहिये जिससे कि समाज मे सर्पदंश व इलाज के प्रति जागरूकता बढ़े व समाज में फैला अंधविश्वास खत्म हो सके जिससे लोगो की समय से जान बच सके। आज हमारी कोचिंग के बच्चों ने इस जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से जनपद के सभी सर्पों को पहचानने के साथ साथ सर्पदंश के बाद का जरूरी प्राथमिक उपचार व पट्टी करना भी सीखा उन्होंने यह भी जाना कि सर्पदंश के बाद सही इलाज के लिए उन्हें जनपद में कहाँ जाना है।

## दिव्यांग बच्चों को बेसिक शिक्षा विभाग बाटेगा उपकरण 25 से होगे पंजीकरण व परीक्षण

चन्द्रप्रताप सिंह जिला संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स इटावा

इटावा। महानिदेशक, स्कूल शिक्षा परियोजना, लखनऊ उ0प्र0 के निर्देशानुसार जनपद में समग्र शिक्षा अभियान (समेकित शिक्षा) के अन्तर्गत एलिम्को कानपुर के सहयोग से समस्त प्रकार के विशिष्ट आवश्यकता वाले (दिव्यांग) शारीरिक, मानसिक मंद, दृष्टिबाधित, श्रवणबाधित तथा बहुदिव्यांग बच्चों के लिए विभिन्न प्रकार के उपकरणों तथा कान की मशीन आदि के लिए पंजीकरण कैम्प का आयोजन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शैलेश कुमार के निर्देशन में जिला समन्वयक समेकित शिक्षा अर्चना सिन्हा एवं सर्वेश कुमार, खण्ड शिक्षा अधिकारी, भरथना के द्वारा किया जा रहा है। बी0आर0सी0 भरथना पर समस्त एआरपी तथा संकुल शिक्षक की बैठक आयोजित करते हुए अर्चना सिन्हा द्वारा बताया गया कि समस्त प्रकार के दिव्यांग बच्चों के लिए दिनांक 25 जुलाई, 2022 दिन सोमवार को विकास खण्ड




भरथना के ब्लाक संसाधन केन्द्र (बी0आर0सी0), रामलीला मैदान, पर उपकरणध्उपस्कर हेतु एलिम्को पंजीकरण कैम्प आयोजित की जा रही है। जिसमें आप अपने बच्चों के साथ चार पासपोर्ट साईज का फोटो दिव्यांगता दिखाई देते हुए साथ में बच्चें का दिव्यांगता प्रमाण–पत्र (दिव्यांगता सर्टिफिकेट) और एक पहचान पत्र जैसे आधार कार्डध्स्कूल पहचान पत्रध फोटो कापी अवश्य लेकर आयें। उक्त शिविर में आप बच्चों के साथ अधिक से अधिक संख्या प्रतिभाग करें जिससे आप सभी को उपकरण के लिए चिन्हित किया जा सके। सभी चिन्हित बच्चों को अक्टूबर माह में उपकरणध्उपस्कर जैसे– शारीरिक एवं अस्थि दिव्यांग बच्चों हेतु क्रच (बैसाखी), कैलीपर्स (जूता), वांकिग स्टिक (वाकर), व्हील वॉकर, फोल्डिंग वॉकर, रोलेटर, कॉड्रीपॉड, व्हील चेयर, एवं ट्राईसाईकिल तथा नेत्रहीन बच्चों हेतु वॉकिंग स्टीक, फोल्डिंग केन, व्हाईट केनध्स्मार्ट केन (नेत्रहीनों की छड़ी) एवं ब्रेलकीट (नेत्रहीनों के पढ़ने–लिखने सम्बन्धी उपकरण) और मानसिक मंद बच्चों हेतु एम0आर0 कीट (पढ़ने–लिखने एवं दैनिक अभ्यास की सामग्री) प्रदान किया जायेगा। 14 वर्ष से अधिक आयु के बच्चों, कक्षा–8 से अधिक उच्च कक्षा में पढ़ने वाले बच्चों एवं वयस्कों का पंजीकरण इस कैम्प में नहीं किया जायेगा। अतः ऐसे लोग कैम्प में प्रतिभाग न करें। जो बच्चें पंजीकरण तिथि पर कैम्प में आकर अपना पंजीकरण करायेंगे केवल उन्ही बच्चों को उपकरण वितरण तिथि पर उपकरण प्रदान किया जायेगा। एक आंख से कम देखने वाले बच्चों का पंजीकरण नहीं किया जायेगा। ऐसे बच्चें कैम्प में न आये जिन्हे किसी उपकरण की आवश्यकता न हों। आज इस बैठक में एआरपी मुहम्मद सलीम अशरफ, रामबीर, सुशील कुमार, विष्णु यादव, स्पेशल एजूकेटर्स प्रहलाद कुमार, अनिल कुमार, ओम प्रकाश, जितेन्द्र मौर्य, साधना मिश्रा, संकुल शिक्षक विनोद चौहान, सत्येन्द्र कुमार आदि उपस्थिति रहें।

# संक्षिप्त समाचार

### 108 एम्बुलेंस पर तैनात एमटी विष्णु शर्मा का सराहनीय कार्य

नरेन्द्र प्रताप सिंह की रिपोर्ट आज

तम्बौर(सीतापुर)– ब्लॉक बेहटा क्षेत्र के ग्राम जालिमपुर मडोर मे प्रेम नारायण की पत्नी के प्रसव पीड़ा हुई जिसके बाद परिजनों ने 108 एम्बुलेंस पर फोन किया सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची एम्बुलेंस यूपी32 BG 9364 जिसमें तैनात एमटी विष्णु शर्मा ने महिला की स्थिति गंभीर देखी एमटी द्वारा घर पर ही महिला का सुरक्षित प्रशव कराया गया जिसमें जच्चा, बच्चा दोनों स्वस्थ है।



### एक अवैध चाकू के साथ नफर अभियुक्तगिरफ्तार

नरेन्द्र प्रताप सिंह की रिपोर्ट आज

तम्बौर सीतापुर थाना तम्बौर के अंतर्गत ग्राम किठूरा मे आज एक अभियुक्त को अवैध चाकू के साथ गिरफ्तार किया गया पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराधियो के बिरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के आदेश के क्रम मे एवं अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी डा० श्री राजिव दीक्षित व क्षेत्राधिकारी बिसवा के नेतृत्व मे आज तम्बौर पुलिस टीम हे० का० वीरेन्द्र विक्रम सिंह का० अरूण कुमार पाल के द्वारा आज सुशील सिंह पुत्र दिग्विजय सिंह उम्र 38 वर्ष निवासी ग्राम किठूरा मे एक नाजायज अवैध चाकू के साथ गिरफ्तार किया गया है गिरफ्तार किए गए अभियुक्त के विरूद्ध मु० अ० सं० 253/2022 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाई की जा रही है।



### अवैध कच्ची शराब के साथ एक अभियुक्तगिरफ्तार

नरेन्द्र प्रताप सिंह की रिपोर्ट आज

तम्बौर सीतापुर थाना तम्बौर के अंतर्गत ग्राम सुमली मे 10 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया पुलिस अधीक्षक सीतापुर द्वारा वांछित वारंटी व नशामुक्त के तहत चलाए जा रहे अभियान के सम्बन्ध मे दिए गए दिशा–निर्देशो के क्रम मे अपर पुलिस अधीक्षक व क्षेत्राधिकारी बिसवा के नेतृत्व मे आज तम्बौर पुलिस टीम हे० का० बेचनराम का० शिवशंकर गुप्ता के द्वारा आज राधेश्याम पुत्र प्यारेलाल उम्र 52 वर्ष निवासी ग्राम सुमली 10 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया है अभियुक्त के विरूद्ध धारा 60 एक्स एक्ट पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।



### सीएमओ डा. मंजीत सिंह ने किया सिकंदराराऊ सीएचसी का सघन निरीक्षण

सिकंदराराऊ। सीएमओ डॉ मंजीत सिंह द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिकन्दराराऊ का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय चिकित्सालय में डा सजय सिंह, डा रचना सिंह, ओटी टेक्निशयन, स्टाफ नर्स, बीपीएम मुकुल कुमार सिंह, बीसीपीएम राम सिंह, एंव अन्य चिकित्साधिकारी कर्मचारी उपस्थित मिले।



निरीक्षण के समय चिकित्सालय की साफ–सफाई संतोषजनक नहीं पाई गई। चिकित्सालय में साफ–सफाई करवाने के निर्देश दिए गए, एंव टूटी हुई खिड़की को सही करने एवं जाली और दरवाजे को सही करने के निर्देश दिए गए। पैथौलॉजी कक्ष का निरीक्षण किया गया। जहां साफ–सफाई असंतोषजनक थी एवं रजिस्टर को सही तरह से मेन्टेन करने एवं जांच बढ़ाने के निर्देश दिए गए। आयुष्मान कक्ष का निरीक्षण किया गया। आयुष्मान मित्र से जानकारी करने पर पता चला कि इस महीने 3 मरीज भर्ती हुए हैं एवं आयुष्मान मित्र को मरीजों को जागरूक करने एवं सही उपचार और सलाह देने के निर्देश दिए गए।ओपीडी कक्ष, एआरबी कक्ष एवं पीएनसी वार्ड, लेबर रूम का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय जानकारी करने पर बताय गया कि प्रतिएक माह 170–180 डिलीवरी हो जाती हैं। डिलीवरी , एमयूए , मेडिसन रिकॉर्ड चेक किया गया। गर्भवती महिलाओं के खाते में आने वाले पैसे के बारे में जानकारी देने के लिए निर्देश दिए गए।


ओटी कक्ष का निरीक्षण किया गया। ओटी कक्ष की साफ–सफाई संतोषजनक पाई गई। ओटी तकनिशियन दीपक मौजूद मिले। सीजर डिलीवरी बढ़ाने के लिए कहा गया। ओषधि भण्डार कक्ष का निरीक्षण किया गया। स्टाक रजिस्टर, एक्सपायरी रजिस्टर देखे गए। एक्सपायरी से पूर्व दवाओं को सीएचओ द्वारा मरीजो को देने के लिए कहा गया।एक्स–रे कक्ष का निरीक्षण किया गया। एक्स–रे तकनीशियन से जानकारी करने पर बताया गया कि पिछले माह में 400 एक्स–रे किये गये। प्रतिदिन 10–15 एक्स–रे होने के बारे में बताया गया।

मूवमेंट रजिस्टर, सीएल रजिस्टर बनाने के निर्देश दिए गए और बताया गया कि अगर कोई भी चिकित्साधिकारी कर्मचारी फील्ड पर जाता है तो मूवमेंट रजिस्टर में एंट्री करके जाए।

बीपीएम मुकुल कुमार सिंह, बीसीपीएम राम सिंह, बीएएम आस्कर को आशा, संगिनी के रूके हुए धनराशि का भुगतान करने के निर्देश दिए गए। ट्रामा सेंटर का निरीक्षण किया गया। डा अनुराग व्यास उपस्थित मिले। उनसे ड्यूटी रोस्टर के बारे में जानकारी ली गई। प्लास्टर कक्ष, होम्योपैथिक का निरीक्षण किया गया।

### कावड़ियों पर चढ़ने लगा देश भक्तिका रंग

सिकंदराराऊ। शिव भक्तों पर देशभक्ति का रंग चढ़ता हुआ नजर आ रहा है। कांवर लेकर सिकंदराराऊ से गुजरने वाले कांवरियों की कावड़ें तिरंगे झंडे से सजी हुई नजर आईं। शिवभक्त जहां बम बम के जयकारे लगा रहे हैं, वही तिरंगे झंडे उनमें देशभक्ति का जज्बा पैदा कर रहे हैं। आजादी का अमृत महोत्सव होने के कारण इस बार सरकार पूरे देश में स्वतंत्रता दिवस को जोर शोर से मनाते हुए साप्ताहिक कार्यक्रम आयोजित करने जा रही है। यही कारण है कि कावड़ियों में भी देशभक्ति उफान ले रही है।



### रोडवेज चालक के पास ड्राइविंग लाइसेंस न होने तथा रान्ग साइड से निकालने पर काटा चालान

सिकंदराराऊ। स्थानीय पंत चौराहे पर चेकिंग के दौरान दरोगा ने रॉन्ग साइड से आ रही एटा डिपो की रोडवेज बस चालक को भी नहीं बख्शा। उन्होंने रॉन्ग साइड से चलाने तथा ड्राइविंग लाइसेंस न होने पर रोडवेज बस का चालान काट दिया।



कांवड़ियों की सुरक्षा को लेकर प्रशासन द्वारा सिकंदराराऊ चौराहे पर बैरिकेडिंग करके कासगंज हाथरस मार्ग को बंद कर दिया गया है। इस दौरान अलीगढ़ की ओर से आ रहे एटा डिपो के रोडवेज बस चालक ने रॉन्ग साइड से बस को निकालने का प्रयास किया तो वहां मौजूद पुरदिलनगर पुलिस चौकी प्रभारी सोनू राजौरा ने हाथ दिखाकर रोडवेज बस को रुकवा लिया और बस चालक से ड्राइविंग लाइसेंस मांगा। चालक अपना ड्राइविंग लाइसेंस नहीं दिखा सका। इसके बाद चौकी प्रभारी सोनू राजौरा ने रॉन्ग साइड से बस निकालने तथा बिना लाइसेंस के ड्राइविंग करने को लेकर एटा डिपो की बस का चालान काट दिया। यह मामला लोगों में खासा चर्चा का विषय रहा। प्राइवेट वाहनों के साथ साथ दरोगा द्वारा रोडवेज बस का भी चालान काटा गया। चालक छोड़ने के लिए मिन्नतें करता रहा।

## प्रशासन ने कासगंज और हाथरस मार्गो पर भारी वाहनों का आवागमन रोका

सिकंदराराऊ। हाथरस में 6 कांवड़ियों की मौत के बाद जहां सरकार के कड़े रुख के चलते हाथरस के पुलिस अधीक्षक का तबादला कर दिया गया है वहीं स्थानीय पुलिस प्रशासन भी रविवार आवागमन ठप करा दिया गया। इस दौरान बस चालकों एवं अन्य भारी वाहन चालकों द्वारा पुलिस को चकमा देकर बाहर निकालने का प्रयास किया गया तो पुलिस ने उनके चालान भी काटे। पुलिस



को हरकत में आ गया । हालांकि पूर्व में ही शुक्रवार से सोमवार तक हाथरस तथा कासगंज मार्गों पर भारी वाहनों का आवागमन पहले ही रोक दिया गया था ।लेकिन उच्चाधिकारियों के कड़े निर्देश के बाद रविवार को कोतवाल अशोक कुमार सिंह एवं नायब तहसीलदार अजय कुमार संतोषी दल बल के साथ पंत चौराहे पर पहुंच गए। उनके साथ पुरदिलनगर चौकी प्रभारी सोनू राजौरा एवं उप निरीक्षक प्रमोद कुमार भी कमान संभाले हुए थे और सिकंदराराऊ तथा हाथरस मार्ग पर पूरी तरह कड़ाई से नियम का पालन कराते हुए भारी वाहनों का प्रशासन द्वारा की गई कार्रवाई के चलते वाहन चालकों को खासी परेशानी भी उठानी पड़ी , जिन्हें कासगंज और हाथरस जाने के लिए रूट डाइवर्ट करके अलीगढ़ तथा एटा के रूट से भेजा गया।

प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार सिंह ने कहा है कि कावड़ियों के आवागमन को ध्यान में रखकर कासगंज तथा हाथरस मार्गों पर भारी वाहनों का आवागमन उच्चाधिकारियों के निर्देश पर पूरी तरह बंद कर दिया गया है। यदि कोई भी चालक नियमों का उल्लंघन करेगा तो उसके खिलाफ वैधानिक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## ग्राम जमुनिया में युवक के द्वारा सीएम पोर्टल पर की गई घोटाले की शिकायत की जांच करते अधिकारी

पीलीभीत–तहसील कलीनगर के ग्राम पंचायत जमुनिया खास में एक युवक के द्वारा सीएम पोर्टल पर ग्राम प्रधान व सचिव पर घोटाले का एवं ग्राम निधि के धन का बंदरबांट जैसा आरोप लगाया गया था। जिसमें इंटरलॉकिंग एवं आरसीसी रोड तथा नाली निर्माण में घटिया सामग्री जैसे तमाम आरोप लगाए गए थे। मामले को गंभीरता से लेते हुए सीडीओ धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने एक जांच बैठाई एवं जांच करने गई टीम के अधिकारियों ने गांव में पहुंचकर शिकायत करता को फोन लगाया तो उसने ना तो फोन रिसीव किया और ना ही सामने आया। अधिकारियों के द्वारा रोड नाली व स्ट्रीट लाइटें जैसे कई कार्य सही पाए गए। जांच अधिकारियों ने कई ग्रामीणों से संबंधित जानकारी भी ली एवं उनके बयान भी दर्ज किए। जांच में पता चला कि शिकायत करने वाला युवक दूसरी ब्लॉक का निकला।

जांच करने गई टीम में खंड विकास अधिकारी सर्वेश कुमार जेई सालिकराम ने मौके पर कई ग्रामीणों के बयान दर्ज किए जिसमें गांव के ही आकाश, विश्वनाथ, राम लखन ,राजेश कुमार, राजकुमार, महेंद्र, मोहित कुमार, बृजपाल सिंह, रामभरोसे, रूपलाल, राजेश रमेश





श्रीपाल मनोहर लाल आदि ग्रामीणों ने युवक के द्वारा की गई ग्राम प्रधान व सचिव की शिकायत को बेवजह बताया।

## तहसील इकाई और जिला इकाई का गठन संपन्न

देवरिया स्थानीय जिले के नगर पालिका के पंडित दीनदयाल उपाध्याय सभागार में पत्रकार एकता समन्वय समिति का जिला गठन तथा तहसील इकाई देवरिया का गठन बड़े भव्य रुप से संपन्न हुआ । कार्यक्रम में भोला यादव को पत्रकार उत्पीड़न प्रकोष्ठ के मंडल प्रभारी तथा पवन यादव को पत्रकार उत्पीड़न प्रकोष्ठ के मंडल उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया । वही शेषनाथ यादव को पत्रकार उत्पीड़न प्रकोष्ठ के जिला प्रभारी , राकेश मद्धेशिया को जिला महासचिव , मनोज यादव को सूचना प्रकोष्ठ जिला प्रभारी , हरिशंकर गुप्ता को सूचना प्रकोष्ठ के जिला महासचिव , राणा प्रताप सिंह को जिला संरक्षक , अवधेश कुशवाहा को सूचना प्रकोष्ठ





के जिला उपाध्यक्ष , सतेंद्र संगम को जिला सचिव , चंदन वर्मा को जिला मंत्री , अजय पांडे को जिला मीडिया प्रभारी , विनोद यादव को जिला उपाध्यक्ष , ज्ञानेंद्र मिश्रा को जिला उपाध्यक्ष , तारकेश्वर विश्वकर्मा को पत्रकार उत्पीड़न प्रकोष्ठ के जिला सचिव , वही तहसील इकाई के वीरेंद्र पांडे को तहसील अध्यक्ष सुनील यादव को तहसील प्रभारी , हसमुद्दीन अंसारी को मीडिया प्रभारी , राकेश श्रीवास्तव को उपाध्यक्ष , इसराफिल मंसूरी को सह मीडिया प्रभारी , शेर सिंह हुंकार को तहसील उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया ।

इसी के साथ रमन तिवारी भटनी , रितेश भारती , संतोष कुशवाहा , अमित रंजन श्रीवास्तव को जिला कमेटी में स्थान दिया गया । उक्त अवसर पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कमल पटेल , राष्ट्रीय महासचिव गोपेश कुमार , राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी लियाकत अहमद , प्रदेश प्रभारी गजेंद्र मिश्रा , प्रदेश उपाध्यक्ष सुमित अग्रवाल , जिला महासचिव रामप्रताप पांडे , जिला प्रभारी अनवर अंसारी आदि जिले के बहुत ज्यादा संख्या में पत्रकार बंधु कार्यक्रम में भाग लिये ।

## ग्रामीणों ने खंड विकास अधिकारी को दिया पत्र

पीलीभीत पूरनपुर ।सिरसा में बच्चों को मिड–डे मील की सामग्री वितरित नहीं की जा रही है ।ग्रामीणों ने जब अध्यापक से जानकारी जुटाई



तो उसने जानकारी देने से इंकार कर दिया ।इस पर दर्जनों ग्रामीणों ने खंड विकास अधिकारी को पत्र देकर जांच कराए जाने की मांग की है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव सिरसा निवासी विजय पाल प्रधान पति है ।शनिवार को वह गांव के कुछ लोगों के साथ प्राथमिक विद्यालय में गए थे ।स्कूल में तैनात प्रधानाध्यापक मोहम्मद कौसर से मिड डे मील की जानकारी ली ।इस पर प्रधानाध्यापक ने मिड डे मील की जानकारी देने से इंकार कर दिया ।जब उन्होंने स्कूल के बच्चों व रसोईयों से मिड डे मील में मिलने वाली सुविधाओं के बारे में पूछा तो बच्चों ने बताया कि स्कूल में कोई भी सामग्री नई बांटी जाती है ।जबकि स्कूल के अध्यापक मनमानी तरीके से रजिस्टर में सामग्री बांटना दर्शाया जबकि हकीकत में बच्चों को कुछ भी वितरण नहीं किया गया ।शनिवार को विद्यालय में बनाई गई सब्जी में कई कमियां पाई गई ।बच्चों को मिलने वाली सभी सामग्री को अध्यापक ने अपने रजिस्टर में चढ़ा दिया ।स्कूल के शौचालय में ताला लटका हुआ है ।इसके चलते स्कूली बच्चों को शौच के लिए बाहर जाना पड़ रहा है ।आरोप है कि बच्चों को मिलने वाली सामग्री अध्यापक डकार रहे हैं ।वितरण न कर उसका बंदरबांट



किया जा रहा है ।आरोप है कि अध्यापक अपने मनमाने तरीके से रसोइयों से खाना बनवा रहा है ।विरोध करने पर अभद्रता करने पर अध्यापक मारपीट पर उतारू हो जाता है ।गांव के विजयपाल,जसवीर सिंह,राजेंद्र,संजय,महेश,मदन सिंह,जगबीर,राम सिंह,राम प्रसाद सहित दर्जनों ग्रामीणों ने खंड विकास अधिकारी को पत्र देकर अध्यापक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

## श्रावण मास एवं आगामी त्यौहार महाशिवरात्रि के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक पीलीभीत द्वारा कानून एवं शान्ति व्यवस्था की गोष्ठी की गई

पीलीभीत। पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार पी0 की अध्यक्षता में कानून एवं शान्ति व्यवस्था की गोष्ठी पुलिस लाइन पीलीभीत में सम्पन्न की गई। बैठक में श्रावण मास एवं आगामी त्यौहार महाशिवरात्रि को सकुशल, शांतिपूर्ण सम्पन्न कराए जाने के दृष्टिगत सभी राजपत्रित अधिकारियोंध्थाना प्रभारियों को आवश्यक निर्देश दिये। द्वारा निर्देश दिया गया कि श्रद्धालुओं द्वारा जलाभिषेक करने वाले स्थानों पर पर्याप्त मात्रा में सुरक्षा व्यवस्था, बैरिकैटिंग, प्रकाश व्यवस्था, गोताखोर की उपलब्धता सुनिश्चित की जाय साथ ही शिवालयों के आस–पास सीसीटीवी, पार्किंग, बैरिकेट आदि की व्यवस्था सुनिश्चित कर ली जाये। सोशल मीडिया पर विशेष निगरानी रखी जाये, किसी भी प्रकार की धार्मिक या आपत्तिजनक पोस्ट पाये जाने पर सम्बन्धित के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी।



इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक पीलीभीत, समस्त क्षेत्राधिकारी, सीएमओ पीलीभीत, एआरटीओ पीलीभीत, समस्त थाना प्रभारी पीलीभीत सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## खेत पर पानी लगाने गये दो युवकों की इंजन फटने से मौत

पीलीभीत/बिलसंडा। थाना क्षेत्र के गांव आजमपुर बरखेड़ा में सुबह खेत पर पानी लगाने के लिए मरम्मत करने के बाद इंजन स्टार्ट करते समय इंजन फटने से 32 वर्षीय महेश और 56 वर्षीय शिव कुमार की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। इंजन के फटने की आवाज सुनकर आसपास के खेत वाले भी मौके पर पहुंच गए। हादसे की सूचना मिलते ही सैकड़ों की संख्या में लोग खेत पर पहुंच गए। हादसे की सूचना मिलने पर बिलसंडा थाना पुलिस एवं भाजपा विधायक विवेक वर्मा भी घटनास्थल पर पहुंच गए। पुलिस ने दोनों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। भाजपा विधायक विवेक वर्मा ने परिवार को आर्थिक मदद देने का आश्वासन दिया है। मृतक 32 वर्षीय महेश का 1 वर्षीय पुत्र व दो पुत्रियां हैं। महेश की मौत के बाद पुत्री हिमांशी और कशिश का रो रो कर बुरा हाल है।। तो वहीं 56 वर्षीय शिव कुमार की पत्नी मुन्नी देवी पुत्र राहुल और अभिजीत अचेत हो गए। घटना के बाद जिसे भी हादसे की सूचना मिली वह खेत की ओर दौड़ता दिखाई दिया।



## श्री नारायण धाम मनकामेश्वर मंदिर पर कावड़ियों के सेवार्थ लगाया शिविर

सिकंदराराऊ। श्री नारायण धाम मनकामेश्वर मंदिर भैकुरी मैं कावड़ियों की सेवार्थ लगाए गए से सोरों से कांवड लाने वाले राजस्थान, मध्य प्रदेश और आगरा की ओर जाने वाले सैकड़ों भक्त



शिविर में धर्म प्रेमियों द्वारा सेवा कार्य किया जा रहा है तथा कांवरियों के आराम एवं स्वल्पाहार की व्यवस्था की गई है । इस मंदिर पर ट्रस्ट के अध्यक्ष सत्यप्रकाश शर्मा के नेतृत्व में प्रतिवर्ष कावड़िया शिविर का आयोजन किया जाता है। इस मार्ग गुजरते हैं, जो मंदिर पर बनाए गए इस शिविर में विश्राम करते हैं । वहीं मनकामेश्वर मंदिर पर श्रावण मास के प्रत्येक सोमवार को शिव भक्त यहां जलाकर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करते हैं और पूजा अर्चना करते हैं।

## 31 जुलाई को कार्यकर्ता बूथों पर सुने मन की बात कार्यक्रमः अजय दूबे

दैनिक अयोध्या टाइम्स तहसील संवाददाता चंदन कुमार गुप्ता

भाटपार रानी देवरिया भाटपार रानी विधानसभा क्षेत्र बनकटा मंडल की बैठक अकटही बाजार स्थित पार्टी के कैंप कार्यालय पर मंडल अध्यक्ष सत्येंद्र पांडेय की अध्यक्षता में हुई। बैठक का शुभारंभ डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए जिला उपाध्यक्ष अजय कुमार दुबे ने कहा कि 31 जुलाई को सभी बूथों पर प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम बूथ समिति के सदस्यों के साथ सुनना है एवं कार्यक्रम के बाद बूथ



की बैठक भी करनी है। अगस्त के प्रथम सप्ताह में शक्ति केंद्रों की बैठक संपन्न होनी है इसकी योजना रचना मंडल अध्यक्ष बना ले।

उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव के दौरान प्रत्येक बूथ पर पन्ना प्रमुख बनाए गए थे उनका सत्यापन कर सूची व्यवस्थित करने की जरूरत है । श्री दुबे ने कहा कि 13 अगस्त से लेकर 15 अगस्त तक प्रत्येक घर पर तिरंगा झंडा लगाने का अभियान चलना है जिसके लिए मंडल, सेक्टर एवं बूथ स्तर पर संयोजक बनाकर उसकी सूची जिले को उपलब्ध करा दें। आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर प्रत्येक मंडल में तिरंगा यात्रा निकाला जाएगा। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने समाज के अंतिम व्यक्ति की महिला को राष्ट्रपति बनाकर देश की आधी आबादी एवं आदिवासी समाज को सम्मानित करने का काम की है। बैठक में प्रमुख रूप से रवि प्रकाश कुशवाहा, प्रमोद सिंह बघेल, विनोद सिंह बघेल, नीरज जयसवाल, जयराम शर्मा, पिंटू सिंह बघेल, राघवेंद्र मिश्र, गुड्डू गोस्वामी, रितेश तिवारी, सुरेश शर्मा, विवेक सिंह कुशवाहा, अतुल मिश्रा, मिंटू कुशवाहा उपस्थित थे।

## व्यापारियों का शोषण बंद नहीं किया तो फूड इंस्पेक्टर के खिलाफ कराई जाएगी कार्रवाई

सिकंदराराऊ। फूड इंस्पेक्टर का व्यवहार व्यापारियों के प्रति ठीक नहीं है। उन्होंने बिल्कुल ईमानदारी से कार्य करने वाले व्यापारियों को भी अपनी कार्यशैली से प्रताड़ित कर रखा है।

अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष एवं आगरा मंडल प्रभारी संजीव महाजन व नगर महामंत्री प्रवीण वार्ष्णेय डोबी भाई, संगठन मंत्री दुर्वेश पचोरी, युवा नगर अध्यक्ष विशाल वार्ष्णेय ने बताया कि आये दिन व्यापारी बंधु सिकंदराराऊ नगर पर तैनात फूड इंस्पेक्टर सुरेश कुमार चौरसिया की शिकायत कर बता रहे हैं कि खाद्य निरीक्षक ने खाद्य पदार्थ एवं वस्तुओं का व्यापार करने वाले व्यापारियों में भय का माहौल बना दिया है। आये दिन किसी न किसी की दुकान पर आकर बैठ जाते हैं और जबरदस्ती फार्म भरकर उसपर हस्ताक्षर करने के लिए बोलते हैं। जिससे व्यापारी दहशत में आ जाता है। पुरदिलनगर के एक पूर्व विभागीय रिटायर कर्मी द्वारा चौथ बसूली कराने की भी शिकायत मिल रही हैं। उक्त रिटायर कर्मी चौथ बसूली के लिए पहले से ही कस्बे में बदनाम है । व्यापार मंडल अध्यक्ष ने जिलाधिकारी से



उक्त फूड इंस्पेक्टर को कस्बे से तत्काल हटाकर किसी ईमानदार इंस्पेक्टर की तैनाती की मांग की है। साथ ही अपने सभी व्यापारी बन्धुओं से भी अपील की है कि अपना काम ईमानदारी के साथ करें और उसके बाद भी कोई विभागीय इंस्पेक्टर उनका नाजायज तरीके से उत्पीड़न करने की कोशिश करेगा तो उसके खिलाफ शासन से कार्यवाही कराई जाएगी।

## जिलाधिकारी एवं नवागंतुक पुलिस अधीक्षक द्वारा संयुक्त रूप से जनपद में श्रावण मास कांवड यात्रा के दृष्टिगत निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा एवं सम्बन्धित को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

सिकंदराराऊ। रविवार को जिलाधिकारी रमेश रंजन व नवागंतुक पुलिस अधीक्षक देवेश कुमार पाण्डेय द्वारा संयुक्त रूप से श्रावण मास व कांवड यात्रा के दृष्टिगत कैलोरा चौराहा, कासगंज बार्डर आदि स्थानों का भ्रमण व निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया । भ्रमण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी हाथरस साहित्य प्रकाश, अपर पुलिस अधीक्षक प्रकाश कुमार, उपजिलाधिकारी सिकन्द्राराऊ अंकुर वर्मा, क्षेत्राधिकारी सिकन्द्राराऊ सुरेन्द्र सिंह, सिकंदराराऊ प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार सिंह एवं थानाध्यक्ष हाथरस जंक्शन आदि अधिकारी व पर्याप्त पुलिस बल मौजूद रहे । जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा भ्रमण के दौरान कावडियों के आने–जाने वाले रास्तों पर ड्यूटी में लगे पुलिस बल की चेकिंग करते हुए उन्हें सतर्कता के साथ ड्यूटी करने तथा कावडियों को सामूहिक रूप से जत्थों में रवाना करने हेतु निर्देशित किया गया । इसी क्रम में जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा कांवडियों के ठहरने एवं सूक्ष्म जलपान हेतु बनाये गये शिविरों का निरीक्षण किया गया । इस दौरान कांवडियों से संवाद कर उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी की गई तथा कांवडियों के ठहरने एवं सूक्ष्म जलपान हेतु बने



शिविरों में प्रकाश, पानी, बैठने के लिए कुर्सी व आराम करने हेतु चारपाई, गद्दे, प्राथमिक चिकित्सा, जलपान, स्वल्पाहार, पब्लिक एड्रेस सिस्टम, साफ–सफाई, आदि की समुचित व्यवस्था हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया ।

अधिकारियों ने बताया कि श्रावण मास व कांवड यात्रा के दृष्टिगत जनपद में सुरक्षा व्यवस्था के चाक–चौबंद इंतजाम किये गए हैं, सभी थाना क्षेत्रों में पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों एवं पर्याप्त पुलिस बल की ड्यूटी लगाई गई है । जिनके द्वारा लगातार भ्रमणशील रहकर चेकिंग की जा रही है । साथ ही जनपद में जगह–जगह बैरियर लगाकर संदिग्ध व्यक्ति व वाहनों की सघनता से चेकिंग की जा रही है तथा आने–जाने वाले कावडियों का समुचित मार्गदर्शन किया जा रहा है । हाथरस पुलिस एवं प्रशासन जनपद में कांवड यात्रा के दृष्टिगत चाक चौबंद सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखने हेतु कटिबद्ध है ।

# संक्षिप्त समाचार

### ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि आशुतोष दीक्षित राजू के द्वारा तिलक चन्दन लगाकर रवाना किया गया

पीलीभीत। विकासखण्डक्षेत्रऋपूरनपुर के ग्राम पंचायत पटिहन से कावरर्थियों का बहुत बड़ा जत्था महंत श्री हरिओम वाजपेयी एवं श्री



सर्वेश वाजपेयी जी की अगुवाई में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि आशुतोष दीक्षित राजू के द्वारा तिलक चन्दन लगाकर रवाना किया गया। भगवान भोलेनाथ के भक्तों का 100 काँवरियों का जत्था फरुखाबाद के ढाईघाट से जल भरकर छोटी काशी पर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करने के लिए रवाना हुआ इस पवित्र अवसर पर साथ रहे। रामपाल सिंह , नितिन दीक्षित , नवीन सिंह, शिवकुमार, अनिल गुप्ता, क्षेत्र पंचायत सदस्य, हरिओम विश्वकर्मा, रामकृष्ण भारती के साथ साथ क्षेत्र के सभी सम्बंधित क्षेत्र पंचायत सदस्य व ग्राम प्रधान एवं भारतीय जनता पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों एवं थाना प्रभारी सेहरामऊ उत्तरी श्री कमलेश मिश्र व समस्त स्टाफ व बहुत बड़ी संख्या में माताओं के द्वारा सभी भक्तों की मंगलमय यात्रा की कामना करते हुए तिलक लगाकर रवाना किया। भगवान भोलेनाथ एवं माँ गँगा के सभी भक्तों ने जयकारे लगाते हुए रवाना हुए।

### पुलिस अधीक्षक द्वारा श्रावण मास व काँवड़ यात्रा के दृष्टिगत गौरीशंकर मंदिर व कांवड़ियों के रूट की सुरक्षा व्यवस्था का किया निरीक्षण

पीलीभीत। पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार पी० द्वारा श्रावण मास व काँवड़ यात्रा के दृष्टिगत थाना कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत गौरीशंकर मंदिर व कांवड़ियों के रूट की सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। काँवड़ यात्रा व श्रद्धालुओं द्वारा जल चढ़ाने के संबंध में गौरीशंकर मंदिर के पुजारियों से वार्ता की गयी तथा मंदिर परिसर



की व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। काँवड़ यात्रा को सकुशल संपन्न कराने हेतु प्रभारी निरीक्षक कोतवाली को रुट चार्ट, पार्किंग व्यवस्था व अन्य सुरक्षा व्यवस्थाओं के संबंध में दिशा–निर्देश दिए गए साथ ही सुरक्षा व्यवस्था में लगे पुलिसकर्मियों को सतर्कता से ड्यूटी करने के निर्देश दिये।

### श्रावण मास के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपदीय पुलिस द्वारा की गई फुट पेट्रोलिंग

पीलीभीत। पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार पी. के निर्देशन में आज



दिनांक 24.07.2022 को श्रावण मास के दृष्टिगत जनपद में कानून व्यवस्था को प्रभावी एवं सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने हेतु समस्त क्षेत्राधिकारीध्थाना प्रभारी द्वारा पुलिस बल के साथ अपने–अपने थाना क्षेत्रान्तर्गत पैदल गश्त करते हुए चौराहों, मार्केट तथा सार्वजनिक जगहों पर सघन चेकिंग अभियान चलाया गया तथा संदिग्ध व्यक्तियों/ वाहनों/वस्तुओं की गहनता से चेकिंग करते हुए आम जनता में सुरक्षा एवं विश्वास का वातावरण बनाया गया।

### प्रधानपति ने मुख्य विकास अधिकारी से की ग्राम विकास अधिकारी को हटाने की मांग

पीलीभीत । विकासखंड पूरनपुर की ग्राम पंचायत सुन्दरपुर के प्रधानपति प्रताप सिंह द्वारा ग्राम पंचायत मे तैनात ग्राम विकास अधिकारी के कारनामों से तंग आकर मुख्य विकास अधिकारी से मांग कि है की ग्राम विकास अधिकारी रत्नेश सोनकर को हटाकर किसी अन्य सचिव की तैनाती की जाये । पूर्व मे भी ग्राम प्रधान द्वारा इस प्रकरण के सम्बन्ध मे शिकायत की जा चुकी हैं जिसकी ब्लाक स्तरीय टीम ने जांच की,जब टीम जांच करने गांव पहुंची तो वहां जांच टीम के साथ आरोपी ग्राम विकास अधिकारी भी पहुंच गया और गांव वालों इक्टठा कर अपने पक्ष में ब्यान करने को लेकर ग्रामीणों पर दबाब बनाया और हस्ताक्षर करा लिये।

प्रधानपति का कहना है कि जब टीम जांच करने गांव पहुंची तो इसकी मुझे कोई भी जानकारी नहीं दी गई । गांव के प्राथमिक स्कूल में टीम पहुंची जहां पर आरोपी ग्राम विकास अधिकारी ने लोगों को पहले से ही बुलाकर बैठा लिया और अपने पक्ष में बुलवाया ।

प्रधानपति का कहना है कि वह इस जांच से बिल्कुल भी संतुष्ट नहीं है । उनका कहना है कि इस आरोपी सचिव को हटाकर किसी दूसरे सचिव की तैनाती की जाये ।

### नाबालिग लड़की को रास्ता रोककर छेड़खानी कर विडियों बनाकर वायरल करने वाले 03 आरोपियों को थाना बम्हनीडीह पुलिस ने किया गया गिरफ्तार व सम्मिलित अपचारी बालक को बाल सप्रेक्षण गृह कोरबा भेजा गया

जिला जांजगीर चाम्पा छत्तीसगढ़। दिनांक 22/07/2021 को थाना बम्हनीडीह क्षेत्र में रहने वाले प्रार्थी ने थाना बम्हनीडीह में रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 12/07/2022 को लगभग 03य04 बजे के मध्य इसकी पुत्री एवं इसकी नाबालिग भांजी खेत जा रहे थे उसी दौरान सोनाईडीह धनवारडेरा के पास के खेत जंगल में 04 लोगों द्वारा इनका पीछा कर रास्ता रोककर छेड़खानी कर अश्लील गाली गलौज कर



विडियों बनाकर वायरल करने संबंधी रिपोर्ट दर्ज कराने पर उक्त अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया प्रकरण नाबालिक बालिका से संबंधित होने एवं गंभीरता को ध्यान में रखते हुये आरोपियों के घर में रहने सूचना प्राप्त होने पर घेराबंदी कर दबिश दिया गया जहाँ आरोपी पुष्पेन्द्र चन्द्रा निवासी सोनाईडीह शिवभक्त पटेल निवासी पटेलपारा बम्हनीडीह, सजन यादव निवासी बड़गढ़ी बम्हनीडीह को गिरफ्तार कर पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर अपनी जुर्म स्वीकार करने पर आरोपियों के विरुद्ध अपराध क्रमांक 48⁄2022 धारा 341, 354, घ, 294, 509 ख, 34 भादवि 11(iv) 12 पाक्सो एक्ट पंजीबध्द कर आरोपियों को दिनांक 23/07/2022 को न्यायालय में पेश किया गया जहाँ से न्यायिक अभिरक्षा में जेल दाखिल किया गया प्रकरण में सम्मिलित 01 अपचारी बालक को बाल संप्रेक्षण गृह कोरबा भेजा गया आरोपियों को गिरफ्तार करने में निरीक्षक सुनीता नाग बंजारे, प्रधान आरक्षक भुवनेश्वर राठौर, रोहित नेताम , यशवंत वर्मा, आरक्षक लक्ष्मी नारायण कश्यप, दिनेश महंत, पुनेश्वर आदाज , इंद्रजीत कंवर, निरेश नेताम, सुरेन्द्र माकों एवं महिला आरक्षक रूबीआश्मीन का सराहनीय योगदान रहा।

## रामदास अठावले से फैसल मुमताज के नेतृत्व में मंच के प्रतिनिधि मंडल ने दिल्ली स्थित उनके सरकारी आवास पर मुलाकात की

दैनिक अयोध्या टाइम्स
रामपुर। केन्द्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्यमंत्री रामदास आठवले से मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के क्षेत्रीय सेवा प्रमुख फैसल मुमताज के नेतृत्व में मंच के प्रतिनिधिमंडल ने दिल्ली स्थित उनके सरकारी आवास पर मुलाकात की।



आगामी नगर निकाय चुनाव सहित सामाजिक एवं राजनैतिक मुद्दो पर चर्चा की। इस मौके पर केंद्रीय राज्यमंत्री रामदास आठवले ने कहा एनडीए सरकार द्वारा देश के सभी वर्गों के लोगों के उत्थान बगैर किसी भेदभाव के किया जा रहा है। जिसमें वंचित, दलित, मुस्लिम और पिछड़ों वर्ग के लोगों को बराबर की हिस्सेदारी मिल रही है। उन्होंने शीघ्र ही रामपुर आने का वायदा किया और जनसंवाद के माध्यम से लोगों तक पार्टी की नितियों एवं योजनाओ के बारे में जानकारी देने की बात कही। उन्होंने कहा कि पार्टी के कार्यकर्ताओं का दायित्व हैं कि वह आगामी नगर निकाय चुनाव में पार्टी के लिए प्रत्याशी का प्रचार प्रसार एवं आमजन को पार्टी के हित में मतदान करने के लिए प्रेरित करें। योगी–मोदी सरकार ने जनहित की सैकड़ों योजनाओं पर काम किया हैं एवं निरंतर जन सामान्य की चिंता एवं उनके विकास एवं हित की योजनाएं बनाई जा रही है। रामपुर के विकास के लिए जनता को बहुत सोच समझकर निर्णय लेना हैं। भाजपा डबल इंजन की सरकार हैं विकास के भागीदार बनें देश को मजबूत करने के भागीदार बनें। भाजपा और अल्पसंख्यकों के बीच संबंधों के बारे में बहुत गलत धारणाएं बनाई गई हैं। जिन्हें दूर किया जाना चाहिए। दलित और अल्पसंख्यक एनडीए के प्रमुख अंग हैं। दलित और अल्पसंख्यक समुदाय के नेताओं ने पार्टी के विकास और विस्तार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।
इस मौके पर मोहम्मद कय्यूम खान, फैसल मुमताज, हाजी दुलेहजान अल्वी, मुजम्मिल हुसैन, फरहत अली खान राजू आदि मौजूद थे।

## महाशिवरात्रि के पर्व पर श्रद्धालुओं एवं कांवड़ियों द्वारा पवित्र नदियों से जल लाकर शिवालयों में जलाभिषेक

दैनिक अयोध्या टाइम्स
रामपुर। श्रावण मास के द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ सोमवार तथा महाशिवरात्रि के पर्व पर श्रद्धालुओं एवं कांवड़ियों द्वारा पवित्र नदियों से जल लाकर शिवालयों में जलाभिषेक किया जाता है। रामपुर पुलिस शिवभक्तों, कांवड़ियों की सुरक्षा, सहायता के लिए तत्परता से कार्यवाही कर रही हैं। कांवड़ियों की सहायता के लिए रामपुर बाईपास जीरो प्वाइंट थाना सिविल लाइन पर बनाये गये पुलिस कन्ट्रोल रूम, सहायता शिविर पर पहुँचकर अपर पुलिस महानिदेशक बरेली जोन राजकुमार तथा पुलिस उपमहानिरीक्षक शलभ माथुर एवं पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार शुक्ला द्वारा मूलभूत सुविधाओं को चौक किया गया एवं रूट डायवर्जन व यातायात को सुगम बनाने के लिए ड्यूटी पर लगे पुलिस बल को चौक करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। इसके अलावा एडीजी राजकुमार तथा पुलिस उपमहानिरीक्षक शलभ माथुर एवं एसपी अशोक कुमार शुक्ला द्वारा श्रद्धालुओं, कांवड़ियों को सूक्ष्म जलपान कराया गया।




## आजादी के अमृत महोत्सव के रूप में 27 से 30 जुलाई तक बिजली महोत्सव एवं ऊर्जा दिवस का आयोजन

दैनिक अयोध्या टाइम्स
रामपुर। केन्द्र सरकार एवं प्रदेश सरकार द्वारा आजादी से अब तक ऊर्जा एवं नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में विकास एवं भविष्य में प्राप्त होने वाले विकास की संभावनाओं का प्रदर्शन करने के उद्देश्य से शासन द्वारा प्रदेश के समस्त जिलों में आजादी के अमृत महोत्सव के रूप में 27 से 30 जुलाई तक बिजली महोत्सव एवं ऊर्जा दिवस का आयोजन कराया जा रहा है।
एक्सईन प्रथम भीष्म कुमार तोमर ने बताया कि रामपुर में भी शासन के निर्देश पर एवं डीएम रविन्द्र कुमार मॉदड़ के नेतृत्व में आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत बिजली महोत्सव एवं ऊर्जा दिवस पर उज्जवल भारत, उज्जवल भविष्य ऊर्जा 2047 के रूप में आगामी 27 जुलाई को जिला सहकारी बैंक के सभागार एवं 28 जुलाई को विकासखंड कार्यालय चमरव्वा में कार्यक्रम का आयोजन होगा। उन्होंने बताया कि सुबह 11 से एक बजे तक सांस्कृतिक कार्यक्रम, नुक्कड़ नाटक एवं ऊर्जा क्षेत्र में भारत सरकार व राज्य सरकार द्वारा आजादी से अब तक ऊर्जा एवं नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में विकास एवं भविष्य में प्राप्त होने वाले विकास की संभावनाओं का प्रदर्शन किया जाएगा। इस दौरान आयोजित होने वाले कार्यक्रम में विभाग से संबंधित योजनाओं जैसे सौभाग्य योजना, दीनदयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना, कुसुम योजना, वन नेशन वन ग्रिड, उपभोक्ता अधिकार, सोलर रूफ टॉप आदि योजनाओं का प्रदर्शन एवं ग्राम विद्युतिकरण, विद्युत उत्पादन व ट्रांसमिशन विषयों पर आधारित फिल्म का प्रदर्शन किया जाएगा। भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित उपरोक्त योजनाओं के लाभार्थियों को सम्मानित भी किया जाएगा।
एक्सईन भीष्म कुमार तोमर ने बताया कि इस मौके पर प्रत्येक आयोजन स्थल पर लगभग दो सौ लोगों के सम्मिलित होने की व्यवस्था की जाएगी।
आयोजित होने वाले कार्यक्रम में पिछले 75 वर्षों में राज्य ऊर्जा के क्षेत्र में प्राप्त उपलब्धियों को प्रदर्शित करते हुए आगामी 25 वर्षों के लिए रोड मैप पर भी विस्तृत चर्चा की जाएगी।

## आये दिन प्राथमिक विद्यालय के गेट पर मिलती है गन्दगी

रिपोर्ट– राज पलिया फिरोजाबाद
फिरोजाबाद– सदर ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय गाजीपुर में आये दिन विद्यालय के गेट के सामने अराजक तत्वों द्वारा तम्बाकू का सेवन कर गन्धगी करते है तो कभी तास की गड्डी भी विद्यालय में मिलती है। जब विद्यालय स्टाफ गेट के समीप हो रहे तम्बाकू के दागों को देखता है तो सोचने को मजबूर हो जाता है कि यह सब करता कोन है। एक तरफ सरकार शिक्षा स्तर को बढ़ाने की बात कहती है। वही दूसरी तरफ अराजक तत्वों द्वारा शिक्षा के मंदिर को गंदा करने की तस्वीर सामने आती रहती है।



## बिजली यूनिट की दरों में की गई कटौती का अंतरराष्ट्रीय मानव अधिकार एसोसिएशन ने स्वागत किया

दैनिक अयोध्या टाइम्स
रामपुर। योगी सरकार द्वारा प्रदेश में बिजली यूनिट की दरों में की गई कटौती का अंतरराष्ट्रीय मानव अधिकार एसोसिएशन ने स्वागत किया है।
जिलाध्यक्ष मो. शुऐब खान ने कहा कि हमारा एसोसिएशन लगातार प्रदेश सरकार से समय–समय पर किसानों, अन्नदाताओं को फ्री बिजली व अन्य उपभोक्ताओं के बिजली बिलों की यूनिट दरों में कमी करने की अपील करता आ रहा था जोकि प्रदेश सरकार ने शनिवार को बिजली यूनिट की दरों में कमी का आदेश जारी कर जनहित में एक बेहतरीन फैसला लेकर यह साबित किया हैं कि प्रदेश सरकार भविष्य में भी जनहित के कार्यों को प्राथमिकता पर लेकर फैसले लेती रहेगी और आम जनमानस को लाभ पहुंचाती रहेगी। अब बिजली चोरी की घटनाओं में कमी तथा बिजली के बिल जमा करने में भी तेजी देखने को मिलेगी।



उन्होंने प्रदेशभर में अन्नदाताओं को फ्री बिजली का तोहफा देने व शहरी तथा ग्रामीण बिजली उपभोक्ताओं को 100 से 200 यूनिट बिजली प्रतिमाह फ्री करने का सराहनीय फैसला लेते हुए महंगाई से टूट रही जनता की कमर को बल देने का साहसिक आदेश जारी करने की भी मांग की है।

# पुष्पवर्षा को नहीं पहुँचा सरकारी उड़नखटोला, धरी रह गईं तैयारियां

(रिपोर्ट अहसान अली सैफी) ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली कैराना। शिवभक्त कांवड़ियों पर सरकारी हेलिकॉप्टर से पुष्पवर्षा का कार्यक्रम अचानक निरस्त होने पर धर्मप्रेमियों को मायूस होना पड़ा। सुबह से ही अधिकारी तैयारियों में जुटे हुए थे, सभी तैयारियां धरी रह गईं रविवार को शासन की ओर से स्थानीय प्रशासन को जानकारी दी गई थी कि लगभग ग्यारह बजे शिवभक्त कांवड़ियों पर पुष्पवर्षा करने के लिए सरकारी उड़नखटोला कैराना पहुंचेगा, जहाँ पब्लिक इंटर कॉलिज में स्थित कांवड़ शिविर पर पुष्पवर्षा करते हुए हरियाणा–यूपी सीमा यमुना ब्रिज तक जएगा। पुष्पवर्षा के कार्यक्रम को देखते हुए सुबह से ही प्रशासन ने युद्ध स्तर पर तैयारियां कर रखी थीं। आला अधिकारी यमुना ब्रिज पर डेरा डाले हुए थे, कहीं कोई चूक न रह जाए, इसके लिए अधीनस्थों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए जा रहे थे। मौके पर एडीएम संतोष कुमार, एएसपी ओपी सिंह, एसडीएम कैराना शिवप्रकाश यादव, सीओ कैराना बिजेंद्र सिंह भड़ाना भारी पुलिस बल के साथ मौजूद थे।पल– पल इंतजार की घड़ियां लंबी होती गई और अंत में सरकारी उड़नखटोले



से शिवभक्तों पर होने वाले पुष्पवर्षा के कार्यक्रम को निरस्त कर दिया गया,जिसके बाद अधिकारियों ने राहत की सांस ली।

# तेजरफ्तार बाइकें ई-रिक्शा से टकराई, चार घायल

(रिपोर्ट अहसान अली सैफी) ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली कैराना। तेजरफ्तार बाइकें ई–रिक्शा से टकरा गई,जिसमें तीन बाइक सवार सहित ई–रिक्शा चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायलों को सीएचसी पर भर्ती कराया। रविवार की दोपहर मुख्य पानीपत खटीमा मार्ग पर स्थित भारत मैरिज होम के निकट कट से ई–रिक्शा चालक शहर की ओर आ रहा था, इसी दौरान पानीपत की ओर से आई पल्सर बाइक संख्या यूपी 19 एम





3709 व स्प्लेंडर बाइक संख्या एचआर 10 एड़ी 4971 ई–रिक्शा से भीषण टक्कर हो गई, जिसमें बाइक सवार अफसरून निवासी दुगड्डा, परवेज, नसीम व ई–रिक्शा सवार अभिषेक निवासी गाँव जसाला गंभीर घायल हो गए। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया।

# हिन्दू जागरण मंच का एक दिवसीय तहसील अभ्यास वर्ग सम्पन्न

फिरोजाबाद– हिंदू जागरण मंच सदर तहसील द्वार एक दिवसीय तहसील अभ्यास वर्ग जमालपुर में आयोजित किया।
अभ्यास वर्ग कार्यक्रम में रंजीत सिंह ने कहा हम सभी कार्यकर्ताओ को हिंदुओ को एकत्रित करना होगा। तथा संगठन का विस्तार करते हुए रजनी कांत भूमि संरक्षण प्रमुख, महावीर को सह भूमि संरक्षण प्रमूख नियुक्त किया गया।
कार्यक्रम आयोजक जिला प्रचार प्रसार प्रमुख विनोद बघेल, सह



आयोजक ब्लॉक उपाध्यक्ष राहुल बघेल ने कार्यकर्ताओं आगामी कार्यक्रम के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष संजय सिंह, महानगर अध्यक्ष रंजीत सिंह व संचालन जिला महामंत्री सुरेंद्र बघेल ने किया।
कार्यक्रम में प्रांत स्वभल्मन भारत यादव, प्रांत सह प्रचार प्रमुख अतुल यादव, महानगर मंत्री सुनील बघेल, महानगर उपाध्यक्ष अभय सिंह, सुमित सागर, जिला उपाध्यक्ष ललित कुमार रिंकू, विनोद बघेल, सुरेंद आदि मौजूद रहे।

# माथुर वैश्य मण्डलीय परिषद के रक्तदान शिविर में हुआ 371 यूनिट रक्तदान

रिपोर्ट– राज पलिया (रिपोर्टर) फिरोजाबाद
फिरोजाबाद– अखिल भारतीय माथुर वैश्य महासभा के प्रकल्प राष्ट्रीय रक्तदान के अंतर्गत माथुर वैश्य मण्डलीय परिषद द्वारा जनपद में 14 स्थानों पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर में 371 यूनिट रक्तदान हुआ।
रविवार को शिव पैलेश चंद्रवार गेट पर आयोजित 6 वां रक्तदान शिविर का शुभारम्भ सदर विधायक मनीष असीजा ने फीता काटकर किया। शिव पेलेस में आयोजित रक्तदान शिविर में 32 रक्तदाताओं ने ब्लड डोनेट किया। वहीं समिति द्वारा सदर विधायक मनीष असीजा को





भगवान श्रीगणेश की प्रतिमा भेंट कर सम्मानित किया। संगठन के मण्डलाध्यक्ष मुकेश कुमार गाजीपुर, मण्डल मंत्री विजय कुमार टाइगर ने बताया कि आज शिविर में लगभग 371 यूनिट रक्तदान हुआ हैं। इस दौरान कन्हैया लाल गुप्ता, सत्यबीर गुप्ता, देश दीपक राजा, प्राचीर सेठ, पंकज गुप्ता, अमित गुप्ता, अमन गिन्दोलिया, ललित गुप्ता, लोकेश गुप्ता, प्रतीक गुप्ता, मंडल प्रभारी मनोज गुप्ता, सहप्रभारी सचिन गुप्ता, मुकेश गुप्ता मामा, दीपक गुप्ता कालू, शिवम गुप्ता, मनीष अलंकार, पीयूष गुप्ता, अंकित गुप्ता, श्याम गुप्ता, पवन गुप्ता, अनूप गुप्ता, अनूप गुप्ता, कुलभूषण गुप्ता, गौरव गुप्ता, निशा आशीष गुप्ता, शारदा सरजू, अतुल गुप्ता, महेन्द्र भोले, रामकुमार गुप्ता, अंशुल गुप्ता, दिनेश गुप्ता, सोनू गुप्ता, अर्चिता गुप्ता, अंकित गुप्ता, अमन प्रकाश, आशू, पारस, प्रयाग, अमित आदि मौजूद रहे।

# कारागार मंत्री ने जेल परिसर के बाहर बनी चौकी का किया उदघाटन

रिपोर्ट– राज पलिया (रिपोर्टर) फिरोजाबाद
फिराजाबाद– रविवार का जेल परिसर के बाहर बनी हुई चौकी का कारागार मंत्री धर्मवीर प्रजापति द्वारा उदघाटन गया। इस दौरान कारागार मंत्री ने जेल परिसर का निरीक्षण कर बंदियों से बात भी की। डीआईजी कारागार वीके सिंह ने शॉल उड़ाकर उनका स्वागत किया।
कारागार मंत्री धर्मवीर प्रजापति ने चौकी का उदघाटन करते हुए कहा कि इससे जेल की सुरक्षा व्यवस्था मजबूत होगी। जेल में जाकर उन्होंने महिला बंदियों से संवाद कर उनका हाल चाल जाना। बंदियों के बच्चों के लिए संचालित आंगनबाड़ी केंद्र को जाकर बच्चों



को टॉफियां बांटी और उनकी कविता सुनी। महिलाओं के लिए चल रहे सिलाई कढ़ाई केंद्र का फीता कांटकर उदघाटन किया।
उन्होंने अधिकारियों से कहा कि इनके द्वारा बनाए जा रहे थैलों को बाहर बिकवाने की व्यवस्था करें। कारागार के बहुउद्देशीय हॉल में बंदियों के साथ सीधा संबाद करते हुय बताया कि किस तरह से सरकार द्वारा जेल में सुधार के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। युवा कैदियों से बातचीत करते हुए कहा कि जब माता–पिता का हाथ बंटाने का वक्त है तो आप अपनी संगत से जेल में हैं, इसमें सुधार करें, बाहर जाकर सही मार्ग पर चलें। उन्होने कहा कि छुटपुट मामलों में बंद प्रदेश में 2800 बंदियों को सरकार ने छोड़ कर समाज की मुख्य धारा से जोड़ने का संदेश दिया है। उन्होने जेल प्रशासन को भी सख्त हिदायत देते हुए कहा कि किसी भी कैदी के साथ में कोई अमानवीय व्यवहार नहीं होना चाहिए। अगर ऐसा संज्ञान में आता है तो जेल के संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी। नगर विधायक मनीष असीजा ने सरकार द्वारा बंदियों के हित में किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। डीएम रवि रंजन ने बंदियों के सुधार के लिए चलने वाली योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान एसएसपी आशीष तिवारी, जेल अधीक्षक व जेलर आनंद उपस्थित रहे।

# कैबिनेट मंत्री ने 31 करोड़ रूपयें की लागत से स्मार्ट रोड का किया शिलान्यास

रिपोर्ट– राज पलिया (रिपोर्टर)
फिरोजाबाद– रविवार शाम को लगभग पांच बजे कैबिनेट मंत्री ने सुभाष तिराहे पर 31 करोड़ रूपयें की लागत की स्मार्ट रोड का शिलान्यास किया। इसके साथ ही मेयर व सदर विधायक ने भाजपा नेता व पार्षदों के साथ भूमि पूजन कर कार्य का शुभारंभ कराया। इस दौरान वंदे मातरम व भारत माता के जयकारे गूंजते रहे।
राज्य स्मार्ट सिटी मिशन योजना के तहत सुभाष तिराहे से स्टेशन रोड तिकोनियां तक लगभग 31 करोड रूपए की लागम से स्मार्ट रोड बनाया जाना है। इसके लिए कार्यदायी संस्था लोक निर्माण विभाग को जिम्मेदारी सौंपी गई है। पर्यटन मंत्री ठा. जयवीर सिंह का काफिला सुभाष तिराहे पर पहुंचा, तो मेयर नूतन राठौर व नगर आयुक्त घनश्याम मीणा ने बुके भेंट कर उनका स्वागत किया। पर्यटन मंत्री द्वारा स्मार्ट रोड के लिए शिलान्यास किया गया। इसके बाद मंत्रोचार के साथ मेयर, सदर विधायक ने पार्षदों व पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ हवन पूजन कर कार्य का शुभारंभ कराया।
पर्यटन मंत्री ठा. जयवीर सिंह ने कहा कि मैं उन सभी लोगों को बहुत–बहुत बधाई देता हूं जो स्मार्ट रोड बनने से लाभान्वित होने वाले हैं। मेयर, सदर विधायक, जनप्रतिनिधियों के बीच बेहतर आपसी तालमेल व सामंजस्य होने से स्मार्ट सिटी में तेजी से विकास कार्य हो रहे हैं। मेयर नूतन राठौर ने कहा कि सुभाष तिराहे से स्टेशन रोड तिकोनियां तक 1.700 किमी लंबा स्मार्ट रोड बनाया जाएगा। इस मार्ग पर बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, स्कूल, कालेज व औद्योगिक प्रतिष्ठान हैं। मुख्य मार्ग पर यातायात का अधिक दबाव के चलते अक्सर जाम की समस्या बनी रहती है। स्मार्ट रोड बनने के बाद लोगों को आवागमन में काफी सुविधा मिलेगी।
सदर विधायक मनीष असीजा ने कैबिनेट मंत्री आभार प्रकट करते हुए कहा कि स्मार्ट सिटी योजना के अंतर्गत पीडब्ल्यूडी, नगर निगम, बिजली विभाग के सहयोग से कार्य कराये जायेंगे। वहीं पुलिस प्रशासन द्वारा सुभाष बाजार, नगर निगम मार्केट का बंद कराया गया।
कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष







वृंदावन लाल गुप्ता, महानगर अध्यक्ष राकेश शंखवार, विभाग प्रचारक प्रमोद, डा.एसपी लहरी, सत्यवीर गुप्ता, सुनील शर्मा, पार्षद विजय शर्मा, मोहित अग्रवाल, सुनील मिश्रा, पूनम शर्मा, नामित पार्षद आनंद आनंद, आशीष यादव, प्रमोद राजौरिया, हरिओम वर्मा, गेंदालाल राठौर, मनोज ताऊ आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मेयर, सदर विधायक, पार्षदगण एवं भाजपा नेता रहे मौजूद।

# संक्षिप्त समाचार

## मुस्लिमों ने की कांवड़ियों पर पुष्पवर्षा

(रिपोर्ट अहसान अली सैफी) ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली कैराना। मुलिस्म समाज के लोगों ने चेयरमैन हाजी अनवर हसन के नेतृत्व में शिवभक्तों पर पुष्पवर्षा कर हिन्दू–मुस्लिम एकता की मिसाल पेश की। इस दौरान कई सभासद भी मौजूद रहे। रविवार को सरकारी उड़नखटोले से शिवभक्तों पर पुष्पवर्षा का कर्यक्रम निरस्त होने के बाद सांय के समय नगर का कांधला तिराहे पर मुस्लिम समाज के लोगों ने पालिकाध्यक्ष हाजी अनवर हसन के नेतृत्व में शिवभक्त कांवड़ियों पर पुष्पवर्षा की और धर्मनगरी हरिद्वार से पवित्र गंगाजल लेकर लौट रहे भोलों को शुद्ध शीतल जल की बोतलें वितरित कीं।सुरक्षा के दृष्टिगत कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अनिल कपरवान,इमामगेट चौकी इंचार्ज राहुल कादयान के नेतृत्व में भारी पुलिस बल तैनात रहा।इस दौरान चौधरी आम हसन,व्यापार मंडल अध्यक्ष विपुल जैन,सभासद नौशाद,सभासद राशिद उर्फ पोती,सभासद चौधरी इलियास,तब्बू माली,हाजी सलीम,हाजी मंजूर, नफीस आढ़ती,सफाई लिपिक रविन्द्र सहित अन्य समाजसेवी मौजूद रहे।



## हफ्ता वसूली न देने पर मारपीट, गल्ले से नकदी निकालने का आरोप

(रिपोर्ट अहसान अली सैफी) ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली कैराना। हफ्ता वसूली न देने पर दबंग ने हकीम के साथ मारपीट की। आरोप है कि इस दौरान गल्ले से सात हजार की नकदी भी निकाल ली गई। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर दी है रविवार को मोहल्ला अंसरियान निवासी जमाल खान पुत्र अजमल खान कोतवाली में तहरीर देते हुए बताया कि दोपहर के समय वह अपनी दुकान पर बैठा हुआ था कि इसी दौरान मोहल्ला आलकलां निवासी एक दबंग युवक अपने भतीजे के साथ दुकान पर आ पहुंचा और आते ही हफ्ता वसूली देने के लिए कहने लगा। विरोध करने पर गाली–गलौज व मारपीट की गई। इस दौरान गल्ले में रखी सात हजार की नकदी भी लूट ली गई। जाते समय दबंग जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पुलिस ने तहरीर के आधार अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

## किसानों के नलकूपों से अज्ञात चोरों ने विद्युत उपकरण चुराए

(रिपोर्ट अहसान अली सैफी) ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली कैराना। अज्ञात चोरों ने किसानों के नलकूपों पर धावा बोलकर विद्युत उपकरण चुराए। पीड़ित किसानों ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की क्षेत्र के गांव हिंगोखेड़ी निवासी रमेश पुत्र देवी सिंह व ऋषिपाल पुत्र दल सिंह श्रम के समय अपने–अपने ट्यूबवेल बन्द करके घर चले गए थे, इसी दौरान अज्ञात चोरों ने नलकूपों में सेंध लगाकर विद्युत केबिल, स्टार्टर सहित अन्य कृषि उपकरण चुरा लिए। पीड़ित किसानों को घटना के संबन्ध में किसानों को प्रातः उस समय पता चला जब वह खेतों पर पहुँचे, तो सामान बिखरा पड़ा था। पीड़ित किसानों ने बताया कि इससे पूर्व में भी अज्ञात चोरों द्वारा किसानों को नुकसान पहुंचाया जा चुका है, लेकिन आजतक पुलिस द्वारा कार्रवाई नहीँ की गई।

## अवर अभियंता पर छेड़छाड़ व मारपीट का आरोप

(रिपोर्ट अहसान अली सैफी) ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली कैराना। महिला ने अवर अभियंता पर घर में घुसकर छेड़छाड व मारपीट सहित गंभीर आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। रविवार को क्षेत्र के एक गाँव निवासी महिला ने गाँव में स्थित फीटर पर विद्युत अवर अभियंता पर घर में जबरदस्ती घुसकर छेड़छाड व मारपीट सहित गंभीर आरोप लगाते हुए कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पीड़िता महिला का आरोप है कि मैं घर में अकेली थी, इसी दौरान अवर अभियंता धीरज घर में घुस आया और आते ही अश्लील हरकतें करने लगा। आरोप है कि विरोध करने पर महिला के साथ मारपीट की गई और कार्रवाई करने पर जान से मारने की धमकी दी गई है। पीड़िता की तहरीर पर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

## सांस्कृतिक प्रतियोगिता में बच्चों ने मचाया धमाल

रिपोर्ट– राज पलिया (रिपोर्टर) फिरोजाबाद
फिरोजाबाद– साई कम्प्यूटर सेंटर द्वारा पातीराम धर्मशाला में एकल एवं समूह नृत्य प्रतियोगिता आयोजन किया गया। जिसमें छात्र–छात्राओं ने फिल्मी गीतों पर शानदार सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। जिससे देखकर दर्शकगण मंत्र मुग्ध हो गये।
रविवार को साई कम्प्यूटर सेंटर द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र–छात्राओं ने फिल्मी गीतों शानदार प्रस्तुतियां दी। बालिकाओं ने मेरा बालम थानेदार, काला चश्मा, राधा–कृष्ण, देश रंगीला, शहरी बाबू, होली आई रे, बुरी नजर बाले तेरा मुंह काला, राजस्थानी, चुनरी–चुनरी आदि गानों पर प्रस्तुतियां दी। बच्चों की प्रस्तुतियां देख सभागार में बैठे दर्शक मंत्र मुग्ध हो गये। कार्यक्रम में समाजसेविका कल्पना राजौरिया ने जज की भूमिका निर्वाहन की। इस दौरान संस्थान के डायरेक्टर राकेश गुप्ता ने सभी आगुंतकों का धन्यवाद ज्ञापित किया।





## देवखेड़ा में मिशन शक्ति अभियान के तहत बालिकाओं एवं महिलाओं को किया जागरूक

रिपोर्ट– राज पलिया फिरोजाबाद
फिरो./टूंडला– पचोखरा क्षेत्र के गांव देवखेड़ा में मिशन शक्ति अभियान चलाया गया। इसमें बालिकाओं एवं महिलाओं को महिला पुलिस कांस्टेबल द्वारा जागरूक किया गया।
रविवार को महिला मिशन शक्ति अभियान पचोखरा क्षेत्र के गांव देवखेड़ा में महिला कांस्टेबल संगीता चौहान ने ग्रामीण महिला एवं बालिकाओं को जागरूक करते हुए कहा कि कोई समस्या आने पर 112 पर डायल कर अपनी शिकायत दर्ज करा सकती हैं। वहीं मिशन शक्ति के चलते पुलिस ने देवखेड़ा गांव में भ्रमण कर जागरूक किया गया।

## पुलिस एवं प्रशासन जनपद से गुजरने वाली काँवड़ यात्रा के मद्देनजर पूरी तरह मुस्तैद-डीएम

रिपोर्ट– राज पलिया फिरोजाबाद
फिरोजाबद– जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा कावड़ियो के लिए की गई सुरक्षा व्यवस्था के सम्बन्ध में रिजर्व पुलिस लाइन में समस्त ट्रान्सपोर्टरों एवं रोड़वेज के अधिकारी कर्मचारीगणों संग गोष्ठी आयोजित की गई। जिसमें सभी वाहन संचालकों को कांवड़ रूट पर पुलिस द्वारा बताये गये दिशा–निर्देशों का पालन कर वाहनों को निर्धारित गति सीमा में चलाने हेतु दिशा– निर्देश दिये गये। गोष्ठी के दौरान द्वारा सभी प्राइवेट एवं सरकारी वाहन मालिकों को अपने–अपने वाहन चालकों एवं परिचालको से समन्वय स्थापित करते हुए अवगत कराने हेतु बताया गया कि कोई भी वाहन चालक शराब के नशे में गाड़ी न चलाये तथा यातायात के नियमों का पूर्णतः पालन करे। साथ ही अपने वाहन की स्पीड़ को निर्देशानुसार नियंत्रण में रखें तथा रात्रि में वाहन चलाते समय विशेष ध्यान रखें। सभी ट्रान्सपोर्टरों और बस संचालकों को निर्देशिक किया गया कि अच्छे प्रशिक्षिक चालको द्वारा ही निर्धारित मार्ग पर वाहन चलाये जाये। इस दौरान जनपद के एआरटीओ, एआरएम, प्राईवेट बस संचालक, ट्रान्सपोर्टर एवं पुलिस एवं प्रशासन के सम्बन्धित अधिकारी, कर्मचारीगण आदि मौजूद रहे।



दैनिक अयोध्या टाइम्स
RNI NO.: UPHIN/2015/67284



## सुश्री पूजा सिसोदिया ने अपना रक्तदेकर महिला की जान बचाई

दैनिक अयोध्या टाइम्स व्यूरो चीफ मथुरा

☒ समिति पूजा सिसोदिया को करेगी सम्मानित महिला प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती श्वेता शर्मा

मथुरा ।मथुरा मीनू सारस्वत पत्नी तोयज सारस्वत निवासी द्वारकापुरी बीएसए कॉलेज मथुरा इस महिला की अचानक तबीयत खराब होने पर परिजनों ने बीएल तिवारी बाढपुरा मथुरा में इमरजेंसी में भर्ती कराया लेकिन उनकी तबीयत और खराब हो गई। डॉक्टर वर्षा तिवारी ने आनन–फानन में बताया कि महिला में खून बहुत कमी होने के कारण अर्जेंट में ए नेगेटिव ( ।– ) खून की आवश्यकता है। परिजनों ने अपना टेस्ट करवाया तो नहीं निकला परिजनों की चिंता और बढ़ गई पूरे परिवार ने मिलकर एबी ( । – ) नेगेटिव रक्तदाता की खोज करना शुरू कर दी काफी प्रयास करने के बाद जब परिजनों को 2 दिन तक कोई डोनर नहीं मिला तो मथुरा के सभी ब्लड बैंकों के चक्कर लगाने के बाद भी किसी भी ब्लड बैंक में ए नेगेटिव ( । – ) नहीं मिला। क्योंकि यह ग्रुप रीयर ग्रुपों में से होने के कारण हजारों लोगों में से एक में मिलता है। इसकी खबर ब्रज यातायात एवं पर्यावरण जनजागरूकता समिति के प्रदेश अध्यक्ष विनोद दीक्षित को पता चली उन्होंने एक मुहिम चलाई और ए नेगेटिव (।– ) ब्लड अपनी टीम से महिला प्रकोष्ठ की युवा महानगर अध्यक्ष सुश्री पूजा सिसोदिया से मिल गया। युवा महानगर अध्यक्ष सुश्री पूजा सिसोदिया ने लाइफ केयर चौरिटेबल ब्लड बैंक मथुरा में देर रात्रि में पहुंचकर निर्देशक बृजेश



शर्मा की देखरेख में अपना रक्त देते हुए महिला की जान बचाई। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष, विनोद दीक्षित ने बताया है कि पूजा सिसोदिया ने दूसरों की जिंदगी बचाने के लिए अब तक 28 बार अपना रक्तदान कर चुकी हैं समाज के युवाओं को पूजा सिसोदिया से प्रेरणा लेनी चाहिए द्य महिला प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती श्वेता शर्मा ने कहा पूजा सिसोदिया के द्वारा सराहनीय कार्य के लिए टीम की तरफ से बधाई देने के साथ आने वाले समय में समिति पूजा सिसोदिया को करेगी सम्मानित।

## पत्रकारों को प्रशस्ति पत्र देकर दिया गया सम्मान

दैनिक अयोध्या टाइम्स

बाराबंकी। इंडियन जर्नलिस्ट एसोसिएशन की बैठक आहूत की गई जहाँ मुख्य अतिथि के तौर पर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सेराज अहमद कुरैशी का माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया गया। तत्पश्चात वहाँ उपस्थित पत्रकारों को प्रशस्ति पत्र



देकर सम्मानित किया गया। बैठक प्रदेश सचिव (अवध प्रदेश) राहुल त्रिपाठी की उपस्थिति मे जिलाध्यक्ष उबैद अंसारी की अध्यक्षता मे की गई तथा संचालन जिला महासचिव दानिश अंसारी ने किया। जहाँ मुख्य रूप से पत्रकारों की वास्तविक समस्याओं के विषय मे विस्तार से चर्चा की गई तथा भारत सरकार को 6 सूत्रीय माँगपत्र जिनमे पत्रकार आयोग के गठन हेतु, पत्रकारों को मासिक भत्ता– पेंशन दिये जाने, पत्रकार सुरक्षा कानून को लागू करने आदि संबंधित ज्ञापन भारत के प्रधानमंत्री एवं गृहमंत्री तथा सूचना एवं प्रसारण मंत्री को डाक द्वारा भेजा गया। जिसके बाद राष्टीय अध्यक्ष सेराज अहमद कुरैशी ने अपने संबोधन मे कहा की वर्तमान समय में पत्रकारिता के क्षेत्र में अनेक चुनौतियाँ उत्पन्न हो गई हैं, कहीं सच लिखने वाले पत्रकार का उत्पीणन किया जाता है तो कहीं फर्जी मुकदमे लगा दिये जाते हैं। इंडियन जर्नलिस्ट एसोशिएशन् पत्रकारों के हक की लड़ाई लड़ता रहेगा। पत्रकारों के साथ हो रहे अन्याय नही सहा जाएगा। बैठक को प्रदेश सचिव(अवध प्रदेश) राहुल त्रिपाठी एवं जिलाध्यक्ष बाराबंकी उबैद अंसारी तथा संरक्षक अतिकुर्रेहमान उस्मानी ने भी संबोधित किया। बैठक मे जिला उपाध्यक्ष आर एन शर्मा, सचिव राकेश श्रीवास्तव, मो शहीर, मीडिया प्रभारी अली चाँद, अलीम बेग, रिजवान अली, जमाल कामिल, सूफियान उलाह, हसिबउररेहमान, नजरुसलाम, अदील रेहमान, रोहित कुमार आदि उपस्थित थे।

## कोसीकला में झूलते विद्युत तार दे रहे हादसों को न्यौता

दैनिक अयोध्या टाइम्स व्यूरो चीफ मथुरा ।कोसीकलॉ। नगर में अनेकों स्थानों पर विद्युत आपूर्ति की लाइन नीची लटकी होने के कारण करंट बडा हादसा होने का खतरा बना रहता है। नगर के आसपास की बाहरी कॉलोनियों एवं निकासे क्षेत्र व घंटाघर व ईदगाह कॉलोनी के लोगों



के दर से लोगों की जान को खतरा बना हुआ है तो वहीं दूसरी और बरसात के मौसम में विद्युत तारों में करंट अर्थिंग होना एक सामान्य प्रक्रिया रहती है। ऐसे में विद्युत केबिले यदि किसी के सर को छू जाए तो किसी भी अनहोनी के होने कब है बना रहता है । नगर में विभिन्न स्थानों पर विद्युत केबिल जमीन से करीब 6 फीट तक ऊपर लटकी हुई है। आलम यह है कि बाईक व साईकिल पर सवार होकर निकलने वाले लोगों को सिर को यह केबिले छू जाती है। जिससे कोई भी ने बताया कि केबिलें कई महीनों से इसी तरह लटकी हुई है। जों कि जमीन पर खडे होकर हल्का सा हाथ ऊपर करने पर ही हाथ को छू जाती है। यहॉ साईकिल पर बैठकर निकलने वाले बच्चे हादसों का शिकार होने से कई बार बचे है। उन्होने बताया कि विभागीय अधिकारियों से शिकायत करने के बाद भी समस्या का समाधन नही हो पाया है।

उन्होने विद्युत विभाग के अधिकारियों से शीघ्र ही केबिलों को ऊँचा कराने की मांग की है।

## पत्रकार महासभा के जिलाध्यक्ष ने जिला सचिव पत्रकार शिव शंकर को किया सम्मानित

दैनिक अयोध्या टाइम्स

बाराबंकी। पत्रकार महासभा के जिलाध्यक्ष सूरजपाल राजवंशी ने पत्रकार महासभा के कार्यालय में पत्रकारों को आमंत्रित कर पत्रकारों को एकजुट हो कर रहने व समाज में हो रहे भ्रष्टाचार के खिलाफ मिलकर आवाज उठाने की बात कही उन्होंने कहा समाज में जो दबे कुचले गरीब है जिनकी आवाज शासन प्रशासन तक नहीं पहुंचती दबंगों द्वारा दबा दी जाती है हमारा उद्देश्य उनकी आवाज को उठाना है और उन्हें न्याय दिलाना है और आए दिन पत्रकारों के साथ कोई ना कोई घटनाएं होती रहती हैं इनको रोकने व पत्रकारों के प्रति हो रहे अत्याचार को रोकने के लिए हमें एकजुट



होकर रहना चाहिए और हमें एक अच्छा समाज बनाना है वही नए पत्रकारों को संगठन में जुड़ने के लिए प्रेरित किया साथ ही जिला सचिव शिव शंकर को अपने कर कमलों द्वारा डायरी देकर सम्मानित किया।

## मथुरा में बंदरों के आतंक से छुटकारा पाने को हनुमान चालीसा पाठ शुरू कर दिया गया है

दैनिक अयोध्या टाइम्स व्यूरो चीफ मथुरा। वृंदावन में बंदरों के आतंक से परेशान ब्रजवासियों ने शासन–प्रशासन द्वारा सहायता न मिलने पर हनुमान चालीसा का पाठ शुरू कर दिया है।

उन्होंने कई बार शासन–प्रशासन से बंदरों से मुक्ति दिलाने की मांग की लेकिन अभी तक उन्हें समस्या से निजात नहीं मिली. बंदर कहीं भी किसी पर भी हमला कर उन्हें काटकर चोटिल कर देते हैं. इतना ही नहीं बंदर कीमती सामान भी ले जाते हैं. वहीं, अब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कथन के अनुसार वृंदावन में रहने वाले लोगों ने बंदरों से मुक्ति पाने के लिए प्रत्येक मंगलवार और शनिवार को हनुमान चालीसा का पाठ शुरू कर दिया है.

हनुमान चालीसा का पाठ करते ब्रजवासी.

वृंदावन में बंदरों के आतंक से बचने के लिए ब्रजवासियों ने प्रत्येक शनिवार व मंगलवार को हनुमान चालीसा का पाठ करने का निर्णय लिया है. उनका कहना है कि सीएम



योगी ने कहा था कि बंदरों के आतंक से मुक्ति चाहिए तो हनुमान चालीसा का पाठ करो. इस वजह से उनके कथन के अनुसार यह निर्णय लिया है।

ब्रजवासियों की ओर से इस अभियान की शुरुआत शनिवार को चौतन्य विहार क्षेत्र से की गई, जिसमें नगर के नगर के विभिन्न सामाजिक, धार्मिक, राजनीतिक व व्यापारिक संगठनों के पदाधिकारियों द्वारा सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया गया।

उनका कहना था कि वृंदावन में बंदरों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है, लेकिन शासन–प्रशासन इस समस्या के समाधान का कोई ठोस कदम नहीं उठा रहा है।

ब्रजवासी तीर्थ पुरोहित पंडा सभा के अध्यक्ष श्यामसुंदर गौतम ने बताया कि वृंदावन नगर के सभी संभ्रांत नागरिक और कई संगठनों के पदाधिकारी एक मंच पर एकत्रित हुए. सभी ने वृंदावन में बंदरों की समस्या से निजात पाने के लिए सीएम योगी जी के कथन अनुसार संकल्प लिया कि जब तक बंदरों से मुक्ति नहीं मिल जाती, तब तक वृंदावन का हर नागरिक जगह–जगह चौराहे–चौराहे पर मंदिरों पर भवनों पर, घरों पर, मकानों पर, प्रत्येक शनिवार और मंगलवार को हनुमान चालीसा का पाठ करेगा।


ब्राह्मण सेवा संघ के संरक्षक चंद्र लाल शर्मा ने बताया कि हनुमान चालीसा के पाठ को करने के बाद भी यदि बंदरों के आतंक से मुक्ति नहीं मिलती है तो फिर एक बड़ा आंदोलन करना पड़ेगा और जनता को एक साथ लेकर के धरना प्रदर्शन आमरण अनशन करेंगे. शासन–प्रशासन की आंखें खोलने के लिए जितने भी हम आंदोलन कर सकते हैं हम सब करेंगे।

## ब्राह्मण कल्याण बोर्ड के गठन की मांग: जुगेंद्र भारद्वाज

दैनिक अयोध्या टाइम्स व्यूरो चीफ मथुरा

☒ 3 अगस्त को वृंदावन में मनाया जाएगा आजादी का 75 वा स्वाधीनता दिवस

वृंदावन । दावानल कुंड स्थित उड़िया बाबा आश्रम में राष्ट्रीय ब्रह्म कीर्ति रक्षक दल की एक बैठक राष्ट्रीय संयोजक बिहारीलाल वशिष्ठ की अध्यक्षता में हुईस जिसमें निर्णय लिया गया कि 3 अगस्त को वृंदावन में 75 वा स्वाधीनता दिवस बड़ी धूमधाम से संस्था द्वारा एवं अन्य सभी संस्थाओं के सहयोग से मनाया जाने का निश्चय हुआ है , आश्रम के प्रबंधक एवं वृंदावन नगर अध्यक्ष कुलदीप दुबे ने कहा केंद्र व प्रदेश सरकार ने ब्रज चौरासी कोस के विकास के





लिए अनेकों योजनाएं तीर्थ यात्रियों एवं दर्शनार्थियों के लिए बनाई गई हैं उनको शीघ्रता से प्रारंभ कर दिया जाए ।

राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित जुगेंद्र भारद्वाज ने बताया कि ब्रह्म कीर्ति रक्षक दल द्वारा आगामी सितंबर के माह में एक विशाल अधिवेशन आयोजित करेगा जिसमें राष्ट्रीय सुरक्षा संस्कार संस्कृति आदि विषयों को लेकर प्रत्येक मानव में जनजागृति पैदा करने का प्रयास करेगा । बृजवासी जगद्गुरु श्री कृष्ण कन्हैया पदरेणु ने कहा कि उक्त संस्था द्वारा 28 जुलाई को ब्रह्मा जी की नगरी पुष्कर राजस्थान में एक विशाल अधिवेशन होने जा रहा है जोकि ब्राह्मण कल्याण बोर्ड के निर्माण हेतु सभी प्रांतों के मुख्यमंत्रियों से अपील करेगा कि जिस प्रकार राजस्थान और कर्नाटक में ब्राह्मण कल्याण बोर्ड का गठन हुआ है उसी प्रकार से सभी प्रांतों में होना चाहिए इस अवसर पर उत्तर प्रदेश उपाध्यक्ष वीरपाल मिश्रा , बृजवासी जगद्गुरु आनंद कृष्ण जी महाराज , ईश्वर चंद रावत हरिदास , रामस्वरूप जोशी गोपाल चतुर्वेदी, मिथिलेश त्रिपाठी , जितेंद्र मिश्रा संतोष हरियाल , सचिन पाठक, सुंदरम पांडे , आदि अनेकों लोग उपस्थित थे ।

## शगुन किट ने परिवार नियोजन की राह की आसान शादी के बाद मिला आशा की ओर से शगुन किट का तोहफा

दैनिक अयोध्या टाइम्स व्यूरो चीफ

☒ परिवार नियोजन शादी के ठीक बाद या उससे पहले ही शुरू हो जाना चहिये

☒ पत्नी के साथ मिलकर बनाई दो साल बाद बच्चे को जन्म देने की योजना

मथुरा ।बेहतर योजना बनाकर काम करने से जीवन आसान हो जाता है। आज कल के युवा भी अपने जीवन को योजनाबद्ध तरीके से आगे बढ़ा रहे हैं। रोजगार प्राप्त करने के बाद शादी करना और परिवार को नियोजित करते हुए एक तय अंतराल के बाद बच्चे को जन्म देना। इसमें नव दंपत्तियों के लिए शगुन किट राह आसान कर रही है।


जनपद के दौलतपुर 24 वर्षीय निवासी नरेश की जून माह में ही शादी हुई है। उन्होंने पहले से तय कर लिया था कि वे शादी के कम से कम दो साल बाद पहले बच्चे की योजना बनाएंगे। इसके लिए उन्होंने शादी से पहले ही अपनी पत्नी व परिवार से राय मशविरा कर लिया था। जब उनकी शादी हुई तो क्षेत्रीय आशा सीमा देवी ने नव दंपत्ति को शगुन किट का तोहफा दिया। इससे नरेश और उनकी पत्नी मनु की राह आसान हो गई। अब वे शगुन किट में उपलब्ध परिवार नियोजन की सहायता से खुशहाल जीवन व्यतीत कर रहे हैं।

अन्य लोगों की परेशानी देख आया समझ

लाभार्थी नरेश ने बताया कि मैं बेलदारी (मजदूरी) का काम करता हूं। मैं ज्यादा पढ़ा लिखा नहीं हूं लेकिन आशा के द्वारा परिवार नियोजन की जानकारी दी गई।मैंने स्वयं देखा है। अपने आसपास शादी के 1 वर्ष में ही बच्चे का जन्म हो जाता है इसलिए महिला को



परेशानियों का सामना करना पड़ता है। मेरे पड़ोस में गर्भवती को बहुत परेशानी का सामना करना पड़ा। मां और बच्चे की बहुत मुश्किल से जान बची। उस दिन मैंने तय कर लिया था कि मैं अपनी पत्नी को ऐसी परेशानी नहीं होने दूंगा। शादी के बाद अपनी पत्नी को पूरा समय दूंगा। दो वर्ष बाद ही पहले बच्चे की योजना बनाएंगे। इसलिए मैंने शगुन किट उपहार को स्वीकार किया और परिवार नियोजन के साधन को इस्तेमाल करना शुरू किया। मेरे इस निर्णय में मेरे पूरे परिवार का सहयोग रहा। मैं और मेरी पत्नी दोनों ही बहुत खुश हैं। परिवार नियोजन के प्रति पति और पत्नी की जिम्मेदारी बराबर होती है। मैं परिवार नियोजन में अपनी भागीदारी करके अपनी जिम्मेदारी को पूरा कर रहा हूं।



इसी तरह सेहत गांव की निवासी सरोज और उनके पति भी शगुन किट के माध्यम से खुशहाल जीवन व्यतीत कर पा रहे हैं। क्षेत्र की आशा शालिनी द्वारा शगुन किट दी गई।

मुख्य चिकित्सा अधिकार डॉ. अजय कुमार वर्मा ने बताया कि विवाह के बाद बहू के ससुराल में कदम रखते ही आशा कार्यकर्ता स्वास्थ्य विभाग की ओर से शुभ शगुन के रूप में नई पहल किट का तोहफा देती हैं। इसका उद्देश्य नवविवाहित दम्पति को पारिवारिक और वैवाहिक जीवन के दायित्वों के लिए तैयार करना है ताकि वह अपना आगे का जीवन बिना संकोच और झिझक के खुशहाल, सुरक्षित और सुंदर बना सकें। शगुन किट में परिवार नियोजन के अस्थाई साधन कंडोम व गर्भ निरोधक गोलियों को शामिल किया गया है। सेहत के साथ ही आर्थिक बेहतरी के लिए जरूरी है कि बच्चे की योजना शादी के दो साल बाद ही बनाएं और दो बच्चों के जन्म में कम से कम तीन साल का अंतर जरूर रखें।

परिवार नियोजन के नोडल अधिकारी डॉ. चित्रेश निर्मल ने बताया कि जनपद में वित्तीय वर्ष 2021–22 में पांच हजार से अधिक शगुन किट ( नई पहल ) का वितरण किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि परिवार नियोजन शादी के ठीक बाद या उससे पहले ही शुरू हो जाना चहिए।

सीएमओ ने बताया कि शगुन किट 12 से 13 इंच के चौकोर लाल रंग के साथ प्राकृतिक जूट के रंग में बना एक बॉक्स है, इसे स्वास्थ्य विभाग की ओर से नवदंपति को भेंट किया जाता है। बॉक्स में "नया उपहार शगुन बेमिसाल, नई जोड़ी परिवार खुशहाल" का स्लोगन भी लिखा होता है। "किट में एक शीशा, कंघी, कुछ रुमाल और तौलिये के साथ ही सामान्य भाषा में गर्भनिरोधक से जुड़े सवाल–जवाब भी होते हैं।" उन्होंने कहा –आशा कार्यकर्ता शगुन किट नवविवाहिता को देती हैं। ऐसे जोड़े जो पढ़–लिख नहीं सकते, उन्हें आशा कार्यकर्ता उनके घर जाकर पूरी जानकारी बातचीत के जरिये उपलब्ध कराती हैं ।

शगुन किट को जानिये

शगुन किट में स्वास्थ्य विभाग की तरफ से एक पत्र भी होता है, जिसमें परिवार नियोजन के फायदों के बारे में लिखा होता है। इस पत्र का उद्देश्य नवविवाहित दम्पति को जनसंख्या नियंत्रण के लिए सचेत करने के साथ दो बच्चों तक ही परिवार को सीमित रखने के लिए प्रोत्साहित करना है। किट में पति और पत्नी के लिए आपातकाल में प्रयोग की जाने वाली गर्भनिरोधक गोलियां, सामान्य गर्भनिरोधक गोलियां और कंडोम होते हैं ।" किट में स्वास्थ्य और सफाई के लिए जरूरी कुछ सामान भी होता है।

## घुटने बचाने को साइकिलिंग करेंया पैदल चलें : डा. भट्टाचार्य

दैनिक अयोध्या टाइम्स व्यूरो चीफ मथुरा

☒ डॉ. सुजॉय भट्टाचार्य को सम्मानित करते एनयूजेआई के राष्ट्रीय सचिव व ब्रज प्रेस क्लब अध्यक्ष डॉ. कमलकांत उपमन्यु एडवोकेट व अन्य।

☒ 15,000 से अधिक घुटनों के किए सफल ऑपरेशन।

☒ डॉ सुजॉय ने आधा दर्जन विश्व रिकॉर्ड बनाए।

मथुरा। घुटने एवं जोड़ों के विश्व प्रसिद्ध स्पेशलिस्ट डॉ. भट्टाचार्य ने कहा के देश में ही नहीं विश्व भर में घुटने एवं जोड़ों की समस्या घर–घर फैलती जा रही है इसे बचने के लिए लोगों को या तो साइकिलिंग करनी चाहिए या पैदल चलना चाहिए तभी हम जोड़ों को बचा सकते हैं और लंबा जीवन जी सकते हैं

विश्व में पहली बार सक्रिय ज्वाइंट रिप्लेसमेंट रोबोट का उपयोग कर घुटने का प्रत्यारोपण करने वाले डॉ. सुजॉय भट्टाचार्य ने कहा कि ब्रजवासियों की सेवा करना उनका प्रथम कर्तव्य है। मैं जहां भी रहता हूं बृजवासी कोई बता दे उसके लिए पहले सेवाएं देने का प्रयास करता हूं।

डॉ. भट्टाचार्य आज यहां ब्रज प्रेस क्लब पर पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे। इस अवसर पर एनयूजेआई के राष्ट्रीय सचिव एवं ब्रज प्रेस क्लब के अध्यक्ष डॉ. कमलकांत उपमन्यु एडवोकेट एवं पूर्व ब्लाक प्रमुख एवं रालोद के राष्ट्रीय नेता कु नरेंद्र सिंह ने उनका स्मृति चिन्ह देकर व उत्तरी ओढ़ाकर स्वागत किया।




इस अवसर पर डॉ भट्टाचार्य ने पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा कि ब्रज के संत महंत एवं ब्रजवासियों के घुटने की समस्याओं का समाधान के लिए वह तत्पर हैं और जहां भी हैं बृजवासी उनसे मिलकर समस्या का समाधान करा सकता है। डॉ. सुजॉय भट्टाचार्य एक भारतीय नागरिक संयुक्त प्रतिस्थापन सर्जन व निदेशक के रूप में रोबोटिक संयुक्त प्रतिस्थापन सर्वोदय अस्पताल फरीदाबाद हरियाणा में सेवाएं दे रहे हैं। उन्होंने मध्य प्रदेश के गजरा राजा मेडिकल कॉलेज ग्वालियर से पोस्ट ग्रेजुएशन एमएस (ऑथोपडिक्स) में पूरा कर दुनिया के सर्वश्रेष्ठ केंद्रों से संयुक्त प्रतिस्थापन सर्जरी की तकनीकों में विशेषता प्राप्त की है। इनको कई विश्व रिकॉर्ड जैसे वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्डस यूके, इंटरनेशनल बुक ऑफ रिकॉर्ड, ऑनलाइन विश्व रिकॉर्ड एवं मेडिकल रोबोट कंपनी क्यूरेक्शो कोरिया मिल चुके हैं। इनके द्वारा 21 जनवरी 2022 प्रातः 8 दुनिया की पहली क्रूसिएट रिटेनिंग टोटल नी रिप्लेसमेंट सर्जरी जो की पूरी तरह से सक्रिय रोबोट क्यूविस जॉइंट के साथ थी। इस अवसर पर बार के पूर्व अध्यक्ष संतोष शर्मा एडवोकेट, पूर्व सचिव भानु प्रताप सिंह एडवोकेट, स्पेशल डीजीसी पोक्सो कोर्ट अलका उपमन्यु एडवोकेट, सेल टैक्स अधिकारी चंद्रपाल सिंह पोनिया, विवेक प्रिय आर्य, राम रतन चौधरी गोविंद भारद्वाज, गिर्राज सिंह, रामप्रसाद सिंह, रिशु पोनियाँ, हेमलता चौधरी, गोपाल सिंह जग्गा, गौरव एडवोकेट, आदि मौजूद रहे।

# संक्षिप्त समाचार

### सड़क दुर्घटना में होमगार्ड सहित एक युवक हुआ घायल

दैनिक अयोध्या टाइम्स/बाराबंकी। मसौली गोंडा – बहराईच राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित बड़ागांव क्रासिंग पर अज्ञात बुलेरो की चपेट में आने से अलग अलग बाईक पर सवार होमगार्ड सहित एक युवक गम्भीर रूप से घायल हो गये जिन्हें एम्बुलेंस से जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जिसमें घायल युवक



को ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर किया गया है।थाना क्षेत्र के ग्राम डेडवा निवासी होमगार्ड शिवकुमार पुत्र बलदेव प्रसाद रविवार की दोपहर थाने से मसौली चौराहे की ओर अपनी बाईक नम्बर यूपी 41 बीए 7590 से जा रहा था वही सामने तभी बाराबंकी से रामनगर की ओर जा रही अज्ञात बुलेरो ने टक्कर मार दी दुर्घटना के बाद तेज रफ्तार में भाग रही बुलेरो ने सामने से आ रही बाईक नम्बर यूपी 41 एएक्स 8987 को जोरदार टक्कर मार दी जिससे बाईक सवार अमरेश पुत्र शिवकुमार निवासी कादिरपुर थाना जहांगीराबाद गम्भीर रुप से घायल हो गये सूचना पर पहुँची पुलिस ने दोनों घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया जिसमे अमरेश की हालात नाजुक होने पर ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर किया गया है।

### हल्की सी बारिश में ही प्राथमिक विद्यालय में हुआ जलभराव

दैनिक अयोध्या टाइम्स/बाराबंकी। रामनगर जहां प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ ने सख्त हिदायत देते हुए अपने संबंधित अधिकारी व कर्मचारी को निर्देशित कर चुके हैं कि, वारिस में कहीं पर भी जलभराव नहीं होना चाहिए। जल निकासी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, चाहे ग्राम पंचायत, नगर निकाय, वार्ड, तथा मुहल्ला जलजमाव नहीं होना चाहिए। वहीं



पहली हल्की सी बारिश में तहसील क्षेत्र रामनगर के ग्राम रामपुर महासिंह में प्राथमिक विद्यालय में जलजमाव हो गया है। उसी से कुछ दूरी पर नथनापुर प्राथमिक विद्यालय में जलजमाव हो गया है, जिसकी अभी तक कोई निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं की गई। इस प्रकार प्रदेश के मुखिया का आदेश चलता है ग्राम प्रधान से लेकर अधिकारी तक खानापूर्ति कर रहे हैं किसी का कार्य धरातल पर दिखाई नहीं दे रहा है, अगर इसी तरह लापरवाही चलती रही तो असाध्य बीमारी फैलने में कोई देरी नहीं है।जानकारी करने पर ग्राम प्रधान ने बताया कि हमने वीडियो, ए डी ओ पंचायत, सिक्रेटरी सबसे बात की है, उन्होंने कहा इसका कोई पैसा नहीं आता। जाने दो, जो पहले प्रधान थे उन्होंने कुछ नहीं कराया आप से क्या वास्ता। क्यों उसके पीछे पड़े हुए हैं, बहुत पत्रकार लिखा करते हैं।

### नवीन सब्जी मंडी में मोहर्रम कमेटी के पदाधिकारियों ने की बैठक

दैनिक अयोध्या टाइम्स ।बाराबंकी। नवीन सब्जी मंडी में मोहर्रम कमेटी अहले सुन्नत की मीटिंग हुई जिसमें कमेटी के अध्यक्ष ताज बाबा राईन ने मोहर्रम के जुलूसो को शांतिपूर्ण ढंग से सकुशल संपन्न कराए जाने के संबंध में लोगों से अपील की आने वाले मोहर्रम के सभी जुलूस मे लोग कुर्ता पैजामा व सर पर टोपी तथा मोहर्रम के सभी



कार्यक्रमों में सादगी और भाई चारे के साथ शामिल होकर कार्यक्रम सकुशल संपन्न कराने पर जोर दिया इस मौके पर महामंत्री मोहम्मद आसिफ एडवोकेट,संगठन मंत्री शुऐब राईन,वरिष्ठ उपाध्यक्ष हाजी उसामा अंसारी,कोषाध्यक्ष सलमान उर्फ सल्लू,मंत्री शकील सलमानी,हफीज सलमानी,रकीब सलमानी,नुरुल हुदा अंसारी,हारून राईन,सेठी चौधरी, प्रदेश मीडिया प्रभारी डॉ बिलाल साहब आदि लोग उपस्थित रहे।

### किसान नेताओं ने किया वृक्षारोपण

दैनिक अयोध्या टाइम्स ।बाराबंकी।भारतीय किसान यूनियन (राधे) के जिलाध्यक्ष शुऐब राईन ने यूनियन के पदाधिकारियों सहित पीरबटावन स्थित बाल्दा रोड पहुंच कर कई जगहों पर तमाम पौधे लगाए जिलाध्यक्ष शुऐब राईन ने कहा हम सभी लोग संकल्प लें हमें अधिक से



अधिक पेड़ लगाना चाहिए जिससे हम सभी को शुद्ध हवा तथा शुद्ध वातावरण मिल सके। इस अवसर पर यूनियन के जिला मीडिया प्रभारी सुहैल अहमद अंसारी, युवा जिलाध्यक्ष आफताब अंसारी, जिला प्रभारी सेठी चौधरी, जिला उपाध्यक्ष रफीक सलमानी, भुल्लू चौधरी,महमूद आलम,सैफ राईन,शकील राईन,कमरुद्दीन राईन,इरशाद रईस,इकराम , प्रदेश मीडिया प्रभारी डॉ बिलाल साहब आदि सैकड़ों की तादात में लोगों ने पौधे लगाने का संकल्प लिया।



लखनऊ में भारतीय टेलीकॉम इम्पलाइज यूनियन द्वारा आयोजित भारतीय मजदूर संघ के 68 वें स्थापना दिवस समारोह के कार्यक्रम में



जनपद प्रयागराज में भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महान क्रांतिकारी अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद जी की जयंती पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की।

दैनिक अयोध्या टाइम्स
RNI NO.: UPHIN/2015/67284



# नलकूप की रखवाली करने गए युवक की हत्या

दैनिक अयोध्या टाइम्स अजय मौर्या ब्यूरो चीफ अयोध्या। जनपद के तारून थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बाहरपुर मजरे पीठापुर में शनिवार की रात नलकूप की रखवाली करने गए 40 वर्षीय युवक की हत्या कर दी गई, घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस युवक के जीवित होने की आशंका जाहिर करते हुए उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तारुन ले आई। अस्पताल में मौजूद चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के पिता की तहरीर पर भाई भतीजे व दो अन्य सहित पांच गया। रविवार की सुबह जब वह काफी देर तक घर नहीं आया तो मृतक के पिता देवनारायण अपने नाती शिवांश के साथ ट्यूबवेल पर गए तो वहां का नजारा देख दंग रह गए। शिवांश यह नजारा देखकर चिल्लाता हुआ घर की तरफ भागा। घटना की सूचना तत्काल पुलिस को दी गई। मृतक के एक पुत्र व दो पुत्री हैं। मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक के जीवित होने की आशंका व्यक्त करते हुए तारुन सीएचसी ले गई। अस्पताल में मौजूद डॉक्टर महिपाल ने युवक को मृत घोषित कर दिया।



के खिलाफ हत्या का केस दर्ज किया गया है। घटनास्थल का वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत वर्मा, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अतुल सोनकर सहित अन्य अधिकारियों ने निरीक्षण किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार बाहरपुर मजरे पीठापुर निवासी 40 वर्षीय अरुण कुमार तिवारी उर्फ बब्लू पुत्र देवनरायन तिवारी शनिवार की रात परिजनों के साथ खाना खाने के बाद गांव के पूर्व स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय पीठापुर के निकट अपनी निजी नलकूप की रखवाली करने चला घटना की जानकारी होने पर क्षेत्राधिकारी बीकापुर प्रमोद कुमार यादव अस्पताल पहुंचे। एसएसपी प्रशांत वर्मा सहित फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया।

थानाध्यक्ष आशीष कुमार राय ने बताया कि मृतक के पिता देव नारयण की तहरीर पर देव नाथ तिवारी पुत्र राम बचन, देवनाथ का बेटा राहुल और अनुरुद्ध, मगरू निषाद पुत्र राम लोचन, विनोद निषाद पुत्र मगरू के खिलाफ केस दर्ज कर जांच की जा रही है।

# अवैध कटान प्रकरण में ठेकेदार ब्लैक लिस्टेड, सिक्योरिटी जप्त

मिल्कीपुर,अयोध्या। कृषि विश्वविद्यालय परिसर में बिना मूल्यांकन कराए गए 70 कुंटल लकड़ी नीलामी की आड़ में ठेकेदार द्वारा विश्वविद्यालय के संपत्ति अधिकारी की मिलीभगत से अवैध कटान करते हुए दो दर्जन प्रतिबंधित पेड़ों को काट कर धराशाई किए जाने के मामले में आरोपी ठेकेदार के विरुद्ध मुकदमा कायम कराए जाने के बाद अब ठेकेदार द्वारा जमा की गई सिक्योरिटी राशि जप्त कर उसे ब्लैक लिस्टेड घोषित करते हुए विश्वविद्यालय परिसर में आवागमन पर रोक लगा दी गई है। बताते चलें कि 1 सप्ताह पूर्व विश्वविद्यालय परिसर स्थित सागौन और शीशम के दो दर्जन पेड़ों को 70 कुंटल जलौनी लकड़ी नीलामी की आड़ में काट कर धराशाई कर दिया था। विश्वविद्यालय के कुलपति ने 4 सदस्यों की एक जांच कमेटी गठित कर दी थी। यही नहीं अवैध कटान में संलिप्त संपत्ति अधिकारी को भी जांच कमेटी में नामित कर दिया गया था जिसको लेकर कुलपति की कार्यशैली पर ही सवालिया निशान लग गया था। हालांकि जांच कमेटी ने मामले में प्रथम दृष्टया ठेकेदार ओमप्रकाश तिवारी को दोषी माना है और उसके द्वारा जमा की गई नीलामी जमानत राशि जब्त तक किए जाने, विश्वविद्यालय में उसके घुसने पर प्रतिबंध लगाए जाने सहित उसे विश्वविद्यालय के नीलामी प्रक्रिया में ब्लैक लिस्टेड घोषित किए जाने की विस्तृत रिपोर्ट कुलपति को प्रेषित कर दी है। विश्वविद्यालय की सुरक्षा अधिकारी आरके सिंह ने बताया कि उक्त अवैध कटान के अलावा भी अपने अपने तरीके से बिना वन विभाग से मूल्यांकन कराए विश्वविद्यालय परिसर स्थित तीन कृषि फार्म पर तीन विशालकाय आम एवं महुवे के पेड़ काट कर गिरा दिए गए हैं। उसकी भी जांच की जा रही है।

# प्रतिभाशाली छात्रों को सम्मानित करेगा राष्ट्रीय व्यापार मंडल

दैनिक अयोध्या टाइम्स अजय मौर्या ब्यूरो चीफ अयोध्या। राष्ट्रीय व्यापार मंडल की बैठक मंडल कार्यालय कौशलपुरी कॉलोनी में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष सुनील कृष्ण गौतम तथा संचालन जिला अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव ने किया।

बैठक में निर्णय लिया गया की आगामी 31 जुलाई को व्यापार मंडल से जुड़े पदाधिकारियों के उन बच्चों का सम्मान किया जाएगा जिन्होंने हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षाओं में 85 प्रतिशत से ऊपर के अंक प्राप्त किए हैं। उक्त जानकारी देते हुए मंडल अध्यक्ष सुनील कृष्ण गौतम ने बताया सम्मान समारोह रामपुर भगन के राहुल शिक्षा निकेतन विद्यालय में किया जाएगा। यह सम्मान समारोह व्यापार मंडल के राष्ट्रीय संयोजक सुधीर कांत शर्मा के जन्मदिन के उपलक्ष में किया जा रहा है। सम्मान समारोह में राष्ट्रीय व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष योगेंद्र सिंह तथा महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष डॉ प्रियंका मौर्या मुख्य अतिथि के रुप में सम्मिलित होगी। बैठक में ही जिला अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव ने अमावा निवासी द्वारिकाधीश पांडे को व्यापार मंडल के युवा प्रकोष्ठ का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया। बैठक में प्रमुख रूप से प्रदेश उपाध्यक्ष विनोद मिश्रा प्रदेश सचिव दिनेश मिश्रा शिव भोला सिंह दीपक पांडे चंद्रजीत यादव विजय कसौधन रामलाल मालिकराम अंबुज सोनी श्री चंद्र पाठक महेश मिश्रा विशाल दुबे बबलू यादव सुमित पांडे मुशीर आदि सम्मिलित रहे।

# राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल के विचार धाराओं से प्रेरित होकर वर्तमान प्रधान ने थामा अपना दल एस का दामन

संवाददाता अयोध्या टाइम्स
विधानसभा औराई के अपना दल पूर्व जिलाध्यक्ष लालचंद बिंद जी के अध्यक्षता में ग्राम सभा सरई राजपूतानी में जन चौपाल के माध्यम सदस्यता चलाया गया जिसमें अपना दल के जिलाध्यक्ष सुनील सिंह पटेल जी के हाथों से ग्राम प्रधान केसधर बिंद जी ने अपने पचास समर्थकों के साथ अपना दल एस का दामन थामा उन्होंने पार्टी का दामन थामते हुए कहा कि पार्टी का जो भी दिशा निर्देश मिलेगा उसे बहुत ईमानदारी से पूरा करेंगे एवं पार्टी को और ऊंचाई तक ले जाने का प्रयास करेंगे जिलाध्यक्ष ने कहा



अब ये कारवां रुकने वाला नहीं है जो सपना देखे थे डॉक्टर सोनेलाल पटेल जी उसको हम सबकी नेता अनुप्रिया पटेल जी द्वारा पूरा होते दिख रहा है कार्यक्रम में उपस्थित रहे जयप्रकाश पटेल, सरस सिंह, संजय पटेल, लाल चंद ,रमाकांत, ओम चंद संजय पटेल, मंसूरी वकील, अंसार आलम, धनराज मीणा, राजेंद्र कुमार बिंद सुरेश कुमार रमाकांत ,गणेश ,शिव शंकर ,महेंद्र प्रताप ,सुरेश कुमार ,राजेंद्र कुमार, संतोष प्रजापति आदि लोग उपस्थित रहे।

# राम मंदिर निर्माण को देखने पहुचे विश्व हिंदू परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष

दैनिक अयोध्या टाइम्स अजय मौर्या ब्यूरो चीफ अयोध्या। संवैधानिक प्रक्रिया से राम जन्मभूमि को पाया है उसी तरह आगे भी संवैधानिक क्रिया से ही विहिप आगे हर लड़ाई को लड़ेगी। यह दावा विश्व हिंदू परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष आरएन सिंह ने किया है। विश्व हिंदू परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष आरएन सिंह पहली बार रामलला का दर्शन करने अयोध्या पहुंचे। लगभग ती घंटे से अधिक समय राम जन्मभूमि परिसर में बिताया और इस दौरान धार्मिक आयोजन किये। तो वही जिस राम मंदिर के लिए 70 सालों तक विश्व हिंदू परिषद ने लड़ाइयां लड़ी उस स्थल पर बन रहे भव्य मंदिर निर्माण कार्य को भी देखा। इस दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष आरएन सिंह ने कहा कि मंदिर का निर्माण समय सीमा के अंदर प्लान के हिसाब से चल रहा है पत्थर आने में जो दिक्कत हो रही है उसके चलते जो दिक्कत हो रही हो लेकिन भगवान राम जी की कृपा से सब अच्छा चल रहा है। वहीं लुलु मॉल और प्रयागराज गोरखपुर में नमाज पढ़े जाने को लेकर आरएन सिंह ने कहा कि हिंदू संविधान के हिसाब से चलता है और दूसरे पक्ष के लोग बाधा खड़ी करना चाहते हैं संवैधानिक सर्वश्रेष्ठ को ठीक किया जाना हम लोगों का काम है विश्व हिंदू परिषद देश के संविधान पर विश्वास करता है और इस मामले को संवैधानिक तरीके से ही हल कराने की कोशिश करेगा आरएन सिंह ने कहा कि हमने कानूनी लड़ाई लड़ करके राम जन्म भूमि को पाया है उसी तरह से जो भी अड़चनें हैं वह संवैधानिक तरह से ही हल कर लेंगे यह मेरा विश्वास है। वहीं नमाज के विरोध में हनुमान चालीसा पढ़े जाने को लेकर विहिप अध्यक्ष ने कहा कि वर्ग विशेष के



लोगों ने नमाज पढ़कर के माहौल खराब करने की कोशिश की। तो हम लोगों ने भी जैसे को तैसा की तकनीकी पर हनुमान चालीसा पढ़ना शुरू किए लेकिन हमें लगता है कि सामाजिक सद्भाव को बिगाड़ने से अच्छा है। ऐसा माहौल बनाये कि समाज शांति से रहे। विहिप अध्यक्ष ने कहा कि राम जन्म भूमि की बाधाएं समाप्त हुई आज मंदिर बन रहा है सत्य पराजित नहीं हो सकता है काशी और मथुरा पर बोलते हुए कहा कि न्यायालय के आदेश पर आगे की रूपरेखा तय की जाएगी न्यायालय की प्रक्रिया में दखल नहीं देंगे उस में सहयोग करेंगे वही फैसले पर डेरी पर बोलते हुए कहा कि अगर आवश्यकता होगी तो आंदोलन भी किया जाएगा उससे हम पीछे नहीं हटेंगे।

# सरयू नदी का जलस्तर बढ़ने से जमीनों में कटान जारी, प्रशासन बेखबर



दैनिक अयोध्या टाइम्स पवन कुमार संवाददाता अयोध्या। अयोध्या जिले के रुदौली तहसील के कई गांव में कटान जारी है। सरयू का जलस्तर बढ़ने से कैथी, मांझा महंगू का पुरवा गांव की जमीनों में कटाव होने से ग्रामीणों में दहशत फैली हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि हर साल की तरह इस बार भी जमीन नदी में समा जाएगी। लेकिन प्रदेश सरकार इस मामले को लेकर कोई ठोस कदम नहीं उठा रही हैं। बाढ़ आने पर प्रशासन की नींद खुलती है। लेकिन वक्त रहते प्रशासन जरूरी इंतजार नहीं करता। नदी में कटान से किसानों की कृषि योग्य हजारों बीघा जमीन घाघरा नदी में समा जाएगी। सुरक्षा के इंतजाम नहीं किए गए हैं मीडिया से बात करते हुए ग्रामीण महिला ने बताया कि यहां पर किसी प्रकार का कोई इंतजाम नहीं है ना कुछ व्यवस्था की गई है है सरयू का जलस्तर बीती रात 4:00 बजे से जलस्तर बढ़ता जा रहा है सुरक्षा के कोई इंतजाम नहीं है आज तक कोई अधिकारी नहीं आया न ही कोई जांच आई। कटान जारी है लगातार सरयू नदी का जलस्तर बढ़ता जा रहा है। फसल भी नष्ट हो रही हैं। अधिकारियों की पूरी तरह से लापरवाही नजर आ रही है। यहां पर तीन चार गांव के लोगो का कहना है कि महंगू का पुरवा, बरई, मांझा, कैथी, सलाहपुर इन सभी 4 5 गांव में कटान बहुत तेजी से जारी है। ग्राम पस्ता बरई माफी में कैंप कार्यालय है यहां पर कर्मचारियों अधिकारीयो की नियुक्त की गई है। कि यहां पर सरयू का जलस्तर बढ़ता है तो इसकी सूचना जिला प्रशासन को दी जाती है। मीडिया से बात करते हुए ग्रामीण राकेश सिंह का कहना है कि साफ तौर से देखने को मिल रहा है कि यहां कार्यालय पर ताला लटकता मिलता है।

कोई अधिकारी मौजूद नही हैं। ना ही कोई इंतजाम किया गया है ना कोई नाव है सुरक्षा का कोई इंतजाम नहीं है। सरयू का जलस्तर लगातार बढ़ता जा रहा है। अभी तक कोई भी अधिकारी कर्मचारी यहां देखने नहीं आया है। साफ तौर से प्रशासन की घोर लापरवाही देखने को मिल रही है।

# कांवड़ियों की सुरक्षा में ड्रोन कैमरा लेकर सवेदनशील इलाके में उत्तरा पुलिस प्रशासन

अयोध्या टाइम्स संवाददाता
फरीदपुर। कांवड़ियों की सुरक्षा में कोई चूक ना हो जाए जिससे प्रदेश के मुखिया के कोप का शिकार ना होना पड़े इसी के तहत उप जिलाधिकारी क्षेत्राधिकारी कोतवाल भारी फोर्स के साथ संवेदनशील इलाके में ड्रोन कैमरा लेकर उतरे और कांवरियों के गुजरने वाले रास्ते पर छतों की निगरानी की क्योंकि सावन के दूसरे सोमवार को प्रशासन की अग्निपरीक्षा होगी और प्रशासन को पूरे 100 में से 100 अंक लेने हैं! शासन की पहल और जिले के आला अधिकारियों के निर्देशन में उप जिलाधिकारी अजय कुमार उपाध्याय क्षेत्राधिकारी गौरव सिंह कोतवाल राजेश कुमार फोर्स के साथ नगर के संवेदनशील इलाके मोहल्ला मिर्धान मैं ड्रोन कैमरा उड़ा कर छतों की निगरानी की कैमरे के माध्यम छतों पर पड़े ईट पत्थर भी चिन्हित किए जिन्हें हटवाने के लिए मकान मालिकों को चेतावनी दी गई है क्योंकि सावन के दूसरे सोमवार को नगर के अलावा देहात के कांवरियों का भगवाधारी सैलाब सड़कों पर नाचते गाते भोले के जयकारे लगाते दिखाई देगा जिसके लिए पुलिस व प्रशासन ने चप्पे–चप्पे पर फोर्स तैनात की है भारी फोर्स को देखकर खुराफातियों के पैर उखड़ गए हैं इस दौरान कस्बा इंचार्ज राजकुमार, नवीन कुमार ,संजीव त्यागी ,मनोज कुमार ,सुरेंद्र शर्मा, राजकुमार सिंह के अलावा अर्ध सैनिक बल भी तैनात रहा!

इलाके के शिव मंदिरों पर होगा जलाभिषेक फोर्स रहेगी अलर्ट इ भोले के भक्तों का सैलाब हरिद्वार कछला रामगंगा से जल लेकर शिव मंदिरों पर जलाभिषेक करने को बुखारा रोड से होकर गुजरेगा सर्वप्रथम बुखारा रोड स्थित गोपाला सिद्ध बाबा मंदिर लाइनपार मठिया का नौ देवी मंदिर पांडवों द्वारा स्थापित पहलऊं शिव मंदिर पचौमी का पंचेश्वर नाथ मंदिर शिव भक्तों के निशाने पर होगा जहां मंदिर कमेटी ने भी कांवरियों के जलपान और भोजन की भरपूर तैयारी की है





वही कांवरियों के गुजरने वाले मार्गों पर समाजसेवी और नगर पालिका प्रशासन भी टेंट लगाकर जलपान की व्यवस्था को आतुर है!

# फतेहगंज पूर्वी में थम नहीं रहा फंदे पर लटकने का सिलसिला, पुलिस को पंखे पर लटका एक और सब मिला



अयोध्या टाइम्स संवाददाता
फतेहगंज पूर्वी। क्षेत्र में फंदे पर लटकने का सिलसिला लगातार जारी है लोग ताबड़तोड़ अपनी जिंदगी से मुंह फेर रहे हैं। शनिवार को 24 दिन पुराना कंकाल पॉपुलर के पेड़ पर लटका हुआ पुलिस को मिला था पुलिस उसे अभी भूल नहीं पाई है तब तक रविवार को भी एक युवक अपने घर में पंखे से लटक तक मौत के घाट उतर गया उसकी मौत से मासूम बच्चों के सिर से उठा बाप का साया घर में मचा कोहराम सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम भेजा।

फतेहगंज पूर्वी इलाके के गांव बिलपुर निवासी अरुण कुमार उर्फ पिंटू पुत्र शिवचरण उम्र लगभग 35 बर्ष घर पर किसी के ना होने का फायदा उठाकर फांसी के फंदे पर लटक गया। बताया गया कि रविवार को सभी लोग बाहर गए थे, घर में उसके सिर्फ तीन छोटे बच्चे थे।जिन्हें उसने डांट कर खेत पर भगा दिया।जिसके बाद दुपट्टे के सहारे से पंखे पर लटक गया। अरुण की पत्नी की मौत के करीब 3 साल पहले ही हो गई थी।तभी से बह बेहद परेशान रहता था। बड़ी बेटी दादी के साथ बाहर गई हुई थी, तीन अन्य छोटे बच्चे घर में मौजूद थे।

जिन्हें उसने खेत पर गायों को देखने के लिए भेज दिया। सुबह 11 बजे के समय जब घर वाले घर पर पहुंचे तो उन्होंने देखा कि उनका कलेजे का टुकड़ा फांसी के फंदे पर लटका हुआ है उसकी मौत की खबर इलाके में चिंगारी बनकर फैल गई तो लोगों का जमावड़ा लग गया।

आनन–फानन में वहां मौजूद लोगों ने पुलिस को सूचना दी सूचना पर पहुंची पुलिस ने दुपट्टे के सारे पंखे



के कुंडे से लटक रहे फंदे से शव को उतार कर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।बताया जा रहा है कि खेत में अच्छी फसल ना होने के कारण मृतक दिन रात परेशान रहता था। जिस कारण ही उसने ऐसा कदम उठाया।

# मिशन शक्ति अभियान के तहत भदोही पुलिस द्वारा प्रतिदिन चलाया जा रहा महिला जागरूकता व सशक्तिकरण अभियान

जनपद में समस्त थानों की महिला पुलिसकर्मियों व एन्टीरोमियो टीम द्वारा मंदिर, कोचिंग सेंटर, बाजारों, प्रमुख मार्गो आदि पर की जा रही चेकिंग महिला सशक्तिकरण के दृष्टिगत महिलाओं/बलिकाओं को किया जा रहा जागरूक

शासन द्वारा बालिकाओं महिलाओं की सुरक्षा व जागरूकता एवं सशक्त बनाने के लिए चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में डॉ0 अनिल कुमार, पुलिस अधीक्षक भदोही के निर्देशन में महिलाओं/बालिकाओं की सुरक्षार्थ जनपद में गठित एण्टी रोमियो स्क्वाड द्वारा प्रतिदिन स्कूल/कालेज/कोचिंग संस्थानों/मंदिर/भीड़–भाड़ वाले स्थानों पर गश्त कर बालिकाओं महिलाओं से वार्ता कर महिला सुरक्षा के सम्बन्ध में जागरूक एवं चेकिंग अभियान चालाया जा रहा है। उक्त निर्देश के क्रम में नारी सुरक्षा व नारी सम्मान हेतु चलाये जा रहे मिशन–शक्ति अभियान के अन्तर्गत जनपद के समस्त थानों मे गठित एण्टी रोमियो स्क्वाड टीम द्वारा स्कूल/कालेज कोचिंग/संस्थानों/मंदिर/भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर चेकिंग की गई तथा बालिकाओं/महिलाओं से वार्ता कर महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के बारे में जागरूक किया गया तथा उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं/छात्राओं को यूपी पुलिस द्वारा चलाई जा रही सुरक्षा संबंधित सेवाएं जैसे– वुमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102, एम्बुलेंस सेवा 108 एवं अपने अपने सीयूजी नम्बर के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरुक किया। एण्टी रोमियो टीम द्वारा बालिकाओं को बताया गया कि कभी भी आवश्यकता पड़ने पर सम्बन्धित



थानाध्एण्टी रोमियों टीम व उ0प्र0 पुलिस द्वारा संचालित महिलाओं/बालिकाओं /छात्राओं हेतु चलाये जा रहे नम्बरों पर बेझिझक कॉल करना चाहिए। महिलाओं एवं बालिकाओं से वार्ता कर उनके अन्दर आत्मविश्वास को बढाया गया एवं महिला अधिकारों के सम्बन्ध में अवगत कराया गया। साथ ही सभी बालिकाओंध्महिलाओं को बताया गया कि सभी थानो में महिलाओ की सुरक्षाध्सहायता हेतु महिला हेल्पडेस्क बनाया गया है, जहां पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण कराया जायेगा। सभी बालिकाओं /महिलाओं को हेल्पलाइन नम्बरों का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करनेधशिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया। साथ ही एंटी रोमियो स्क्वाड द्वारा आसपास बेवजह घूम रहे युवकों /शोहदों से पूछताछ कर चेतावनी दी गयी तथा नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही की गयी।

# संक्षिप्त समाचार

## कांवड यात्रा और मोहर्रम को लेकर बीकापुर कोतवाली परिसर में की गई बैठक

दैनिक अयोध्या टाइम्स अमित सिंह संवाददाता बीकापुर अयोध्या। कांवड़ यात्रा और मोहर्रम को लेकर रविवार को थाना परिसर में पुलिस द्वारा शांति समिति की बैठक की गई। धर्म गुरुओं और संभ्रांत लोगों को बुलाया गया। नायब तहसीलदार गरिमा वर्मा व क्षेत्राधिकारी पुलिस प्रमोद कुमार यादव ने कहा कि सावन माह में कांवड़ यात्रा प्रारंभ हो चुकी है और मोहर्रम का त्योहार नजदीक है। कांवड़ यात्रा और ताजियों के जुलूस के दौरान कोई वाद विवाद की स्थिति न बने



इसलिए ऐसा कोई काम नहीं करें, जिससे दूसरे संप्रदाय के लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंचे। इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक सुमित कुमार श्रीवास्तव, एस एस आई राघवेंद्र यादव, उप निरीक्षकों में शशिकांत पटेल, दिवाकर, के अलावा क्षेत्र के जनप्रतिनिधि/गणमान्य में आबाद अहमद खां, अशोक गुप्ता, मो०नफीस, राकेश यादव, पूर्व प्रधान राजेश कुमार वर्मा, मनोज जयसवाल, ऋषिकेश तिवारी, अमित दुबे, रिंकू गौड ,रंजीत सिंह, अरुण निषाद, संजय यादव ,प्रह्लाद, मनोज मिश्रा, महमूद अहमद,अहमद रजा आदि मौजूद थे।

## इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की हुई बैठक

अयोध्या। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की एक बैठक नवीन मंडी रोड स्थित जगत हॉस्पिटल के बेसमेंट में रविर संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता डॉ हरिओम यादव ने की। बैठक को संबोधित आईएमए के



सचिव डॉ आशीष श्रीवास्तव ने करते हुए कहा की गर्भवती महिला की मौत के मामले में ब्लू बेली नर्सिंग होम देवकाली कि डॉक्टर शालिनी चौहान के खिलाफ 156 3 के तहत एफआईआर दर्ज करने का आदेश कोर्ट ने दिया है जिसकी हम लोग घोर निंदा करते हैं डॉ शालिनी चौहान के कानूनी लड़ाई लड़ने ने इंडियन मेडिकल एसोसिएशन सहयोग करेगा। डॉ श्रीवास्तव ने कहा कि अगर इसी तरह से चिकित्सकों पर एफआईआर होती रही तो गंभीर मरीजों का इलाज हो पाना मुश्किल हो जाएगा। बैठक में डॉ. सईदा रिजवी, डॉ रजनीश वर्मा, डॉ. मंजूषा पांडे, डॉ. उमेश चौधरी, डा. जयंती चौधरी, डा. सुमित्रा वर्मा, डा. सुनीता सिंह, डा. मुकेश गौतम, डा. प्रवीण मौर्य आदि लोगों ने एफआईआर की घोर निंदा की है।

## फतेहगंज पूर्वी के आशीर्वाद गुप्ता का सपना एमबीबीएस डॉक्टर बनकर समाज सेवा करना है

अयोध्या टाइम्स संवाददाता फतेहगंज पूर्वी। नगर के मोहल्ला साहूकारा में रहने वाले आशीर्वाद गुप्ता ने इंटरमीडिएट सीबीएसई बोर्ड की परीक्षा में 85.5 प्रतिशत नंबर साइंस साइड से प्राप्त करके नगर और अपने माता–पिता का नाम रोशन किया है! आशीर्वाद गुप्ता व्यापारी और पत्रकार पवन गुप्ता के बेटे हैं उनकी माता विनीता गुप्ता नगर में मध्यम वर्गीय परिवार से ताल्लुक रखकर साधारण ग्रहणी हैं उनकी इस सफलता पर नगर के गणमान्य नागरिकों ने उन्हें हार्दिक बधाई देकर शुभकामनाएं दी हैं और उनके



उज्जवल भविष्य की कामना की है आशीर्वाद गुप्ता ने बताया कि उनकी सफलता के पीछे उनकी मां और उनकी चाची नेहा गुप्ता का हाथ है उन्हें आगे चलकर एमबीबीएस करने के बाद डॉक्टर बनकर समाज की सेवा करने का लक्ष्य है आशीर्वाद के छोटे भाई आशुतोष गुप्ता ने भी उन्हें मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दी इस अवसर पर आकाश अग्रवाल, पंकज अग्रवाल, राजेंद्र गुप्ता ,अरुण गुप्ता समेत कई लोग मौजूद रहे!

## आजादी का अमृत महोत्सव के तहत हर घर तिरंगा अभियान को लेकर बैठक आयोजित

सगड़ी,आजमगढ़। सगड़ी तहसील क्षेत्र के जीयनपुर में स्थित प्राचीन शिव मंदिर पर आजादी का अमृत महोत्सव के तहत हर घर तिरंगा अभियान को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता और नेता मौजूद रहे। इस अवसर पर



भाजपा जिलाध्यक्ष ध्रुव कुमार सिंह ने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है, आजादी के 75 वर्ष का अवसर देश की वर्तमान युवा पीढ़ी को अमृत की तरह प्राप्त हो रहा है। आजादी का अमृत महोत्सव 15 अगस्त 2023 तक चलेगा। आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर हमारी पार्टी हर घर तिरंगा अभियान 9 अगस्त (क्रांति दिवस) से 15 अगस्त (स्वतंत्रता दिवस) तक मनाएगी। आजादी के अमृत महोत्सव पर भाजपा उत्तर प्रदेश के तीन करोड़ घरों पर तिरंगा झंडा लगायेगी। जिसमें एक करोड़ घरों पर भाजपा कार्यकर्ता स्वयं एवं समाज के सहयोग से झंडा और ध्वज हेतु डंडा लेकर घरों पर ध्वज लगाने का कार्य करेंगे। वही भाजपा नेत्री व पूर्व विधायक सगड़ी बन्दना सिंह ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में हम सब आजादी के अमृत महोत्सव के तहत अपने अपने घरों में तिरंगा लहराएंगे और सबको राष्ट्रीयता की भावना से जोड़ने का प्रयास करेंगे। उन्होंने इस अभियान में जुड़ने की आम जनता से अपील भी की है। इस दौरान मौके पर जिलामंत्री ना गेन्द्र पटेल, अरविन्द जायसवाल, जनक यादव, चन्द्रशेखर सिंह , जयप्रकाश सिंह, विजय कुमार पटेल, घनश्याम सिंह पटेल, प्रेमभूषण,सहजानंद, प्रवीण कुमार सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## आईआईबीएम इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में सावन महोत्सव का आयोजन

प्रयागराज ब्यूरो बृजेश केसरवानी दैनिक अयोध्या टाइम्स प्रयागराज। सावन के पावन पर्व पर आई आई बी एम इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल एन एच 27 मेन रीवा रोड सरंगापुर प्रयागराज में झूले सजा कर धूमधाम से सावन का पर्व मनाया गया सावन के पावन पर्व पर स्कूल में 51 से अधिक पेड़ को लगाकर संकल्प पूरा किया इस अवसर पर स्कूल की प्रिंसिपल ने कहां की यह सावन का पर्व एक पावन पर्व होता है इस पावन पर्व पर हमारे स्कूल में सभी छात्रों ने पौधे रोपड़ कर प्रकृति को बचाए रखने का संदेश दिया सावन का महत्त्व क्या होता है या स्कूल की प्रिंसिपल द्वारा छात्र छात्राओं को बताया गया।

इस अवसर पर स्कूल के प्रबंधक ताहिर अंसारी ने बताया कि स्कूल में बालिकाओं के लिए स्पेशल कराटे की ट्रेनिंग भी करवाई जा रही है जिससे बालिकाएं किसी भी मनचले को मुंह तोड़ जवाब दे सके और विषम परिस्थितियों में अपनी सुरक्षा कर सकें प्रशिक्षक अतुल सोनकर मौजूद रहे।

# संक्षिप्त समाचार

**शहर के मंदिरों पर पर्याप्त सुरक्षा रहेगी, कांवरियों और भक्तों को कोई समस्या नहीं होने दी जाएगी : सीओ सिटी**

मनोज शर्मा ब्यूरो चीफ मैनपुरी। मैनपुरी में सावन माह के दूसरे सोमवार की तैयारियों को लेकर सीओ सिटी ने कोतवाली में सभी चौकी प्रभारियों के साथ बैठक की। इस




दौरान उन्होंने सभी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कहा कि शहर के मंदिरों पर पर्याप्त सुरक्षा रहेगी। कांवरियों और भक्तों को कोई समस्या नहीं होने दी जाएगी। रविवार को सीओ सिटी विजयपाल सिंह ने कोतवाली क्षेत्र की सभी चौकी के प्रभारियों के साथ बैठक की। कहा कि सावन माह के दृष्टिगत सावधानी बरतने, रूट डायवर्जन का पालन करने, पार्किंग संबंधी व्यवस्थाएं दुरस्त रखने तथा पुलिसकर्मियों से ईमानदारी पूर्वक ड्यूटी करने के निर्देश दिए। शहर कोतवाल विक्रम सिंह ने आरक्षी, मुख्य आरक्षी, उपनिरीक्षक तथा सभी होमगार्ड को भी निष्ठापूर्वक व ईमानदारी से ड्यूटी करने की अपील करते हुए कहा कि शहर में आने वाले कांवड़ियों के सुगम व सुलभ दर्शन के लिए यातायात व्यवस्था दुरस्त रखी जाए, श्रद्धालुओं के साथ शिष्टाचार व्यवहार किया जाए। इस मौके पर इंस्पेक्टर अपराध अरविंद कुमार, उपनिरीक्षक जैकब फर्नांडीज, अमित सिंह, विपिन तोमर, राजनरायण सिंह, अरुण कुमार, हरी सिंह, रवि कुमार, अतिवीर सिंह, आदित्य खोखर, श्रीकृष्ण सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# खेरागढ़ के रामानुजन स्कूल में बच्चों ने पेरेंट्स दिवस धूमधाम से मनाया

• धरती पर भगवान का रुप होते हैं माता–पिता

दैनिक सवेरा टाइम्स संवाददाता धर्मेंद्र पचौरी खेरागढ़। थाना खेरागढ़ के अंतर्गत रामानुजन विद्यालय में स्कूल के छात्र छात्राओं ने अपने अपने माता पिता हूं एवं गुरुओं का ध्यान करते हुए पेरैंट्स दिवस मनाया एक बच्चे के लिए सबसे बड़ा आशीर्वाद उसके माता पिता होते हैं। ऐसे बच्चे स्वंय को भाग्यशाली महसूस करते हैं जिनके माता– पिता का आशीर्वाद हमेशा उनके साथ होता है । एक पिता की अच्छाई पहाड से ऊंची होती है और मां की ममता समुद्र से भी गहरी होती है। कहते हैं कि भगवान हमेशा अपने भक्तों के साथ नहीं रह सकते इसलिए उन्होंने धरती पर माता पिता को भेजा है, जो अपने बच्चों के लिए सब कुछ करने के लिए तैयार रहते हैं। बच्चों के लिए माता पिता बेहद खास होते हैं और उनके प्रति इसी प्यार और सम्मान को जताने के लिए हर साल जुलाई माह के चौथे रविवार को नेशनल पैरेंट्स डे मनाया जाता है, जो कि इस वर्ष 24 जुलाई को मनाया गया । इसी क्रम में रामानुजन इण्टरनेशनल स्कूल में नेशनल पैरेंट्स डे को बड़ी धूमधाम से मनाया गया । जिसमें छात्र छात्राओं ने अपने माता पिता के लिए अपने शब्दों व गीतों के माध्यम से सम्मान और आभार व्यक्त किया, कि आज वे जो कुछ भी हैं वे अपने माता पिता की वजह से है । और हम हमेशा अपने माता– पिता का सम्मान करेगें और उनकी प्रतिष्ठा बढ़ाने का काम करेगें ऐसा संकल्प लिया। बच्चों ने विद्यालय के संगीत टीचर सूरजकांत शर्मा के निर्देशन में अपने माता पिता के सम्मान में गीत प्रस्तुत किये। कई छात्र छात्राओं ने पेण्टिंग और पोस्टर्स के माध्यम से अपने माता पिता के लिए सम्मान प्रकट किया । इस



अवसर पर विद्यालय प्रबन्धक इं. गौरव जिन्दल, प्रधानाचार्य डा. मोहिनी जिन्दल, उप प्रधानाचार्य लवली अग्रवाल, एक्टिविटी इन्चार्ज अमित सोलंकी, अध्यापक रश्मि चाहर, सुमित बंसल, जूली चाहर, अंजना वर्मा, प्रगति जैन, स्वाति दुबे, सुनिधी चौधरी, प्रियंका भारती, तुषार बंसल, अरविन्द, गोविन्द बंसल आदि उपस्थित रहे ।

# एक यूनिट रक्तदान, बचाएगा तीन लोगों की जान

• अखिल भारतीय माथुर वैस्य महासभा केन्द्रीय युवादल व माथुर वैश्य मंडलीय परिषद आगरा मंडल द्वारा आठ स्थानों पर आयोजित किया गया रक्तदान शिविर में कुल 526 यूनिट रक्तदान हुआ

दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो आगरा। एक यूनिट रक्तदान तन लोगों की जान बचा सकता है। तीन माह के न्तराल पर रक्तदान से हृदय तो स्वस्थ रहता है साथ ही तनाव से भी राहत मिलती है।

लोगों को रक्तदान के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से कुछ ऐसे ही वैज्ञानिक तथ्यों के प्रचार के साथ अखिल भारतीय माथुर वैश्य महासभा केन्द्रीय युवादल व माथुर वैश्य मंडलीय परिषद आगरा मंडल द्वारा आठ स्थानों पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। आगरा पब्लिक स्कूल में विधायक पुरुषोत्तम खंडेलवाल व आगरा पब्लिक स्कूल के चेयरमान महेश शर्मा, माथुर वैश्य सभागार में शिविर का शुभारम्भ कैबिनेट मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय व पूर्व महासभा अध्यक्ष रघुनाथ प्रसाद गुप्ता ने सावन के माह में महादेव की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। बताया कि सम्पूर्ण भारत में एक साथ लगभग 70 रक्तदान शिविर आयोजित किए गए हैं। आगरा मंडल में आठ स्थानों पर शिवर लगाए गए। जिसमें लोगों ने बढ़–चढ़ कर हिस्सा लिया और 526 यूनिट रक्तदान किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से मंडलाध्यक्ष आगरा मंडल अशोक कुमार गुप्ता, मंडल मंत्री अचल गुप्ता, मंडल कोषाध्यक्ष मुकेश गुप्ता, केन्द्रीय युवादल अध्यक्ष आकांश मैरोठिया, मंडल संरक्षक विनोद सर्राफ, दिलीप गिदौलिया, रक्तदान संयोजक रोबिन गुप्ता, रिषभ गुप्ता, नीतेश गुप्ता, मुकेश, विमल, दिलीप, अतुल गुप्ता, विनय, सौरभ, विकास, कुमकुम गुप्ता, विशाल गुप्ता, सागर, रीतेश आदि उपस्थित थी।

निगेटिव ब्लड ग्रुप वाले माता–पिता संग बेटे ने भी किया रक्तदान आगरा। मनीष गुप्ता (बी निगेटिव) अब तक 50 बार रक्तदान कर चुके हैं। इस बार उन्होंने अपनी पत्नी श्वेता गुप्ता (श्वेता गुप्ता) को भी रक्दान के लिए प्रेरित किया। बेटा देवांग भी तीन बार रक्तदान कर चुका है और ए निगेटिव है। इस बार तीनों ने एक साथ रक्तदान किया। मनीष ने बताया कि 17 वर्षीय बेटी दिशा का ब्लड ग्रुप भी ए निगेटिव है। अगली बार चारों मिलकर रक्तदान करेंगे।

प्रमाण पत्र के साथ तुलसी के पौधे भी भेंट किए : रक्तदान करने वाले लोगों का प्रोत्साहन बढ़ाने व अन्य लोगों को रक्तदान को प्रेरित करने के लिए प्रमाण पत्र के साथ उपहार व तुलसी के पौधे भी भेंट किए गए। रक्तदान करने के बार सेल्फी प्वाइंट पर लोगों ने फोटो खींच सोशल मीडिया पर भी शेयर किए, जिससे न्य लोग भी प्रोत्साहित हो सकें।

यहां इतने यूनिट हुआ रक्तदान



1–माथुर वैश्य महासभा भवन, पचकुईयाः 60 यूनिट 2–लोकहितम ब्लड बैंक, कमला नगरः 82 यूनिट 3–आगरा पब्लिक स्कूल, विजय नगरः 105 यूनिट 4–देश दीपक पब्लिक स्कूल, सेक्टर 10 सिकन्दराः 55, 5–आरती मनोज हॉस्पीटल, राजपुर चुंगीः 80 6–लक्ष्मी नारायण मंदिर, एत्माद्पुरः 70, 7–माथुर वैश्य धर्मशाला, इरादतनगरः 26, 8–श्रीराम चौरिटेबिल ब्लड बैंक, शाहदरा चुंगीः 20 कुल 526 यूनिट रक्तदान हुआ।

## ऑपरेशन धर पकड़ अभियान में पुलिस ने विभिन्न मामलों में फरार चल रहे सात वांछित आरोपियों को किया गिरफ्तार



मनोज शर्मा ब्यूरो चीफ मैनपुरी। एसपी कमलेश दीक्षित के निर्देश पर जनपद पुलिस द्वारा ऑपरेशन धर पकड़ अभियान चलाया जा रहा है। कोतवाली पुलिस ने विभिन्न मामलों में फरार चल रहे सात वांछित आरोपियों को गिरफ्तार किया है। रविवार को शहर कोतवाल विक्रम सिंह ने बताया कि धरपकड़ अभियान में पुलिस ने चिंटू गिहार पुत्र पप्पू गिहार निवासी गिहार कॉलोनी को जानलेवा हमला करने तथा पिंटू पुत्र रमेश धीवर निवासी खरगजीत नगर को एससी–एसटी एक्ट व जान से मारने की नीयत के उद्देश्य से हमला करने के मामले में गिरफ्तार किया है। वहीं राजेश पुत्र फूल सिंह एवं रामशंकर पुत्र फूल सिंह, कप्तान सिंह पुत्र बाला सहाय निवासीगण कुडेरी धमकी देने के आरोप में, गजेंद्र उर्फ कल्लू पुत्र बाबूराम निवासी पुसैना धोखाधड़ी करने के मामले में फरार चल रहे थे।

मोहम्मद फारुख पुत्र नन्हे निवासी नारायण धर्मशाला के सामने कोतवाली विस्फोटक पदार्थ रखने के मामले में फरार चल रहा था। इन सभी को शहर कोतवाल विक्रम सिंह, उपनिरीक्षक विपिन तोमर, अतिवीर सिंह, अमित सिंह ने मुखबिर की सूचना पर अलग–अलग स्थानों से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है।

## गाजीपुर धमकी यूपी एसटीएफ, मिली बड़ी कामयाबी

गाजीपुर। यूपी एसटीएफ को जनपद में एक बड़ी कामयाबी मिली है। एक गोपनीय सूचना के आधार पर यूपी एसटीएफ ने दो हैंड ग्रेनेड संग छह लोगों को गिरफ्तार किया है। सभी आरोपी जनपद के रहने वाले हैं। यूपी एसटीएफ को सूचना मिली कि गाजीपुर के गांव बंदीपट्टी में कुछ लोग हैंड ग्रेनेड का सौदा कर रहे हैं। सूचना मिलते ही यूपी एसटीएफ की टीम सक्रिय हुई। इसके बाद वह जनपद में धमक पड़ी।

आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुख्ता प्लान तैयार किया गया। गांव के नदी किनारे सौदा कर रहे विनय सिंह, महेश राजभर, नवीन पासवान, अभिषेक सिंह, रोहन राजभर व मनीष सिंह को गिरफ्तार किया गया है। इनके खिलाफ करंडा थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया है। पूछताछ में महेश राजभर ने बताया कि उसक गांव के कुछ लड़के चेन्नई में काम करते हैं। इनमें से तीन लड़के हैंड ग्रनेड लेकर गाजीपुर आए थे। अरविंद, रोहित व बृजभान ने इनको किसी बड़े अपराधी व माफिया के यहां बिकवाने के लिए बोला था। इसको लेकर करंडा क्षेत्र के कुख्यात अपराधिक गिरोह धनजी गिरोह से बातचीत चल रही थी।

# मंडलीय सम्मेलन में व्यापारियों ने रखीं समस्याएं

• प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने दिलाया समाधान का भरोसा उप्र व्यापार मंडल ने स्थापना के 50 वर्ष पूरे होने पर सम्मेलन आयोजित विधायक धर्मपाल सिंह ने भी सदन में समस्याएं रखने का भरोसा दिलाया

दै. अयोध्या टाइम्स ब्यूरो आगरा। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के 50 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में मंडल की जिला आगरा इकाई के तत्वावधान में एक मंडलीय सम्मेलन वाटर वर्क्स स्थित अतिथि वन में आयोजित हुआ। इसमें आगरा मंडल के सभी पदाधिकारी एवं व्यापारी उपस्थित हुए। व्यापारियों ने कार्यक्रम में मौजूद मुख्य अतिथि प्रदेश के कैबिनेट मंत्री योगेंद्र उपाध्याय और विधायक डॉ. धर्मपाल सिंह के समक्ष समस्याएं उठाईं। मंत्री और विधायकों ने समस्याओं के निराकरण का आश्वासन दिया। सम्मेलन में व्यापारियों ने नॉन ब्रांडेड खाद्यान्न पर बढ़ाई गई जीएसटी वृद्धि को वापस लेने की मांग की। इसके अलावा ट्रांसपोर्ट्स से जुड़े व्यापारियों ने अधिकारियों द्वारा ट्रक में किसी एक गलत बिल पकड़े जाने पर सभी को परेशान करने की बात कही। मंडी स्थल समेत अन्य जगहों पर दुकानों की जर्जर स्थिति को सामने रखा। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के महामंत्री और व्यापारी कल्याण बोर्ड के सदस्य डॉ. दिलीप सेठ ने कहा कि व्यापारी सरकारों को कर देने में सबसे आगे रहते हैं लेकिन फिर भी तमाम समस्याओं से उन्हें रूबरू होना पड़ता है। व्यापारियों ने अपनी तमाम दिक्कतों को सामने रखा तो प्रदेश के कैबिनेट मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में व्यापारियों के हित सदैव सुरक्षित रहेंगे। व्यापारी इस समाज का और भाजपा का अहम हिस्सा हैं। उनकी बात प्रदेश और केंद्र तक रखी जाएगी। प्रदेश सरकार कोरोना काल में व्यापारियों द्वारा किए गए कार्यों की सराहना करती है। व्यापारियों की सभी समस्याएं प्रदेश के वित्तमंत्री के सामने रखी जाएंगी। इसके अलावा केंद्र के प्रतिनिधियों के जरिए बात केंद्रीय वित्तमंत्री तक भी पहुचाई जाएगी। विधायक डॉ. धर्मपाल सिंह ने कहा कि वह व्यापारियों के साथ हमेशा खड़े हैं। उनकी हर दिक्कत को वह सदन में उठाएंगे। संबंधित मंत्रियों तक पहुंचाएंगे। सम्मेलन में किरावली, अछनेरा, एत्मादपुर, बाह, फतेहाबाद, शमशाबाद, जरार, भदरौली आदि जगह से पदाधिकारी और व्यापारी अपनी समस्याएं लेकर आए थे। प्रदेश महामंत्री दिलीप सेठ ने उन्हें आश्वस्त किया कि व्यापारियों पर किसी भी तरह का अन्याय व अत्याचार नहीं होने देंगे। संगठन व्यापारियों के हित में हमेशा कार्य करता आया है और हमेशा कार्य






करता रहेगा। जिलाध्यक्ष गिर्राज अग्रवाल ने उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल जिला आगरा के कार्यों की जानकारी दी और सदैव व्यापारियों के हित में खड़े रहने के लिए अपने सभी व्यापारी भाइयों का आभार व्यक्त किया। संचालन जिला महामंत्री दीपक शर्मा ने किया। मीडिया प्रभारी मेघराज दियालानी के अनुसार अधिवेशन का धन्यवाद ज्ञापन प्रदेश मंत्री राजकुमार गुरनानी ने दिया। कार्यक्रम में गिर्राज अग्रवाल (जिला अध्यक्ष) , निर्मल जैन (मण्डल अध्यक्ष), राजकुमार गुरनानी (प्रदेशमंत्री), टीएन अग्रवाल (आगरा व्यापार मंडल के अध्यक्ष) ,सुनील जैन (युवा जिला अध्यक्ष), कोषाध्यक्ष डीसी मित्तल, मेघराज दियालानी, अशोक जैन (पूर्व डिप्टी मेयर) , जिला उपाध्यक्ष किशोर बुधवानी, रोहित आयलानी (युवा जिलारहे कोषाध्यक्ष) , दीपक खरे (पूर्व पार्षद),सुदेश अग्रवाल, कमल छाबडिया, योगेश रखवानी, सुलेमान, राजेंद्र कुमार , आनंद कुमार गुप्ता, कुलदीप सिंह, रामबाबू अग्रवाल, रतन गुप्ता और भाजपा नेता दीपक खरे भी मौजूद रहे।

# 200 पौधारोपण कर बच्चे की तरह परवरिश का संकल्प लिया पंचवटी परिवार ने

दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो आगरा। माता सीता की नगरी पारसनाथ पंचवटी कॉलोनी ताज नगरी फेस दो माता सीता नगरी अशोक वाटिका की तरह हजारों पेड़ होने के साथ–साथ हर साल सोसायटी द्वारा खुशबूदार औषधि वाले फलदार पौधा रोपण किए जाते हैं ताकि पौधे वृक्ष बनकर हम सबकी रक्षा करें हम लोगों को हमेशा याद रखना चाहिए अभी ऐसी बड़ी महामारी आई तभी तो पर पारसनाथ पंचवटी कॉलोनी पंचवटी परिवार के लिए कवच बनकर रक्षा की पेड़ों ने ऑक्सीजन देकर हम सबकी जान बचाई लाखों करोड़ों खर्च करने के बाद भी ऑक्सीजन नहीं मिलती है, सोसायटी द्वारा ऐसी महामारी में लोगों की मदद की यह सब कभी हुआ जब हजारों पेड़ पौधे सोसाइटी में है उन्होंने हमें स्वच्छ रखा हमने लोगों की सेवा की सोसायटी द्वारा सभी से



अपील बच्चे की तरह पौधे का की परवरिश करें और जब वह पेड़ हो जाता है तो निश्चित ही फल देता है छाया देता है खुशबू देता है औषधि देता है पंचवटी परिवार सोसाइटी के 580 मकान में सभी लोग पौधे को बच्चे की तरह पर वृक्ष खुशबूदार औषधि फलदार पेड़ बनाते हैं वह रोज परिवार की तरह देखभाल करते हैं। चमेली पांडा फाइकस डोरंडा गुड़हल कुंड बैंजो बीना कड़ी पत्ता अशोक हरसिंगार आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे अध्यक्ष श्याम भोजवानी, सेक्रेटरी ज्ञानेंद्र अग्रवाल, सुशील आहूजा, डॉक्टर सुमन अग्रवाल, गीता आहूजा, दीपा नोतनीनी, राम तिवारी।

## संस्कार सामाजिक संस्था ने हरियाली तीज का धूमधाम से किया आयोजन

दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो आगरा। संस्कार सामाजिक संस्था ने रविवार को फतेहाबाद रोड ताज हाइट्स होटल में हरियाली तीज का सामूहिक आयोजन किया गया है जिसमें 200 महिलाओ ने विभिन्न आयोजन में हिस्सा लिया आयोजित प्रोग्राम में आरती सिंह तीज क्वीन चुनी गई और विदुषी अग्रवाल रैंप वॉक विजेता चुनी गई सभी महिलाओं ने नृत्य प्रोग्राम मैं भाग लिया मुख्य अतिथि जीनत जीसान चांदनी भोजवानी पल्लवी



अग्रवाल रहे आयोजन मणि वशिष्ठ द्वारा कराया गया । महिलाओं को गिफ्ट दिए गए। सभी ने लजीज व्यंजनों का आनंद लिया बच्चों ने भी डीजे डांस से सबका मन मोहा। मौजूद रहे साक्षी सचदेवा, रिचा गुप्ता, पीयू अरोड़ा, साधना अग्रवाल, मोनिशा महेंद्रु ,अनीला जैन, दिशा शर्मा।

## दहेज की मांग पूरी न होने पर विवाहिता की हत्या, आरोपी फरार

मनोज शर्मा ब्यूरो चीफ मैनपुरी। करहल थाना क्षेत्र के ग्राम कलंदरपुर में दहेज की मांग पूरी न होने पर विवाहिता की हत्या कर दी गई। विवाहिता का शव घर में पड़ा मिला। ससुरालीजन शव छोड़कर भाग चुके थे। जानकारी पाकर रात 12 बजे मायके पक्ष के लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को अवगत कराया। घटना की तहरीर पर पति सहित पांच ससुरालीजनों के विरुद्ध दहेज हत्या की धारा में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराने के बाद मृतका का शव मायके पक्ष के लोगों के हवाले कर दिया है। थाना पुलिस को तहरीर देकर विनोद कुमार पुत्र रामसिंह निवासी नगला ढकाऊ जनपद इटावा ने बताया कि उन्होंने अपनी पुत्री अभिलाषा की शादी राधे पुत्र महावीर सिंह निवासी कलंदरपुर थाना करहल के साथ की थी। शादी के बाद ससुरालीजन अतिरिक्त दहेज की मांग करने लगे।

23 जुलाई की रात 8.30 बजे अभिलाषा से बात हुई, इसके बाद फोन कट गया। दोबारा फोन लगाकर पूछा गया तो ससुरालीजनों ने बताया कि अभिलाषा के दर्द हो रहा है। रात 12 बजे मायके पक्ष के लोग कलंदरपुर पहुंचे तो अभिलाषा का शव पड़ा था और ससुरालीजन भाग चुके थे।

## यूपी में डबल इंजन की सरकार होने के बावजूद थाना जरवल रोड की पुलिस सुषमा पत्नी फूलचंद वही के चौकीदार द्वारा दिया गया शिकायती पत्र पर कार्यवाही नहीं हुई तो जरवल रोड थाना क्षेत्र की जनता का क्या हाल होगा

दैनिक अयोध्या टाइम्स बहराइच। बहराइच जिले के थाना जरवल रोड क्षेत्र रनी जतौरा निवासी सुषमा पत्नी फूलचंद चौकीदार के पद पर कार्यरत है उन्हीं के भाई राहुल पुत्र जालिम जालिम पुत्र गुरचरण तथा लल्लन ने चौकीदार की पत्नी सुषमा को पैसे के लेनदेन तथा मृत्यु प्रमाण के बारे में मारा पीटा तथा ब्लाउज भी फाड़ दिया इस संबंध में उन्होंने आइजीआरएस के माध्यम से शिकायत थाना जरवल रोड में किया था लेकिन अभी तक उसका कोई कार्यवाही नहीं की गई जबकि मीडिया कर्मी सुनील कुमार गुप्ता थाना जरवल रोड जाकर जानकारी ली तो चौकीदार फूलचंद की



पत्नी ने मीडिया कर्मी सुनील कुमार गुप्ता से बताया कि राहुल जालिम गुरचरण लल्लन ने बुरी तरीके से मारा पीटा और ब्लाउज भी फाड़ दिया इस संबंध में थाना जरवल रोड में ऑनलाइन शिकायती पत्र प्रेषित किया गया है लेकिन अभी तक विपक्षी राहुल पुत्र जालिम जालिम पुत्र गुरचरण तथा लल्लन के ऊपर कोई कार्यवाही नहीं की गई है गरीब महिला सुषमा इंसाफ के लिए दर–दर भटक रही है अब देखना यह है कि खबर प्रकाशित होने के बाद योगीराज में इन दबंगों के ऊपर जरवल रोड की पुलिस कार्यवाही करती है या फिर ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है।

# फेडरेशन के प्रदेशअधिवेशन की शुरु की तैयारियां

दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो आगरा। फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया व्यापार मंडल द्वारा आज जिला कार्यकारिणी की बैठक का आयोजन कमला नगर स्थित कार्यालय पर किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष हरीश अग्रवाल ने कीद्य बैठक में मुख्य रूप से आगामी 31 जुलाई 2022 को आगरा में फेडरेशन के प्रदेश सम्मेलन की तैयारियों के ऊपर चर्चा की गई आगामी 31 जुलाई को होने वाले अधिवेशन में संपूर्ण उत्तर प्रदेश से प्रत्येक जिले से प्रतिभागी भाग लेंगे इसके लिए विभिन्न समितियों का गठन किया गया एवं सभी प्रमुख पदाधिकारियों को अलग–अलग जिम्मेदारियां दी गई द्य कार्यक्रम के विषय में शीघ्र ही प्रेस वार्ता के माध्यम से जानकारी दी जाएगी। जिला कार्यकारिणी की बैठक में प्रदेश महासचिव भूपेंद्र सिंह सोबती एवं प्रदेश विद्युत कमेटी के चेयरमैन डीसी शर्मा जी भी उपस्थित रहे ।बैठक का संचालन महामंत्री बृजेश पंडित जी ने किया। बैठक में मुख्य रूप से रविंद्र अग्रवाल, विकास मोहन बंसल, महावीर अग्रवाल, राजेश खुराना, शिशिर भगत, नीरज अग्रवाल, पूरन वर्मा, मुकेश निर्वाणीया दीप बघेल, धर्मवीर कौशिक, राजेश सोनी,



धर्मवीर कौशिक आदि उपस्थित रहे।

## बरसात से गिरी मकान की दीवार, किसान घायल

मनोज शर्मा ब्यूरो चीफ,मैनपुरी। दन्नाहार थाना क्षेत्र में बरसात के मकान एक मकान की दीवार ढह जाने से उसमें दबकर किसान गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे उपचार के लिए ट्रॉमा सेंटर फिरोजाबाद में भर्ती कराया गया है। ग्राम सिरौलिया निवासी रविंद्र कुमार मिश्रा पुत्र स्व श्रीराम मिश्रा उम्र 55 वर्ष गत रात्रि अपनी पत्नी व नातिन के साथ घर के बाहर बरामदे में सो रहे थे। रात में लगभग एक बजे अचानक बरामदे की दीवार ढह गयी। जिससे रविंद्र गंभीर रूप से घायल हो गये। शोर सुनकर



पहुंचे ग्रामीणों ने रविन्द्र व उनकी पत्नी को बाहर निकाला। गंभीर हालत में रविंद्र को परिजन जिला चिकित्सालय लेकर आये जहां डॉक्टरों ने उनको प्राथमिक उपचार के बाद ट्रामा सेंटर फिरोजाबाद के लिए रेफर कर दिया जहां उनका उपचार चल रहा है।

## फाइनेंस कंपनी बनाकर लाखों रुपये की ठगी करने बाला नटवरलाल गिरफ्तार

मनोज शर्मा ब्यूरो चीफ मैनपुरी। फाइनेंस कंपनी बनाकर लाखों रुपये की ठगी करने वाले नटवरलाल को गिरफ्तार कर लिया गया। मैनपुरी स्वाट टीम ने रामपुर जनपद के इस नटवरलाल की गिरफ्तारी की। दो वर्ष पूर्व इस नटवरलाल के खिलाफ मैनपुरी कोतवाली और कुर्रा थाने में धोखाधड़ी की धाराओं में मुकदमा दर्ज हुआ था। गिरफ्तारी न होने पर इसके ऊपर दस हजार रुपये का ईनाम घोषित किया गया था। रविवार को मैनपुरी स्वाट टीम ने नटवरलाल को गिरफ्तार



कर लिया, इसे जेल भेजा गया है। रविवार को मैनपुरी स्वाट टीम प्रभारी विक्रम सिंह और उनकी टीम ने मुखबिर की सूचना पर दस हजार के ईनामी यूसुफ अली पुत्र अनवार हुसैन निवासी मुकुटपुर थाना टाडा जनपद रामपुर को गिरफ्तार किया। इस आरोपी के खिलाफ मैनपुरी और कुर्रा थाने में 2020 में धोखाधड़ी के मुकदमे दर्ज कराए गए थे। यूसुफ और उसकी गैंग के साथी बालाजी फाइनेंस कंपनी के नाम से फर्जी फाइनेंस कंपनी चलाते हैं। मैनपुरी, घिरोर और कुर्रा क्षेत्र में यूसुफ ने 12 लोगों से 20 लाख से अधिक की ठगी की। पूछताछ के दौरान इस बात का खुलासा हुआ है।

# शगुन किट ने परिवार नियोजन की राह की आसान

• शादी के बाद मिला आशा की ओर से शगुन किट का तोहफा

दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो आगरा। मथुरा ६,24 जुलाई ।बेहतर योजना बनाकर काम करने से जीवन आसान हो जाता है। आज कल के युवा भी अपने जीवन को योजनाबद्ध तरीके से आगे बढ़ा रहे हैं। रोजगार प्राप्त करने के बाद शादी करना और परिवार को नियोजित करते हुए एक तय अंतराल के बाद बच्चे को जन्म देना। इसमें नव दंपत्तियों के लिए शगुन किट राह आसान कर रही है। मुख्य चिकित्सा अधिकार डॉ. अजय कुमार वर्मा ने बताया कि विवाह के बाद बहू के ससुराल में कदम रखते ही आशा कार्यकर्ता स्वास्थ्य विभाग की ओर से शुभ शगुन के रूप में नई पहल किट का तोहफा देती हैं। इसका उद्देश्य नवविवाहित दम्पति को पारिवारिक और वैवाहिक जीवन के दायित्वों के लिए तैयार करना है ताकि वह अपना आगे का जीवन बिना संकोच और झिझक के खुशहाल, सुरक्षित और सुंदर बना सकें।

शगुन किट में परिवार नियोजन के अस्थाई साधन कंडोम व गर्भ निरोधक गोलियों को शामिल किया गया है। सेहत के साथ ही आर्थिक बेहतरी के लिए जरूरी है कि बच्चे की योजना शादी के दो साल बाद ही बनाएं और दो बच्चों के जन्म में कम से कम तीन साल का अंतर जरूर रखें। परिवार नियोजन के नोडल अधिकारी डॉ. चित्रेश निर्मल ने बताया कि जनपद में वित्तीय वर्ष 2021–22 में पांच हजार से अधिक शगुन किट ( नई पहल ) का वितरण किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि परिवार नियोजन शादी के ठीक बाद या उससे पहले ही शुरू हो जाना चहिए।

शगुन किट की खासियत : सीएमओ ने बताया कि शगुन किट 12 से 13 इंच के चौकोर लाल रंग के साथ प्राकृतिक जूट के रंग में बना एक बॉक्स है, इसे स्वास्थ्य विभाग की ओर से नवदंपति को भेंट किया जाता है।

बॉक्स में "नया उपहार शगुन बेमिसाल, नई जोड़ी परिवार खुशहाल" का स्लोगन भी लिखा होता है। "किट में एक शीशा, कंघी, कुछ रुमाल और तौलिये के साथ ही सामान्य भाषा में गर्भनिरोधक से जुड़े सवाल–जवाब भी होते हैं।" उन्होंने कहा –आशा कार्यकर्ता शगुन किट नवविवाहिता को देती हैं। ऐसे जोड़े जो पढ़–लिख नहीं सकते, उन्हें आशा कार्यकर्ता उनके घर जाकर पूरी जानकारी बातचीत के जरिये उपलब्ध कराती हैं ।

शगुन किट को जानिये : शगुन किट में स्वास्थ्य विभाग की तरफ से एक पत्र भी होता है, जिसमें परिवार



नियोजन के फायदों के बारे में लिखा होता है। इस पत्र का उद्देश्य नवविवाहित दम्पति को जनसंख्या नियंत्रण के लिए सचेत करने के साथ दो बच्चों तक ही परिवार को सीमित रखने के लिए प्रोत्साहित करना है। किट में पति और पत्नी के लिए आपातकाल में प्रयोग की जाने वाली गर्भनिरोधक गोलियां, सामान्य गर्भनिरोधक गोलियां और कंडोम होते हैं ।" किट में स्वास्थ्य और सफाई के लिए जरूरी कुछ सामान भी होता है।

# रात्रि में घर से गायब हुई 18 वर्ष की बालिका

संवाददाता मोतीपुर रोशनी तिवारी

- घर वालों ने जताई जंगली जानवर के उठाकर ले जाने की आशंका
- मौके पर पहुंचे सीओ मिहीपुरवा जंग बहादुर यादव व तहसीलदार पीयूष चंद्र श्रीवास्तव
- रात से ही मौके पर डटी सुजौली पुलिस
- सुबह 6 बजे से ही जारी ड्रोन के जरिए जंगली जानवर व बालिका को ढूंढने का अभियान



दैनिक अयोध्या टाइम्स सुजौली, बहराइच। कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग के कतर्नियाघाट रेंज अंतर्गत आने वाले सदर बीट के चहलवा ग्राम पंचायत के मंगल पुरवा गांव में देर रात 9 बजे के आसपास संदिग्ध परिस्थितियों में एक बालिका गायब हो गई इस दौरान घरवालों ने आरोप लगाया कि जंगली जानवर के द्वारा बालिका को उठाकर गन्ने के खेत की तरफ ले जाया गया वहीं इस दौरान ग्रामीणों का भारी संख्या में हुजूम उमड़ पड़ा सूचना मिलने पर थाना सुजौली पुलिस भी पहुंची इस दौरान ग्रामीणों का पुलिस के सहयोग से लगातार गन्ने के खेतों में 2 बजे तक सर्च ऑपरेशन किया गया लेकिन बालिका का पता नहीं चला प्रभागीय वनाधिकारी कतर्नियाघाट आकाशदीप बधावन के निर्देश पर सुबह 6 बजे कतर्नियाघाट रेंजर विजय मिश्रा अपने दल बल के साथ पहुंचे सर्च ऑपरेशन में वन विभाग की तीन टीमें लगाई गई हैं ।

इस दौरान वन विभाग की टीम के साथ एसटीपीएफ के जवान, पालतू हथिनी जयमाला व चंपाकली ड्रोन के जरिए सर्च ऑपरेशन किया जा रहा है इस दौरान सुबह से ही मिहीपुरवा सर्किल के तीनों थानों की पुलिस फोर्स मौजूद हैं थाना प्रभारी सुजौली राजेश कुमार,थाना कोतवाली मूर्तिहा शशि कुमार राणा ,थाना मोतीपुर मुकेश कुमार सिंह मौजूद रहे इस दौरान सीओ मिहीपुरवा जंग बहादुर यादव व तहसीलदार पीयूष चंद्र श्रीवास्तव भी पहुंचे। इस दौरान पुलिस फोर्स व वन विभाग के द्वारा ग्रामीणों के सहयोग से लगातार बालिका को ढूंढने के प्रयास जारी हैं खबर लिखे जाने तक बालिका का कोई पता नहीं चल पाया इस दौरान ग्राम प्रधान प्रतिनिधि प्रीतम निषाद,संतोष मौर्य,रामचंद्र मौर्य के साथ हजारों ग्रामीण भी मौजूद रहे।

## ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि द्वारा किया गया टूल वितरण

देवेश पांडेय दैनिक अयोध्या टाइम्स
नवाबगंज विकासखंड के अंतर्गत जल जीवन मिशन के तहत चल रहे 12 दिवसीय प्रशिक्षण मैं आज प्लंबर एवं ऑपरेटरों को टूल किट का वितरण किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि एसपी सिंह रहे उन्होंने कहा कि सरकार अनेकों जन कल्याणकारी योजनाएं चला रही है उसी की एक कड़ी जल जीवन मिशन है जो कि स्वच्छ जल उपलब्ध कराने के लिए तत्पर है उन्होंने कहा कि युवाओं को आगे आना चाहिए और इस कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए क्योंकि सरकार काम के साथ–साथ कमाई का भी प्रबंध कर रही है कार्यक्रम में मुख्य रूप से ग्राम प्रधान रिंकू सिंह अरविंद सिंह जी छेदा खां हाशिम अली एवं 175 प्लंबर परीक्षक विनोद पाठक व समन्वयक सत्यम प्रताप सिंह मौजूद रहे।



## गौवध निवारण अधिनियम का वांछित अभियुक्त अवैध तमंचे के साथ चढ़ा कटरा बाजार पुलिस के हत्थे

हिंदी दैनिक अयोध्या टाइम्स से ब्यूरो चीफ रंजीत तिवारी
गोंडा। जिले के पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर ने अपराध एंव अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत अवैध शस्त्र रखने व बिक्री करने वाले अभी तो के विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्यवाही करने के सख्त निर्देश जिले के समस्त प्रभारी निरीक्षकध् थाना अध्यक्षों को दिए थे उक्त निर्देश के अनुक्रम में दिनांक 24,7,2022 को थाना कटरा बाजार पुलिस ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान मोहम्मद शमी उर्फ मोहम्मद शमीम उर्फ कोयले को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक अवैध तमंचा 315 बोर व एक जिंदा कारतूस बरामद किया है वही पकड़ा गया आरोपी थाना कटरा बाजार के मुकदमा अपराध संख्या, 42/22 धारा 3/5/8 गोवध निवारण अधिनियम 11 कुरर्ता अधिनियम में वांछित चल रहा था जिस पर थाना कटरा बाजार पुलिस ने आरोपी पर संबंधित धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्रवाई की है वही गिरफ्तार करता टीम में उपनिरीक्षक मोहम्मद सरफराज खान मय पुलिस बल मौजूद रहे।




## छेड़छाड़ करने का वांछित अभियुक्तचढ़ा छपिया पुलिस के हत्थे हुई कार्यवाही

हिंदी दैनिक अयोध्या टाइम्स से ब्यूरो चीफ रंजीत तिवारी गोंडा जिले के पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर ने मिशन शक्ति अभियान के तहत बालिकाओं महिलाओं पर घटित अपराधों के वांछित अभियुक्तों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी करने के सख्त निर्देश जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक व थाना अध्यक्षों को कड़े निर्देश दिए थे बता दे उक्त दिए गए निर्देश के अनुक्रम में दिनांक, 24,7,2022 को थाना छपिया पुलिस ने छेड़छाड़ करने के वांछित अभियुक्त सहबान उर्फ साबान को गिरफ्तार कर लिया है जो कि गिरफ्तार किए गए आरोपी ने थाना छपिया क्षेत्र की रहने वाली एक नाबालिग लड़की के साथ छेड़छाड़ किया था जिस के संबंध में पीड़िता के पिता द्वारा थाना छपिया में संबंधित धाराओं में अभियोग पंजीकृत कराया था वहीं पकड़े गए आरोपी पर संबंधित धाराओं के अंतर्गत कार्यवाही की गई है गिरफ्तार करता टीम में उप निरीक्षक सुनील कुमार तिवारी में पुलिस बल मौजूद रहे।

## नवाबगंज क्षेत्र में हुई शिक्षिका अपहरण कांड में अपहरणकर्ता के दो सहयोगियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर की कारवाही

हिंदी दैनिक अयोध्या टाइम्स से ब्यूरो चीफ रंजीत तिवारी
गोंडा। नवाबगंज थाना क्षेत्र से बीते दिनों एक शिक्षिका का अपहरण हुआ था वही अपहृता के माता की तहरीर पर नवाबगंज पुलिस ने मुकदमा अपराध संख्या 277ध्22 धारा 364, भादवि अभियोग पंजीकृत किया था जिस पर जिले के पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर द्वारा घटना को संज्ञान में लेकर अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज के पर्यवेक्षण में टीमें लगा कर आरोपी अभियुक्त कि जल्द से जल्द गिरफ्तारी करने का सख्त निर्देश नवाबगंज पुलिस को दिए थे बता दे यहां की पुलिस के विवेचना के दौरान अपहरणकर्ता के दो सहयोगी गोलू उर्फ विजय शंकर पांडे पुत्र हरि श्याम पांडे निवासी महंगूपुर थाना नवाबगंज पवन दुबे पुत्र धर्मराज दुबे नि0 नलकूप नंबर,5 सामने बेगमपुरा अयोध्या थाना कोतवाली अयोध्या जनपद अयोध्या को गिरफ्तार कर आरोपियों के कब्जे से सफारी गाड़ी बरामद कर विधिक कार्यवाही की है वही गिरफ्तार करता टीम में उप निरीक्षक सुनील कुमार सहित थाने के मय पुलिस फोर्स बल मौजूद रहे।



## साइबर अपराध के पांच सहयोगियों को पुलिस व साइबर सेल की टीम ने गिरफ्तार कर की कारवाही भारी संख्या में मोबाइल फोन बरामद

हिंदी दैनिक अयोध्या टाइम्स से ब्यूरो चीफ रंजीत तिवारी गोंडा। जिले के पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी अपराध लक्ष्मीकांत गौतम के नेतृत्व में साइबर अपराधियों के विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्यवाही करने के सख्त निर्देश जिले के समस्त प्रभारी निरीक्षक व थाना अध्यक्ष सहित साइबर सेल को दिए थे जो कि उक्त दिए गए निर्देश के अनुक्रम में साइबर सेल व थाना कोतवाली देहात की संयुक्त टीम ने साइबर अपराध में सहयोग करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ कर पांच आरोपियों मोहम्मद फिजूल शेख पुत्र नासिर शेख उम्र करीब 27 वर्ष निवासी इलियट नगर झोबवना रमना पुर चांदपुर थाना नोवदा जिला मुर्शिदाबाद पश्चिम बंगाल सफीरुल शेख पुत्र शहीदुल शेख उम्र 22 वर्ष निवासी सफदर नगर आलमपुर थाना नोवदा जिला मुर्शिदाबाद जब्बार चल मौला पुत्र रकीब मौला उम्र 28 वर्ष निवासी इलियट नगर केदार चंद्रपुर थाना नोवदा जिला मुर्शिदाबाद हबीब उर शेख पुत्र अंगूर शेख उम्र 20 वर्ष निवासी काजी शाह चिडिंभीजी थाना वेलडोंगा जिला मुर्शिदाबाद पश्चिम बंगाल सहित विकास उर्फ गयासुद्दीन पुत्र वजीर अली उम्र 35 वर्ष निवासी काजी शाह चिड़ीभीजी थाना वेलडोंगा जिला मुर्शिदाबाद को गिरफ्तार कर भारी संख्या में मोबाइल फोन बरामद की है वही गिरफ्तार किए गए अभियुक्त गणों पर विभिन्न धाराओं के अंतर्गत कार्यवाही की गई है आपको बता दें अनावरण करता टीम में उपनिरीक्षक सर्वजीत गुप्ता थाना कोतवाली देहात आ, हरिओम टंडन साइबर सेल, आ, मनीष कुशवाहा साइबर सेल सहित प्रभारी निरीक्षक कमलाकांत त्रिपाठी मय पुलिस बल मौजूद रहे।



## इटियाथोक पुलिस और बदमाशों के बीच चली घंटों तक जवाबी फायरिंग फिर भी नहीं बचे यह शातिर लुटेरे एक के पैर में लगी गोली सहित दो गिरफ्तार

- वही लूट की गई मोटरसाइकिल व अवैध तमंचा समेत जिंदा कारतूस बरामद

हिंदी दैनिक अयोध्या टाइम्स से ब्यूरो चीफ रंजीत तिवारी गोंडा। इटियाथोक थाना क्षेत्र से बड़ी खबर आ रही है जहां पुलिस और बदमाशों के बीच चली घंटों तक जवाबी फायरिंग फिर भी नहीं बचे यह शातिर लुटेरे एक के पैर में लगी गोली सहित दो गिरफ्तार लूट की गई मोटरसाइकिल व अवैध तमंचा समेत जिंदा कारतूस भी बरामद जानकारी के अनुसार यह शातिर लुटेरे बीते,17,7,2022 को क्षेत्र के खरिहा चौराहे के पास संतोष कुमार मोरिया पुत्र राम भूलन मोरिया निवासी राजापुर पोस्ट दत्तनगर माफी थाना धानेपुर जनपद गोंडा की मोटर साइकिल व नगदी 600 लूट कर बड़ी घटना को अंजाम दिए थे पीड़ित के दिए गए तहरीर के मुताबिक संबंधित धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था ।

वहीं यह घटना संज्ञान में लेते हुए जिले के पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर ने क्षेत्राधिकारी सदर के पर्यवेक्षण में टीमें लगाकर इन आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने के सख्त निर्देश थाना अध्यक्ष इटियाथोक व प्रभारी एसओजी टीम को दिए थे जो कि उक्त दिए गए निर्देश के अनुक्रम में दिनांक 23/24,07,2022 की रात्रि पुलिस व एसओजी टीम को बड़ी सफलता हाथ लगी है क्षेत्र स्थित परसिया बहोरीपुर कब्रिस्तान के पास पुलिस व इन शातिर लुटेरों के बीच जमकर जवाबी फायरिंग हुई घंटों तक चली इस जवाबी फायरिंग में एक बदमाश के पैर में लगी गोली जबकि उसके एक अन्य साथी को पुलिस व एसओजी टीम ने गिरफ्तार किया है वहीं पकड़े गए अभियुक्त के कब्जे से दो मोटरसाइकिल एक अवैध तमंचा जिंदा कारतूस के अलावा दो खोखा पुलिस ने बरामद की है बता दे गिरफ्तार किए गए अभियुक्त अजय ओझा पुत्र राम चंद्र निवासी बैरागी जोत थाना धानेपुर व विनय ओझा पुत्र राम चंद्र निवासी बैरागी जोत थाना धानेपुर जनपद गोंडा जिसमें विनय कुमार ओझा जिस पर भिन्न भिन्न वारदातों को अंजाम देने के संबंध में दर्जनों से अधिक गंभीर धाराएं पूर्व में पंजीकृत हैं जबकि अजय कुमार ओझा भी कई गंभीर धाराओं में वांछित चल रहा था जिस पर विधिक कार्रवाई की जा रही है वही गिरफ्तार करता टीम में थानाध्यक्ष करुणाकर पांडे मय पुलिस बल सहित एसओजी टीम मौजूद रहे।



## शौंच गए 90 वर्ष राधेश्याम पुत्र सुखलाल की नहर में डूबकर हुई मौत

दैनिक अयोध्या टाइम्स मनोज अवस्थी महसी (बहराइच)। थाना हरदी के ग्राम पंचायत रमपुरवा के रहने वाले राधेश्याम पुत्र सुखलाल उम्र करीब 90 वर्ष जो शौंच के लिए नहर पर गए थे। सूत्रों के मुताबिक उनका पैर फिसल गया जिसके कारण नहर में डूब कर मौत हो गई, जबकि उनकी चप्पल, लूंगी, लाठी, पानी का डिब्बा नहर के किनारे रखा मिला, सूत्रों द्वारा जानकारी मिली की इनके परिवार में कुल 5 लोग थे, दो लड़कियां और एक लड़का, पति–पत्नी बहुत ही पहले इनका परिवार खुशी से जीवन यापन करता था, कि बीच में अचानक किसी की नजर उनके परिवार पर लग गई दो लड़कियों की शादी की थी, जो विधवा हो गई 1 पुत्र था जो आज से लगभग 25 वर्ष पहले अचानक बीमार होकर स्वर्ग को सिधार गया। अब बची थी पत्नी जो 10 वर्ष पहले इनका साथ छोड़ कर स्वर्ग लोक को चली गई थी आज रविवार को सुबह राधेश्याम पुत्र सुखलाल उम्र करीब 90 वर्ष शौंच के लिए नहर पर गए थे और नहर में डूब कर मौत हो गई। गांव के कुछ लोगों ने उनकी चप्पल, लूंगी, लाठी देखकर गांव में कई लोगों को बताया जिसकी सूचना हरदी थाने पर दी गई मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी अनूप मणि त्रिपाठी व महसी तहसील के राजस्व निरीक्षक अशोक कुमार श्रीवास्तव, लेखपाल देव प्रकाश सिंह ने एनडीआरएफ के सहयोग से नहर में तलाश कराई तो कुछ दूरी पर राधेश्याम की लाश उतराती हुई दिखी। जिसको ऊपर निकाला गया और हरदी पुलिस के सहयोग से पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। अग्रिम कार्यवाही रिपोर्ट आने पर की जाएगी।



## आचार्य नरेंद्र कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, कुमारगंज, अयोध्या द्वारा संचालित कृषि विज्ञान केंद्र,

दैनिक अयोध्या टाइम्स
नानपारा बहराइच। नानपारा, बहराइच के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ के एम सिंह ने बताया कि यह समय खरीफ दलहनी फसलों का लगाने है। जनपद बहराइच में अरहर का काफी क्षेत्रफल में लगाया जाता है। यह समय अरहर लगाने के लिए एकदम उपयुक्त है। अरहर की बुवाई मेंढ़ पर करें। जिस समय जल भराव है, तो उसमें से पानी निकाला जा सके है एवं सिंचाई करनी होगी तो उसमें कम पानी लगता है। साथ ही साथ फसल गिरती भी नही है। अरहर उन्नति प्रजातियां– नरेंद्र अरहर 2, राजेंद्र अरहर 1,पूसा 885, आई पी ए 203, आई पीए 206, आदि जो 230 से 255 दिन मे पक कर तैयार हो जाती है। 1 एकड़ लगाने के लिए 50 किलोग्राम डीएपी एवं 25 किलोग्राम पोटाश की आवश्यकता होती है, जिसे आखरी जुताई के समय खेत मिला दें उसके बाद मेढ़ बनाएं। अरहर के अलावा इस समय उर्द व मूंग की बुवाई करें।



## संक्षिप्त समाचार

### फुल के बीचो बीच तहलता दिखा मगरमच्छ

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवादाता मोतीपुर रोशनी तिवारी
कर्तनिया,बहराइच। वन जीव प्रभाग कर्तनिया घाट के सदर बीट अंतर्गत कैलाशपुरी गिरजा बैराज बांध पर निकला विशालकाय मगरमच्छ जिसे देख लोगों मे अफरा–तफरी मच गई लोग इधर–उधर भागने लगे बैराज के कर्मचारियों ने वन विभाग को सूचित किया वन विभाग सूचना पाकर



तत्काल गिरजा बैराज पर पहुंच कर मगरमच्छ को डंडे के सहारे पुल से हटाकर दोबारा नदी में छोड़ा। इस समय गिरजा बैराज पर मगरमच्छ को देखने के लिए लोगों का तांता लग गया बूढ़े बच्चे महिलाएं दूर–दूर से आकर मगरमच्छ को देखने लगे पुलिस ने किसी तरह भीड़ को काबू में किया।थाना सुजौली के कई पुलिस जवान अंतर्जनपदीय अपराधियों व अबैध कच्ची शराब तस्करों की निगरानी एवम रोकथाम हेतु गिरजा बैराज पर 24 घंटे तैनात रहते हैं जिन्होंने भीड़ को काबू करने में और मगरमच्छ का रेस्क्यू करने में वन विभाग की मदद की।

### अवैध गांजा के साथ अभियुक्त को तरबगंज पुलिस ने गिरफ्तार कर की कार्यवाही

हिंदी दैनिक अयोध्या टाइम्स से ब्यूरो चीफ रंजीत तिवारी। गोंडा जिले के पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर ने अपराध एंव अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी व बिक्री में संलिप्त अभियुक्तों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने के सख्त निर्देश जिले के समस्त प्रभारी निरीक्षक व थाना अध्यक्षों को दिए थे वहीं उक्त दिए गए निर्देश के अनुक्रम में दिनांक 24,7,2022 को थाना तरबगंज पुलिस ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान अमित कुमार चौबे उर्फ चिंटू चौबे पुत्र फागुन निवासी कटहा चौबे पुरवा थाना तरबगंज को 1 किलो अवैध गांजे के साथ गिरफ्तार किया है बता दे पकड़े गए अभियुक्त के विरुद्ध थाना तरबगंज में एनडीपीएस एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत कर वही गिरफ्तार करता टीम में उप निरीक्षक अशोक सिंह सहित मय पुलिस बल मौजूद रहे ।



## माफिया गब्बर सिंह के खिलाफ चला डीएम का चाबुक करोड़ों की संपत्ति कुर्क

दैनिक अयोध्या टाइम्स मनोज अवस्थी बहराइच। पयागपुर के जिला पंचायत सदस्य माफिया गब्बर सिंह के विरुद्ध प्रशासन का चाबुक चल गया है। रविवार को सैकड़ों पीएससी और पुलिस की मौजूदगी में डीएम डॉक्टर दिनेश चंद्र ने माफिया के होटल पर कुर्की की नोटिस चस्पा करते हुए होटल को सीज कर दिया है।

साथ ही कुछ ही समय में होटल से कब्जा हटाने के निर्देश दिए हैं।

पयागपुर विकास खंड से जिला पंचायत सदस्य देवेंद्र प्रताप सिंह उर्फ गब्बर सिंह जो माफियाओं में माफिया था। उसके विरुद्ध कई जनपद में 50 से अधिक मुकदमें दर्ज हैं। इस समय वह जेल में बंद है। माफिया ने शहर के डिगिहा मोहल्ले में एक होटल का निर्माण कराया था, जो वह संपत्ति अवैध है। रविवार को जिलाधिकारी डॉक्टर दिनेश चंद्र व पुलिस अधीक्षक केशव कुमार चौधरी, नगर मजिस्ट्रेट भारी पुलिस बल और पीएससी के जवानों के साथ पहुंचकर पुलिस ने बंधन होटल को कुर्की की नोटिस चस्पा कर दिया। साथ ही होटल को 15 मिनट में खाली किए जाने के निर्देश भी दिए हैं। ऐसे में होटल खाली होते ही प्रशासन का बुलडोजर चल सकता है। होटल परिसर में काफी संख्या में पुलिस और पीएससी के जवान मौजूद है।



डीएम–एसपी ने किया प्रेस कॉन्फ्रेंस डीएम डॉ दिनेश चंद्र व एसपी केशव चौधरी ने बताया कि बंधन होटल मैरिज लॉन कमर्शियल 40 कमरे का होटल करीब 85 करोड़ व वीरसेन सिन्हा मार्केट बहराइच का आंशिक भाग दुकान छोटी बाजार जिसकी कीमत 25 करोड़ रुपये है। जिसको धारा 14(1) के तहत कुर्क की कार्यवाही की गई हैं।

## 31 जुलाई को कार्यकर्ता बूथों पर सुने मन की बात कार्यक्रम : अजय दूबे

दैनिक अयोध्या टाइम्स तहसील संवाददाता चंदन कुमार गुप्ता
भाटपार रानी देवरिया। भाटपार रानी विधानसभा क्षेत्र बनकटा मंडल की बैठक अकटही बाजार स्थित पार्टी के कैंप कार्यालय पर मंडल अध्यक्ष सत्येंद्र पांडेय की अध्यक्षता में हुई। बैठक का शुभारंभ डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए जिला उपाध्यक्ष अजय कुमार दुबे ने कहा कि 31 जुलाई को सभी बूथों पर प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम बूथ समिति के सदस्यों के साथ सुनना है एवं कार्यक्रम के बाद बूथ की बैठक भी करनी है। अगस्त के प्रथम सप्ताह में शक्ति केंद्रों की बैठक संपन्न होनी है इसकी योजना रचना मंडल अध्यक्ष बना ले। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव के दौरान प्रत्येक बूथ पर पन्ना प्रमुख बनाए गए थे उनका सत्यापन कर सूची व्यवस्थित करने की जरूरत है । श्री दुबे ने कहा कि 13 अगस्त से लेकर 15 अगस्त तक प्रत्येक घर पर तिरंगा झंडा लगाने का अभियान चलना है जिसके लिए मंडल, सेक्टर एवं बूथ स्तर पर संयोजक बनाकर उसकी सूची जिले को उपलब्ध करा दें। आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर प्रत्येक मंडल में तिरंगा यात्रा निकाला जाएगा। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने समाज के अंतिम व्यक्ति की महिला को राष्ट्रपति बनाकर देश की आधी आबादी एवं आदिवासी समाज को सम्मानित करने का काम की है। बैठक में प्रमुख रूप से रवि प्रकाश कुशवाहा, प्रमोद सिंह बघेल, विनोद सिंह बघेल, नीरज जयसवाल, जयराम शर्मा, पिंटू सिंह बघेल, राघवेंद्र मिश्र, गुड्डू गोस्वामी, रितेश तिवारी, सुरेश शर्मा, विवेक सिंह कुशवाहा, अतुल मिश्रा, मिंटू कुशवाहा उपस्थित थे।



## महिला के साथ बलात्कार करने वाले अभियुक्त को इटियाथोक पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

हिंदी दैनिक अयोध्या टाइम्स से ब्यूरो चीफ रंजीत तिवारी गोंडा। जिले के पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर द्वारा चलाए जा रहे अपराध तथा अपराधियों के विरुद्ध विशेष अभियान व महिलाओं और बच्चियों के अंदर सुरक्षा की भावना जागृत करने के आदेश के अनुपालन में व अपर पुलिस अधीक्षक सहित क्षेत्राधिकारी सदर के निर्देशन में इटियाथोक पुलिस ने महिला के साथ बलात्कार करने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार किया है बता दे जानकारी के मुताबिक दिनांक, 24,7,2022 को थाना अध्यक्ष करुणाकर पांडे के नेतृत्व में उप निरीक्षक रजनीश द्विवेदी मुख्य आरक्षी संजय निषाद की संयुक्त टीम ने शालिक पांडे पुत्र मनीराम निवासी निविहा परसपुर थाना इटियाथोक को गिरफ्तार किया है ।

आपको बता दें पकड़े गए आरोपी पर क्षेत्र की एक महिला के साथ बलात्कार करने का अभियोग पंजीकृत था जिस पर पुलिस ने कार्यवाही करते हुए जेल के लिए रवाना किया है।




## उपनिदेशक को पी.आर.डी.जवानों ने पुष्पगुच्छ देकर किया सम्मानित



दैनिक अयोध्या टाइम्स बहराइच उत्तर प्रदेश। गोरखपुर मंडल द्वारा जनपद बहराइच में जिला युवा कल्याण एवं पीआरडी अधिकारी अतिरिक्त प्रभार ग्रहण किया।इस क्रम में ब्लाक कमांडर देवनरायण पण्डे ने उपनिदेशक अजय द्विवेदी को पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। उपनिदेशक मंडल द्वारा जनपद बहराइच में जिला युवा कल्याण एवं पीआरडी अधिकारी बहराइच का अतिरिक्त प्रभार ग्रहण कर सभी क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारियों की बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया तथा सभी ब्लॉक कमांडरों की बैठक कर निर्देश दिया कि सभी ब्लॉक कमांडर अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन पूरी निष्ठा लगन एवं ईमानदारी से करें तथा सभी जवानों का अलग–अलग फाइल बनाकर दस्तावेज जिला कार्यालय पर भेजवाना तत्काल सुनिश्चित करें। इस अवसर पर जनपद के सभी ब्लॉक कमांडर एवं पी आर डी जवान महजूद रहे।

दैनिक अयोध्या टाइम्स
RNI NO.: UPHIN/2015/67284



# संक्षिप्त समाचार

## मोबाइल के साथ दो गिरफ्तार

मानिकपुर, चित्रकूट। जीआरपी ने दो लोगों को गिरफ्तार कर इनसे चोरी के मोबाइल बरामद किए हैं। जीआरपी से मिली जानकारी के अनुसार, मानिकपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर चार से संदिग्ध अवस्था में दो युवकों को घूमते पाया। पुलिस ने इनसे पूछतांछ की तो इनके पास से पांच मोबाइल बरामद हुए। इनके नाम रोहित पुत्र हीरालाल निवासी अमवा थाना राजापुर, सुजीत सिंह पुत्र पुष्पेंद्र सिंह निवासी रहंट थाना चुरहटा जिला रीवा मप्र बताए गए हैं। पुलिस टीम में इंस्पेक्टर दिलीप मिश्रा, एसआई प्रेम प्रकाश दीक्षित और हेड कांस्टेबल इकरार अहमद शामिल रहे।

### ग्रामोदय विश्वविद्यालय द्वारा किसानों को तिल का बीज, उर्वरक व कीटनाशक सामग्री निःशुल्क वितरित

चित्रकूट। महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के कृषि संकाय में संचालित अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना के अंतर्गत निःशुल्क तिल बीज, उर्वरक और अन्य सामग्री गत दिवस टेढ़ी ग्राम में नवनिर्वाचित सरपंच गुड़िया देवी द्वारा वितरित की गई। परियोजना प्रभारी डॉ एस पी मिश्रा ने बताया कि अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना के अंतर्गत अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन के लिए किसानों को खेतों पर लगाने के लिए 30 ट्रायल प्राप्त हुए। परियोजना के अंतर्गत किसानों को बीज, उर्वरक, बीज शोधन के लिए फंजीसाइड, वैक्टरी साइड एवं आवश्यकतानुसार कीट एवं बीमारियों के नियंत्रण के लिए दवाई किसानों को निःशुल्क उपलब्ध कराई जाती है। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय को तिल पर अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना की समन्वयन इकाई जवाहर लाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर द्वारा विगत 6 वर्षों से एफएलडी (अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन) के अंतर्गत धनराशि उपलब्ध कराई जा रही है, जिससे पथरा, पालदेव, बाबूपुरवा, चौबेपुर, टेढ़ी, पतवनिया और अमहा ग्राम के किसानों को लाभान्वित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष कुलपति प्रो भरत मिश्रा की प्रेरणा एवं विशिष्ट मार्गदर्शन में और अधिष्ठाता प्रो देव प्रभाकर राय के प्रशासनिक सहयोग से ग्रामोदय विश्वविद्यालय द्वारा चयनित ग्रामों में संपूर्ण पैकेज आफ प्रैक्टिसेज के अंतर्गत किसानों को बीज, खाद, दवाइयां एवं कीटनाशी, खरपतवारनाशी सामग्री को फसल उत्पादन एवं प्रबंधन के अंतर्गत किसानों की आवश्यकतानुसार प्रदान किया जा रहा है। इस मौके पर सरपंच पति नरेन्द्र कुमार पटेल, अनिल कुमार श्रीवास्तव, प्रशांत द्विवेदी व शिवम उरमलिया आदि का सहयोग रहा।



## स्मिता शर्मा बनी राष्ट्रीय हिन्दू महासभा, भारत में बरेली की जिला उपाध्यक्ष



मनोज शर्मा ब्यूरो चीफ,मैनपुरी। राष्ट्रीय हिंदू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री विवेक शर्मा जी के निर्देशानुसार बरेली महिला जिला कार्यालय पर एक बैठक के दौरान जिला अध्यक्ष महिला पुष्पा देवी जी ने स्मिता शर्मा को संगठन के प्रति लगन और उनके कर्तव्य निष्ठा को देखते हुए उन्हें जिला उपाध्यक्ष महिला मोर्चा बरेली नियुक्त किया लगातार संगठन के प्रति अपने दायित्वों का कुशलता पूर्वक निर्वहन कर रही थी जिसका पुरस्कार देते हुए संगठन द्वारा जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है।जिस पर संगठन के पदाधिकारियों ने हर्ष प्रकट करते हुए स्मिता शर्मा को जिला उपाध्यक्ष बनने परपुष्पा शर्मा रीता तिवारी राष्ट्रीय महासचिव विजय लक्ष्मी शर्मा अनिता गुप्ता ने बधाई दी। जिला उपाध्यक्ष स्मिता ने सभी को धन्यवाद दिया और कहा कि राष्ट्रीय, प्रदेश,जिला नेतृत्व द्वारा उन्हें जो दायित्व दिया गया है उसको वह पूरी ईमानदारी और लगन के साथ निर्वहन करेंगे। वह निरंतर संगठन को आगे ले जाने का कार्य करेंगी और हिंदू भाई बहनों की समस्याओं का वह प्रत्येक संभव तरीके से समाधान करेंगी।

## वीरांगना अवंती बाई फाउडेशन के तत्वाधान में की गोष्ठी



औरैया ,अटसू। वीरांगना अवंती बाई फाउंडेशन के तत्वाधान में गंगोत्सव गार्डन अटसू में की गई। जिसमें फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने गोपी में आए आवानगुत का फूल माला के साथ स्वागत किया।और अवंती बाई कौन थी।उनके विषय में जानकारी दी। अवंती बाई के आगामी 16 अगस्त को जन्म दिवस का कार्यक्रम अक्षु मैं मनाया जाएगा जिसमें समस्त पदाधिकारियों को जानकारी देते शरद राजपूत प्रदेश महासचिव वीरांगना अवंती बाई फाउंडेशन ने बताया है कि जन्मदिवस पर तन मन धन से अपना कार्यक्रम समझ कर सहयोग करें। इसी क्रम में प्रदेश अध्यक्ष प्रेम शंकर राजपूत प्रदेश उपाध्यक्ष रमाकांत राजपूत संरक्षक वीरांगना अवंती बाई फाउंडेशन के फूल सिंह राजपूत मीटिंग के अध्यक्षता के रूप में आशाराम राजपूत (कक्कू) उत्तम सिंह राजपूत, शैलेंद्र राजपूत एडवोकेट, पवन राजपूत, हनुमनत सिंह राजपूत डॉ अवनीश राजपूत ,प्रधान टिल्लू राजपूत, प्रधान लोकेंद्र राजपूत, प्रधान कुलदीप राजपूत ,शिवेंद्र राजपूत, भानु कुशवाहा डॉक्टर तुलाराम राजपूत, ओम जी राजपूत सभासद संजीव राजपूत समस्त लोगों ने मीटिंग में उपस्थित रहे।

## परचून दुकान की उधारी मांगने पर युवती को नसेवाज युवकों ने पीटा

दैनिक अयोध्या टाइम्स तहसील संवाददाता आशीष राजपूत शिवराजपुर।नशे की हालत में आए युवकों ने दुकानदार युवती के साथ मारपीट कर गाली गलौज करते हुए दुकान का सामान तोड़कर फरार हो गए। मक्कापुरवा गांव की रहने वाली युवती पूनम कुशवाहा पुत्री राकेश कुशवाहा ने पुलिस को प्रार्थना देते हुए बताया की गांव के ही रहने वाले गोपी पुत्र रामे दुकान से कई बार उधर समान ले जा चुका है। रविवार दोपहर दुकान पर समान लेने आए गोपी से जब पूनम ने उधारी के पैसे मांगे तो बातों को टरकाकर निकल गया।कुछ देरी बाद नशे की हालत में आए गोपी ने दुकान पर बैठी पूनम से गली गलौज करना शुरू कर दिया था।युवती के शोर मचाने पर आस पास पड़ोसियों ने बीच बचाव कर मामला शांत करवाया था।तभी गोपी के भाई नरेंद्र सोनू रामजीवन आदि ने आकर दुकान में रखे सामान को तितर बितर कर दिया था।साथ ही गली गलौज करते हुए युवती का हाथ पकड़कर दुकान से घसीटकर रोड पर गिरा दिया था। हल्का इंचार्ज विवेक चौधरी ने बताया की मामले की जांच की जा रही है दोषियों पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

## सदस्यता अभियान में चित्रकूट से 15000 छात्रों को जोडने का लक्ष्य : प्रखर



चित्रकूट। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद चित्रकूट जिले का एक दिवसीय जिला अभ्यास वर्ग सरस्वती शिशु मंदिर कर्वी में संपन्न हुआ। जिसमें प्रवासी के रूप में प्रदेश मंत्री विक्रांत अग्निहोत्री, विभाग संगठन मंत्री तरुण बाजपेई उपस्थित रहे। सैद्धांतिक भूमिका के सत्र में विक्रांत अग्निहोत्री ने बताया कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने अपने स्थापना काल से व्यक्ति निर्माण के माध्यम से राष्ट्र पुनर्निर्माण के व्यापक संदर्भ में काम करना प्रारंभ किया। उन्होंने बताया कि भारतीय संस्कृति को प्रदर्शित करने वाली शिक्षा प्रणाली होनी चाहिए इसको लेकर विद्यार्थी परिषद काम कर रहा है। तरूण बाजपेई ने बताया कि अनामिकता, अनौपचारिकता, सामूहिकता अभाविप की विशेषता है। समापन सत्र में जिला संगठन मंत्री प्रखर मिश्रा ने कहा कि आने वाले समय में सदस्यता अभियान के माध्यम से चित्रकूट जिले में 15000 छात्रों को जोड़ने का लक्ष्य है तथा 13 नगर इकाइयों के गठन की भी योजना बनाई गई है। चित्रकूट जिले में मेधावी छात्र सम्मान समारोह कार्यक्रम भी कराया जायेगा। इस अवसर पर जिले की 7 इकाइयों के 93 कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस मौके पर विभाग संयोजक पुष्पेंद्र गर्ग, जिला प्रमुख डॉ पवन त्रिपाठी, जिला संयोजक रोहित पाण्डेय, जिला सह संयोजक रोहन शुक्ला, हिमांशू तिवारी, धीरज पांडेय, शिवांक करवरिया, अभय आदि मौजूद रहे।

## सेवानिवृत्त शाखा प्रबंधक आनन्द कुमार त्रिपाठी को सम्मानित कर दी गई विदाई

गाजीपुर, मुहम्मदाबाद। युसुफपुर सहकारी संघ भवन मे शुक्रवार को सहकारी कर्मियों द्वारा आयोजित सम्मान समारोह मे डीसीबी के शाखा प्रबन्धक आनन्द कुमार त्रिपाठी को प्रतीक चिन्ह व अंगवस्त्रम देकर सम्मानित किया गया।

सम्मान समारोह मे सभी वक्ताओं ने आनन्द कुमार त्रिपाठी के व्यक्तित्व व कृतित्व की प्रशंसा उनसे बैक की सेवा के बाद अब अपना पूरा समय सहकारिता आन्दोलन को मजबूत बनाने मे देने का अनुरोध किया।इफको निदेशक व डीसीएफ गाजीपुर के चेयरमैन विजय शंकर राय ने कहा कि श्री त्रिपाठी बैक की 39 साल तक सेवा के बाद बेदाग अवकाश ग्रहण कर अब पूरी तरह से स्वतंत्र हो गये है उन्होंने उनके उज्वल भविष्य की कामना करते हुए उनकी दूसरी पाली मे पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया।

माधव ब्रह्म के पीठाधीश्वर पं भरत उपाध्याय ने कहा कि श्री त्रिपाठी आकर्षक व्यक्तित्व के धनी है हमारा आशीर्वाद इनके साथ हमेशा बना रहेगा। मुख्य अतिथि निवर्तमान शाखा प्रबंधक आनन्द कुमार त्रिपाठी ने कार्यक्रम के आयोजको के प्रति आभार जताते हुए कहा कि बैक मे 39 साल की सेवा के दौरान मुहम्मदाबाद विकास खण्ड की सहकारी समितियों के सचिवो व क्षेत्र के सहकारी बन्धुओं को जो स्नेह और सहयोग मिला उसके लिए मै आप सभी का आजीवन ऋणी रहूगा।मै आप सभी के साथ हमेशा बना रहूंगा।प्रारंभ मे मुख्य अतिथि को माल्यार्पण के बाद इफको निदेशक विजय शंकर राय व माधव ब्रह्म के पीठाधीश्वर भरत उपाध्याय द्वारा प्रतीक चिन्ह और अंगवस्त्रम देकर सम्मानित किया गया।

सम्मान समारोह मे यूपीसीबी के पूर्व निदेशक व पूर्व विधायक विरेन्द्र सिंह,पूर्व ब्लाक प्रमुख रामायण सिंह यादव,जिला पंचायत सदस्य फेकू सिंह यादव,,जिला सहकारी बैक के पूर्व उपाध्यक्ष ओंकार नाथ राय,बैक के निदेशक रविन्द्र नाथ राय,रामबचन यादव,सांसद प्रतिनिधि प्रमोद राय ,डीसीएफ के निदेशक रामब्यास राय,बिनोद उपाध्याय , प्रफुल्ल कुमार सिंह,क्रय बिक्रय समिति के अध्यक्ष कृष्णाकांत राय,इफको के बरिष्ठ प्रबंधक एस के राय,डावओमप्रकाश गिरी,कृपाशंकर राय, ओमप्रकाश उपाध्याय,राजेन्द्र यादव,सतीशचंद्र राय गुड्डू,पूर्व शाखा प्रबन्धक तेज नारायण राय,विजय शंकर राय,राम जी गुप्ता ,अप्पू राय, राज किशोर अग्रवाल,विश्वम्भर दुबे,प्यारेलाल अग्रवाल,

शाखा प्रबन्धक दिग्विजय सिंह यादव, त्रियोगी नारायण चतुर्वेदी,सर्वजीत यादव,एडीओ नवीन सिंह, भगवती राय,राम नारायण पाण्डेय, राम जी यादव,नारायण तिवारी श्री कृष्ण दुबे,अछन मियां, रजाहुसेन खां,एलडीबी के शाखा प्रबन्धक पंजाबी राम सरोज,राजेश राय,बिनोद यादव,संजय यादव,जीयुत सिंह ,राजीव कुमार राय,विनय तिवारी ,जय प्रकाश राय,शिवलाल,महेन्द्र सिंह यादव के अलावा सभी सहकारी समितियो के सचिव व सहकारिता से जुड़े लोग उपस्थित रहे अन्त मे कार्यक्रम के संयोजक अजय कुमार पाण्डेय आगन्तुकों के प्रति आभार प्रकट किया।

## गाजीपुर के सांसद अफजाल अंसारी द्वारा अवैध रुप से अर्जित की गई लगभग 15 करोड़ की अचल संपत्ति को प्रशासन ने किया कुर्क

गाजीपुर। गाजीपुर सांसद अफजाल अंसारी पुत्र शुभानुल्लाह अंसारी द्वारा अवैध ढंग से अर्जित की गयी करीब 15 करोड़ रुपये की अचल सम्पत्ति को पुलिस द्वारा कुर्क किया गया। पुलिस अधीक्षक रोहन पी बोत्रे गाजीपुर के निर्देशन में जनपद गाजीपुर में अवैध तरीके से धन,भू–सम्पत्ति व अचल सम्पत्ति अर्जित करने वाले माफियाओं के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना प्रभारी मुहम्मदाबाद गाजीपुर की प्रेषित आख्या पर पुलिस अधीक्षक गाजीपुर द्वारा की गयी संस्तुति के आधार पर जिलाधिकारी गाजीपुर द्वारा दिनांक 22.07.2022 को पारित कुर्की आदेश अन्तर्गत धारा 14(1) उ0प्र0 गिरोह बंन्ध एवं समाज विरोधी अधिनियम 1986 विरुद्ध अभियुक्त अफजाल अंसारी पुत्र शुभानुल्लाह अंसारी निवासी युसुफपुर थाना मुहम्मदाबाद द्वारा अवैध ढंग से अर्जित की गयी निम्न सम्पत्ति– दिनांक 02–02–2011 को मौजा मॉंचा परगना व तहसील मुहम्मदाबाद गाजीपुर में अराजी नं0–159 रकबा 2.506 व अराजी नं0– 142 रकबा 0.564 में से 1/3 अर्थात 1.04133 हेक्टेयर भूमि जिसकी किमत 42 लाख 68 हजार सौं रुपयें मात्र। दिनांक 11.01.2017 को अभियुक्त अफजाल अंसारी द्वारा अपने नाम से पनेठा परगना व तहसील मुहम्मदाबाद में अराजी नं0– 278 रकबा 0.336 हेक्टेयर अराजी नं0–282 रकबा 0.298 हेक्टेयर अराजी नं0– 283 रकबा 0.263 हेक्टेयर अराजी नं0–250 रकबा 0.865 हेक्टेयर में से कुल 1.762 हेक्टेयर भूमि तथा 284,285,289,292 ,293,295 में से कुल 2.561 हेक्टेयर क्रय भूमि जिनकी कुल किमत 02 करोड़ 52 लाख 11 हजार 100 रुपये।

दिनांक 11.01.2017 को अभियुक्त अफजाल अंसारी उपरोक्त द्वारा मौजा नरसिंहपुर तरयी परगना व तहसील मुहम्मदाबाद जनपद गाजीपुर के अराजी नं0– 12,14 व 15,16 में से कुल रकबा 0.642 हेक्टेयर क्रय भूमि जिसकी किमत 45 लाख 72 हजार 02 सौं रुपये मात्र। दिनांक 09.09.2015 को अभियुक्त उपरोक्त द्वारा मौजा खरडीहा परगना व तहसील मुहम्मदाबाद जनपद गाजीपुर में अराजी नं0–91 रकबा 2.603 हेक्टेयर क्रय भूमि जिसकी किमत 01 करोड़ 06 लाख 72 हजार रुपये मात्र जिसका दान अभिलेख तैयार कराकर अपनी पुत्रियो को दान कर देना। अवैध तरीके से खरीद फरोख्त कर दाखिल खारिज न कराना व दान अभिलेख तैयार कराकर दान कर देने से सम्बन्धित उपरोक्त अचल भू–सम्पत्ति को गाजीपुर पुलिस प्रशासन के द्वारा दिनाक 24.07.2022 को कुल बाजारू कीमत 14,90,00000 रुपये की भू–सम्पत्ति को मुनादी कर कुर्की की कार्यवाही की गयी।



## पूर्वांचल को तत्काल सूखाग्रस्त घोषित करे सरकारः ओमप्रकाश सिंह



गाजीपुर। पूर्व मंत्री एवं जमानिया विधायक ओमप्रकाश सिंह ने गाजीपुर समेत पूर्वांचल के जिलों को सूखाग्रस्त घोषित करने की सरकार से मांग की है। उन्होंने कहाकि सरकार तत्काल पूर्वांचल को सूखाग्रस्त घोषित करते हुए पीड़ित किसानों को मुआवजा उपलब्ध कराए। जमानिया से बारा हरकरनपुर व जमानियां से देवैथा तथा जमानियां से ढढ़नी ताड़ीघाट तक बारिश न होने और सूखी नहरों के चलते किसान धान की रोपाई नहीं कर पा रहे है। सावन में खेतों में पड़ी दरार किसानों के लिए बड़ी आपदा है। बर्बाद हो रहे किसानों को राहत दिलाने से लिए सरकार पूर्वांचल के जिलो को सूखा ग्रस्त तत्काल घोषित करें। साथ ही मुआवजा भी किसानों को प्रदान किया जाए। उन्होंने कहा कि लो वोल्टेज के चलते नहरों में पानी नहीं पहुंच पा रहा है, जिससे सिंचाई की बड़ी समस्या उत्पन्न हो रही है। उन्होंने सिस्टम इंप्रूव करते हुए लो वोल्टेज की समस्या समाप्त करने और निर्बाध आपूर्ति की मांगी की, जिससे किसानों के सामने खड़ी सिंचाई की समस्या का समाधान हो सके। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की कार्यप्रणाली किसान विरोधी नजर आ रही है। बारिश न होने के चलते खेती चौपट हो रही है। सरकारी उदासीनता के चलते नहरे भी बेपानी है, जिससे किसानों के सामने सिंचाई एक बडी समस्या बनी हुई है। सरकार सत्ता में रहने और राजनैतिक लाभ को लेकर जितनी परेशान और चिंतित रहती है, किसानो– आम लोगों के लिए उतनी ही बेपरवाह नजर आ रही है। उन्होंने प्रदेश सरकार को आड़े हाथों लेते हुए किसानों से किए हुए वादे पर पूरी तरह से फेल बताया और गाजीपुर समेत पूर्वांचल को सूखा ग्रस्त घोषित करने की मांग दोहराइ।

### दोपहिया वाहन रूटीन चेकिंग के दौरान चार हजार रुपये वसूला गया

दैनिक अयोध्या टाइम्स मनोज कुमार यादव संवाददाता भटनी, देवरिया। थाना क्षेत्र के कस्बे में वाहन चेकिंग किया गया जिसमें भटनी थाना एसएसआई विनय सिंह, एसआई अभिमित कुमार, सुनील कुमार पटेल, द्वारा जंगली जालपा मंदिर के पास वाहन चेकिंग किया गया जिसमें चार हजार रुपये का चलान कटा गया बताते चले कि की नगर के कस्बे में रूटीन चेकिंग किया गया जिसमे दो पहिया पर तीन सवारी बिना हेलमेट का चलान कटा गया जिसमें पुलिस ने चार हजार रुपये चलान के माध्यम से वसूला गया।



## सेवानिवृत्त शाखा प्रबंधक आनन्द कुमार त्रिपाठी को सम्मानित कर दी गई विदाई



गाजीपुर, मुहम्मदाबाद। युसुफपुर सहकारी संघ भवन मे शुक्रवार को सहकारी कर्मियों द्वारा आयोजित सम्मान समारोह मे डीसीबी के शाखा प्रबन्धक आनन्द कुमार त्रिपाठी को प्रतीक चिन्ह व अंगवस्त्रम देकर सम्मानित किया गया

सम्मान समारोह मे सभी वक्ताओं ने आनन्द कुमार त्रिपाठी के व्यक्तित्व व कृतित्व की प्रशंसा उनसे बैक की सेवा के बाद अब अपना पूरा समय सहकारिता आन्दोलन को मजबूत बनाने मे देने का अनुरोध किया।इफको निदेशक व डीसीएफ गाजीपुर के चेयरमैन विजय शंकर राय ने कहा कि श्री त्रिपाठी बैक की 39 साल तक सेवा के बाद बेदाग अवकाश ग्रहण कर अब पूरी तरह से स्वतंत्र हो गये है उन्होंने उनके उज्वल भविष्य की कामना करते हुए उनकी दूसरी पाली मे पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया।

माधव ब्रह्म के पीठाधीश्वर पं भरत उपाध्याय ने कहा कि श्री त्रिपाठी आकर्षक व्यक्तित्व के धनी है हमारा आशीर्वाद इनके साथ हमेशा बना रहेगा।

मुख्य अतिथि निवर्तमान शाखा प्रबंधक आनन्द कुमार त्रिपाठी ने कार्यक्रम के आयोजको के प्रति आभार जताते हुए कहा कि बैक मे 39 साल की सेवा के दौरान मुहम्मदाबाद विकास खण्ड की सहकारी समितियों के सचिवो व क्षेत्र के सहकारी बन्धुओं को जो स्नेह और सहयोग मिला उसके लिए मै आप सभी का आजीवन ऋणी रहूगा।मै आप सभी के साथ हमेशा बना रहूंगा।प्रारंभ मे मुख्य अतिथि को माल्यार्पण के बाद इफको निदेशक विजय शंकर राय व माधव ब्रह्म के पीठाधीश्वर भरत उपाध्याय द्वारा प्रतीक चिन्ह और अंगवस्त्रम देकर सम्मानित किया गया।

सम्मान समारोह मे यूपीसीबी के पूर्व निदेशक व पूर्व विधायक विरेन्द्र सिंह,पूर्व ब्लाक प्रमुख रामायण सिंह यादव,जिला पंचायत सदस्य फेकू सिंह यादव,,जिला सहकारी बैक के पूर्व उपाध्यक्ष ओंकार नाथ राय,बैक के निदेशक रविन्द्र नाथ राय,रामबचन यादव,सांसद प्रतिनिधि प्रमोद राय ,डीसीएफ के निदेशक रामब्यास राय,बिनोद उपाध्याय , प्रफुल्ल कुमार सिंह,क्रय बिक्रय समिति के अध्यक्ष कृष्णाकांत राय,इफको के बरिष्ठ प्रबंधक एस के राय,डावओमप्रकाश गिरी,कृपाशंकर राय, ओमप्रकाश उपाध्याय,राजेन्द्र यादव,सतीशचंद्र राय गुड्डू,पूर्व शाखा प्रबन्धक तेज नारायण राय,विजय शंकर राय,राम जी गुप्ता ,अप्पू राय, राज किशोर अग्रवाल,विश्वम्भर दुबे,प्यारेलाल अग्रवाल, शाखा प्रबन्धक दिग्विजय सिंह यादव, त्रियोगी नारायण चतुर्वेदी,सर्वजीत यादव,एडीओ नवीन सिंह, भगवती राय,राम नारायण पाण्डेय, राम जी यादव,नारायण तिवारी श्री कृष्ण दुबे,अछन मियां, रजाहुसेन खां,एलडीबी के शाखा प्रबन्धक पंजाबी राम सरोज,राजेश राय,बिनोद यादव,संजय यादव,जीयुत सिंह ,राजीव कुमार राय,विनय तिवारी ,जय प्रकाश राय,शिवलाल,महेन्द्र सिंह यादव के अलावा सभी सहकारी समितियो के सचिव व सहकारिता से जुड़े लोग उपस्थित रहे अन्त मे कार्यक्रम के संयोजक अजय कुमार पाण्डेय आगन्तुकों के प्रति आभार प्रकट किया।




## नशे ही हालत में भाई ने भाई की ईट से कुचलकर हत्या की थी चार दिन बाद भी नही दर्ज हुई रिपोर्ट

दैनिक अयोध्या टाइम्स तहसील संवाददाता आशीष राजपूत कानपुर। शिवराजपुर क्षेत्र के एक गांव ने गुरुवार को नशे की हालत में दो सगे भाईयों में किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया था।जिसपर एक भाई ने दूसरे भाई की ईट से कुचलकर हत्या कर दी थी। पत्नी कमला देवी की तहरीर पर चार दिन बीत जाने के बावजूद पुलिस ने रिपोर्ट नही दर्ज की है।महिला का आरोप है कि पुलिस थाने के चक्कर लगाकर नही थक चुकी है लेकिन थाना अध्यक्ष ने अभी तक मुकदमा पंजीकृत नही किया है।

क्षेत्र के शाहपुर माल्हा गांव में गुरुवार को किसी बात को लेकर दो सगे भाइयों में झगड़ा हो गया था। शाहपुर माल्हा गांव निवासी मनोज कुमार पुत्र दीपक 38 वर्ष की उनके सगे भाई दिनेश कुमार से किसी बात को लेकर आपस में झगड़ा हो गया था। नसे को हालत में आए दिनेश ने अपने सगे भाई मनोज कुमार पर ईट से हमला कर लहूलुहान कर दिया था।परिजन आनन फानन सीएचसी लेकर पहुंचे थे जहा डॉक्टरों ने हालत नाजुक होते देख कानपुर जिला अस्पताल भेज दिया था।उपचार के दौरान मनोज की मृत्यु हो गई थी।पुलिस ने पंचायत नामा भर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। उधर मृतक के पत्नी कमला देवी ने पुलिस को लिखित शिकायत पत्र दिया था जिसपर पुलिस जांच कर रही है।मनोज कुमार के चार बच्चे है महिला पर पुलिस जबरन दबाव बनाकर तहरीर बदलने का आरोप लगा रही थी।

## श्रावणमास के अवसर पर देवकली मन्दिर का निरीक्षण

औरैया। जिलाधिकारी औरैया श्री प्रकाश चन्द्र श्रीवास्तव व पुलिस अधीक्षक औरैया श्रीमती चारू निगम द्वारा श्रावणमास के द्वितीय सोमवार के दृष्टिगत देवकली मन्दिर का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया तथा सीसीटीवी कैमरो व पार्किंग व्यवस्था का निरीक्षण किया गया तथा श्रावणमास के अवसर पर देवकली मन्दिर में होने वाली श्रद्धालुओं की भीड़ को दृष्टिगत रखते हुए व श्रद्धालुओं के आने जाने व दर्शन करने में समस्या न हो व यातायात व सुरक्षा व्यवस्था के संबन्ध में निरीक्षण किया तथा चौकी इन्चार्ज देवकली को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुये कड़ाई से पालन करने हेतु निर्देशित किया । इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक औरैया महोदय, अपर जिलाधिकारी औरैया महोदया, क्षेत्राधिकारी सदर, उप–जिलाधिकारी सदर समेत अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौके पर उपस्थित रहे ।



## घनेपुरवा निवासी महिला को जमीनी विवाद में जातिसूचक गालियां देने का आरोप, पीड़िता ने एसपी ऑफिस में की शिकायत



मो मुनब्बर ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स कन्नौज

कन्नौज। एक और महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए सरकार दृढ़ संकल्पित होकर विभिन्न कार्यक्रम चला रही है बावजूद इसके आज भी कुछ कुंठित मानसिकता के लोग महिला सशक्तिकरण की धज्जियां उड़ाने से बाज नहीं आते हैं ऐसा ही प्रकरण एक जनपद कन्नौज के ठठिया थाना क्षेत्र के घने पुरवा गांव का सामने आया है। जनपद के ठठिया थाना क्षेत्र के घनेपुरवा गांव निवासी जमुना देवी पत्नी गोवर्धन ने रविवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर एसपी को प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि फूलन देवी के साथ उसका जमीनी विवाद चल रहा है इसी विवाद को लेकर हासापुर निवासी संजीव, मनोज व दिव्यांश ओमर पीड़िता को जातिसूचक गालियां देकर अपमानित कर रहे हैं पीड़िता ने बताया कि उक्त लोग बराबर उसे व उसके परिवार के लोगों को झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दे रहे हैं। पीड़िता ने रविवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर एसपी से न्याय की गुहार लगाई है।

## पत्रकार एकता समन्वय समिति तहसील इकाई और जिला इकाई का गठन हुआ संपन्न

- भटनी के पत्रकारों ने बड़ चढ़कर हिसा लिया



दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो देवरिया देवरिया। स्थानीय जनपद के नगर पालिका के पंडित दीनदयाल उपाध्याय सभागार में पत्रकार एकता समन्वय समिति का जिला गठन तथा तहसील इकाई देवरिया का गठन बड़े भव्य रुप से संपन्न हुआ । कार्यक्रम में भोला यादव को पत्रकार उत्पीड़न प्रकोष्ठ के मंडल प्रभारी तथा मनोज कुमार यादव को सूचना प्रकोष्ठ जिला प्रभारी ,हरिशंकर गुप्ता को सूचना प्रकोष्ठ के जिला महासचिव पवन यादव को पत्रकार उत्पीड़न प्रकोष्ठ के मंडल उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया । वही शेषनाथ यादव को पत्रकार उत्पीड़न प्रकोष्ठ के जिला प्रभारी , राकेश मद्धेशिया को जिला महासचिव , राणा प्रताप सिंह को जिला संरक्षक , अवधेश कुशवाहा को सूचना प्रकोष्ठ के जिला उपाध्यक्ष , सतेंद्र संगम को जिला सचिव , चंदन वर्मा को जिला मंत्री , अजय पांडे को जिला मीडिया प्रभारी , विनोद यादव को जिला उपाध्यक्ष , ज्ञानेंद्र मिश्रा को जिला उपाध्यक्ष , तारकेश्वर विश्वकर्मा को पत्रकार उत्पीड़न प्रकोष्ठ के जिला सचिव , वही तहसील इकाई के वीरेंद्र पांडे को तहसील अध्यक्ष सुनील यादव को तहसील प्रभारी , हसमुद्दीन अंसारी को मीडिया प्रभारी , राकेश श्रीवास्तव को उपाध्यक्ष , इसराफिल मंसूरी को सह मीडिया प्रभारी , शेर सिंह हुंकार को तहसील उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया । इसी के साथ रमन तिवारी भटनी , रितेश भारती , संतोष कुशवाहा , अमित रंजन श्रीवास्तव को जिला कमेटी में स्थान दिया गया । उक्त अवसर पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कमल पटेल , राष्ट्रीय महासचिव गोपेश कुमार , राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी लियाकत अहमद , प्रदेश प्रभारी गजेंद्र मिश्रा , प्रदेश उपाध्यक्ष सुमित अग्रवाल , जिला महासचिव रामप्रताप पांडे , जिला प्रभारी अनवर अंसारी आदि जिले के बहुत ज्यादा संख्या में पत्रकार बंधु कार्यक्रम में भाग लिये ।

## केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी से कोविड 19 बूस्टर डोज टीकाकरण सेंटर का फीता काटकर किया शुभारम्भ

जिला ब्यूरो विजय सिंह रायबरेली
रायबरेली। भारत सरकार की महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नसीराबाद में कोविड 19 (18 प्लस बूस्टर डोज) टीकाकरण सेंटर का फीता काटकर व उपस्थित चिकित्सको से दीप प्रज्ज्वलित कराकर शुभारम्भ किया। इसी दौरान उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में लगे मुख्यमंत्री आरोग्य मेला में लगाए गए स्टालों पर जाकर आयुष्मान गोल्डन कार्ड, स्वास्थ्य व्यवस्था आदि का अवलोकन कर जानकारी ली। उन्होंने बाल विकास पुष्टाहार विभाग द्वारा आयोजित बच्चों को अन्नप्राशन में खीर खिलाई व गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की। उन्होंने आम जनमानस की समस्याओं को सुना और उसके निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी से उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिये कि सरकार द्वारा चलाई जा रही प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम, स्वच्छ भारत मिशन, राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, मध्यान्ह भोजन योजना आदि लाभ परक योजनाओं का पात्र व्यक्तियों को लाभ दिलाया



जाये तथा सीएचसी में आने वाले मरीजों व लोगों को अच्छी स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराते हुए बेहतर इलाज किया जाए। इस मौके पर सलोन विधायक अशोक कुमार, डीएम माला श्रीवास्तव, पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी, मुख्य विकास अधिकारी प्रभाष कुमार, मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 वीरेन्द्र सिंह, अपर जिला सूचना अधिकारी इंजेश सिंह, मो0 राशिद रियाज सहित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के चिकित्सक भी उपस्थित रहे।

## कामदगिरि स्वच्छता समिति ने किया वन संरक्षण के प्रति जागरूक

चित्रकूट। कामदगिरि स्वच्छता समिति ने नियमित अभियान के तहत रविवार को परिक्रमा पथ पर सफाई अभियान चलाया। इस दौरान लोगों को वृक्ष बचाने की भी प्रेरणा दी गई। समिति के अध्यक्ष राकेश केशरवानी ने बताया कि लंबे समय से समिति द्वारा तीर्थक्षेत्र में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान लोगों को सफाई के प्रति जागरूक करने का भी लक्ष्य है। रविवार को सफाई के साथ साथ समिति के लोग वृक्षों को संरक्षित करते हैं। पर्वत के किनारे जमा कचरा निकालते हैं। बताया कि समिति के लोगों की इच्छा है



कि जनता में जागरूकता आए। रविवार को अभियान में अधिशासी अधिकारी रामअचल कुरील, अंजू वर्मा, सफाई निरीक्षक कमलाकांत शुक्ला, राजेंद्र त्रिपाठी, शुभम केशरवानी, अंकुर केशरवानी, जानकी प्रसाद, विवेक केशरवानी, शुभम केशरवानी, विनोद वर्मा, गया प्रसाद द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

## ग्लैमरस गर्ल सिमरन सिंह सुमिन भट्ट के म्युजिक वीडियो में जल्द आएंगी नजर

–अनिल बेदाग–
मुंबई। बॉलीवुड स्टार आलिया भट्ट को अपनी फेवरेट ऐक्ट्रेस मानने वाली नवोदित अभिनेत्री सिमरन सिंह किसी फिल्मी बैकग्राउंड से सम्बंध नहीं रखतीं, मगर अपनी मेहनत और प्रतिभा के बल पर फिल्म इंडस्ट्री में उन्होंने कदम रख दिया है। फिमी प्रोडक्शन के साथ उन्होंने कैटलॉग और प्रिंट शूट किया है और इसी प्रोडक्शन हाउस के अपकमिंग अल्बम में मेन लीड के रूप में नजर आने वाली हैं। वह सुमिन भट्ट के एक अपकमिंग म्युजिक वीडियो में दिखाई देंगी, जिसे रियाज मीर ने डायरेक्ट किया है। अल्बम में काम करने को लेकर सिमरन सिंह बेहद उत्साहित हैं। उनका मानना है कि म्युजिक वीडियो में अभिनय करना काफी बेहतर होता है, क्योंकि इससे आर्टिस्ट की प्रोफाइल अपडेट होती रहती है और काफी अच्छा अनुभव भी मिलता है। वह सुमिन भट्ट के फिमी प्रोडक्शन के साथ काम करके काफी खुश हैं क्योंकि उन्हें बहुत ही अच्छा एक्सपीरिएंस मिला। और वह आगे भी इस प्रोडक्शन हाउस के साथ काम करना चाहेंगी। उनकी फेवरेट ऐक्ट्रेस आलिया भट्ट हैं और वह उनकी ही तरह भिन्न भिन्न प्रकार के रोल पर्दे पर उकेरना चाहती हैं। उनका ड्रीम रोल क्या है जो आगे करना चाहेंगी,



ये पूछने पर सिमरन सिंह तुरंत कहती हैं ष्मैं एक महिला प्रधान फिल्म करना चाहती हूं। किसी स्ट्रॉन्ग वीमेन की बॉयोपिक करना मुझे बेहद पसंद है।

## सांप के काटने से युवा किसान की मौत

मऊ, चित्रकूट : बगीचे में काम करते एक युवा किसान को सांप ने डस लिया। घरवाले पहले झाड़फूंक कराते रहे और जब हालत न सुधरी तो उसे अस्पताल ले जाने लगे, पर रास्ते में उसकी सांसें थम गईं।
घटना रविवार सुबह की है। थाना क्षेत्र अंतर्गत बरवार गांव में गोविंद निषाद (20) पुत्र लल्लू घर के बगल में लगी सब्जी की बगिया में काम कर रहा था। इस दौरान वहां किसी सर्प ने उसे डस लिया। उसकी चीख सुनकर घरवाले पहुंचे तो घटना की जानकारी हुई। बताया जाता है कि इसके बाद परिजन उसे किसी झाड़फूंक करने वाले के पास ले गए। हालत न सुधरने पर उसे अस्पताल ले जाने लगे पर रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। इससे घर में हाहाकार मच गया। मृतक की मां बूंदी का रोरोकर बुरा हाल हो गया। युवक तीन भाइयों में दूसरे नंबर का था।

## राहुल गांधी का पुतला फूंक कर भाजपाइयों ने जताया विरोध


अमेठी ब्यूरो विजय कुमार सिंह
अमेठी। मुसाफिरखाना स्थानीय कोतवाली के ठीक सामने भाजपा कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी के खिलाफ नारेबाजी करते हुए उनका पुतला जला कर विरोध प्रदर्शन किया। गोवा प्रकरण मामले को लेकर कांग्रेस द्वारा की गई टिप्पणी से नाराज भाजपा कार्यकर्ताओं ने आईटी सेल के जिला संयोजक अंशू तिवारी के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी व राहुल गांधी के खिलाफ नारेबाजी करते हुए स्थानीय कोतवाली




गेट के सामने बस स्टेशन के पास विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन कर रहे भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा राहुल गांधी का पुतला भी जलाया गया। इस मौके पर राम कौशल, जीत बहादुर सिंह, अखिलेश पांडेय, प्रतीक तिवारी, लालजी सहित अन्य भाजपा युवा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## टिमटिमाते तारों से सजे आसमान के नीचे मॉन्टेरिया विलेज करेगा बेहतरीन मनोरंजन







• मॉन्टेरिया विलेज आपके परिवार को देगा 'द कबीला' एक्सपीरियंस
–अनिल बेदाग–
मुंबई। रायगढ़ जिले के खालापुर में स्थित मॉन्टेरिया विलेज वीकेंड की छुट्टियाँ बिताने के लिए एक बेहतरीन स्थान है जहाँ मुंबई और पुणे से सिर्फ दो घंटे में पहुँचा जा सकता है, और अब इस विलेज ने पर्यटकों के लिए श्द कबीलाश एक्सपीरियंस का शुभारंभ किया है। श्द कबीलाश के पीछे की सोच दरअसल बंजारों, यानी घुमक्कड़ लोगों से प्रेरित है, जिसके जरिए यहाँ आने वाले मेहमानों को शहर की भीड़–भाड़ से दूर अपनी मर्जी से इधर–उधर घूमने के अनुभव को बिल्कुल नए अंदाज में पेश करने की कोशिश की गई है। यह सादगी और आधुनिक जिंदगी की सुविधाओं के बीच सही संतुलन है, जो आपको अपने काम–काज से थोड़ा ब्रेक लेने और अपने तन–मन में नई ऊर्जा जगाने का बेहद शानदार अवसर देता है। श्द कबीलाश में अच्छी तरह से सुसज्जित 50 टेंट लगाए गए हैं, जिन्हें असल जिंदगी में गाँव का अनुभव प्रदान करने वाली चीजों के साथ सजाया गया है। मेहमान हमारे विशेषज्ञ कर्मचारियों की मदद से खेती कर और हल चलाने का अनुभव भी ले सकते हैं।

श्री राही वघानी, मैनेजिंग डायरेक्टर, मॉन्टेरिया रिजॉर्ट प्रा. लि. ने कहा, ष्श्द कबीलाश मेहमानों को गाँव का अनुभव प्रदान करने के स्तर को और ऊपर ले जाता है। यह आपको शहर में अपने रोजमर्रा के काम–काज से थोड़ा आराम लेने का बेहतरीन अवसर प्रदान करता है और बंजारा लिविंग सेटअप के जरिए आपको बीते दिनों की यादों में वापस ले जाता है। टेंट के इर्द–गिर्द चारों ओर घूमने से लेकर पेड़ों के झुंड के नीचे झूले पर आराम करने अनुभव प्रदान करने वाला श्द कबीलाश सचमुच कुदरत की खूबसूरती का भरपूर लुत्फ उठाने और जिंदगी के लम्हों का नए अंदाज में आनंद लेने के लिए सबसे उपयुक्त स्थान है। मॉन्टेरिया विलेज दिलो–दिमाग को तरोताजा कर वाली छुट्टियों का आनंद लेने के लिए बेहतरीन है, जो आपको अपनी जड़ों की ओर वापस ले जाता है।"

इन पाँच गतिविधियों का आनंद अवश्य लीजिए – 1) आराम से टहलते हुए गाँव की सैर का अनुभव दृ कैंप पहुँचकर थोड़ा आराम करने के बाद, यहाँ के ग्रामीण सेटअप का अनुभव प्राप्त करने के लिए गाँव की सैर करना बेहद जरूरी है। हरे–भरे खेतों, रंग–बिरंगे कच्चे मकानों और सरपंच हाउस में घूमने का आनंद लीजिए। गौशाला, झरना और गुफा सुरंग देखने तथा बांस की झुरमुट के बीच चलने का मजा लेने के साथ–साथ मंदिर का दर्शन कीजिए। पुराने एवं अस्थायी रूप से तैयार किए गए रेलवे स्टेशन घूम तथा रेल की पटरियों के बीच टहलने के साथ–साथ नक्षत्र गार्डन में ताजा फूलों का आनंद लीजिए। 2) झील में डुबकी लगाएँ, कुदरती बारिश के पानी में भीगने और तैरने या पानी में छप–छप करते एवं छींटे उड़ाते हुए इधर–उधर घूमने का मजा लेने के लिए मानसून का मौसम सबसे सही है। जो अपने भीतर छिपे बचपन के एहसास को फिर से जगाने और इसमें छलांग लगाने की इच्छा रखने वाले सभी लोगों को शानदार अनुभव देने वाला है! 3) मेला और स्ट्रीट फूड, लोक कला नामक प्रदर्शन मंच पर लोक नृत्य, संगीत और नौटंकी (मनोरंजक कला प्रदर्शन) सहित कई तरह की मनोरंजक गतिविधियों का आयोजन किया जाता है। अपने मन को तरोताजा करने के साथ–साथ आप यहाँ के स्टॉल पर उपलब्ध स्वादिष्ट पानी–पूरी, गोला, चना जोर गरम और जूस का लुत्फ उठा सकते हैं। स्थानीय विक्रेता की कड़क चाय का स्वाद लेना न भूलें। आसपास के गाँव की महिलाओं द्वारा चलाए जा रहे वर्कशॉप से अचार और पापड़ घर ले जाएँ। अपने पेट में थोड़ी जगह बनाए रखें, ताकि आप भारतीय रेस्टोरेंट, सबरस में जायकेदार व्यंजनों वाली पूरी थाली के बेहतरीन स्वाद का आनंद ले सकें। 4) हस्तशिल्प के सामानों की खरीदारी करें दृ फर्नीचर बुनकरों द्वारा बांस से तैयार की गई हस्तशिल्प की वस्तुएँ खरीदें। गाँव में बढ़ई, लोहार, नाई, दर्जी और कुम्हार के अलावा साइकिल की मरम्मत के लिए वर्कशॉप भी है। 5) पारंपरिक खेलों का आनंद लें दृ पारंपरिक खेलों जैसे कि कंचे, चकदो की सवारी, बाधा दौड़ और पेड़ों के झुंड के चारों तरफ लगे झूले आदि का भरपूर आनंद लीजिए।

## पूरे सप्ताह मनाया जाएगा उज्ज्वल भारत-उज्ज्वल भविष्य पावर महोत्सव

चित्रकूट। आजादी के अमृत महोत्सव के तहत 25 से 30 जुलाई तक पूरे सप्ताह मनाया जाएगा उज्ज्वल भारत उज्ज्वल भविष्य पावर/2047 महोत्सव। इस विषय में जिलाधिकारी चित्रकूट अभिषेक आनंद ने बताया कि सोमवार से जिला मुख्यालय में एक संगोष्ठी करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया जाएगा। इस महोत्सव के माध्यम से पूरे सप्ताह विद्युत ऊर्जा के क्षेत्र में भारत सरकार व प्रदेश सरकारों के संयुक्त प्रयासों से हासिल की गई उपलब्धियों को उजागर करते हुए भारत के आम आदमी की प्रगति, उसके जीवन को सुगम व खुशहाल बनाकर भारत को एक सुदृढ व आत्मनिर्भर राष्ट्र बनाने में विद्युत ऊर्जा के विभिन्न आयामों जैसे उत्पादन, पोषण, वितरण व अक्षय ऊर्जा के अप्रतिम योगदान का प्रदर्शन, जगह जगह पर पोस्टर, बैनर लगाकर व फिल्मों के माध्यम किया जाएगा। इसी कड़ी में 29 जुलाई को आजादी के दीवाने रहे स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी स्व. पं. शिवकुमार व त्रिपाठी को याद करते हुये तहसील सभागार मऊ में दोपहर 12 बजे से एवं 30 जुलाई को भजन संध्या सभागार चित्रकूट में दोपहर 12 बजे से कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद आर के पटेल होंगे व कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथियों मानिकपुर विधायक अविनाश चन्द्र द्विवेदी, सदर विधायक अनिल प्रधान, जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक कुमार जाटव सहित सभी जनप्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया गया है। भारत सरकार व उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा विजली के क्षेत्र में चलायी जा रही विभिन्न जन कल्याण कारी योजनाओं के लाभार्थियों को भी ससमांन आमंत्रित किया गया। जिन्हें लाने व वापस घर तक पहुंचने की भी समुचित व्यवस्था की गयी है। 29 जुलाई को तहसील सभागार मऊ में व 30 जुलाई को भजन संध्या चित्रकूट में प्रदर्शनी, नुक्कड़ नाटको व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम की जिम्मेदारी जिलाधिकारी द्वारा मुख्य विकाश अधिकारी चित्रकूट अमित आसेरी के नेत्रत्व में गठित टीम को सौंपी गयी है। मुख्य विकास अधिकारी ने सम्पूर्ण कार्यक्रम का प्रभार अधीक्षण अभियंता दक्षिणायल वि.वि. मण्डल जनपद चित्रकूट ई ब्रजेश कुमार को व अधिशासी अभियंता दक्षिणाचल वि.वि. मण्डल जनपद चित्रकूट इं. आर एस वर्मा को अतिथियों के आमंत्रण व स्वागत की जिम्मेदारी सौंपी गई। कार्यक्रम स्थल की तैयारी, प्रदर्शन सामग्री की व्यवस्था, स्वल्पाहार, पेयजल व बैठने की व्यवस्था आदि की जिम्मेदारी भारत सरकार द्वारा नियुक्त कार्यक्रम के नोडल अधिकारी इं मान सिंह, उप महाप्रबन्धक एनटीपीसी मेजा प्रयागराज को सौंपी गई है। जिनके सहयोग की जिम्मेदारी इं चंद्रपाल सिंह निरंजन, उप महाप्रबन्धक एनटीपीसी, मेजा एवं इं. के के वर्मा, अधिशासी अभियंता विदयुत ( ग्रामीण ) राजापुर को सौंपी गयी। इं . आर एस वर्मा , अधिशासी अभियंता दक्षिणा वि.वि. मण्डल , जनपद चित्रकूट व अधिशासी अभियंता विद्युत ( ग्रामीण ) राजापुर इं.के के वर्मा को विद्युत विभाग एवं ऊर्जा विभाग में लाभान्वित हितग्राहियों को कार्यक्रम में लाने व वापिस भेजने का दायित्व सौंपा गया। इसी प्रकार नुक्कड़ नाटकों व सांस्कृतिक कार्यक्रम की जिम्मेदारी जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी व जिला पर्यटन अधिकारी शक्ति सिंह को सौंपी गई। समस्त औद्योगिक व्यवसायियों को कार्यक्रम में उपस्थित कराने की जिम्मेदारी उपायुक्त उद्योगकेन्द्र चित्रकूट को सौंपी गई। कार्यक्रम स्थलों की समुचित साफ सफाई की जिम्मेदारी अधिशासी अधिकारी नगर पालिका कर्वी और नगर पंचायत मऊ चित्रकूट को सौंपी गई।

## 28 जुलाई को रिलीज होगी फिल्म डॉ. एस द लेजेंड



–अनिल बेदाग–
मुंबई। डॉ. एस द लेजेंड अभिनेता लेजेंड सरवनन की यह डेब्यू फिल्म है। जिसमें वह शॉपिंग स्टोर के मालिक का किरदार निभा रहे है। इस फिल्म का ट्रेलर काफी अद्भुत है। यह अभी तक के फिल्मों से काफी हट कर इसे बनाया गया है। ट्रेलर लॉन्च में कपिल शर्मा शो की टीम से कृष्णा अभिषेक, कीकू शारदा, और राजीव ठाकुर ने शाम को ओर भी रंगीन बना दिया। इसमें अभिनेता लेजेंड सरवनन के साथ नजर आएंगे उर्वशी रौतेला, गीतिका, पुगाज, स्वर्गीय विवेक, योगी बाबू,वामसी कृष्ण विजयाकुमार, प्रभु, नासिर,सुमन,थम्बी रमैया, रोबो शंकर, मायिलसामी, हरीश पारदी, मुनिकांत, मंसूर अली खान, राहुल देव, लिविंगस्टन, वामसी कृष्णा, सिंगमपुली, लोलू सबा मनोहर, अमुथवनन, केपीवाई योगी, सेल मुरुगन, लठा, सचू,पूर्णिमा भाग्यराज, देवदर्शिनी, आईरा, दीपा शंकर, मास्टर अश्वनाथ आदि। जेडी–जेरी द्वारा निर्देशित फिल्म में आर वेलराज द्वारा चलचित्रण, रूबेन द्वारा संपादन, कलाकृति का ध्यान एसएस मूर्ति ने रखा, संवाद पट्टुकोट्टई प्रभाकर के हैं। वैरामुथु, काबिलन, पा विजय, कार्की ने बेहद सुंदर गीत लिखे हैं।
डॉ.एस.द लेजेंड फिल्म में न केवल इमोशंस है बल्कि इसमें ऐक्शन, प्यार और कॉमेडी का पूरा मिश्रण है। 28 जुलाई को फिल्म सिनेमा घरों देखी जा सकती है। अपनी बेहद खुशी जताते हुए लेजेंड सरवनन कहते हैं, ष्डॉ.एस.द लेजेंड मेरे लिए बहुत खास है। यह मेरी डेब्यू फिल्म है। और उससे भी बेहतर इस फिल्म में बहुत ज्यादा एंटरटेन के साथ रोमांस, भाव, ऐक्शन और प्लॉट ट्विस्ट भी नजर आएगा।

## पीस कमेटी की बैठक में शांति बनाए रखने की अपील

मऊ, चित्रकूट : थाना परिसर में रविवार को हुई पीस कमेटी की बैठक में तहसीलदार शशिकांत मणि ने त्योहारों में शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। उन्होंने पुलिस अधिकारियो को निर्देशित किया कि कोई भी समस्या आए तो तत्काल सूचित करें, कार्रवाई होगी।
तहसीलदार ने लोगों से कहा कि हिंदू और मुस्लिम त्योहारों में शांति व्यवस्था बनाने की जिम्मेदारी सभी की है। अभी मुहर्रम, रक्षाबंधन, नागपंचमी आदि त्योहार होंगे। ऐसे में दोनों समुदाय के लोग भाईचारे के साथ मनाएं। किसी प्रकार का दंगा–फसाद न होने पाए। बैठक में क्षेत्राधिकारी मऊ सुबोध गौतम ने अधीनस्थों को सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त रखने की हिदायत दी। कहा कि अगर कोई समस्या आती है तत्काल सूचित करें। इसके अलावा अधिकारियों ने सफाई के लिए भी निर्देशित किया। इस मौके पर थाना प्रभारी राजीव कुमार सिंह, क्षेत्र के प्रधान आदि मौजूद रहे।

# संक्षिप्त समाचार

## 11000 हाईवोल्टेज लाइन कर रही किसी की मौत का इंतजार



दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता, स्वदेश कुमार मौर्य,महराजगंज, रायबरेली। महराजगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत सलेथू गांव में विद्युत विभाग की लापरवाही देखने को मिली है 11,000 हाई वोल्टेज लाइन का ट्रांसफार्मर जमीन से 2 फीट ऊंचे चबूतरे पर खुले में रखा हुआ है जो किसी की मौत का कारण बना हुआ है।वहीं पर मौजूद ग्रामीणों से पूछताछ के दौरान यह जानकारी मिली की इस ट्रांसफार्मर को इसी तरह जमीन पर रखें हुए करीबन 3 साल होने को आए लेकिन अभी तक इसमें जाली का कोई प्रबंध विद्युत विभाग की तरफ से नहीं हुआ है। वहीं पर कुछ ग्रामीणों से बातचीत के दौरान यह भी जानकारी निकल कर आई है कि महमूद के घर के सामने बने चबूतरे पर रखें ट्रांसफार्मर पर बकरी चढ़कर घास खाने लगी उसी दौरान लाइन की चपेट में आने से दोनों बकरियों की तत्काल मौत हो गई। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि लाइनमैन अपना काम स्वयं न करके लेबरों से काम करवाते हैं और ट्रांसफॉर्मर की सूचना लाइनमैन व विद्युत विभाग महराजगंज को शिकायत पत्र के माध्यम से सूचना दिया गया है लेकिन अब तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है।

## अनुदेशक शिक्षकों ने सदर विधायक को सौंपा ज्ञापन

- ट्रांसफर व अन्य समस्याओं के सम्बन्ध में की अनुदेषकों ने समस्या निस्तारण की मांग



चित्रकूट। उच्च प्राथमिक अनुदेषक षिक्षक बेल फेयर, सोसियेषन के जिलाध्यक्ष श्यामसुन्दर यादव के नेतृत्व में सदर विधायक अनिल प्रधान के आवास सोनेपुर में षिष्टाचार भेंट वार्ता ,वं जिले के अन्दर ट्रांसफर के सम्बन्ध में व अनुदेषकों की समस्यायों से सम्बोधित ज्ञापन दिया। सदर विधायक को दिये ज्ञापन में जिलाध्यक्ष श्यामसुन्दर यादव ने बताया शासन से पूरे प्रदेष भर में अनुदेषकों के जिले के अन्दर ट्रांसफर के सम्बन्ध निर्देष जारी हुआ था । इसी क्रम में जनपद चित्रकूट में भी विभाग द्वारा अनुदेषकों से दो बार विकल्प भरवाये गये थे लेकिन आज तक ट्रांसफर नहीं हुये और शासन से समय मानदेय विभाग में तो आ जाता है लेकिन विभाग की लापरवाही के कारण अनुदेषकों के खाते में समय से नहीं पहुंचता। सदर विधायक ने कहा कि ट्रांसफर से सम्बन्धित जो भी अधिकारी नामित हैं उनसे व्यक्तिगत मिलकर पत्र प्रेषित कर इस विषय में वार्ताकर कर और पूर्ण जांच कराकर समस्या का निस्तारण कराया जायेगा और जिला बेसिक षिक्षा अधिकारी लव प्रकाष यादव से अतिषीध्र मिलकर ट्रांसफर ,वं मानदेय के विषय में चर्चा की जायेगी। इस मौके पर महामंत्री जितेन्द्र त्रिपाठी, मीडिया प्रभारी धीरेन्द्र गुप्ता, जय सिंह, विद्या सागर, राजकुमार, ओम प्रकाष, नरेन्द्र कुमार, कृष्ण मुरारी, स्वप्निल कुमार, संतोष कुमार मौर्या आदि मौजूद रहे।

## गुरबक्शगंज विद्युत उप केंद्र में तैनात अमृतलाल और उपभोक्ता के लेनदेन का ऑडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता, स्वदेश कुमार मौर्य, रायबरेली। वैसे तो रायबरेली जनपद का विद्युत विभाग अपने विवादित कार्यों के लिए हमेशा में चर्चा में रहा, और आखिर चर्चा में रहे क्यों भी नहीं क्योंकि जब विभाग के उच्च अधिकारी ही ऐसे अवर अभियंता को अतिरिक्त पावर दे रखे हो और उनके सहयोग (संरक्षण) में खुलेआम धन उगाही कर शासन की गाइडलाइन को दरकिनार करते हुए लूट का काम बहुत तेजी से अग्रसर हो रहा है। परंतु अब पीड़ित परिवार आखिर शिकायत करे तो कहां करें, क्योंकि सारे कुएं में भांग पड़ चुकी है जिसका ताजा उदाहरण रायबरेली जनपद के इंदिरा नगर विद्युत उप केंद्र, विद्युत उपकेंद्र गुरबक्श गंज, आदि मध्यांचल विद्युत वितरण निगम हेड ऑफिस में चर्चा का विषय बने हुए हैं परंतु विभाग के उच्च अधिकारी या तो सिस्टम के लिए इन अवर अभियंताओं पर कार्यवाही नहीं करते या फिर सफेदपोश नेताओं का इन अवर अभियंताओं को संरक्षण प्राप्त होता नजर आ रहा है।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जनपद के इंदिरा नगर विद्युत उपकेंद्र पर आज कई वर्षों से बरगद के पेड़ की तरह अपना जाल बिछाए बैठा अवर अभियंता जयप्रकाश पटेल काले कारनामों की फेहरिस्त बड़ी लंबी है और अब इनके कारनामों को एक गरीब परिवार ने 2020 में घरेलू कनेक्शन का ऑनलाइन आवेदन किया था और अवर अभियंता जयप्रकाश पटेल द्वारा एसडीओ ऑफिस में पैसा और फार्म साथ में ले लिया परंतु कनेक्शन नहीं किया जब पीड़ित परिवार उच्च अधिकारियों के चौखट पर फरियाद लेकर पहुंचा तो अवर अभियंता जयप्रकाश पटेल द्वारा पीड़ित परिवार के घर चोरी का कनेक्शन दिखा कर 19500 का एसेसमेंट चार्ज लगाकर नोटिस भेज दिया, जब पीड़ित परिवार को यह नोटिस प्राप्त हुई तो इस परिवार ने जनपद के सिविल कोर्ट में इनके खिलाफ मुकदमा भी दायर कर दिया है फिर भी अवर अभियंता द्वारा गरीब परिवार के घर जाकर उसके परिजनों पर अनावश्यक दबाव बनाकर यह कहते नजर आए की अभी मेरा ट्रांसफर नहीं हुआ मैंने अपना ट्रांसफर रुकवा लिया है और तुम्हारे खिलाफ इससे भी गंभीर धाराओं में मुकदमा लिखवा देंगे वरना अपने पति से कह दे कि 19500 एसेसमेंट चार्ज तत्काल जमा कर दें अगर इससे भी काम नहीं चला तो इसका परिणाम इस से भी बुरा होगा।
पीड़ित परिवार इस घटना को लेकर जिलाधिकारी माला श्रीवास्तव के चौखट पर न्याय की भीख मांग रहा है अब देखना है कि इस पीड़ित परिवार को आखिर तेजतर्रार जनपद की जिलाधिकारी किस प्रकार मामले को संज्ञान लेती हैं या फिर विद्युत विभाग का लाडला कम आउट के क्रियाकलापों पर पर्दा डालने का काम करती हैं यह तो आने वाला समय ही बताएगा परंतु इसी बात से अंदाजा लगाया जा सकता है कि विगत दिनों विद्युत विभाग के गुरूबक्सगंज विद्युत उप केंद्र पर तैनात अवर अभियंता अमृतलाल पाल के द्वारा उपभोक्ता के साथ लेन–देन का ऑडियो वायरल भी हुआ था परंतु विभाग के उच्च अधिकारियों ने मामले को दबा कर रफा–दफा कर दिया जबकि आए दिन इस अवर अभियंता के खिलाफ सैकड़ों मामले मध्यांचल विद्युत वितरण निगम कार्यालय में विचाराधीन है फिर भी उसके काले कारनामों का एक लंबा चिट्ठा आए दिन आप लोग सोशल मीडिया एवं दैनिक समाचार पत्रों में पढ़ सकते हैं।

## बॉलीवुड में चमकने को तैयार हैं वृद्धि तिवारी

–अनिल बेदाग–
मुंबई। दुनिया में ऐसे बहुत से सफलतम लोग हैं जिनका बचपन बेहद कठिनाइयों और गरीबी में बीता, लेकिन अपनी काबलियत और मेहनत के दम पर उन्होंने सफलता की नई ऊँचाइयों को छुआ है। टीवी सीरियल और विज्ञापन में कई किरदार निभाने वाली वृद्धि तिवारी को भी दर्शकों ने अपना खूब प्यार आशीर्वाद देकर आगे बढ़ाया। हर किरदार में पसंद किया और उनके काम को सराहा। एमएक्स प्लेयर और हंगामा ओटीटी प्लेटफॉर्म के लिए वेब सीरीज – हमराह शॉर्ट हॉरर फिल्म क्यूं, टीवी सीरियल मेरे साईं , विघ्नहर्ता गणेश, परशुराम, जय कन्हैया लाल की,बड़े अच्छे लगते हैं, पांड्या स्टोर, परिणीति , ये है चाहतें, गुड से मीठा इश्क, मिठाई, क्राइम पेट्रोल में दर्शकों ने इन्हें देखा है।

इसी तरह टीवी विज्ञापन एयू बैंक आमिर खान और कियारा



आडवाणी के साथ कर चुकी वृद्धि तिवारी लगातार कई सारे टीवी सीरियल विज्ञापन और मॉडलिंग कर रही हैं। हिंदी इंडस्ट्री के साथ साथ भोजपुरी इंडस्ट्री की फिल्मो में भी वृद्धि तिवारी मुख्य न्यायिका का किरदार निभा चुकी है। बहुत जल्द अपनी मेहनत और लगन से वो आपको हिंदी इंडस्ट्री की दुनिया में भी मुख्य किरदार में नजर आएँगी।

## सरकारी इंडिया मार्का हैंड पंप अपनी हालात पर बहा रहा आंसू

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता, स्वदेश कुमार मौर्य, महराजगंज रायबरेली। जहां एक और केंद्र सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में घर घर शुद्ध पेयजल पहुंचाने के लिए पानी टंकियों का निर्माण कराकर पाइप लाइन के माध्यम से हर घर जल पहुंचाने की योजना को सफल बनाने का प्रयास कर रही है तो दूसरी ओर पूर्व की सरकारों द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की पर्याप्त आपूर्ति के लिए लगाए गए सरकारी हैंडपंप अपनी मरम्मत की राह देख रहे हैं।
जानकारी के अनुसार आपको बताते दे कि तहसील क्षेत्र के अंतर्गत तीनों विकासखंड में बड़ी संख्या में लगे सरकारी हैंड पंपों में कुछ तो वर्तमान समय में निजी हैंडपंप बनकर रह गए हैं और कुछ अपने उपयोगकर्ताओं की उपेक्षा का शिकार होकर मरम्मतीकरण की ओर आशा भरी नजरों से टकटकी लगाए हुए हैं। इस संबंध में जब विभागीय अधिकारियों से बात की गई तो उनका कहना है कि अब इन हैंडपंपों की मरम्मत और रीबोर का कार्य ग्राम पंचायत को पूर्ण रूप से सौंप दिया गया है अब ग्राम प्रधानों की जिम्मेदारी है कि उनकी ग्राम सभा में जो भी सरकारी हैंड पंप मरम्मतीकरण मे हैं। उनकी मरम्मत कराकर उन्हें पूर्ण रूप से सही किया जाए। आखिरकार जब ग्राम पंचायतों को यह कार्य सौंप दिया गया है तो फिर ग्राम पंचायत के जिम्मेदार अपनी जिम्मेदारी ठीक प्रकार से निर्वाहन क्यों नहीं कर रहे हैं। वही सूत्रों की माने तो ज्यादातर ग्राम सभाओं में प्रधानों द्वारा प्रतिवर्ष नलकूप दुरुस्ती करण व रिबोर के नाम पर लाखों रुपए निकाला जाता है। लेकिन नल जस के तस पड़े हुए न दुरुस्ती करण



हो पाता है न रिबोर आखिर में सरकार द्वारा आवंटित शुद्ध पेयजल योजना का धन कहां चला जाता है यह एक सोचनीय प्रश्न है। आज भी ग्रामीण बूंद–बूंद पानी को तरस रहे हैं। वही संबंधित अधिकारी व कर्मचारी सरकार को बदनाम करने में कोई कमी नहीं छोड़ रहे हैं।

## गंगा स्नान करने आया युवक नदी में डूबा



दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददात, स्वदेश कुमार मौर्य, सरेनी, रायबरली। सरेनी थाना क्षेत्र के अंतर्गत रालपुर में रविवार की सुबह उस वक्त हड़कंप मच गया जब रालपुर गंगा घाट में गंगा स्नान करने आया युवक नदी में डूब गया वहीं युवक के डूबने की सूचना मिलने से आसपास के लोगों में कोहराम मच गया। जहां स्थानीय लोगों द्वारा घटना की सूचना 112 व स्थानीय पुलिस के साथ एसडीएम लालगंज को भी दी गई वहीं सूचनानुसार एसएचओ सरेनी स्थानीय पुलिस बल के साथ पहुंचे घटनास्थल पर। वहीं घटनास्थल पर पहुंचे एसडीएम लालगंज अजीत प्रताप सिंह ने डूबे युवक की तलाश हेतु दिए दिशानिर्देश साथ ही पीड़ित परिवार को दयनीय का लाभ मुहैया कराने का आश्वासन दिया है वहीं जानकारी के मुताबिक नदी में डूबा युवक अनुज पासवान पुत्र कमलेश पासवान ठकुराइनगंज मजरे रालपुर का रहने वाला था वही शासन प्रशासन की उपस्थिति में स्थानीय गोताखोर स्टीमर की मदद से युवक की तलाश में जुटे वहीं घटना की सूचना पाते ही घटनास्थल पर पहुंचे पूर्व भाजपा विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह। वहीं चार घंटे बाद भी युवक को बरामद नहीं किया जा सका।

## असलहे के साथ आरोपी को दबोचा

चित्रकूट। थानाध्यक्ष सरधुवा प्रवीण कुमार सिंह ने विभिन्न मामलों में वांछित मुकेश द्विवेदी उर्फ मुक्खा द्विवेदी पुत्र भोला द्विवेदी निवासी दरसेड़ा को गिरफ्तार किया है। इससे वारदात में प्रयुक्त तमंचा व दो कारतूस के साथ गिरफ्तार किया। आरोपी के विरुद्ध थाने में आर्म्स एक्ट के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।
आरोपी के खिलाफ एससी–एसटी एक्ट, धारा 174ए, धारा 364, 3/4 प्रो. ऑफ डेमेज पब्लिक प्रोपर्टी, धारा 363/366 भा.द.वि. धारा 307,504 भा.द.वि. व आर्म्स एक्ट के मामले दर्ज हैं। पुलिस टीम में आरक्षी शफीक अहमद और बब्बू राजा शामिल रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### कब्रिस्तान में जलभराव को लेकर ग्रामीणों ने उप जिला अधिकारी को सौंपा ज्ञापन


• अयोध्या टाइम्स ब्यूरो शाहजहांपुर। जनपद के ब्लाक जलालाबाद की ग्राम पंचायत गुनारा के गांव में एक बड़ा कब्रिस्तान बना हुआ है। कब्रिस्तान और स्टेट हाईवे के बीच में नगर पालिका परिषद जलालाबाद ने नाला निकाल दिया है जिससे गांव का सारा पानी कब्रिस्तान में जाकर भर जाता है। साथ ही घरों से निकलने वाले गंदा पानी भी इसी में जमा होता है। बरसात में स्थिति और भी भयंकर हो जाती है कब्रिस्तान तालाब



में तब्दील हो जाता हैं ।पानी भर जाने से शबो को दफन करने में दिक्कत होती है। ग्रामीण काफी समय से जल निकास की मांग करते आ रहे हैं परंतु उनकी कोई सुनवाई नहीं हो रही है तमाम ग्रामीणों ने एकत्र होकर एक ज्ञापन पर हस्ताक्षर करके एक मांग पत्र उप जिलाधिकारी बरखा सिंह को सौंपा और कब्रिस्तान के जल निकास की मांग उठाई वहीं उपजिलाधिकारी ने आवश्यक कार्रवाई की बात कही ज्ञापन देने वालों में प्रमुख रूप से नईम ,पीर मोहम्मद, वसीम ,वाहिद, जाकिर अली, और शरीफ उर्फ लादेन सहित ग्रामीण क्षेत्र के तमाम लोग मौजूद रहे।

### अवैध शराब के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

चित्रकूट। पुलिस ने दो आरोपियों को अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया। थानाध्यक्ष बहिलपुरवा इंद्रजीत गौतम के मार्गदर्शन में उप निरीक्षक शिवमणि मिश्रा ने तिवारी उर्फ प्यारेलाल पुत्र स्व. चुन्नीलाल निवासी झीलन कॉलोनी मजरा करका पड़रिया को 10 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया।



पुलिस टीम में अनूप विश्वकर्मा, संदीप यादव और श्रवण कुमार शामिल रहे। उधर, चौकी प्रभारी परिक्रमा मार्ग हरिश्चंद मिश्रा ने विपिन उर्फ कल्लू पुत्र पंचम निवासी पटेल तिराहा खोही को 24 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया। आरोपियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किए गए। पुलिस टीम में आरक्षी रविंद्र राठौर और श्यामू शामिल रहे।

## चंद्रशेखर आजाद और बाल गंगाधर तिलक जयंती पर काव्यांजलि का आयोजन

• अपनी कविताओं के माध्यम से साहित्कारों ने अमर शहीदों को किया नमन

अयोध्या टाइम्स ब्यूरो–अरुण बाथम

शाहजहाँपुर। क्रांतिकारी,महान योद्धा पंडित चंद्रशेखर आजाद एवं बालगंगाधर तिलक की जयंती के उपलक्ष्य में अखिल भारतीय साहित्यकार संघ के बैनर तले काव्याजंलि समारोह का आयोजन रोटरी क्लब भवन , चौपला बरेली में सम्पन्न हुआ।

सत्यवती सिंह सत्या की सरस्वती वंदना से प्रारम्भ हुए कवि सम्मेलन की अध्यक्षता वयोवृद्ध कवि रणधीर प्रसाद गौड़ धीर ने की।सफल संचलन टिंकू दीक्षित ने किया।कवियों में कवि डॉ इंद्रभूषण पांडे अजनबी, अरविंद पंडित, रामबाबू शुक्ला, डॉ रंजन विशद, रामरतन यादव उत्तराखंड,तेजपाल जोशी, आर एल श्रीवास, हिमांशु निष्पक्ष, रक्षा पांडे, बृजेन्द्र अकिंचन, कमलकांत तिवारी, मिलन कुमार, शिव शंकर यजुर्वेदी, अमित शुक्ला, विश्वजीत सिंह निर्भय, उमेश त्रिगुणायक, राजेश मिश्रा प्रयास, दिलीप पाठक, कमलकांत सक्सेना सहित दूरदराज जनपदों से पधारे बड़ी संख्या में कवियों ने महान विभूतियों को पुष्प अर्पित किये एवं कविता पाठ कर अखिल भारतीय साहित्यकार संघ द्वारा आयोजित कार्यक्रम को ऊंचाइयों तक पहुंचाया।दिन के तीन बजे से प्राम्भव हुआ कवि सम्मेलन रात10बजे तक चला।अंत में




आयोजक कमलकांत तिवारी राष्ट्रीय अध्यक्ष साहित्यकार संघ न ने आमंत्रित कवियो और श्रोताओं का आभार व्यक्त किया।श्री तिवारी ने इस अवसर पर संघ की स्थापना के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला एवं सभी साहित्यिकारों से संघ से जुड़कर इसे सम्बल प्रदान करने का आग्रह किया।

## कलश स्थापना के साथ श्री शिव महापुराण की कथा प्रारंभ

अयोध्या टाइम्स ब्यूरो

शाहजहांपुर। विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी कलश स्थापना के साथ श्री शिव महापुराण कथा का शुभारंभ किया गया। आपको बता दें दिव्यांग विकलांग कल्याण सेवा समिति के संस्थापक हरिशरण बाजपेई विगत कई वर्षों से श्री शिव महापुराण कथा का आयोजन करते चले आ रहे हैं कोविड–19 कल की वजह से 2 वर्ष तक कथा का आयोजन स्थगित कर दिया गया था।इस वर्ष बाबा विश्वनाथ मंदिर से हजारों की संख्या में महिलाओं की कलश यात्रा खन्नौत नदी स्थित घाट पर पहुंची जहां सभी ने कलश में जल भरकर पुनः कथा स्थल की ओर प्रस्थान किया जहां काशी से पधारे श्री प्रशांत प्रभु जी महाराज एवं आचार्यों के द्वारा कलश स्थापना करवाई गई मुख्य यजमान हरिशरण बाजपेई ने





सपत्नीक कलश स्थापना पूजन में हिस्सा लेकर श्री प्रशांत प्रभु महाराज से कथा प्रारंभ करने का आग्रह किया। कथावाचक करने पहुंचे श्री प्रशांत प्रभु जी महाराज ने कहा कि सावन के महीने में भगवान भोलेनाथ की भक्ति होती है और शिव महापुराण की कथा आदि भौतिक तापों को नष्ट करती है। उन्होंने कहा सनातन परंपरा के परमात्मा शिव का जो समस्त सृष्टि के आधार हैं उनकी वंदना का योग है श्री शिव महापुराण की कथा। कथा स्थल पर आयोजन समिति द्वारा अन्नपूर्णा भंडार प्रसाद वितरण के लिए पुलिस सहायता केंद्र निशुल्क जल सेवा केंद्र एवं चिकित्सा हेतु निशुल्क कैंप लगाए गए हैं।

हजारों की संख्या में कलश यात्रा में सम्मिलित महिलाओं द्वारा कथा स्थल पर कलश स्थापित करने के पश्चात उन्हें प्रसाद वितरण किया गया।

## चोरी का ट्रैक्टर बरामद, अभियुक्त गिरफ्तार

अयोध्या टाइम्स ब्यूरो–अरुण बाथम

शाहजहांपुर। जनपद की कोतवाली जलालाबाद में 21 जुलाई को तिलहर के गोपालपुर नगरिया गांव निवासी राजकुमार ने जलालाबाद थाने में तहरीर देकर बताया था कि सत्यवीर निवासी ग्राम खाड़े दियरा थाना जलालाबाद ने रेत से भरी ट्रैक्टर–ट्राली तय की थी,उसके बाद चालक विजयपाल निवासी गांव ऊधवपारा थाना आरसी मिशन निवासी से चलवाकर अपने घर पर ले जाने को कहा था, उसके बाद आरोपी ने धोखाधड़ी कर ट्रैक्टर ट्रॉली लेकर चला गया,, थाना प्रभारी जयशंकर सिंह ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की थी,और बही एसपी एस आनंद ने भी मामले को गंभीरता से लेकर मोबाइल नंबर सर्विलांस पर लगवा कर उसकी मदद से सत्यवीर के मोबाइल की लोकेशन निकलवाई तो पता चला



तभी उसे बझेड़ा पुलिया के पास से दबोचा लिया और ट्रैक्टर बरामद किया,,पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसने योजनाबद्ध तरीके से बरेली मोड़ से घर के लिए एक ट्राली रेत तय की और मालिक राजकुमार के चालक विजय ट्रैक्टर –ट्राली चलवाकर पहले गढ़िया रंगीन ले गए। वहां ट्राली खाली करवाकर चालक को शराब पिलाई। वापसी में ग्राम खाईखेडा के पास चकरोड से ट्रैक्टर–ट्राली को लेकर खाडे दियूरा चलने को कहा। कच्चा रास्ता होने के कारण ट्रैक्टर–ट्राली फंस गई। चालक को विश्वास में लेकर ट्रैक्टर की चाबी ली और ट्रैक्टर को लेकर चला गया ।

## क्षेत्र में बढ़ रहा जुआ का कारोबार, पुलिस मौन

अयोध्या टाइम्स ब्यूरो

कांट, शाहजहांपुर। पुलिस एवं सफेद पोशो के संरक्षण में खेत खलिहान से लेकर आलीशान बिल्डिंगों में जुआ का कारोबार बड़ी जोरों से चल रहा है। जिस कारण नई जनरेशन भी इस अवैध कारोबार की ओर तेजी से बढ़ रही है ।

जुआरी खुलेआम कहते हैं कि पुलिस को महीना देते हैं तो डर किस बात का आपको बता दें की भाजपा सरकार भले ही अवैध धंधों एवं भ्रष्टाचार को समाप्त करने की बात करती हो लेकिन काट क्षेत्र के गांव रावतपुर सहित कई गांवो में खेत खलियान से लेकर आलीशान बिल्डिंगों में भी अवैध जुए के अड्डे चल रहे हैं जहां लाखों रुपए के प्रतिदिन वारे न्यारे होते रहते हैं पुलिस को खुलेआम जुआरी चुनौती देते हुए कहते हैं कि जब वे हल्का पुलिस को पैसा देते हैं तो उन्हें अवैध जुए के अड्डे चलाने में डर किस बात का यह बात अलग है कि पुलिस कभी कबार छापामारी कर जुआरियों को गिरफ्तार कर जेल भेज देती है लेकिन यह जुए का अवैध कारोबार क्षेत्र में बंद होने का नाम नहीं ले रहा है कुछ ने तो इसे अपना कुटीर उद्योग के रूप में विकसित कर रखा है इसमें नई जनरेशन भी दिन प्रतिदिन लिफ्ट होती जा रही है जो समाज के लिए बहुत ही घातक है।

## जिलाधिकारी ने संविलियन विद्यालय ददरौल का किया औचक निरीक्षण

जिलाधिकारी ने मौजूद बच्चों से उनको प्राप्त होने वाली ड्रेस किताबें आदि प्राप्त होने की जानकारी भी ली। छात्र–छात्राओं द्वारा बताया गया कि किताबों को वितरण नहीं किया गया है साथ ही ड्रेस का पैसा प्राप्त हो गया है, परंतु अभिभावकों द्वारा ड्रेस की खरीद नहीं की गई है। जिलाधिकारी ने प्रधानाध्यापक को निर्देशित करते हुए कहा कि वे छात्र छात्राओं के अभिभावकों से संपर्क कर बच्चों को नई ड्रेस पहन कर विद्यालय में आने हेतु निर्देशित करें





अयोध्या टाइम्स ब्यूरो–अरुण बाथम

शाहजहांपुर। जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह ने आज संविलियन विद्यालय ददरौल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान संविलियन विद्यालय में अनेक कमियां पाई गई। जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान संविलियन विद्यालय ददरौल में साफ सफाई व्यवस्था, बच्चों को दिए जाने वाले भोजन की गुणवत्ता तथा विद्यालय में शौचालय एवं पीने के पानी की व्यवस्था आदि को चेक किया। निरीक्षण में साफ सफाई की व्यवस्था बहुत ही खराब पाई गई। विद्यालय में लगा हुआ हैंडपंप खराब पाया गया तथा बच्चों के लिए बनाए गए शौचालयों में भी गंदगी व्याप्त थी, जिसे देखकर जिलाधिकारी ने गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुये सम्बन्धित कर्मचारी को साफ–सफाई कराये जाने हेतु निर्देशित किया तथा साथ ही जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को खण्ड शिक्षा अधिकारी ददरौल का अग्रिम आदेशो तक वेतन रोकने हेतु निर्देशित किया उन्होंने कक्षा 1 से लेकर कक्षा 8 तक बनाए गए सभी कक्षों का निरीक्षण किया तथा बच्चों से भी बातचीत की। कक्षा 1 से लेकर कक्षा 8 तक के सभी कमरों में सफाई व्यवस्था नगण्य पाई गई। जिलाधिकारी ने मौके पर उपस्थित श्रीमती अनीता रानी इंचार्ज प्रधानाध्यापक से विद्यालय में गंदगी व्याप्त होने का कारण पूछा तो वह संतोषजनक जवाब नहीं दे पाईं। विद्यालय के कई कक्षों में पर्याप्त सीटें ना होने के कारण बच्चे जमीन में भी बैठे पाए गए। जिलाधिकारी ने मौजूद बच्चों से उनको प्राप्त होने वाली ड्रेस किताबें आदि प्राप्त होने की जानकारी भी ली। छात्र–छात्राओं द्वारा बताया गया कि किताबों को वितरण नहीं किया गया है साथ ही ड्रेस का पैसा प्राप्त हो गया है, परंतु अभिभावकों द्वारा ड्रेस की खरीद नहीं की गई है। जिलाधिकारी ने प्रधानाध्यापक को निर्देशित करते हुए कहा कि वे छात्र छात्राओं के अभिभावकों से संपर्क कर बच्चों को नई ड्रेस पहन कर विद्यालय में आने हेतु निर्देशित करें।। विद्यालय के रसोईघर के निरीक्षण दौरान मेन्यू में शनिवार के दिन सोयाबीन की सब्जी अथवा टमाटर आलू, चावल बनाया जाना था परंतु स्थलीय निरीक्षण में पाया गया कि विद्यालय में बनाई गई सब्जी में मात्र आलू का ही प्रयोग किया गया था। जिलाधिकारी ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी जिला पंचायत राज अधिकारी को संबंधित ग्राम प्रधान एवं इंचार्ज प्रधान अध्यापक के विरुद्ध कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया। खंड विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि विद्यालय ददरौल में खराब हैंडपंप को सही करावाकर अवगत कराएं।

## गुलाम रसूल उर्फ राजू कुरैशी अखिल भारतीय पुलिस सहयोग संगठन के जिला अध्यक्ष मनोनीत



• महेश चंद गुप्ता को मिला जिला मीडिया प्रभारी का दायित्व

अयोध्या टाइम्स ब्यूरो–अरुण बाथम शाहजहांपुर। अखिल भारतीय पुलिस सहयोग संगठन की जिला कार्यकारिणी का गठन एवं विस्तार संगठन के संस्थापक अंशुमान सिंह गुड्डू की संस्तुति पर राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री दाताराम कनौजिया एवं जियाउलहक ने किया उन्होंने शाहजहांपुर जिले की कार्यकारिणी गठित करते हुए जिला अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी गुलाम रसूल उर्फ राजू कुरैशी को सौंपी वही महेश चंद्र गुप्ता को जिला मीडिया प्रभारी का दायित्व दिया गया बृजेश कुमार राठौर को जिला सचिव मोहम्मद यूनुस को तहसील सदर का मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया इस मौके पर मौजूद नवगठित कमेटी के पदाधिकारियों को सभी कार्यकर्ताओं ने बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया इस मौके पर बृजेश श्रीवास्तव, दाताराम कनौजिया ,जियाउल हक, दीपक श्रीवास्तव ,नंदकिशोर ,बृजेश दीक्षित ,दिलशाद कुरेशी ,कमलेश कुमार, तेजपाल कठेरिया ,सहित तमाम कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## बादशाह नगर ग्राम में वीआईपी ग्रुप के सदस्यों ने रोपित किये 200 पौधे

अयोध्या टाइम्स ब्यूरो–अरुण बाथम

शाहजहाँपुर। पौधारोपण मुहिम के अंतर्गत व्हाट्सएप वीआईपी ग्रुप विद हैल्पिंग हैंड्स के सदस्यों ने रविवार को 200 पौधे बादशाह नगर ग्राम में रोपित किये इस दौरान ग्रुप की अध्यक्ष तराना जमाल ने बताया कि इस वर्ष 1000 पौधे लगाए जाने का संकल्प ग्रुप के सदस्यों



द्वारा लिया गया था अब तक 450 पौधे लगाए जा चुके हैं। ग्रुप की वरिष्ठ सदस्य डॉ.दीपा सक्सेना ने कहा कि पौधरोपण के लिए जहां भी उचित स्थान मिले जहां पर समुचित देखभाल भी होती रहे वहीं करना चाँहिये। इस अवसर पर ग्रुप के सदस्य व पूर्व प्रधान विजय मिश्रा ने बताया कि विगत 7 वर्षों से वह वीआईपी ग्रुप से जुड़े हुए हैं पौधारोपण की प्रेरणा और किस स्थान पर कौन सा पौधा लगाया जाए यह उन्हें ग्रुप के लोगों से सीखने को मिली है। इस दौराम हेमा अग्रवाल,नीतू गुप्ता,नुजहत अंजुम,कार्यक्रम प्रभारी रिद्धि बहल व शाहनवाज खां,अभिनय गुप्ता,चन्द्रमणि आदि मौजूद रहे।

## नीति विरुद्ध स्थानांतरण का विरोध जारी, 25 को जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन

अयोध्या टाइम्स ब्यूरो–

शाहजहांपुर। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के आह्वाहन पर नीति विरुद्ध हुए स्थानांतरण को लेकर कर्मचारियों को विरोध जारी है। कर्मचारी लगातार काली पट्टी बांधकर नीति विरुद्ध पटल परिवर्तन व गलत तरीके से हुए स्थानांतरण कर रहे हैं। स्थानांतरण के विरोध में 25 तारीख को सभी कर्मचारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय पर उपस्थित होकर धरना प्रदर्शन करेंगे। नीति के विरुद्ध हुए स्थानांतरण के विरोध में सभी राज्य कर्मचारी लामबंद है। लेकिन सरकार द्वारा जांच के बाद भी स्थानांतरण में गोलमाल पाये जाने के बाद भी स्थानांतरण निरस्त नहीं किये गये हैं।राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद जनपद प्रांतीय नेतृत्व ने नीति विरुद्ध हुए स्थानांतरण के विरोध में 14 जुलाई को महानिदेशक कार्यालय का घेराव किया था। लेकिन किसी भी अधिकारी या सरकार पर कोई भी इसका प्रभाव दिखाई नहीं पड़ा। जांच कमेटी बनाई गई लेकिन कोई नतीजा सामने नहीं आया। जिला महामंत्री दिनेश चंद्र सक्सेना ने बताया कि प्रांतीय नेतृत्व के आह्वाहन पर 20 तारीख से काला फीता बांधकर 24 तारीख तक सभी कर्मचारी विरोध प्रदर्शन करेंगे। 25 तारीख को मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय पर एक दिन का धरना आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सभी घटक संघों के अध्यक्ष,मंत्री, पदाधिकारी,समस्त कर्मचारी भाग लेंगे।

उन्होंने बताया कि 26 तारीख से 30 तारीख तक सभी कर्मचारियों द्वारा 2 घंटे का कार्य बहिष्कार करते हुए अपना विरोध प्रकट किया जाएगा। उन्होंने परिषद के समस्त घटक संघो से अनुरोध किया कि सभी लोग सहभागिता करते हुए प्रदर्शन को सफल बनाने को कहा। जिला संयुक्त मंत्री विवेक कुमार वर्मा ने बताया कि प्रथम दृष्टया ही स्थानांतरण स्थानांतरण नीति के विरुद्ध पाये गये।पटल परिवर्तन के नाम पर ब्लाक बदल दिये गये। विकलांगों, गंभीर बीमारी से ग्रस्त लोगों के स्थानांतरण कर दिये गये।दाम्पत्य नीति को दरकिनार कर दिया गया। सभी कर्मचारियों को एक जुट होकर विरोध करने की जरूरत है। कर्मचारी नेता मनोज कुमार ने सरकार से मांग की कि कर्मचारी हित में न्याय संगत तरीके से नीति विरुद्ध हुए स्थानांतरण को निरस्त किया जाए।

## नहाते समय करंट लगने से युवक की मौत

मऊ, चित्रकूट। थाना क्षेत्र के अंतर्गत नहाते समय एक युवक को करंट लग गया। उसे परिजन सीएचसी ले गए, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। थाना क्षेत्र के उफरौली निवासी राजा भाई उर्फ राजा भैय्या (42) पुत्र जगतपाल द्विवेदी रविवार सुबह घर में नहा रहा था। इस दौरान वह वहां किसी तार के संपर्क में आ गया। बरसात और पानी से भीगे होने की वजह से तेज करंट लगा और वह बेहोश हो गया। उसे घरवाले अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के परिवार में उसकी पत्नी गीता देवी व दो बेटियां तथा एक पुत्र है। अकस्मात मृत्यु से परिजनों में चीखपुकार मच गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष से रंगदारी मांगने वाला शातिर अभियुक्तगिरफ्तार

अयोध्या टाइम्स ब्यूरो–अरुण बाथम शाहजहांपुर। प्रदेश एवं केंद्र में भारतीय जनता पार्टी सरकार के बनते हैं प्रदेश एवं देश में सभी ग्रामीण क्षेत्रों तक मुख्य मार्गों तक सड़क को पक्की निर्माण करा कर सरकार द्वारा प्रयास किया गया इतना ही नहीं राष्ट्रीय राजमार्गों के चौड़ीकरण के लिए युद्ध स्तर पर निर्माण कार्य कराया जा रहा है ।

उत्तर प्रदेश के जनपद शाहजहांपुर से पलिया राष्ट्रीय राजमार्ग जोकि नेपाल की सीमा तक जाने वाला मुख्य सड़क मार्ग जिसकी अंतिम पुलिस चौकी गौरीफंटा है जहां हमारी भारत की सेना के जवान बॉर्डर की सुरक्षा में लगे हुए हैं जनपद शाहजहांपुर से यह राष्ट्रीय राजमार्ग की दूरी लगभग 135 किलोमीटर है जो नेपाल बॉर्डर तक जोड़ती है प्रदेश सरकार द्वारा शाहजहांपुर से बलिया तक राष्ट्रीय राजमार्ग के चौड़ीकरण के लिए धन स्वीकृत कर दिया गया किंतु अभी तक इस राष्ट्रीय राजमार्ग का चौड़ीकरण का कार्य प्रारंभ नहीं किया गया इस राष्ट्रीय राजमार्ग पर प्रमुख रूप से सिंधौली बड़ागांव पुवाया खुटार मैलानी पलिया कस्बे सड़क के दोनों ओर बसे हुए हैं जिस कारण दिल्ली से नेपाल बॉर्डर तक जाने वाली परिवहन निगम की बसें एवं प्राइवेट वाहनों का भारी संख्या में आवागमन होता है सड़क के चौड़ीकरण ना कराए जाने के कारण इन वाहनों को अधिक समय लेकर गंतव्य स्थान तक पहुंचना पड़ता है जनप्रतिनिधियों के उपेक्षा के चलते अभी तक इस राष्ट्रीय राजमार्ग के चौड़ीकरण के लिए अति शीघ्र निर्माण कार्य शुरू कराए जाने के प्रयास नहीं किए गए हैं केवल कागजी घोड़े दौड़ा ए गए हैं नागरिकों ने इस राष्ट्रीय राजमार्ग का तत्काल चौड़ीकरण निर्माण कार्य कराए जाने की उत्तर प्रदेश सरकार से मांग की है।

## कुंवर जीवेश प्रसाद ने केयर फिजियो क्लीनिक का फीता काटकर किया उद्घघाटन

अयोध्या टाइम्स ब्यूरो–अरुण बाथम

शाहजहांपुर। खुटार मैलानी मार्ग पर क्षेत्र के गांव नरौठा देवीदास में बैंक ऑफ बड़ौदा के सामने डॉ राम ओम वाजपेयी ने अपने नवीन क्लीनिक केयर फिजियो क्लीनिक का शुभारंभ किया।जिसका उद्घघाटन पूर्व जिला पंचायत सदस्य कुंवर जीवेश प्रसाद ने फीता काटकर किया।डॉ राम ओम वाजपेयी ने बताया है कि आस पास के गांव के मरीजो को उपचार के लिये खुटार जाना पड़ता हैं।यहां क्लीनिक खुलने से मरीजो उपचार यही किया जा



सकेगा उन्हें उपचार के लिये दौड़ना नही पड़ेगा।इस अवसर पर पूर्व ब्लाक प्रमुख धर्मेद्र सिंह उर्फ छोटे भैय्या सहित तमाम गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## मोबाइल छीनने वाले गिरोह के 3 सदस्य गिरफ्तार मोबाइल सहित उपकरण बरामद

अयोध्या टाइम्स ब्यूरो–अरुण बाथम शाहजहांपुर। पुलिस अधीक्षक पीएस आनंद के निर्देशानुसार जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में जलालाबाद पुलिस ने मोबाइल खेलने वाले गिरोह के तीन सदस्यों को लूट की योजना बनाते हुए लूट के उपकरण तथा 6 मोबाइल फोन के साथ गिरफ्तार किया हैजलालाबाद प्रदेश ने राष्ट्रीय गश्त के दौरान ईदगाह रोड गुनारा गांव के निकट तीन अभियुक्त वीर सिंह पुत्र सुंदर निवासी गांव महुआ डांडी थाना जलालाबाद कविराज पुत्र राजेश तिवारी निवासी गांव कुरारी थाना पचदेवरा जिला हरदोई अमन पुत्र मंगूनिवासी ग्राम याकूबपुर कंजर बस्ती थाना जलालाबाद पुलिस ने



चोरी लूट की योजना बनाते समय गिरफ्तार किया गया जिनके कब्जे से 6 मोबाइल बरामद किए गए पूछताछ में अभी तो नहीं बताया यह लोग जुआ खेलने बा शराब पीने के आदी हैं ।

अपने शौक को पूरा करने के लिए विभिन्न क्षेत्रों में लूट लेते की घटनाओं को अंजाम देते थे पुलिस ने बतायागिरोह का सरगना रोहित कंजर गिरोह का संचालन करता है जो कि पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया जिसे पुलिस टीम गिरफ्तार करने हेतु लगातार प्रयास कर रही है।

## पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष से रंगदारी मांगने वाला शातिर अभियुक्तगिरफ्तार

अयोध्या टाइम्स ब्यूरो–अरुण बाथम

शाहजहांपुर। पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती अर्चना वर्मा द्वारा थाना सदर बाजार पर सूचना दी गयी कि 10 पेटी चाहिये अगर आपने 12.00 बजे तक 10 पेटी (लाख) की व्यवस्था करके हमारे खाता में नहीं डाले तो मैं आपके परिवारी जनों को जान से मार दूंगा ।। जिस सम्बन्ध मे थाना सदर बाजार पर मु0अ0सं0 706/22 धारा 384,504,507 भादवि पंजीकृत किया गया पुलिस अधीक्षक एस. आनन्द, द्वारा प्रकरण को गम्भीरता से लेते हुए अपर पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्राधिकारी नगर के निर्देशन मे सर्विलांस सेल व थाना सदर बाजार की संयुक्त पुलिस टीम गठित कर अभियुक्त की गिरफ्तारी व घटना का शीघ्र अनावरण करने हेतु निर्देश दिये गये सर्विलांस व तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पुलिस टीम ने पाया कि यह नं0 दिल्ली से छभ्24 पर आ रहा है । जिस पर पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्वयाही करते हुए अभियुक्त दिनेश को हापुड जनपद के गढमुक्तेश्वर के पास रेलवे स्टेशन से हिरासत पुलिस में लिया गया तथा कब्जे से एक मोबाइल 03 सिम तथा एक टिकट गढमुक्तेश्वर से जनपद शाहजहाँपुर के बरामद किया गया। पूछताछ मे अभियुक्त ने बताया चूँकि मैं शाहजहाँपुर का रहने वाला हूं और पूर्व मन्त्री राममूर्ति वर्मा के परिवार को अच्छे से जानता हूँ तथा उनके परिवार के सभी मोबाइल नम्बर पहले से ही मेरे पास है। मुझे लगा कि अगर मैं इनको फोन करके धमकी दूंगा तो ये लोग बिना किसी को बताये मुझे पैसे दे देगें । इसी प्लान से मैने अजय वाले जिम से राजेश शर्मा व उनकी पत्नी अर्चना वर्मा को



फोन पर पूरे परिवार जान से मारने की धमकी देकर 10 लाख रूपये मांगने की रंगदारी माँगी । मैंने जानबूझकर जेल में बन्द टाप बदमाश नीरज बवाना के नाम पर पैसा माँगा जिससे कि यह लोग दहशत मे आ जाये तथा पैसे दे दें । इसी प्लान के तहत मै आज दिल्ली से सवारी से गढ़ आया और वहाँ से ट्रेन से शाहजहाँपुर पैसे लेने जाने वाला था,जहां पुलिस द्वारा तत्परता दिखाते हुए अभियुक्त को पकड़ लिया । अभियुक्त के आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है ।

# जन अधिकार पार्टी के पंचायत छात्र अध्यक्ष आसिफ परवेज ने बढ़ती महंगाई और प्रीपेड मीटर को लेकर विरोध

आलोक बादल ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स सुपौल। एक और सरकार गरीबों की दिशा और दशा बदलने को तरह–तरह की योजना ला रही है वहीं दूसरी ओर आपको बता दें कि सुपौल जिला के राघोपुर प्रखंड अंतर्गत धरहरा पंचायत के जन अधिकार पार्टी के छात्र नेता आसिफ परवेज ने केंद्र सरकार और राज्य सरकार पर बढ़ती महंगाई और प्रीपेड मीटर को लेकर जमकर बरसे उन्होंने कहा केंद्र सरकार को जल्द से जल्द रसोई गैस पर लगाए जीएसटी को वापस कर लेना चाहिए अन्यथा इन को लेकर जन अधिकार पार्टी बड़ी आंदोलन करेंगे वहीं मीटर लगा कर सरकार उनके बच्चों का मुंह का निवाला छीनने का काम कर रही है परेशान लोगों की समस्या हमारे सामने आ रही है जहां लोगों को मात्र 500 का बिल आता था वही तीन हजार दो हजार का बिल आने से लोग काफी परेशान हैं वहीं उन्होंने पूरे बिहार से प्रीपेड मीटर हटाने की मांग की है ओर उन्होंने कहा जिस तरह से दिल्ली सरकार लोगों को बिजली की समस्या को लेकर निपटने का काम किया है ठीक उसी प्रकार राज्य सरकार को बिहार की जनता गरीब निशा है लोगों की बिजली जैसी समस्या से निपटना पड़ेगा साथ ही दिल्ली के



उन्होंने कहा गरीबों मजदूरों के मुंह के निवाले छीने का काम केंद्र सरकार कर रही हैं वही प्रीपेड मीटर को लेकर आसिफ परवेज ने कहा लगातार प्रीपेड मीटर से गरीब वर्ग के लोगों की मुश्किल है बढ़ने लगी है जबकि गरीब की आय रोज 11 से 15 कमाने वाले मजदूरों को प्रीपेड सरकार केजरीवाल के द्वारा 200 यूनिट फ्री बिजली दिल्ली वासियों को दिया गया वहीं पंजाब में ढाई सौ यूनिट फ्री बिजली दे रही है वही नियम बिहार में भी राज्य सरकार जल्द से जल्द लागू करें जिससे गरीब आदमियों को राहत मिल सके।

# पटना बेस्ट एथलेटिक एसोसिएशन में बच्चों का सिलेक्शन



अमित कुमार संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स पटना। पटना बेस्ट एथलेटिक एसोसिएशन में बच्चों का सिलेक्शन अंडर 20 बालिका , गुड़िया कुमारी, सानिया कुमारी ,रिचा कुमारी, स्वाधीनता कुमारी, प्रीति कुमारी, अभिलाषा कुमारी , वूमेन, में अनु कुमारी, संजना कुमारी, नेहा रानी, प्रीति कुमारी महिमा कुमारी, अंडर 20 बालक, रोशन कुमार ,सत्यम राज, अमरजीत कुमार, साबिर कुमार सुनील कुमार मिशन कुमार अविनाश कुमार कुणाल कुमार,अंडर–14 बालक, गुलशन कुमार शुभम राज ,प्रिंस कुमार, नैतिक कुमार, अंडर 14 बालिका, छोटी कुमारी, संजुला कुमारी,गुनगुन कुमारी, श्वेता कुमारी, जय नंदनी कुमारी,अंडर 16 वर्ष बालक, उत्तम कुमार, रोहित कुमार, विकास कुमार ,दीपक कुमार, अंजनी कुमार अंडर 16 बालिका, सजोनी, कुमारी संध्या ,मानसी कुमारी ,शिवानी कुमारी, खुशी कुमारी, आरती कुमारी , तृषा बेसरा ,इशिका कुमारी, रवीना कुमारी, भोली कुमारी, अंडर 18 बालक, सिंटू कुमार , अभीरंजन कुमार, जयराम कुमार, श्रवण कुमार ,रवि रंजन कुमार ,प्रियांशु कुमार, कुसुम कुमार, सोनू कुमार ,सोनू कुमार अंडर 18 बालिका, शालू कुमारी ,सलोनी कुमारी , ओमी हबीब, सुष्मिता कुमारी ,अनुष्का कुमारी, दुर्गेश नंदिनी कुमारी, संजना कुमारी ,कोमल कुमारी, मैन बालक वर्ग, पवन पांडे ,गौरव कुमार ,सत्यम कुमार, सूरज कुमार ,कृष्णा कुमार।

# रसोईया के हत्या पर आक्रोश व्यक्त

वीरेंद्र कुमार सिंह अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ सीतामढ़ी। जिला



मध्यान भोजन रसोईया संघ सीतामढ़ी के सदस्यों की बैठक नगर उद्यान सीतामढ़ी में जिला अध्यक्ष श्यामनंदन चौधरी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में बथनाहा प्रखंड के मध्य विद्यालय मझौलिया में रसोईया पद पर कार्यरत रमेश मंडल को अपराधियों द्वारा उनके आवास पर गोली मारकर हत्या कर देने की घटना पर आक्रोश व्यक्त किया गया। बैठक में बताया गया कि रमेश मंडल बहुत ही नेक दिल एवं सहनशील इंसान था। उसे किसी से विवाद नहीं था। एक साजिश के तहत गांव के ही अपराधियों के द्वारा जानबूझकर गोली मारकर हत्या कर दी। बैठक में अपराधियों की अविलंब गिरफ्तारी, स्पीडी ट्रायल चलाकर सजा देने ,मृतक के आश्रितों को मिलने वाली सरकारी लाभ देने की मांग की गई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि यदि शीघ्र अपराधियों की गिरफ्तारी नहीं होती है तथा मृतक के परिजनों को सरकारी सुविधा का लाभ नहीं मिला तो मध्यान भोजन रसोईया संघ सीतामढ़ी के सदस्य अंबेडकर स्थल डुमरा में विशाल धरना प्रदर्शन एवं अनशन के आयोजन का निर्णय लिया गया।

इस बाबत एक पत्र संघ की ओर से एसपी, डीएम ,एसडीओ, डीएसपी, डीईओ, डीपीओ एमडीएम को दिया जाएगा। बैठक में प्रदेश प्रभारी प्रदीप राय, नवल मंडल, अमीरूल हक, कामिनी देवी रीता देवी मंजू देवी अनिला देवी सुनीता देवी राजकली देवी सहित दर्जनों रसोईया उपस्थित थे।

# स्काउट गाइड ने दिया अपने जीवन में प्लास्टिक का प्रयोग कम करने का सुझाव

दैनिक अयोध्या टाइम्स अनुमंडल ब्यूरो चीफ विनय कुमार पांडे महाराजगंज। बिहार पब्लिक स्कूल सीवान में चल रहे भारत स्काउट और गाइड के शिविर में जिला मुख्य आयुक्त श्री अभिषेक कुमार सिंह ने झंडोतोलन के पश्चात स्काउट गाइड , प्लास्टिक को अपने जीवन से कम करने हेतु जागरूक किया और किसी भी प्रकार केप्लास्टिक का इस्तेमाल कम से कम करने का शपथ दिलाई।इससे होने वाली बीमारियों के प्रति जागरूक किया साथ ही साथ आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर सभी को अपने घर पर 11से17 अगस्त के बीच तिरंगा लगाने की अपील किया ।संस्था के निदेशक श्री विनोद कुमार के द्वारा प्लास्टिक से होने वाले पर्यावरणीय क्षति ,जल प्रदूषण,वायु प्रदूषण से स्काउट गाइड को अवगत कराते हुए मोहल्ले को प्लास्टिक मुक्त करने हेतु जागरूकता अभियान के लिए भी प्रेरित किया।इस अवसर



परजिला संगठन आयुक्त श्री भानु प्रताप ओझा,जिला संगठन आयुक्त गाइड स्मृति,गाइड कैप्टन रश्मि पाठक मौजूद रही।

# पूर्वी चम्पारण कोटवा में बिजली विभाग का मनमाना काम 1390 यूनिट खपत बिजली बिल के बदले भेजा 9000 यूनिट खपत का बिजली बिल आम जनता परेशान



संवाददाता अर्जुन राय अयोध्या टाइम्स कोटवा पूर्वी चम्पारण)

पूर्वी चम्पारण कोटवा में बिजली विभाग ने मनमाना तरीके से बिजली बिल भेज रही है। कोटवा थाना क्षेत्र के कल्याणपुर वृत निवासी रामानुप प्रसाद को बिजली विभाग ने 1390 यूनिट खपत बिजली के बदले 9000यूनिट खपत का बिजली बिल भेजा है। किसान रामनुप प्रसाद ने बताया उनके परिसर में विभाग द्वारा स्थापित मीटर संख्याध् 13283164 जिसका उपभोक्ता संख्या/ 128105113948 हैं। जिसका विभाग द्वारा टेबल रीडिंग कर 9000 यूनिट का ओके बील भेजा गाया है। किसान ने टैरिफ पें 1 श्रेणी में बिजली कनेक्शन लिया है। जिसमे किसान को प्रति यूनिट 0.70 पैसे और मात्र 4: टैक्स की दर से भुगतान करना होता है ।अन्य कोई भर किसान के लिए लागू नहीं होता है।

तो फिर मनमानी बिलिंग क्यू ? बिजली विभाग टेबल रीडिंग करा कर किसान को परेशान कर रही हैं।

और विभाग के अधिकारी आमजनों की समस्या का समाधान न कर उनको धमकाने या मुकदमा दर्ज करने की बात करते हैं। जबकि किसान को हो रही समस्या का समाधान कर हों रही कई तरह के परेशानी को हटाया जा सकता हैं। इसको भ्रष्टाचार न कहा जाय तो इन्हे कौन सा तंत्र कहा जाय जो लोक कल्याणकारी हो। दूसरी तरफ बिजली कर्मियों ने कोटवा के जसौली में अधिक बकाया राशि के एवज में 10 (दश)बीपीएल उपभोक्ताओं के पॉवर सप्लाई को काट दिया है। जिनका बिल का आधार बिजली विभाग खुद अपने बील में (एवरेज एमडी) और टैरिफधर दर्ज किया है।

ये सभी उपभोक्ताओं का बील ओके न हों कर अनुमानित है। को बिजली विभाग द्वारा जारी किया है।

जो की निम्न प्रकार से है–

द्वारिका गिरी बकाया राशि 25473 रूपए सीए 12810039029 बील एवरेज एमडी। रीडिंग मात्र 1718यूनिट। भीखारी गिरी बकाया राशि 34301 रूपए/बील एवरेज एमडी/सीए 12810039036 रीडिंग 2525यूनिट खपत जयकिसुन पटेल बकाया राशि/9229 रूपए सीए 12810039032 बील एवरेज एमडी अनुमानित राजपति कुंवर बकाया राशि 34330 रूपए

बील एवरेज एमडी अनुमानित सीए 12810038918 नारद सिंहध बकाया राशि–43724 बिल का आधार एवरेज एमडी अनुमानित

योगेंद्र गिरी/बकाया राशि 70156 रूपए सीए 12810039031 बील एवरेज एमडी अनुमानित रामश्रेय गिरीध्बकाया राशि 74034 रूपए बील एवरेज एमडी अनुमानित। द्रोपति देवी/बकाया राशि/ 109909 बील एवरेज एमडी अनुमानित राधाकांत गिरी/बकाया राशि/16848/बील एवरेज एमडी अनुमानित और बच्चा गिरी बकाया राशि 91707 रूपए बील एवरेज एमडी अनुमानित इन सभी उपभोक्ताओं का डिस्कोनेशन (बिजली सम्बंध विच्छेद) किया गया।

# यूरिया की कालाबाजारी रोकने के लिए डीएम ने की बैठक यहां विधायक बोलीं हालात पिछले साल की तरह ही खराब

नागेंद्र कुमार राजा अनुमंडल ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स बिहार शरीफ (नालंदा)। बिस्कोमान में खाद लेने को लेकर किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है एक दूसरे को ढकेल कर एक काउंटर पर लोगों को लंबी लाइन लगाकर भी लगाकर खाद खरीदना पड़ रहा है। सुरेश महतो,रामविलास महतो,कंचन महतो आदि किसानों ने कहा कि हम किसानों को काफी परेशानी का सामना खाद खरीदने में होता है। एक ही काउंटर से खाद लेने में किसान की लंबी लाइन लगी रहती जिसके कारण लोगों को परेशानी होता है। अगर ऐसा ही रहा तो किसान एक दूसरे से ही काउंटर से टोकन कटाने को लेकर बवाल खड़ा करते हैं।वहीं जिलाधिकारी उदिता सिंह ने शनिवार को समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में जिला स्तरीय उर्वरक निगरानी समिति की बैठक की। उन्होंने ने जिला कृषि पदाधिकारी को सख्त निर्देश दिया कि उर्वरक वितरण में किसी प्रकार की कालाबाजारी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। वितरण में अनियमितता नहीं हो, इसके लिए उर्वरक वितरण के समय कृषि कर्मियों को दिन भर प्रतिनियुक्त करना सुनिश्चित करें। विभागीय निर्देश के आलोक में किसानों को निर्धारित दर पर उर्वरक उपलब्ध कराएं। इस दौरान जिला कृषि पदाधिकारी संतोष कुमार सुमन ने वित्तीय वर्ष 2022–23 के लिए जिले में खरीफ आदि फसलों के लिए उर्वरक की उपलब्धता एवं खपत के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यूरिया का लक्ष्य 16 हजार एमटी और उपलब्धता 5562 एमटी है। डीएपी का लक्ष्य 3000 व उपलब्धता 2258 एमटी है। एमओपी उर्वरक 3000 एमटी लक्ष्य के विरुद्ध चार मीट्रिक टन,एसएसपी एक हजार मीट्रिक टन के विरुद्ध 843 मीट्रिक टन उपलब्ध है।अभी जिले में किसी प्रकार की उर्वरक की कोई



कमी नहीं है। अभी जिले में तीन हजार से अधिक मीट्रिक टन यूरिया उपलब्ध हैऔर चार दिनों के अंदर 2800 मीट्रिक टन यूरिया मिल जाएगी। बैठक में निर्देश दिया गया कि निर्देश दिया गया कि जिले में यूरिया, उर्वरक खपत के अनुसार ससमय उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। गत दिसंबर से इसकी जांच नहीं कराई गई ,वहीं बिस्कोमान में खाद लेने के लिए लग रही किसानों की भीड़ की देखते कांग्रेस हिसुआ विधायक नीतू कुमारी ने कहा कि पिछले वित्तीय वर्ष में उर्वरक की कालाबाजारी बड़े पैमाने पर हुई थी।जिसमें कुछ दुकानों का लाइसेंस रद कर दिया गया था,लेकिन पुनः एक माह के बाद उसे बहाल कर दिया गया। इस साल भी वैसी ही स्थिति बनती हुई नजर आ रही है। उर्वरकों की कालाबाजारी रोकने के लिए प्रशासन को ठोस कदम उठाने की जरुरत है। ताकि किसानों को यूरिया के दलालों पर बचाया जा सके।

# बिहार में शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार व्यवस्था ध्वस्त : चिराग

शाहपुरपटोरी,दलसिंहसराय! (विकास कुमार पाण्डेय अश्विनी कुमार पाण्डेय, अनुमंडल ब्यूरो चीफ) ! बिहार में सरकारी स्वास्थ्य शिक्षा एवं रोजगार व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो गई है, 3 साल के स्नातक कोर्स करने के लिए छात्रों को 5 से 6 वर्ष तक का इंतजार करना पड़ता है !वही सरकारी अस्पतालों में बिना डॉक्टर इलाज किया जाता है, जिससे आए दिन कई गरीब लोगों की मौत हो जाती हैं, ये बिहार के लिए शर्म की बात है, उक्त बातें लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने पटोरी के धमौन में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में कहीं ! चिराग पासवान धमौन स्थित बाबा निरंजन शाह स्थान में आयोजित एक विशाल कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे ! श्री पासवान बिहार सरकार पर जमकर बर बरसे !उन्होंने कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने लोगों से वादा किया था कि चुनाव जीतते ही हम युवाओं को 10 लाख रोजगार देंगे, पर आज तक युवाओं के हाथ खाली हैं ! वही विभिन्न विश्वविद्यालयों में अध्ययनरत छात्र छात्राओं को अपने कोर्स पूरा करने के लिए दोगुना समय खर्च करना पड़ता है, जिससे वे कई प्रतियोगी परीक्षाओं मे भाग लेने से वंचित रह जाते हैं, वहीं दूसरी ओर बिहार में अपराध का ग्राफ भी तेजी से बढ़ा है ! अपराधी बेलगाम होकर घूमते हैं, अपराधियों में पुलिस के प्रति डर नाम का चीज ही नहीं रहा , यही कारण है कि आज हर जगह हत्या, लूट और बलात्कार जैसी घटनाएं चरम सीमा पर है ! बिहारी भाइयों को रोजगार ढूंढने के लिए दिल्ली, मुंबई, चेन्नई जैसे शहर जाना होता है, जहां उन्हें दर–दर की ठोकरें खानी होती हैं, इसलिए आवश्यकता आ पड़ी है कि 2025 के विधानसभा चुनाव में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को पद से हटाया जाय, अन्यथा बिहार बर्बाद हो जाएगा! गौरतलब है कि चिराग पासवान बिहार में लोक जनशक्ति पार्टी को मजबूत करने के लिए जगह – जगह घूम कर कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित कर रहे हैं, जिससे संगठन को और मजबूत किया जा सके! आज आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में मोहिउद्दीन नगर विधानसभा के पूर्व विधायक और आरजेडी नेता अजय कुमार बुलगानिन अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ लोक जनशक्ति पार्टी में शामिल हुए! श्री बुलगानिन ने लोक जनशक्ति पार्टी का दामन थामा के बाद कहा कि बिहार में इस समय





अराजकता फैली हुई है, चारों ओर भय, भूख और भ्रष्टाचार का आलम है ! वर्तमान सरकार में आपसी मतभेद जगजाहिर हैं यही कारण है कि बिहार और अधिक पिछरता जा रहा हैं, इसलिए आवश्यकता है है कि लोक जनशक्ति पार्टी को अपना समर्थन देकर आगामी चुनाव में चिराग पासवान जी को बिहार का मुख्यमंत्री बनाया जाए ! मौके पर बड़ी संख्या में आम जनता के साथ–साथ कार्यकर्ता मौजूद थे ! इससे पूर्व कार्यक्रम को संबोधित करने वालों में प्रदेश अध्यक्षप्रदेश राजू तिवारी, रविन्द्र सिंह, सुरेन्द्र ठाकुर,संजय पासवान, अभय सिंह, अनुपम सिंह हीराजी, सुरेन्द्र ठाकुर, तथा शिवराज कुमार शामिल हैं !

# वेटरन्स ऑल इंडिया सीतामढी द्वारा कारगिल विजय दिवस पर प्रभातफेरी का आयोजन

'वीरेंद्र कुमार सिंह अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ सीतामढ़ी। वेटरन्स ऑल इंडिया सीतामढी (अखिल भारतीय पूर्व सैनिक संगठन) द्वारा कारगिल विजय दिवस के अवसर पर सुबेदार मेजर रामबाबू महतो के अध्यक्षता में प्रभात फेरी का



आयोजन किया गया। की शुरुआत बाजार समिति प्रांगण में उपस्थित लोगों ने कारगिल बलिदानी मेजर चंद्रभूषण द्विवेदी के तैलचित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित कर की गई। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि कर्नल सुधीर कुमार सिंह, एसएसबी के अधिकारी राज कुमार, विधानपार्षद रेखा देवी, डॉ वरूण कुमार, डॉ मनोज, डॉ प्रवीण कुमार, संरक्षक डॉ प्रतिमा आनंद, डॉ रेणु चटर्जी, डॉ ललन कुमार एवं शाहनवाज हुसैन, रक्तदाता समूह सीतामढ़ी के नीरज गोयनका, जानकी जन्मोत्सव आयोजन समिति के अध्यक्ष बबलू कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काटकर प्रभात फेरी का शुभारंभ किया। राष्ट्रीय गान एवं जय हिंद, वंदे मातरम, भारत माता की जयघोष के साथ कार्यक्रम का आगाज हुआ प्रभात फेरी बाजार समिति से आजाद चौक मेहसौल चौक होते हुए कारगिल चौक पहुंची आगे–आगे दो घोड़सवार प्रभात फेरी को दिशा दे रहे थे, इस बीच मेहसौल चौक पर स्थानीय लोगों ने प्रभात फेरी का स्वागत किया, राजोपट्टी में शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ मनोज द्वारा प्रभात फेरी में शामिल लोगों के लिए शुद्ध पेयजल शरबत फ्रूटी इत्यादि की व्यवस्था की गई थी। कारगिल चौक पर सीमा कंप्यूटर के प्रो. सुशील कुमार जी द्वारा प्रभात फेरी में शामिल लोगों के लिए बिस्किट कोल्ड ड्रिंक की व्यवस्था की गई थी।

कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहे जिला कार्यकारी अध्यक्ष पूर्व सैनिक अनिल कुमार ने बताया 26 जुलाई 1999 का वह दिन भारतीय सेना के इतिहास में सुनहरे अक्षरों में दर्ज है। भारत ने दुनिया के सबसे मुश्किल युद्ध में से एक कारगिल युद्ध में जीत हासिल की थी 60 दिनों से ज्यादा समय तक पाकिस्तानी सेना के साथ लड़ाई जारी रही और अंत में भारत को युद्ध में जीत हासिल हुई। इस उपलक्ष में विजय उत्सव के रूप में मनाया जाता है जिससे देश में सुरक्षाबलों में काम कर रहे जवानों का हौसला अफजाई होता है प्रभात फेरी के मुख्य आकर्षण का केंद्र संगठन के महिला विंग के सचिव नीरा गुप्ता द्वारा भारत गांवों का देश है को दर्शाते हुए किसान जवान की झांकी बैल गाड़ियों पर प्रस्तुत की गई महिला कमांडो की झांकी पुरुष कमांडो की झांकी एवं खेत में काम कर रहे हैं किसान हल चला रहे किसान, कैसे महिलाएं खेत में खाना लेकर जाती है इन सब को दर्शाते हुए झांकी के द्वारा दिखाया गया।

खुशबू कुमारी भारत माता की भूमिका में नजर आई प्रभात फेरी का संचालन युवा टीम के संयोजक अग्नेय कुमार, अध्यक्ष मुकेश यादव, पंकज झा एवं उपाध्यक्ष अवनीश कुमार ने किया, कार्यक्रम के साज सज्जा और बिधि व्यवस्था को नियंत्रित करने में रोशन कुमार, शिक्षक मुकेश रजक ने बेहतरीन योगदान दिया। प्रभात फेरी में ज्ञान ज्योति पब्लिक स्कूल के बच्चे एवं सेना में भर्ती के लिए तैयारी कर रहे युवाओं के साथ शिक्षक प्रेम सर, सूरज मिश्रा, रमेश पासवान ने अपनी सहभागिता दी। आयोजन में शहर के लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया जय हिंद भारत माता की जय के उद्घोष से शहर गूंज रहा था कार्यक्रम में सावित्री प्रसाद, वीरेंद्र यादव, लक्ष्मी प्रसाद, जगत सिंह, श्री प्रसाद, जगनारायण सिंह, बिंदेश्वर साह, रामनंदन, नागेंद्र साह, अनिल झा, विजेंद्र भूषण, राम इकबाल भगत,ब्रज किशोर सिन्हा, विशाल कुमार, पंकज कुमार, संजीव प्रसाद , विकेश पूर्वे, प्रिंस तिवारी, पिंटू, जय हिंद परिवार के संदीप डालमिया, सूरज, पारस कुमार, अंशु, गौतम गुप्ता, अशोक साह, शिक्षक राकेश कुमार, पवन, अजय, नीरज, श्री निवास मिश्रा, डॉ मृत्युंजय, समेत सैकड़ों की संख्या में युवा समाजसेवी, सैनिक पूर्व सैनिक, एसएसबी के जवान उपस्थित थे।

# संक्षिप्त समाचार

## अदिल्ली के एक व्यापारी के यहां से पैसा लेकर भागने वाले को गिरफ्तार कर ले गई दिल्ली पुलिस

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता उत्कर्ष कुमार सिंह मोनू की रिपोर्ट शिवहर। श्यामपुर भट्हा थाना क्षेत्र के लालगढ़ एवं डुमरी से दो व्यक्ति को दिल्ली पुलिस गिरफ्तार कर दिल्ली ले गई है। श्यामपुर भट्हा थानाध्यक्ष विजय कुमार यादव ने बताया है कि डुमरी निवासी गौरी शंकर साह तथा लालगढ़ निवासी विकास साह को दिल्ली पुलिस गिरफ्तार कर दिल्ली ले गया है। थानाध्यक्ष श्री यादव ने बताया कि दिल्ली पुलिस के मुताबिक दिल्ली के एक कारोबारी के यहां एक खाना बनाता था तथा एक गाड़ी चलाता था। खाली जगह पर गाड़ी पार्क कर उसके पैसे लेकर चंपत हो गया था। इस बाबत कारोबारी ने स्थानीय दिल्ली थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी जिसके आलोक में दिल्ली पुलिस आकर यहां से दोनों को गिरफ्तार कर दिल्ली ले गई है। वहीं क्षेत्र में गलत हवा फैली हुई है कि कुछ लोगों के द्वारा नगदी सहित हीरे एवं सोना चांदी लेकर भाग आया है जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर दिल्ली ले गई है।

## युवती के शव का फॉरेंसिक जांच शुरू की गई

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता डॉ मनीष कुमार सिंह मोतिहारी पूर्वी चम्पारण रक्सौल। एकडेरवा हरैया में आइसीपी बाइपास के समीप से बीते दिनों बरामद किये गये युवती के शव मामले में पुलिस के द्वारा



फॉरेंसिंक जांच शुरू की गयी है।रविवार को एफएसएसएल मुजफ्फरपुर से आयी मोबाइल टीम के द्वारा रक्सौल की हरैया ओपी पुलिस की मौजदूगी में घटनास्थल पर पहुंच कर सैंपल इकठ्ठा किया गया। जिसको जांच के लिए फॉरेंसिंक जांच लैब ले जाया जायेगा। इसकी जानकारी देते हुए हरैया ओपी अध्यक्ष विवेक कुमार जायसवाल ने बताया कि हत्या के कारणों का सटीक पता लगाने के वरीय अधिकारियों के निर्देश पर टीम के द्वारा सैंपल लिया गया है।

## पुलिस ने चिपकाया इश्तहार

दैनिक अयोध्या टाइम्स अनुमंडल ब्यूरो चीफ विनय कुमार पांडे महाराजगंज बसंतपुर। नगौली गांव में दहेज उत्पीड़न मामले में फरार आरोपित के घर पर पुलिस ने शनिवार को इस्तेहरा चस्पा दिया। नगौली के अनवर हुसैन के पुत्र अब्दुल्लाह अंसारी को पत्नी ने दहेज उत्पीड़न की एफआईआर दर्ज कराई थी। मामले में अब्दुल्लाह फरार है। इस्तेहार के बाद भी आरोपीत के हाजिरी नहीं होने पर पुलिस कुर्की की कार्रवाई करेगी।

## पूर्व प्रखंड प्रमुख के निधन पर शोक सभा का हुआ आयोजन

दैनिक अयोध्या टाइम्स अनुमंडल ब्यूरो चीफ विनय कुमार पांडे महाराजगंज बसंतपुर। प्रखंड कार्यालय परिसर में पूर्व प्रखंड प्रमुख डॉक्टर हरिद्वार प्रसाद के निधन पर शोकसभा का आयोजन किया गया। प्रमुख कन्हैया यादव की उनके निधन से प्रखंड में अपूरणीय क्षति हुई है। महाराजगंज सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल ने उन्हें समाज का धरोहर बताया। प्रोजेक्ट कन्या उच्च विद्यालय बसंतपुर में एचएम उर्मिला के नेतृत्व में शोकसभा का आयोजन किया। राजद के प्रेस प्रवक्ता सुरेंद्र पांडे, बीडीओ रंजन लाल निगम, सीओ सुनील कुमार, मुखिया छोटे लाल चौधरी, शिवजी यादव, डॉक्टर रामपारस व राजेंद्र तिवारी ने शोक व्यक्त किया है।

## बसंतपुर पुलिस ने शराब धंधेबाज को गिरफ्तार किया

दैनिक अयोध्या टाइम्स अनुमंडल ब्यूरो चीफ विनय कुमार पांडे महाराजगंज बसंतपुर। प्रखंड परिसर से शराब के साथ एक कारोबारी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस को शराब की बिक्री की जानकारी मिली जानकारी थी। थाना अध्यक्ष मुकेश कुमार के नेतृत्व में गठित टीम ने छापेमारी की। छापेमारी में बगाही के स्वर्गीय माधव सिंह का पुत्र विजेंद्र कुमार सिंह को अंग्रेजी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। एफ आई आर दर्ज करके कारोबारी को जेल भेज दिया गया।

## सर्व स्माइल फाउंडेशन ट्रस्ट नें चलाया सदस्यता अभियान

दैनिक अयोध्या टाइम्स अनुमंडल ब्यूरो चीफ विनय कुमार पांडे महाराजगंज सिवान। सिवान के सर्व स्माइल फाउंडेशन ट्रस्ट नें गोपालगंज के वृंदावन हाईवे स्थित मधुवन रेस्टुरेंट में का आज सदस्यता अभियान चलाया. जिसमे गोपालगंज के युवा वर्ग के लोगो को जोड़ा गया और गोपालगंज में ट्रस्ट को मजबूत करने की बात कही गई , टीम की मजबूती के साथ विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुआ सभी सम्मानित मित्र बंधुवो की बातें सुनकर बहुत अच्छा लगा, मिटिंग में उपस्थित सभी साथी को अपनी बाते रखने का मौका मिला। और सभी मित्रो को आपस में ऐसे ही प्यार स्नेह और सामाजिक कार्यों के लिए उठने वाली हाथो को हमेशा



मजबूती प्रदान करे! बैठक मे उपस्थित रहे संस्थापक सह अध्यक्ष कैफ सुल्तान, संस्थापक सह सचिव अल्ताफ मलिक, सदस्य नसीम आलम ,मोहम्मद इरफान, शहीद अली, साजिद अली ,आलोक कुमार शर्मा, सलमान हुसैन, मेराज अली ,यूराज मिश्रा , कलीम रजा, मासूम रजा, शम्स परवेज इत्यादि।

## मशरक में अवैध शराब का फरार कारोबारी पुलिस की गिरफ्त में भेजा गया जेल

☒ 9 विभिन्न कांड में है नामजद

हरि किशोर सिंह ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स मशरक(सारण)। मशरक थाना क्षेत्र के चांद कुदरिया गांव से मशरक पुलिस ने अवैध शराब के फरार बड़े कारोबारी को गिरफ्तार करने में सफलता पाई। गुप्त सूचना के आधार रविवार को थानाध्यक्ष रितेश कुमार मिश्रा के नेतृत्व में दारोगा राजेश रंजन,प्रशिक्षु दारोगा आशुतोष कुमार के साथ की गई छापेमारी में कारोबारी भिखारी मांझी उर्फ संदीप मांझी पिता स्व ठाकुर मांझी को चांद कुदरिया अवस्थित उसके घर से गिरफ्तार किया गया। उक्त शराब कारोबारी कांड संख्या 181/2022 में बरामद 900 लीटर शराब में फरार चल रहा था। थानाध्यक्ष मशरक रितेश कुमार मिश्रा ने बताया कि उक्त कारोबारी पर



उत्पाद अधिनियम एवम अन्य मामले का कुल 8 मामला पूर्व से दर्ज है । शुरुआती मामला कांड संख्या 82/2009 के तहत धारा 341,323, 324,504 का मामला दर्ज है । तबसे लेकर उत्पाद अधिनियम कांड संख्या 14022013, कांड संख्या 137/2019, कांड संख्या 82/2019, कांड संख्या 39622020,कांड संख्या 205/2020,कांड संख्या 560ध्2020,कांड संख्या 488ध्2021 सहित अन्य मामला दर्ज है।

दैनिक अयोध्या टाइम्स
RNI NO.: UPHIN/2015/67284



## जलजमाव से सड़क गड्ढे में हुआ तब्दील लोगों को चलना हुआं मुश्किल

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता डॉ मनीष कुमार सिंह मोतिहारी पूर्वी चम्पारण सुगौली,पू.च। प्रखंड क्षेत्र के जनता चौक सीतलपुर पुल होते हुए करमवां रघुनाथपुर मुख्य मार्ग के कई जगहों पर बना गड्ढा व जलजमाव राहगीरों के लिए परेशानी का सबब बना है।हल्की बारिश में हीं इस मार्ग में कई जगहों पर जलजमाव की स्थिति उत्पन्न हो जाती है।जहां से पार करना मुश्किल हो जाता है। पानी निकासी के साधन नहीं होने से कुछ दिन बाद पानी सुखता है।तब तक राहगीर पानी हेलकर सड़क पार करते जाती है।तो वहीं सड़क गड्ढे में तब्दील हो गया है।जहां हमेशा दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।जिस गड्ढे को पार करना खतरे से खाली नही है।उक्त जगह पर गड्ढा हो जाने से बाइक चालकों को भारी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है।जहां वाहनों की रफ्तार धिमी हो जाती है। तेज रफ्तार से चलने वाले बाईक सवार वहां दुर्घटना के भी शिकार हो जाते है।जहां कई बाईक सवार जख्मी भी हो गए है।स्थिति तब और खराब हो जाती है जब बरसात होती है।जहां जलजमाव होने से राहगीरों को गड्ढे



है।कुछ जगहों पर तो पानी लगने के कारण सड़क में गड्ढा बन गया है।जो कि खतरा को दावत दे रही है। गढ़ढा वाहन चालकों के लिए परेशानी का सबब बना है। जनता चौक से सीतलपुर तक कई जगहों पर गड्ढा व जलजमाव भारी समस्या बनी हे।जनता चौक के आगे, पड़ित टोला,बेलवतिया, बेलवतिया मुख्य गांव के टर्निंग के समीप हमेशा सड़क पर जलजमाव की स्थिति बन का पता नहीं चलता और सड़क पार करने के दौरान लोग गिर भी जाते है। सबसे से बड़ी समस्या बेलवतिया गांव के मोड़ पर है,जहां सड़क पार करना कठिन काम है।स्थानीय नूरहोदा मियां,बागड़ पटेल, अनिल पटेल,रंजन कुमार, तबरेज अंसारी,नेजाम अंसारी,बहादुर अंसारी ने बताया कि हमलोगो को आने जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

## क्षेत्रवासी हो रहे परेशान, जाम से आवागमन प्रभावित, भेलाहीवासी मागे फुटवियर ओवर ब्रिज

(संजय कुमार कुमार अनुमंडलीय ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स रक्सौल पूर्वी चंपारण)। रक्सौल। रक्सौल अनुमंडल के भेलाही को जाम से निजात दिलाने व आवागमन को सुगम व सुविधाजनक बनाने के लिए रेलवे फाटक पर फुटवियर ओवर ब्रिज का निर्माण अति आवश्यक है. बता दे समस्तीपुर रेल मंडल के अंतर्गत आने वाली भेलाही रेलवे फाटक के बंद होने व खुलने में 30 मिनट से अधिक समय लगने पर दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग जाती है. इस पर इसके खुलने के इंतजार में खड़े लोगों की गर्मी व बारिश की मार झेलनी पड़ती है . अत्याधिक रेलवे फाटक बंद रहने से आवागमन में लोगों को बहुत अधिक परेशानी उठानी पड़ती है. बिहार प्रदेश जदयू के प्रदेश सचिव सह स्थानीय मुखिया पति श्री कपिल देव पटेल उर्फ भुवन पटेल इसके संबंध में जानकारी देते हुए बताया है कि रेलवे फाटक के अत्यधिक बंद होने से आए दिन लगने वाले जाम से राहगीरों व वाहन चालकों को अधिक परेशानी उठानी पड़ती है. वहीं हादसे में लोग चोटिल भी होते रहते हैं। आवागमन को बेहतर बनाने के लिए हमलोग पूर्व से ही फुट ओवर ब्रिज मनाने की मांग संबंधित अधिकारी से करते रहे हैं. वही रक्सौल प्रखंड जदयू श्रम व तकनीकी प्रकोष्ठ के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष सह भेलाही निवासी विकास पटेल ने बताया है कि भेलाही के नेपाल से सटे होने के कारण नेपालवासी अधिक संख्या में प्रतिदिन इस फाटक से गुजरते हैं. रेलवेफाटक बंद रहने से राहगीरों को काफी परेशानी उठानी पड़ती है एवं हमेशा किसी बड़ी दुर्घटना की संभावनाएं भी बनी रहती है.



क्षेत्रवासियों के समस्या को दूर करने के लिए भेलाही के स्थानीय मुखिया श्रीमती सुमन पटेल जी के द्वारा 5– 6 महीने पूर्व डीआरएम समस्तीपुर को एक लिखित आवेदन देकर यहां फुटवियर ओवरब्रिज बनाने की मांग की गई थी ,जो अभी तक डीआरएम समस्तीपुर के यहां विचाराधीन है .देखना बाकी है कि संबंधित विभागीय पदाधिकारी कब तक इसे संज्ञान में लेते हुए फुटवियर ओवर ब्रिज का निर्माण करा कर जनसमस्या को दूर करती है।

## मढिया धाम पर श्रद्दालुओ ने किया जलाभिषेक



वीरेंद्र कुमार सिंह अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ सीतामढ़ी सोनबरसा। भारत नेपाल सीमा पर स्थित मढिया धाम पर सावन के दूसरे रविवार को हजारो श्रदालुओ ने बाबा मनकेश्वर नाथ पर जलाभिषेक किया। श्रदालुओ को भीड़ एव गर्मी को देखते हुए मंदिर प्रशसन ने तीन बजे ही बाबा का दरबार खोल दिया। सुबह से जलाभिषेक का सिलसिला जारी रहा। मंदिर प्रंगण में शनिवार को ही कावरिया जत्था पहुंचने लगा। कॉवरिया मन्दिर प्रांगण में कीर्तन भजन करने लगे । बोल बम की नारा से पूरा इलाका गूँजमान होने लगा। श्रदालुओ की भीड़ को देखते हुए प्रशासन के लोग भी तत्पर दिखे। मन्दिर के मुख्य गेट पर चार पुलिस के जवान मौजूद रहे। वही पुअनि शिवशंकर सिंह मन्दिर के चारो ओर गश्त लगाते रहे। वही सुबह हजारो महिला पुरुष बच्चे ने बाबा पर जल अर्पित किया। कांवरिया शुक्रवार व शनिवार को नेपाल के बागमती नदी के पवित्र जलभरकर 65 किलोमीटर लंबी दूरी तय कर बाबा पर जलाभिषेक किया । हालकि भीषण गर्मी के कारण नेपाल के कांवरिया बम की संख्या पिछले रविवार से अधिक रही। बॉडर से लेकर बाबा के दरवार तक करीब 8 किलोमीटर दूरी तक कांवरिया की सेवा में चिलरा चिलरी रोहुआ कोहबरबा, जयनगर, तिलनगही, जमुआहा के ग्रामीण बोल बम की सेवा में जुटे रहे। जगह जगह पर टेलीविजन के माध्यम से भक्ति गीत का संचालन किया जा रहा था। जहाँ कॉवरिया खूब झूमते रहे। सड़क के दोनों तरह बिजली की व्यवस्था की गई थी। बोल बम के रात्रि विश्राम के लिए जगह जगह पर ग्रामीणों द्वारा पंडाल की व्यवस्था की गई थी। वही कावरिया की सुरक्षा में प्रभारी थानाध्यक्ष प्रवीण कुमार के नेतृत्व में पुलिस बल गश्त लगाते रहे । जबकि दर्शनिया धाम से प्रसिद्ध जयनगर गांव में ग्रामीणों द्वारा भव्य पंडाल का निर्माण कराया गया था। जहाँ कावरिया के लिये 24 घण्टे करीब पांच दर्जन ग्रामीण बोल बम की सेवा में जुटे रहे । कावरिया के लिए पंडाल में चिकित्सक सेवा , नीबू पानी , गर्म पानी फल आदि के साथ महा प्रसाद का आयोजन किया गया था।

बोल बम सेवा समिति के अध्यक्ष राम नारायण महतो व पूर्व मुखिया उमेश महतो ने बताया मि पिछले 20 वर्षो से ग्रामीणों द्वारा चार से पांच लाख रुपया इकठ्ठा किया जाता है और एक माह तक बोल बम की सेवा में ग्रामीण जुटे रहते है । जलाभिषेक के दौरान बीरेंद्र कुमार, राम प्रीत महतो, रवि पूर्वे , धीरज कुमार राजीव महतो गणेश महतो , अमित सौरव , राघवेन्द्र महतो ,मिथलेश गिरी सहित अन्य लोग बोल बम की सेवा में तत्पर दिखे।

## विज्ञान केंद्र अटल सभागार एक दिवसीय है प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता डॉ मनीष कुमार सिंह मोतिहारी पूर्वी चम्पारण पीपराकोठी। स्थानीय कृषि विज्ञान केंद्र के अटल सभागार में रविवार को प्राकृतिक खेती पर केवि के प्रमुख अरविंद कुमार सिंह के अध्यक्षता में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर किसानों को संबोधित करते हुए केविके प्रमुख श्री सिंह कहा कि प्राकृतिक खेती कृषि की प्राचीन पद्धति है, प्राकृतिक खेती में रासायनिक उर्वरक एवं कीटनाशक का प्रयोग नहीं किया जाता है। प्राकृतिक खेती में कीटनाशकों के जाता है। उन्होंने बताया कि खेत में रासायनिक उर्वरक एवं कीटनाशक का प्रयोग कर लोग बीमार हो रहे हैं। इसलिए हमें आज प्राकृतिक खेती अपनाने की आवश्यकता है। इसमें रासायनिक खाद एवं रासायनिक कीटनाशक का उपयोग नहीं करके। इसमें जैविक विधि द्वारा खेती किया जाता है। जिससे की गुणवत्तायुक्त अनाज का उत्पादन होता है एवं उत्पादकता में भी वृद्धि होती है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय वानिकी एवं उद्यानिकी महाविद्यालय के वैज्ञानिक डा नीरज कुमार, केविके वैज्ञानिक डा विद्या चानू, डा गायत्री, डा आनंद कुमार,



रूप में गोबर खाद, जीवाणु खाद, फसल अवशेष आदि द्वारा पौधों को पोषक तत्व दिए जाते हैं। प्राकृतिक खेती में प्रकृति में उपलब्ध मित्र कीट एवं जैविक कीटनाशक द्वारा फसलों को जीवाणुओं से बचाया डा प्रज्ञा, मनीष कुमार, गौरव कुमार, राजेश्वर सिंह, संजय जायसवाल, मनोरंजन सिंह, सुजीत कुमार, अर्जुन सिंह सहित कई वैज्ञानिक व सैकड़ो की तादाद में किसान मौजूद थे।

## हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा यानी हम पार्टी का 7 वा स्थापना दिवस मनाया गया

दैनिक अयोध्या टाइम्स सुमित सिंह शिवहर अनुमण्डल ब्यूरो चीफ।

शिवहर,सीतामढ़ी। आप सभी को इस जानकारी से अवगत करा दिया जाए कि बिहार के लघु जिले में हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा यानी हम पार्टी का 7 वा स्थपना दिवस केक काटकर जिला अध्यक्ष मोहम्मद इब्राहिम। के द्वारा मनाया गया वही उन्होंने सिद्धांत एवं पार्टी के विचारधाराओं से पार्टी के कार्यकर्ताओं को अवगत कराया गया। उन्होंने बताया है कि हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा सेकुलर भारत में बिहार राज्य आधारित एक राजनैतिक दल है। पार्टी के स्थापना दिवस पर जिला अध्यक्ष मोहम्मद इब्राहिम ने सदस्यता अभियान चलाने का निर्णय लिया। सदस्य बनाने की तकनीकी जानकारी भी दी। बिहार में अपराधिक घटनाओं में वृद्धि पर चिंता व्यक्त की है, वही शराब बंद के बावजूद इसकी अवैध बिक्री होने पर आपत्ति जताई है। जिला अध्यक्ष इब्राहिम ने बताया है कि पार्टी के संस्थापक व संरक्षक पूर्व मुख्यमंत्री जीतनराम मांझी एवं पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष कुमार मांझी तथा पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष प्रफुल्ल कुमार मांझी के नेतृत्व में पार्टी को आगे ले जायेंगे।

उन्होंने बताया कि पार्टी गरीबों की हित के, लिए गए 34 आम फैसलों को लागू कराने के लिए पार्टी प्रयासरत है। स्थापना दिवस समारोह में जिला अध्यक्ष मोहम्मद इब्राहिम के अलावा अल्पसंख्यक



प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष मोहम्मद शमीम आलम एवं सचिव आशुतोष राणा, पिपराही के प्रखंड अध्यक्ष रफी अहमद, तरियानी प्रखंड के प्रखंड अध्यक्ष रघुवंश यादव, अवनीश कुमार,वकार अली दानिश सहित जिला भर के पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## मुजफ्फरपुर जिले के विभिन्न प्रखंडों के पंचायतों में तीन स्थानों पर किसान चौपाल का आयोजन किया गया

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) खरीफ किसान चौपाल 2022 अंतर्गत दिनांक 24–07–2022 को इस जिले के सकरा प्रखंड के सिराजाबाद एवं सरमस्तपुर एवं बांद्रा प्रखंड के बड़गांव पंचायतों में कुल 3 किसान चौपाल का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से खरीफ मौसम के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं का विस्तार से बताया गया। कृषकों की आय दोगुनी करने हेतु किसानों को समेकित कृषि प्रणाली अपनाने का सुझाव दिया गया। कृषि में अंधाधुंध रसायनों एवं उर्वरकों के उपयोग से होने वाले दुष्प्रभावों को विस्तार से पर विशेष जानकारी दिया गया। साथ ही किसानों को संगठित होकर समूह में खेती करने की सलाह दी गई।आत्मा कर्मी द्वारा उपस्थित महिलाओं एवं पुरुष कृषकों को सुझाव दिया गया कि आप सभी कृषि बकरी पालन पशुपालन मत्स्य पालन इत्यादि विषयों कृषक महिला खाद्य सुरक्षा समूह बनाकर उसका पंजीकरण आत्मा से कराएं एवं अपनी आमदनी दुगूनी करें। बरसों से अपेक्षित मोटे अनाज की खेती को फिर से अपनाने का आग्रह किया गया ताकि मोटे अनाज की खेती करने में लागत कम होगा, जल की खपत कम होगी जमीन सुरक्षित रहेगा एवं मानव समाज का



बताते हुए किसानों को अपने खेतों में रसायनों एवं उर्वरकों का केवल अनुशंसित मात्राओं में उपयोग करने की सलाह दी गई एवं इसके लिए अपने खेतों की मिट्टी की जांच कराने की सलाह दी गई ताकि मिट्टी जांच के आधार पर वरक की सही मात्रा का आकलन किया जा सके। इसके साथ ही जैविक एवं प्राकृतिक खेती करने की सलाह उनके द्वारा इस कार्यक्रम में दी गई।

खेती में जल प्रबंधन पर चर्चा करते हुए प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के तहत सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली को अपनाने का सुझाव दिया गया ताकि फसलों में सूचित सिंचाई हेतु कम से कम जल का उपयोग हो सके। जल जीवन हरियाली योजना से संबंधित जानकारी दी गई। किसान क्रेडिट कार्ड मुर्गी पालन हेतु फसल अवशेष प्रबंधन स्वास्थ्य सुरक्षित रहेगा और मिट्टी को स्वस्थ रखना जलसंधारण की क्षमता को बढ़ाने पर विशेष फोकस देने की आवश्यकता है। साथ ही चौपाल कार्यक्रम के दौरान खरीफ महा अभियान 2022 अंतर्गत आयोजित किसान चौपाल फीडबैक फॉर्म रेनफेड एरिया डेवलपमेंट योजना फसल सुरक्षा कार्यक्रम अंतर्गत बीज टीकाकरण अभियान जैविक खेती आत्मा कौशल विकास मिशन एवं देसी कार्यक्रम योजना किसान क्रेडिट कार्ड एसएससी किसान भाइयों के लिए आवश्यक सूचना पंचायत स्तर पर किसान चौपाल का आयोजन प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि पात्रता संबंधित सूचना मुर्गी पालन हेतु ऋण जल जीवन हरियाली के विषय पर पंपलेट फीडबैक फॉर्म का वितरण किया गया।

## 24 घण्टे के भीतर प्रधानाध्यापिका व मिडडे मील प्रभारी पर होगी करवाई : डीपीआरओ



☒ मिडडेमील में बड़ी घोटाला , चावल की गई बिक्री , वर्ष 19–20 के 38 क्विंटल चावल चावल होंगे नष्ट , कोरोना काल मे सुखा राशन का नही किया गया वितरण

वीरेन्द्र कु. सिंह अयोध्या टाइम्स व्यूरो चीफ सीतामढ़ी। पिछले दो दिनों से सोनबरसा प्रखंड के सरवरपुर मध्य विद्यालय में मिडडेमील में हो रही जांच में बड़ा घोटाला सामने आया है दो दिन से चर्चा का केन्द्र बना सरवरपुर मध्य विद्यालय में शनिवार को जिला के मिडडेमील डीपीआरओ व जिला समन्वयक द्वारा जांच की गई जिसमें बड़ी अनिमियता व चावल का बिक्री के साथ 38 क्विटल चावल पूरी तरह सड़े पाए गए । मालूम हो कि 21 जुलाई को मध्यान्ह भोजन को लेकर ग्रामीणों द्वारा हंगामा की जांच करने सोनबरसा मिड डे मील प्रभारी उमेश चंद्र झा 22 जुलाई को विद्यालय पहुंचे थे। उनके समक्ष खाना में कीड़े की बात आई थी। वहीं फरवरी का मिड डे मील नही बांटे जाने पर सवाल से मिड डे मील प्रभारी भी घिरे थे। फोर्टीफाइज्ड चावल उपलब्ध नही कराये जाने का मामला भी उजागर हुआ था। अप्रैल मई जून का चावल उपलब्ध कराया गया तो विद्यालय में पुराने चावल का स्टॉक कैसे है। जो चावल न बांटने लायक है और न खाने लायक। वस्तुस्थिति की गंभीरता को देखते हुए यह मामला डीएम के संज्ञान तक पहुंचा। ततपश्चात शनिवार को डीपीओ मध्यान्ह भोजन पदाधिकारी संजय कुमार देव कन्हैया व जिला समन्वयक पंकज कुमार, प्रभारी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी एवं मो मोहिबुल्लाह खान विद्यालय पहुंचे । जांच में यह पाया गया कि विद्यालय को इस वर्ष 23 क्विटंल एवं 11 क्विंटल चावल उपलब्ध कराया गया। मिड डे मिल में खर्च के उपरांत 13 क्विटंल अनाज शेष बचा होना चाहिए। 13 क्विटंल के स्थान पर विद्यालय में 38 क्विटंल पाया गया जो वित्तीय वर्ष 2019–20 का था। पदाधिकारी ने बताया कि यह चावल सड़ा गला है जो न खाने योग्य है और नही बांटने योग्य है। अब सवाल यह उठता है कि अगर अप्रैल मई जून का चावल अप्रैल में उपलब्ध कराया गया तो वह चावल कहां है। बड़े घोटाला की संभावना से इंकार नही किया जा सकता। विद्यालय को उपलब्ध कराया गया चावल कहां। गया संभव है प्रधानाध्यापक और मिड मे मील प्रभारी के मिलीभगत से विद्यालय को उपलब्ध ही नहीं कराया गया हो।

यहां बड़े खेल की संभावना है। मिड डे मील प्रभारी ने बताया कि फरवरी का अनाज बच्चों के बीच नही बांटा गया। अगर नही बांटा गया तो प्रभारी एवं शिक्षा विभाग अब तक अंजान क्यों बना रहा। हेडमास्टर दोषी है या मिड डे मील प्रभारी यह जांच का विषय है। इसका स्वतंत्र एवं निष्पक्ष जांच हो। कचोर मुखिया मधुरेंद्र कुमार ने कचोर पंचायत के सभी विद्यालय में मिड डे मील की हाजिरी अधिक बनाने, बिना आम सभा के विद्यालय प्रबंधन समिति का गठन किये जाने, विद्यालय की सहायक शिक्षका शैल कुमारी का डिपटेंशन चार वर्षो से किये जाने एवं पंचायत के सभी विद्यालयों की जांच अपने स्तर से करने की मांग की। मुखिया मधुरेंद्र एवं पंचायत समिति सदस्य जय किशोर साह ललित ने शैल कुमारी का प्रतियोजन रद्द करने एवं तीन वर्षो का वेतन भुगतान की राशि रिकवरी करने की मांग की।

डीपीओ मध्यान्ह भोजन संजय कुमार देव कन्हैया ने कहा 24 घंटे के अंदर कारवाई होगी। सरवरपुर मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापिका को सरवरपुर से हटाया जाएगा।बीआरपी एम डी एम प्रभारी को सोनबरसा से हस्तांतरित किया जाएगा। सहायक शिक्षिका जब तक मूल मध्य विद्यालय में योगदान नही देती है, वेतन देय नही होगा। वहीं शैल कुमारी के मूल विद्यालय में योगदान नही देने तक अनुपस्थिति विवरणी पर रोक लगा दी। उन्होंने मौजूद ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों को आश्वस्त किया कि कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नही की जायेगी। दोषी कर्मीयों पर कारवाई निश्चित होगी। विद्यालयों में फोर्टीफाइड चावल ही उपलब्ध कराया जाएगा। 38 क्विटंल सड़े गले चावल को नष्ट किया जाएगा और इसकी राशि दोषी कर्मी से वसूला जाएगा। वही जिला समन्वयक पंकज कुमार ने बताया कि चावल की बिक्री हो चुकी है, शेष चावल को कागजी खानापूर्ति के लिए विद्यालय रखा गया है।

## मशरक में दो बाइक की टक्कर, घायल दो सदर अस्पताल छपरा रेफर



हरि किशोर सिंह ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स मशरक (सारण)। मशरक थाना क्षेत्र के पचखंडा गांव में शनिवार की शाम दो बाइक की टक्कर में दो घायल को गंभीर हालत में इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मशरक में भर्ती कराया गया जहां उनकी पहचान नवादा गांव निवासी हसमद अली का 22 वर्षीय पुत्र मुवरम मुस्तक और मुस्तकीन का 35 वर्षीय पुत्र इनताफ आलम के रूप में हुई। ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ संजय कुमार ने घायल दोनों की गंभीर हालत देख बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल छपरा रेफर कर दिया। घटना के बारे में घायलों ने बताया कि वे नवादा गांव से मशरक आ रहे थे कि पचखंडा गांव में मशरक की तरफ से जा रहा बाइक सवार अनियंत्रित होकर टक्कर मार दिया जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंची थाना पुलिस ने बाइक सवार को अपने कब्जे में ले लिया वही मामले में जांच पड़ताल कर रही है।

# संक्षिप्त समाचार

### सिंगल यूज प्लास्टिक कैरी बैग बैन के बाद नियामतपुर बाजार में जागरूकता एएमसी पार्षद मौजूद



नियामतपुर। एक जुलाई से सिंगल यूज प्लास्टिक कैरी बैग के इस्तेमाल पर रोक लगा दी गई है। इस मुद्दे को ध्यान में रखते हुए आसनसोल नगर निगम ने क्षेत्र के नियामतपुर बाजार में लोगों को जागरूक करने की पहल की है। रविवार को आसनसोल नगर निगम अधिकारी, नियामतपुर फांड़ी पुलिस व आसनसोल नगर निगम वार्ड नंबर 59 के पार्षद जाकिर हुसैन ने नियामतपुर बाजार क्षेत्र का दौरा कर लोगों को जागरूक किया। साथ ही सिंगल यूज प्लास्टिक कैरी बैग का इस्तेमाल नहीं करने की लोगो अपील भी की।

### एसो गाछ लागाई कार्यक्रम में विद्यार्थियों को पौधे सौंपे गए

सलानपुर रू स्थानीय समाजसेवी स्वपन दास व फुलबेरिया युवा संघ द्वारा आयोजित कार्यक्रम श्एसो गाछ लागाईष् में फुलबेरिया गोविंदा मंदिर परिसर में छात्राओं के बीच पौधे बांटे गए। इसके अलावा, पाताल और फुलबेरिया गांवों की माध्यमिक और उच्च माध्यमिक परीक्षा में उत्तीर्ण करने वाले छात्रों को पौधे और किताबें देकर सम्मानित किया गया। जहां बाराबनी विधायक और मेयर विधान उपाध्याय और विख्यात लेखिका और पर्यावरणविद जया मित्रा विशिष्ट अतिथि के रूप में दिखाई दीं। इस दिन विधान उपाध्याय ने कहा कि भविष्य में जीवित रहने के लिए पेड़–पौधे लगाने चाहिए। अगर लोग किसी भी अवसर पर पेड़ लगाते हैं, तो आने वाले दिनों में ऑक्सीजन की कमी नहीं होगी। लोगों को कोरोना के दौरान ऑक्सीजन की कीमत का एहसास हो गया है। इसलिए मैं सभी से अनुरोध करता हूं कि पेड़ लगाएं, खुद जिएं और दूसरों को जीने का मौका दें। इस अवसर पर समाजसेवी भोला सिंह, सामडीह ग्राम पंचायत प्रधान जनार्दन मंडल, बालकुंडा फुलबेरिया ग्राम पंचायत प्रधान उज्ज्वल मंडल सहित कई अन्य उपस्थित थें।



### एक माह में दो बार मोबाइल की दुकान में चोरी भयभीत दुकानदार

सलानपुर। सलानपुर थाना अंतर्गत देंदुआ मोड़ के पास कोर्णार नामक मोबाइल फोन की दुकान में एक माह के भीतर दो बार चोरी हो चुकी है।



फिर से दुकान की दीवार काटकर चोरों ने दुकान से नया मोबाइल फोन, फोन कवर, हेडफोन, पंखा समेत विभिन्न सामान लूट लिया। ज्ञात हुआ है कि इसी तरह 3 जुलाई को दुकान की दीवार काटकर चोरी हो गई थी। उस समय चोरों ने 20,000 टका नकद के साथ 4 नए फोन, हेडफोन और चार्जर भी चुरा लिए थे। उस समय इसकी शिकायत सलानपुर थाने में की गई थी। लेकिन कोई चोर नहीं पकड़ा गया। एक माह के अंदर एक और चोरी स्थानीय दुकानदारों में डर पैदा कर दिया। चोरी हुई दुकान के मालिक कौशिक मंडल ने बताया कि महीने में दो बार चोरी हुई है। लेकिन फिर भी पुलिस चोर को नहीं पकड़ पाई। दरअसल, पुलिस का इससे कोई लेना–देना नहीं है। अगर आप पुलिस को कुछ कहते हैं, तो वे जांच कर रहे हैं। लेकिन चोर कब पकड़ा जाएगा। अगर ऐसा हुआ तो इस क्षेत्र में कारोबार करना मुश्किल हो जाएगा।

### बराकर आलू व्यवसाय के रुपए चोरी मामले में आरोपी गिरफ्तार



बराकर। बराकर स्टेशन रोड स्थित आलू के थोक व्यवसाई बिकाश ट्रेडर्स बाबा आलू गद्दी से एक लाख साठ हजार रुपया की चोरी में बराकर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया। इस दौरान पुलिस ने पकड़े गए आरोपी से कुछ नगदी बरामद किया। बराकर आरा डंगाल निवाशी अलाउद्दीन के पुत्र रिक्कू करिवा को बराकर पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे की सहायता से खोज निकाला। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बिगत बीस जुलाई की रात्रि आलू गद्दी के भीतर से आलू ब्यवसाई की नगदी की चोरी कर फरार हो गया था। जिसकी शिकायत ब्यवसाई ने पुलिस से की थी। इस मामले में बराकर पुलिस ने सीसीटीवी की सहायता से आरोपी को गिरफ्तार कर रविवार को आसनसोल न्यायालय के हवाले किया। जहां बराकर पुलिस चोरी में बचे रुपये की बरामदगी को लेकर आरोपी की रिमांड की मांग करेगी।

### सड़क दुर्घटना में दुकानदार जख्मी

विकास कुमार पाण्डेय (अनुमंडल ब्यूरो चीफ) विद्यापतिनगर दलसिंहसराय। विद्यापतिनगर प्रखंड के मुरली टोल – महनार पथ पर कोल्ड स्टोरेज ढाला के समीप शनिवार को सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति के जख्मी हो जाने की खबर हैं ! प्राप्त जानकारी के अनुसार मऊ उधनेशपुर उत्तर निवासी मोहम्मद इबरार अपनी मोटरसाइकिल से शनिवार को वाजिदपुर बाजार की ओर जा रहे थे, इसी क्रम में अचानक बकरियों का झुंड उनकी गाड़ी के नीचे आ गई, उसे बचाने के क्रम में मोहम्मद इबरार दुर्घटनाग्रस्त हो गए ! सड़क से गुजर रहे लोगों ने जख्मी अवस्था में उक्त व्यक्ति को इलाज के लिए स्थानीय चिकित्सक के पास पहुंचाया ! गौरतलब है कि मोहम्मद इबरार मऊ बाजार मे अपनी दुकान चलाते हैं तथा उसी की खरीदी के लिए वाजिदपुर जा रहे थे।

### गंगा घाट पर स्वच्छता एवं जागरूकता कार्यक्रम चलाया



185 रविवार गंगा समग्र काढ़ा गोला घाट समिति के तत्वावधान में लगातार काढ़ा गोला गंगा घाट पर स्वच्छता एवं जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया श्रावण मास को देखते हुए आज विशेष अभियान चलाया गया आज के इस कार्यक्रम में शामिल प्रखंड संयोजक मनोज साह आरती प्रमुख रपअबी गुप्ता विभाष मंडल रुदल मंडल अनिल मंडल महाराणा मंडल कांत लाल मंडल बिनोद मंडल राजीव साह मन्नू साह जगदीश पंडित सूरज साह चंदन साह विपिन भगत इत्यादी कार्यकर्ताओं के सहयोग रहा।

# सीबीएसई रिजल्ट में फिर से बजा डीएवी कंधवारा का डंका

दैनिक अयोध्या टाइम्स अनुमंडल ब्यूरो चीफ विनय कुमार पांडे महाराजगंज। सिवान सीबीएसई दसवीं की परीक्षा में एक बार फिर डीवीएम पब्लिक स्कूल, कंधवारा सिवान के बच्चों ने अपनी प्रतिभा का डंका बजाते हुए बेहतरीन प्रदर्शन किया है। शहर के कंधवारा में स्थित डीवीएम पब्लिक स्कूल हर बार नंबर एक स्कूल होने का प्रमाण देते रहा है। इस साल भी इस स्कूल के शत प्रतिशत बच्चो ने परीक्षा में उत्तीर्ण होकर अपने स्कूल का नाम रौशन किया है। ज्ञातव्य हो कि इस बार सीबीएसई ने 10 वीं की परीक्षा में नए जिले का नाम रौशन किया मैं और और स्कूल प्रबंधन दीपांशु के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते है। प्राचार्य डॉ शुक्ला ने बताया कि इसी विद्यालय के पायल राज 95.8 प्रतिशत अंक के साथ दूसरा स्थान जबकि राजू कुमार शर्मा 95.2: अंक के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किए है। प्राचार्य डॉ अभिषेक शुक्ला ने ये भी बताया की इस साल मेरे स्कूल से शत प्रतिशत बच्चे परीक्षा में शामिल हुए थे जिसमे सभी बच्चे परीक्षा पास किए है। मेरे विद्यालय से एक तिहाई से अधिक बच्चो ने 80: से अधिक अंक प्राप्त किया है। सर्वाधिक बच्चे



मानकों के तहत परीक्षा परिणाम की घोषणा की है। विगत कई वर्षों से कक्षा 10 वीं में इस विद्यालय के छात्र–छात्राएं अव्वल अंकों से उत्तीर्ण हो रहे हैं। 10 वीं बोर्ड के परिणाम पर हर्ष व्यक्त करते हुए डीवीएम पब्लिक स्कूल के प्रधानाध्यापक डॉ अभिषेक शुक्ला ने कहा कि विद्यालय परिवार बच्चों के उज्ज्वल भविष्य को लेकर दृढ संकल्पित है। दसवीं में दीपांशु कुमार कुशवाहा ने 97.4: अंक लाकर विद्यालय का ही नहीं अपितु पूरे 90: से अधिक अंक प्राप्त किए है। डीवीएम पब्लिक स्कूल के निदेशक श्री अरूण कुमार सिंह ने बच्चो के सफलता पर बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता बच्चो की और शिक्षको की सामूहिक मेहनत का परिणाम है। ये सफलता अंतिम नही है हमलोग हर साल ऐसा ही परिणाम देते रहेंगे। स्कूल के चेयरमैन श्री चंद्रशेखर सिंह ने बच्चो के इस उत्कृष्ट प्रदर्शन पर खुशी जाहिर करते हुए बच्चो के उज्वल भविष्य की कामना किए।

# पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने के लिए एकजुट होने की जरूरत : रामनाथ विद्रोही

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)
नई दिल्ली। इंडियन जर्नालिस्ट्स एसोसिएशन (आईजेए) की पहली ऑनलाइन मीटिंग रविवार को पत्रकारों के प्रदर्शन का समर्थन और पत्रकार हित में कार्य करने पर जोर दिया। वहीं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष उदय मिश्र ने सभी साथियों को एक मंच पर आने और पत्रकार हित ने कार्य



आयोजित की गई है। जिसमें राष्ट्रीय और प्रदेश स्तर के पदाधिकारी शमिल हुए। मीटिंग की अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष रामनाथ विद्रोही ने की। इस अवसर पर सभी पदाधिकारियों ने आपस में परिचय किया। इसके बाद संगठन की मजबूती पर चर्चा की गई।

इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष रामनाथ विद्रोही ने कहा कि संगठन को मजबूत करने के लिए अभी साथियों के योगदान की जरूरत है। उन्होंने पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने 18 जुलाई को संसद भवन पर करने के लिए प्रोत्साहित किया। बैठक में राष्ट्रीय महासचिव सह कर्नाटक, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश व छत्तीसगढ़ के प्रभारी एमएच जकारिया ने संगठन मजबूती के लिए हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया। बैठक में राष्ट्रीय मुख्य महासचिव पंकज चौहान, राष्ट्रीय सचिव प्रिया झा, राष्ट्रीय महासचिव नीलेश कुमार, तेलंगाना प्रदेश अध्यक्ष अफरोज कुरैशी सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय महासचिव सत्येंद्र सत्यम ने किया।

# दिव्यांग मदद सेवा सम्मान के तहत कुल्टी मदद फाउंडेशन ने दिव्यांग महेश सिंह को व्हील चेयर प्रदान किया



आसनसोल। दिव्यांग मदद सेवा सम्मान के तहत शनिवार की शाम कुल्टी स्टेशन मोड़ स्थित कुल्टी मदद फाउंडेशन संस्था के मुख्य कार्यालय में चलने फिरने में असमर्थ दिव्यांग महेश सिंह को व्हीलचेयर प्रदान किया गया। दिव्यांग मदद सेवा सम्मान कार्यक्रम का शुभारम्भ सर्वप्रथम कुल्टी मदद फाउंडेशन के वरिष्ठ सदस्य राम प्रवेश चौबे एवम कुल्टी हिंदी वालिका विद्यालय की पूर्व प्रधानाध्यापिका डॉ ममता मिश्रा ने दिव्यांग महेश सिंह को फूलों का माला पहनाकर स्वागत किया। उसके वाद कुल्टी मदद फाउंडेशन द्वारा संचालित कन्यागुरुकुल एवम महिला प्रशिक्षण केंद्र की छात्र छात्राओं ने दिव्यांग लोगो के विकाश के संदर्भ में अपने विचार व्यक्त किया। इस अवसर पर संस्था की ओर से उपस्थित लोगों को सम्मानित किया गया। उसके बाद कुल्टी मदद फाउंडेशन के सदस्यों ने दिव्यांग महेश सिंह को दिव्यांग मदद सेवा सम्मान के तहत नई व्हीलचेयर प्रदान कि। कुल्टी मदद फाउंडेशन के महासचिव रवि शंकर चौबे ने बताया कि संस्था को जानकारी मिली कि दिव्यांग महेश सिंह को व्हीलचेयर की जरूरत है, जिसके बाद संस्था द्वारा दिव्यांग महेश सिंह को व्हीलचेयर प्रदान किया गया। इस अवसर पर समाजसेवी रामप्रवेश चौबे, कुल्टी हिंदी वालिका विद्यालय की पूर्व प्रधानाध्यापिका एवम संस्था की उपाध्यक्ष डॉ ममता मिश्रा, कुल्टी मदद फाउंडेशन के महासचिव रवि शंकर चौबे, कोशाध्यक्ष बिस्वजीत मंगराज, पीपीएस स्कूल की शिक्षिका नीता श्रीवास्तव, शिक्षक विजय श्रीवास्तव, महिला प्रशिक्षण केंद्र की प्रोजेक्ट हेड रिंकू चौबे सहित कन्या गुरुकल, महिला प्रशिक्षण केंद्र की छात्राएं एवम शिक्षिकाएं एवम कुल्टी मदद फाउंडेशन के सदस्य मौजूद थे।

# पति-पत्नी के रूप में साथ रह रहे 2 वयस्कों के जीवन में हस्तक्षेप नहीं कर सकता कोई तीसरा व्यक्ति : दिल्ली हाईकोर्ट

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)
दिल्ली उच्च न्यायालय ने अपने एक फैसले में कहा है कि परिवार के सदस्यों सहित कोई तीसरा व्यक्ति पति–पत्नी के रूप में एक साथ रहने वाले दो वयस्कों के जीवन में हस्तक्षेप नहीं कर सकता है और विवाहित जोड़ों की रक्षा करना राज्य का संवैधानिक दायित्व है। न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला ने कहा कि यह सुनिश्चित करना राज्य और उसकी मशीनरी का कर्तव्य है कि देश के नागरिकों को कोई नुकसान न हो और संवैधानिक अदालतों को भी ऐसे नागरिकों की रक्षा के लिए आदेश पारित करने का अधिकार है जिन्हें अपने जीवन को लेकर किसी भी नुकसान का डर सता रहा हो। अदालत ने यह टिप्पणी एक दंपति की याचिका पर की जिसमें दावा किया गया था कि अपने परिवारों की इच्छा के खिलाफ शादी करने के बाद से वे डर के कारण विभिन्न होटलों में रह रहे हैं और जब तक उनकी रक्षा नहीं की जाती वे शांति नहीं पा सकेंगे। याचिकाकर्ता महिला ने अदालत से कहा कि उसके पिता उत्तर प्रदेश में राजनीतिक रूप से अच्छी पहुंच वाले व्यक्ति हैं और राज्य की मशीनरी को प्रभावित करने में सक्षम हैं। महिला ने अपनी याचिका में अदालत को बताया कि उसने अपना घर छोड़ दिया क्योंकि उसके माता–पिता और परिवार के अन्य सदस्य उसके रिश्ते को लेकर उसे प्रताड़ित और परेशान कर रहे थे। दिल्ली पुलिस को सुरक्षा मुहैया कराने का निर्देश न्यायमूर्ति गेडेला ने दिल्ली पुलिस के अधिकारियों को निर्देश दिया कि अगर किसी भी याचिकाकर्ता (महिला और उसका प्रेमी) जो बालिग हैं की ओर से धमकी मिलने की कोई शिकायत आती है या वे किसी संभावित खतरे को भांपते हुए इमरजेंसी कॉल करते हैं तो उन्हें तुरंत अटेंड किया जाए। अदालत ने कहा 'हमारा विचार है कि राज्य अपने नागरिकों की रक्षा के लिए एक संवैधानिक दायित्व के तहत बंधा है खासकर ऐसे मामलों



में जहां शादी दो वयस्कों के बीच रजामंदी से होती है चाहे वे किसी भी जाति या समुदाय के हों। दिल्ली उच्च न्यायालय ने अपने आदेश में क्या कहा? अदालत ने अपने हालिया आदेश में कहा 'हमारे फ्रेमवर्क के तहत संवैधानिक अदालतों को नागरिकों की रक्षा के लिए आदेश पारित करने का अधिकार है। विशेष रूप से उस प्रकृति के मामलों में जिससे वर्तमान विवाद संबंधित है। एक बार जब दो वयस्क पति और पत्नी के रूप में एक साथ रहने के लिए सहमत हो जाते हैं तो उनके मामले में परिवार सहित किसी तीसरे पक्ष को हस्तक्षेप नहीं हो सकता है। हमारा संविधान भी इसे सुनिश्चित करता है। यह न केवल राज्य का कर्तव्य है बल्कि इसकी मशीनरी और एजेंसियों का भी है जो यह सुनिश्चित करने के लिए कानून और व्यवस्था लागू करते हैं कि इस देश के नागरिकों को कोई नुकसान न हो। अदालत ने कहा कि बीट पुलिस अधिकारी उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अगले तीन सप्ताह तक 2 दिन में एक बार याचिकाकर्ता दंपत्ति के आवास का दौरा करेंगे।

# ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली बेहाल,बड़े हाकिमों के नजर की दरकार



दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता डॉ मनीष कुमार सिंह मोतिहारी पूर्वी चम्पारण। चौबीस घण्टे में पचासों बार बिजली कट होने से उपभोक्ता परेशान सुगौली,पू.चरू बिजली के निर्बाध आपूर्ति के विभागीय दावों से इतर ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली की उपलब्धता अधिकारियों व कर्मियों के दया पर निर्भर है।लाख शिकायतों के बाद स्थिति सामान्य नही होने से ग्रामीणों ने जमकर बवाल काटा।इसको लेकर पंचायत शुकुल पाकड़ के ग्रामीणों में ज्यादा आक्रोश पनप रहा है।इसको लेकर मोहम्मद सलमुल्लाह,लालबाबू मियां,
नबी हसन मियां,प्रमोद कुमार प्रसाद,जितेंद्र कुमार प्रसाद,विक्रम शाह,इसराइल मियां,नेक मोहम्मद मियां आदि ने बताया कि अब तो गांवों को बिजली समय पर मिले,इसके लिए किसी बड़े हाकिमों के नजर की दरकार है।चौबीस घण्टे में पचासों बार बिजली कटने की समस्या से हम आहत है।बिजली के भरोशे ना तो बच्चों की पढ़ाई हो पा रही है और ना ही घरों में पीने के पानी का ही संकट दूर हो रहा है।भले ही पहले घरों में बिजली नही थी तो हम उसपर आश्रित भी नही थे। सरकार एक तरफ बिजली के उत्पादन और अनवरत बिजली देने की घोषणा करती है।पर,बिजली को लेकर किये गए सरकार के बड़े बड़े वादे गांवों में आकर दम तोड़ती नजर आ रही है। गांवों में ना तो सबके पास जेनसेट है या फिर इन्वर्टर। इस परिस्थिति में जिनके पास वैकल्पिक ऊर्जा की कुछ व्यवस्था भी है तो वह भी तो बिजली पर ही निर्भर है।सबसे बड़ी समस्या की ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल को लेकर सरकार ने नल जल योजना चलाई।जिसमे हर गांव में चल रहे नल जल के बोरिंग से लोगों ने पानी भरकर घरों में रखने की आदत डाल भी ली है।पर वह भी बिजली नही रहने से प्रायः बन्द रहता है।जिससे फिर से लोगों को वही दूषित पानी पीने की मजबूरी हो रही है।वही इसको ग्रामीण छात्रों में जिले अहमद,रौशन कुमार, गौतम कुमार,चंदन कुमार,अमित कुमार राजपूत,इरशाद अनवर आदि ने बताया कि अनियमित बिजली से हमारी पढ़ाई पूरी तरह बाधित हो गयी है।शाम और सुबह के पढ़ने के समय बिजली नदारद रहती है।सबसे बड़ी समस्या की बिजली कब रहेगी और नही रहेगी इसकी जानकारी किसी को नही है।इतने विकास के बाद भी जहां पूरी निर्भरता बिजली पर ही है,पर बिजली कब मिलेगी और अनवरत कितनी देर रहेगी यह कहना मुश्किल है।चौबीस घण्टे में पचास बार से ज्यादा बिजली गुल हो रही है।वही इस बाबत विद्युत कनीय अभियंता राजीव रंजन ने बताया की हमारी हमेशा प्रयास रहती है कि समस्या का समाधान जल्द हो अगर बार–बार ऐसी समस्या उत्पन्न हो रही है तो मै इस समस्या पर प्रकाश डालते हुए उचित कार्य करते हुए ग्रामीणों को जल्द इस समस्या से निजात मिल जाएगा।

# बिजली के करंट लगने से एक कि मौत दो जख्मी

वीरेंद्र कुमार सिंह अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ सीतामढ़ी सोनबरसा। थाना क्षेत्र के फरछहिया गांव में रविवार की सुबह बिजली के 11000 में स्पर्श होने से तीन लोग जख्मी हो गए। ग्रामीणों ने तीनों जख्मी को स्थानीय पीएचसी में इलाज के लिये भर्ती कराया। जहाँ इलाज के क्रम में एक की मौत हो गई। जबकि एक जख्मी की हालत नाजुक होने के कारण बेहतर इलाज के लिये रेफर कर दिया गया। वहीं दूसरे जख्मी का इलाज जारी है। चिकित्सक ने बताया दोनो जख्मी इलाज के बाद खतरे से बाहर है। मृतक की पहचान थाना क्षेत्र रोहुआ गांव निवासी बेचन महतो का 24 वर्षीय पुत्र राज कुमार महतो के रुप मे की गई है। वही जख्मी फरछहिया गांव निवासी शफी मोहम्मद का पुत्र सद्दाम व अजबुल दर्जी का पुत्र वकील दर्जी का इलाज जारी है। सदाम का पैर व हाथ ज्यादा जल जाने के कारण रेफर कर दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार फरछहिया गांव निवासी फरीद दर्जी की पुत्री की शादी मंगलबार को होना था। अपने पुत्री को उपहार में कुर्सी टेबुल पलँग आदि समान देना था। रविवार की सुबह फरीद दर्जी भाड़े का पिकअप लेकर अपने दरवाजे के पास पिकअप पर चालक सहित अन्य दो ग्रामीणों के साथ मिलकर समान लोड करवा रहे थे। चालक राज कुमार जैसे ही पिकअप पर चढ़ा वैसे 11000 हजार बोल्ट की तार अपनी ओर खींच लिया और पिकअप में करंट आ गया। जिससे तीनो लोग उस बिजली के करंट के चपेट में आ गए। बताया गया कि सड़क पर बैठे ग्रामीणों ने बिजली के तार पर सूखे डंटे से मारकर तीनो को बिजली के करंट से छुड़ाया और आनन फानन में लोगो को इलाज के लिये सोनबरसा पीएचसी में भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने राजकुमार महतो को मृत घोषित कर दिया। मालूम हो कि हाइवे सड़क निर्माण होने से बिजली की खम्बे की ऊँचाई कम हो गई है। जिससे हादसा होने का अनुमान लगया जा रहा है। घटना के बाद मृतक के घर में कोहराम मचा हुआ है। मृतक दो भाइयों में सबसे बड़ा था। पति की मौत के बाद पत्नी राधा देवी पूरी तरह बदबास हो चुकी है। माता पिता का पुत्र की मौत पर रो रो कर बुरा हाल है। पंचायत के मुखिया ललित नारायण पंडित व वार्ड सदस्य सतेन्द्र कुमार ने मृतक के घर पहुंचकर मृतक के परिजन को ढांढस बंधाया। मुखिया



ने बताया कि बिजली विभाग के अधिकारी से मिलकर सरकारी नियमानुसार सरकारी मुआवजा दिलाएंगे। सोनबरसा पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# रानीगंज से रुपए और जेवरात चोरी के घटना में पुलिस ने एक महिला और एक पुरुष को गिरफ्तार किया



रानीगंज। रानीगंज के पंजाबी मोड़ में 25 जून को एक ट्रांसपोर्ट व्यवसायी के घर से 75 लाख रुपये व चार भरी सोने के जेवरात चोरी के मामले में पुलिस ने एक महिला व एक पुरुष को सारे पैसे व सोने के जेवरात समेत गिरफ्तार कर लिया।

घटना के संदर्भ में मालूम हुआ है कि वे सुकांत पल्ली, पंजाबी मोड़, रानीगंज स्थित एक मकान से नकदी व सोना बरामद करने में सफल रहे। मालूम हुआ है कि सुकांत पल्ली निवासी परिवहन व्यवसायी अभिजीत मुखर्जी की पत्नी ममता रवानी धनबाद में कानून की पढ़ाई के दौरान सॉफ्टवेयर इंजीनियर नवीन सिंह के साथ प्रेम प्रसंग में लिप्त थी। बाद में उन्होंने 25 तारीख को घर को खुला छोड़ और घर चोरी करने के लिए पैसे और सोने के आभूषण छोड़ने की योजना बनाई। फिर उस नवीन सिंह ने समय निकाल कर 25 तारीख को 75 लाख रुपए और जेवर चुरा लिए। इस घटना की सूचना पुलिस प्रशासन को देने के बाद पंजाबी मोड़ फांड़ी की पुलिस ने घटना की जांच की और व्यापक पूछताछ की। उसके बाद पुलिस की विशेष जांच टीम ने सीसीटीवी फुटेज से घटना की मुख्य साजिशकर्ता ममता रवानी और नवीन सिंह के संबंधों का पता लगाया।

वहां से उन्होंने नवीन सिंह की तलाश की और नवीन को कोलकाता में किराए के मकान से गिरफ्तार किया। बाद में पुलिस ने इस घटना में शामिल ममता रवानी को भी हिरासत में ले लिया। उनसे पूछताछ के बाद मुख्य रहस्य सामने आया है और पुलिस ने रानीगंज के एक घर से नकदी और सोना बरामद किया। गिरफ्तार महिला और व्यक्ति को आसनसोल जिला न्यायालय भेज दिया गया और न्यायाधीश ने उन्हें पुलिस हिरासत में लेने का आदेश दिया।

# चिनाकुड़ी में खान श्रमिक कांग्रेस भारतीय मजदूर संघ का प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित किया गया

चिनाकुड़ी। खान श्रमिक कांग्रेस (भारतीय मजदूर संघ) सोदपुर क्षेत्र का दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला रविवार को चिनाकुड़ी स्थित मिलन मैरेज हाल में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में अखिल भारतीय खदान मजदूर संघ के उपाध्यक्ष जयनाथ चौबे, खान श्रमिक कांग्रेस (बीएमएस) के अध्यक्ष नवल किशोर सिंह, खान श्रमिक कांग्रेस के महामंत्री बिनोद कुमार सिंह, भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश मंत्री महेंद्र गुप्ता, क्षेत्रीय सचिव दयाचंद नोनिया, खान श्रमिक कांग्रेस के सचिव (ईसीएल मुख्यालय) मृत्युंजय सिंह, दशरथ प्रसाद महतो, प्रीतम सिंह, मनोज प्रसाद, त्रिवेणी प्रसाद, रामाकांत राय, रवींद्र राय, उत्तम झा, गुरमीत सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम में अखिल भारतीय खदान मजदूर संघ के उपाध्यक्ष जयनाथ चौबे ने श्रमिकों के विकास से ही ईसीएल का विकास संभव बताया, जो लघु व कुटीर उद्योगों से ही हो सकता है। कहा कि देश में कोयले की मांग के मद्देनजर पॉवर सेक्टरों को कोयले की आपूर्ति कम न होने पाए, इसलिये कोयला उत्पादन एवं उत्पादकता पर भी ध्यान देने को कहा। कहा कि कार्यकर्ता आगामी समय में संगठन कार्य को आगे बढ़ाने में सहभागी बन सकें, इस उद्देश्य के लिए अभ्यास वर्ग में कार्यकर्ताओं को तैयार किया जाता है। इसलिये अभ्यास वर्ग में 50 वर्ष से कम आयु के कार्यकर्ताओं को शामिल किया जाता है। ताकि वे




संपूर्ण विषयों की जानकारी प्राप्त कर सकें। उन्होंने प्रबंधकीय वार्ता के समय ष्हमारी भूमिकाष विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम में श्रम कानून, भारतीय मजदूर संघ की रीति नीति पर अपना वक्तव्य रखा। कहा भारतीय मजदूर संघ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का अनुषांगिक संगठन है। जो राष्ट्र के साथ साथ उद्योग और श्रमिक हितो के उद्देश्य पर अडिग है। अभ्यास वर्ग को तीन भागों में बांटकर भारतीय मजदूर संघ की विचारधारा, संगठन की रीति नीति, ट्रेड यूनियन गतिविधियों की देश में स्थिति की जानकारी दी।

# संक्षिप्त समाचार

## मशरक के मजदूर की सूरत में मौत शव पहुंचने पर परिजनों में मातम

हरि किशोर सिंह ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स मशरक (सारण)। मशरक नगर पंचायत क्षेत्र के हनुमानगंज गांव के मजदूर की सूरत में मौत के बाद रविवार को शव गांव लाया गया जहां परिजनों के चित्कार से गांव का माहौल गमगीन हो गया। मृतक पूर्वी पंचायत के पूर्व मुखिया विंदेश्वरी प्रसाद का भतीजा विजय प्रसाद उम्र 40 वर्ष पिता शोभन प्रसाद हैं। मौके पर भाजपा प्रखंड अध्यक्ष बीरबल प्रसाद कुशवाहा,अभय कुमार, बृजकिशोर यादव, विवेकानंद



यादव, रंजीत कुशवाहा, टुनटुन यादव ने शोक व्यक्त किया और दाह संस्कार में मददगार साबित हुएं। परिजनों ने बताया कि मृतक गुजरात के सूरत में साड़ी बुनाई का काम करता था वही पर उसकी ड्यूटी से आने के बाद डेरा पर हार्ट अटैक आने पर मौत हो गई। मृतक को दो छोटी–छोटी लड़की और एक लड़का हैं। सभी बच्चों की उम्र 11 वर्ष से कम हैं। मृतक के शव को देख पत्नी, बच्चों और परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है कि अब उनका भरण पोषण कैसे होगा।

## सावन की दूसरी सोमवारी में श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़



आलोक कुमार ब्यूरो चीफ खगड़िया अयोध्या टाइम्स बिहार। सावन की दूसरी सोमवारी में भी श्रद्धालुओं ने अपने उमंग और उत्साह के साथ मुंगेर से जल उठा कर खगरिया होते हुए मत्यूकेश्वर धाम के लिए रवाना हो रहे हैं डाक बमों के लिए सेवा में जगह–जगह कांवरियों के लिए शिविर लगाकर पानी दवाई फल फूल की व्यवस्था की गई है प्रशासन के द्वारा जगह–जगह पर रोड पर गस्ती दिया जा रहा है।

## संदेहास्पद स्थिति में हुई युवक की मौत

शाहपुर पटोरी।समस्तीपुर (विकास कुमार पाण्डेय/अश्विनी कुमार पाण्डेय, अनुमंडल ब्यूरो चीफ)। समस्तीपुर जिले के के पटोरी थाना क्षेत्र स्थित बहादुरपुर पटोरी के रहने वाले सोनू कुमार मिश्रा की मौत संदेहास्पद तरीके से ही गई ! प्राप्त जानकारी के अनुसार,,सोनू की तबीयत रविवार सुबह अचानक बिगड़ने लगी, उसे इलाज के लिए स्थानीय चिकित्सक के पास ले जाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने बेहतर इलाज के लिए उसे पटना रेफर कर दिया ! पटना ले जाते समय रास्ते में ही उनकी मृत्यु हो गई। बतातें चलें कि सोनू कुमार



मिश्रा बहादुर पुर पटोरी निवासी मनोज मिश्रा के इकलौते पुत्र थे। ये पटोरी के स्थानीय बाजार में ही मा सती ऑटोमोबाइल नामक गैरेज चलाते थे । उनकी मृत्यु का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है लेकिन लोग दबी जुबान मौत का कारण जहरीली शराब को बताते हैं।

## परिवर्तनकारी प्रारंभिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष समरेन्द्र बहादुर सिंह ने सारण स्नातक चुनाव को लेकर किया औपचारिक बैठक

हरि किशोर सिंह ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स मशरक (सारण)। मशरक थाना क्षेत्र के एस एच73 अवस्थित आर एस एस कम्प्यूटर के संचालक रामाशंकर सहनी के परिसर में एक बैठक का आयोजन किया गया।



आज रविवार को मशरक प्रखंड मुख्यालय स्थित आर एस एस कंप्यूटर अकादमी में अगामी स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के चुनाव को लेकर एक बैठक परिवर्तनकारी प्रारभिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष सह सारण स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के प्रत्याशी समेन्द्र बहादुर सिंह के अध्यक्षता में की गई स बैठक में यह निर्णय लिया गया कि हम सभी शिक्षक हर संभव अपने परिवार के भाई को जिताने का काम करेंगेस इस औसर पर संजय यादव, फिरोज एकबाल, अरविंद कुमार सिंह, रामाशंकर सहनी, चंदन कुमार , राजु कुमार सिंह, मुकेश पांडेय, बबलू सिंह, जितेंद्र सिंह, रहमत अल्ली,भुपेन्दर कुमार सिंह,रामनाम शर्मा बैठक की अध्यक्षता कुमार प्रमोद ने की।

## मशरक रेलवे ढाला मन्नीमोड़ पर बाइक दुर्घटना में , दो युवक घायल सदर अस्पताल छपरा रेफर

हरि किशोर सिंह ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स की रिपोर्ट सारण से
मशरक (सारण)। मशरक तरैया शीतलपुर एस एच 73 पर मशरक थाना क्षेत्र के रेलवे ढाला मुन्नीमोड़ पर बाइक दुर्घटना में दो चचेरा भाई गंभीर रूप से घायल हालत में मशरक पुलिस के जमादार प्रमोद कुमार एव पुलिस बल के द्वारा इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मशरक में भर्ती कराया गया। जहां घायल युवको की पहचान तरैया थाना क्षेत्र के हरखपुरा गांव निवासी मंतोष साह 20 सुरेश साह हरखपुरा तरैया विजय साह 22 पिता नन्द किशोर साह साह हरखपुरा के रूप में हुई। ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ अभिनव आनंद ने प्राथमिक उपचार किया और प्राथमिक उपचार के बाद लगे गहरे जख्म की वजह से बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल छपरा रेफर कर दिया। घटना स्थल पर उपस्थित ग्रामीणों ने घायलों ने बताया कि हरखपुरा गांव से मशरक महाराणाप्रताप चौक के पास अपने भाई के ससुराल जा रहा था कि मुन्नीमोड़ के पास अचानक अनियंत्रित मोटरसाइकिल होकर दोनों



युवक रोड किनारे जा गिरा जिससे दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। मशरक पुलिस ने इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मशरक में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद छपरा रेफर कर दिया गया।

RNI NO.: UPHIN/2015/67284

# पत्नी प्रेमी संग फरार हत्या के आरोप में पति काट रहा जेल

विकास कुमार पाण्डेय (अनुमंडल ब्यूरो चीफ) दलसिंगसराय ! दलसिंहसराय से सटे बेगूसराय जिले के मंसूरचक थाना से एक ऐसी घटना के उद्भेदन की खबर है जिसने सबको चौंका दिया, जहां एक व्यक्ति अपने पूरे परिवार के साथ कई महीनों से जेल की हवा खा रहा है उस पर आरोप था कि उसने अपनी पत्नी की हत्या कर लाश को गायब कर दिया है ! पर अब पुलिस ने उक्त व्यक्ति की पत्नी को अपने प्रेमी के साथ गिरफ्तार किया है ! इस घटना ने सकते में डाल दिया है ! प्राप्त जानकारी के अनुसार जिस महिला के गायब करने के आरोप में पति, सास और जेठ जेल में बंद हैं, उस महिला को पुलिस ने लखीसराय से उसके प्रेमी के पास से गिरफ्तार किया है. शादी के सात साल बाद महिला अपने प्रेमी के साथ फरार हो गई थी. उसने प्रेमी से शादी भी कर ली थी. अब उसका एक बेटा भी है. इस बीच महिला के परिजनों ने पति, सास और जेठ पर गायब कराने का मामला दर्ज कराया था ! जानकारी के मुताबिक, मंसूरचक थाना क्षेत्र के मंसुरचक गांव निवासी संदीप कुमार चंदन की शादी हवासपुर गांव निवासी राम लखन महतो की बेटी रंजू के साथ साल 2015 में हुई थी. दिसंबर 2020 में रंजू ससुराल से अचानक लापता हो गई. उसकी मां ने बेटी को दहेज को लेकर लापता कर देने का आरोप लगाते हुए बेटी के पति संदीप कुमार, जेठ और सास के खिलाफ मंसूरचक थाना में गायब करने की प्राथमिकी दर्ज कराई. इस मामले में पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया !

इस घटना के बाद गुरुवार को मंसुरचक थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर लखीसराय जिले के रामपुर गांव में छापेमारी कर रंजू को बरामद किया. वह लखीसराय के महेश कुमार के साथ भागकर शादी कर उसके साथ रह रही थी. उससे एक बेटा भी है. पुलिस ने मेडिकल जांच के बाद रेणु को अदालत में पेश किया। डीएसपी निशीत प्रिया ने बताया कि रंजू के अपहरण का मायके वालों ने मामला दर्ज कराया गया था. उन्होंने दहेज उत्पीड़न का भी आरोप लगाया था. इस मामले में पुलिस ने रंजू के पति, जेठ और सास को गिरफ्तार कर जेल भेजा था. रंजू को लखीसराय से बरामद किया गया है. वह बालिग थी और दूसरी शादी कर ली थी. अब आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी !

# विधान परिषद सारण स्नातक चुनाव को लेकर पूर्व मंत्री व भाजपा नेता महाचंद्र प्रसाद सिंह ने किया औपचारिक बैठक

हरि किशोर सिंह ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स की रिपोर्ट सारण से मशरक (सारण)। मशरक थाना क्षेत्र के गोपालबारी गांव स्थित पूर्व प्राचार्य सुरेंद्र नाथ सिंह के आवासीय परिसर में एक बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में मुख्य रूप से पूर्व विधान परिषद स्नातक सदस्य व बिहार सरकार के पूर्व मंत्री भाजपा नेता महाचंद्र प्रसाद सिंह, पूर्व विधायक तारकेश्वर सिंह, जनता दल यू के प्रदेश सलाहकार समिति के सदस्य जदयू नेता कामेश्वर सिंह के साथ–साथ क्षेत्र के जाने–माने गणमान्य लोगों की गरिमामई उपस्थिति रही। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य आने वाला समय 2023 में सारण जिला स्नातक चुनाव को लेकर था। यह एक औपचारिक मुलाकात थी। बिहार सरकार के पूर्व मंत्री व भाजपा नेता महाचंद्र प्रसाद सिंह ने कहा कि मैं अपने निर्वाचन क्षेत्र के लोगों से लगातार संपर्क स्थापित करते रहता हूं। सभी लोगों से मेरा व्यक्तिगत लगाव है। इन्हीं नजदीकियों की वजह से पिछली बार को छोड़ दिया जाए तो लगातार 7 बार सारण स्नातक क्षेत्र के सदस्य पद पर जीत हासिल कर चुका हूं। इस बार आने वाला समय में विधान परिषद सारण स्नातक सीट से क्षेत्र के मतदाता मुझे जीत दर्ज कराने का कार्य करेंगे। पूर्व विधायक तारकेश्वर सिंह ने कहा कि आदरणीय महाचंद्र बाबू सारण स्नातक क्षेत्र का विगत कई वर्षों से नेतृत्व करते आ रहे हैं। हम सभी का समर्थन हमेशा इनके साथ रहा है और आने वाला समय में भी हम सभी कंधे से कंधा मिलाकर साथ रहेंगे। लोगों से आग्रह भी करता हूं कि आप सभी का भी समर्थन इन्हें प्राप्त हो। जदयू नेता कामेश्वर सिंह ने कहा कि जिस प्रकार हम सभी लोगों का समर्थन आपको मिलता रहा है भविष्य में भी हम सभी लोग आप का साथ देते रहेंगे। इस बैठक में मुख्य रूप से कांग्रेस पार्टी के प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य केदारनाथ सिंह, शिक्षाविद चंद्रकेत नारायण सिंह, जदयू प्रखंड अध्यक्ष रामाधार सिंह, समाजसेवी व नागरिक अधिकार मंच के अध्यक्ष महेश्वर सिंह, मशरक नगर पंचायत के भावी मेयर प्रत्याशी सुधीर कुमार सिंह,पूर्व मुखिया रणवीर राज, समाजसेवी बसंत कुमार सिंह,कांग्रेस पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष रविंद्र सिंह, समाजसेवी अजय कुमार सिंह, अधिवक्ता सरोज कुमार सिंह विजेंदर सिंह, भाजपा जिला प्रवक्ता त्रिभुवन तिवारी, धीरज कुमार सिंह, के साथ–साथ क्षेत्र के बहुत सारे गणमान्य लोगों की गरिमामई उपस्थिति रही।





# विद्यापति प्रखंड के साहिट पंचायत में नाला सफाई का कार्य जोरों से प्रारंभ

संजीव कुमार विद्यापति प्रखंड संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स समस्तीपुर! विद्यापति प्रखंड के साहिट पंचायत के वार्ड संख्या 13 में साहिट पंचायत के नवनिर्वाचित मुखिया ने नमिता सिंह के द्वारा 15 वे वित्त आयोग की राशि से वार्ड संख्या 13 में बने पुराने नाला की सफाई वार्ड सदस्य फुलेंद्र पासवान के देख–रेख में कराई जा रही है। वहीं मौजूद वार्ड संख्या 13 निवासी पवन कुमार पासवान उर्फ ननकी पासवान और कैलाश पासवान ने कहा कि जब से यह नाला बनकर तैयार हुआ है तब से लेकर पहली कटहा साहिट में पढ़ने के लिए आने – जाने वाले बच्चों को होगा क्योंकि स्कूल के पास कई सिलाव की हालत जर्जर है।

जिसके कारण छोटे छोटे बच्चों को आने जाने में काफी परेशानी होती है जो परेशानी अब बहुत जल्द खत्म हो जाएगा इसी बात पर वार्ड संख्या 14 निवासी दिवाकर सिंह एवं सौरव कुमार उर्फ ननकी सिंह ने कहा कि सफाई होना चाहिए यह अच्छी बात है लेकिन इस पानी का जल जमाव स्कूल के ठीक बगल में हो रहा है जिससे बहुत ज्यादा बदबू आता है जिससे के कारण स्कूल में पढ़ने



बार नाला की सफाई कराई जा रही है।

साथ ही वहीं मौजूद वार्ड संख्या 13 के सचिव शैलेंद्र सिंह उर्फ पिंटू सिंह जी ने कहा की नाला की सफाई के साथ–साथ जिस स्थान पर नाला वाला सिलाव टूटा– फूटा होगा, वहां पुनः नया सिलाब ढालकर चढाया जाएगा जिससे सबसे ज्यादा फायदा उत्क्रमित मध्य विद्यालय वाले बच्चों के स्वास्थ्य पर बहुत ही बुरा असर होगा।

जिसके लिए हम सभी कष्टहारा ग्राम वासियों का कहना है कि जहां पर गंदगी वाला पानी जमाव होता है वहां पर एक बड़ा सा सोखता टैंक माननीय मुखिया नमिता सिंह पति लालबाबू सिंह के द्वारा निर्माण करा देना चाहिए, जिससे बच्चे के स्वास्थ पर कोई बुरा असर ना पड़े।

# छपरा में बैक टू बैक ब्लास्ट में तीन लोगों की मौत, बम फटने की वजह से हुआ हादसा





रविवार को अचानक एक घर में कई विस्फोट होने से इलाका दहल उठा। बताया जाता है कि खैरा थाना इलाके में नगरा खैरा थाना के खोढाईबाग गांव में यह ब्लास्ट हुआ है। चार लोगों की इस घटना में मौत की सूचना भी सामने आ रही है। घटना स्थल पर पहुंचकर जांच करती पुलिस की टीम।

हरि किशोर सिंह ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स की रिपोर्ट सारण से छपरा (सारण)। बिहार के छपरा के खैरा थाना क्षेत्र के खोदाईबाग बाजार से सटे खोदाईबाग गांव में रविवार को बैक टू बैक कई बम विस्फोट से सनसनी फैल गई। इस घटना में तीन लोगों की मौत हो गई है। जबकि करीब 10 लोगों के मलबे में दबे होने की जानकारी सामने आ रही है। मुजफ्फरपुर से एफएसएल की टीम भी घटना स्थल के लिए रवाना हो चुकी है। बम का धमाका खोदाईबाग गांव निवासी मोहम्मद रेयाजू मियां के घर में हुआ है। ग्रामीणों के अनुसार रेयाजू मियां आतिशबाजी के लिए पटाखे बनाता है। वह शादी–विवाह सहित अन्य खुशी के मौके पर आतिशबाजी के लिए पटाखे बेचता है। लेकिन रविवार को हुए विस्फोट से अनुमान लगाया जा रहा है कि रियाजुल मियां के घर में काफी शक्तिशाली विस्फोटक तैयार किया गया था। जानकारी के मुताबिक धमाका सुबह 10 बजे से शुरू हुआ जो रुक–रुककर दोपहर एक बजे तक होता रहा। विस्फोट इतना जोरदार था कि पूरा घर ध्वस्त हो गया है।

तीन लोगों की मौत

एक बजे के बाद बाद मकान से तीन शव बाहर निकाले गए लेकिन शवों की पहचान नहीं हो सकी है। बताया गया कि रेयाजू मियां एवं उसके भाई शब्बीर मियां का परिवार एक ही मकान में रहता था। हालांकि उसके आपराधिक गतिविधि में शामिल होने अथवा संदिग्ध होने की जानकारी ना तो ग्रामीणों ने दी और ना ही खैरा थाना पुलिस ने। खैरा थाना पुलिस फिलहाल घर के अंदर प्रवेश कर भीतर फंसे लोगों को बाहर निकालने के प्रयास में लगी है। लेकिन रुक–रुक कर हो रहे विस्फोट से पुलिसकर्मियों तथा स्थानीय लोगों के कदम रुक जा रहे हैं। रेयाजू मियां का पक्का मकान इस घटना में ध्वस्त हो गया है। घटनास्थल पर छपरा सदर के एसडीपीओ मुनेश्वर प्रसाद सिंह, बलवाड़ा के एसडीपीओ इंद्रजीत बैठा, इंस्पेक्टर मंजू कुमारी खैरा थाना अध्यक्ष विजय कुमार चौधरी एवं फायर ब्रिगेड की टीम सहित कई थाने की पुलिस पहुंची है।

# पंजाब से 10 लाख लेकर नौकर फरार

विकास कुमार पाण्डेय (अनुमंडल ब्यूरो चीफ) उजियारपुर, दलसिंहसराय! पंजाब में एक व्यवसाई के यहां काम कर रहा समस्तीपुर का युवक अपने मालिक का 10 लाख चुराकर फरार हो गया, मामले की गंभीरता को समझते हुए पंजाब पुलिस ने स्थानीय थाना के सहयोग से शनिवार को उजियारपुर में छापेमारी कर 9 लाख बरामद किया ! प्राप्त जानकारी के अनुसार उजियारपुर थाना क्षेत्र के गांवपुर पंचायत में पंजाब पुलिस ने स्थानीय थाना के सहयोग से एक घर में छापामारी कर लुधियाना शहर से चोरी की गई 10 लाख रूपये में से 9 लाख 1 हजार रूपया बरामद कर लिया। वहीं इस चोरी का मुख्य नामजद अभियुक्त अजय कुमार पासवान मौके का फायदा उठाकर भागने में सफल रहा। इस बाबत पूछे जाने पर पंजाब के लुधियाना जिला अंतर्गत डिवीजन आठ की पुलिस पदाधिकारी स्वर्णचंद ने बताया कि इसी माह 7 जुलाई 2022 को उजियारपुर थाना क्षेत्र के गांवपुर निवासी अजय कुमार पासवान व राज कुमार पासवान ने मिलकर पंजाब के लुधियाना शहर स्थित माल रोड निवासी व्यवसायी हरकेश मित्तल के घर से 10 लाख रुपए की चोरी कर ली थी। वहीं अजय कुमार पासवान उस पैसे को एक बैग में भरकर घर भाग आया था। चोरी का शक उन दोनों भाइयों पर ना हो इसलिये राजकुमार पासवान वहीं रह गया था। लेकिन राजकुमार पासवान से पूछताछ की गई तो वह शक के घेरे में आ गया। लेकिन उसने कुछ नहीं बताया। पंजाब पुलिस राजकुमार को साथ लेकर अजय को खोजते हुए उसके घर पहुंच गई। पुलिस के आते देख अजय घर से भाग गया। लेकिन 9 लाख 1 हजार रूपये उसके घर से बरामद कर लिया गया। बताया गया है कि अजय और राजकुमार हरकेश मित्तल के घर में नौकर के रूप में काम करता था। छापामारी दल में उजियारपुर थानाध्यक्ष समेत अन्य पुलिस बल शामिल थे।



# एक लोटा जल और इन मंत्रों से करें सूर्य उपासना, मिलेगा मनचाहा फल

☒ धर्म अध्यात्म

विकास कुमार पाण्डेय (अनुमंडल ब्यूरो चीफ)। ज्योतिष और हिंदू धर्म में सूर्य की अराधना का विशेष महत्व है, खासकर बिहार में जहां सूर्य उपासना का सबसे बड़ा त्योहार लोक आस्था का महापर्व छठ मनाया जाता है ! छठ पर्व पर सूर्य उपासना का बड़ा महत्व है इसमें उदयाचल एवं अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य दिया जाता है, बिहार के अलावा उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, और दिल्ली में भी अब महापर्व छठ मनाया जाता है ! सूर्यदेव एक ऐसे देवता हैं जो नियमित रूप से भक्तों को दर्शन देते हैं। मान्यता है कि सूर्य देव को प्रसन्न करने के लिए किसी बड़े अनुष्ठान या खास पूजा की जरूरत नहीं पड़ती। सूर्य देव को सिर्फ एक लोटा जल और उनके मंत्रों के जाप से ही उनका आशीर्वाद पाया जा सकता है।

मान्यता है कि अगर किसी व्यक्ति की कुंडली में सूर्यदेव मजबूत हैं तो उन्हें शुभ फल प्रदान करते हैं। साथ ही, समाज में खूब यश, सम्मान की प्राप्ति होती है। पिता का आशीर्वाद प्राप्त होता है।

सूर्य देव के इन 12 मंत्रों का जाप करने से मनचाहा आशीर्वाद मिलता है।

1. ह्रां मित्राय नमरू सूर्य देव के इस पहले मंत्र के उच्चारण से अच्छी सेहत और कार्य करने की क्षमता का वरदान मिलता है। वहीं, कहते हैं कि सूर्य देवता की कृपा से हृदय की शक्ति बढ़ती है।

2. ह्रीं रवये नमरू सूर्य देव के सामने खड़े होकर इस मंत्र का जाप करने से क्षय व्याधि दूर होती है। शरीर में रक्त का संचार ठीक रहता है और कफ आदि से जुड़े रोग दूर होते हैं।

3. सूर्याय नमरू सूर्य देव के इस मंत्र जाप से मानसिक शांति मिलती है। साथ ही ज्ञान में वृद्धि होती है।

4. भानवे नमरू इस मंत्र को जपने से धातु पुष्टि उत्पन्न होती है। मूत्राशय से जुड़ी बीमारियों का शमन होता है और शरीर में ओजस नामक तत्व का विकास होता है।

5. खगाय नमरू इस मंत्र को जपने से बुद्धि का विकास होता हैं और शरीर का बल बढ़ता है। इतना ही नहीं, मलाशय से संबंधित बीमारियां भी दूर होती हैं।

6. पूषणे नमः ज्योतिष के अनुसार इस मंत्र से मनुष्य में बल और धैर्य दोनों बढ़ते हैं। सूर्यदेव की कृपा से मनुष्य का मन धार्मिक विषयों में लगता है।

7. हिरण्यगर्भाय नमः

सूर्यदेव के इस मंत्र का जाप करने से व्यक्ति को अनेक विषयों का ज्ञान प्राप्त होता है। यह मंत्र छात्रों के लिए विशेष लाभदायक है। इस मंत्र का जाप करने से शारीरिक, बौद्धिक एवं मानसिक शक्तियां विकसित होती हैं।

8. मरीचये नमः इस मंत्र के जाप से मनुष्य को रोग आदि नहीं सताते। स्वास्थ्य उत्तम और शरीर की कान्ति बनी रहती है। मरीचये नमः इस मंत्र के जाप से मनुष्य को रोग आदि नहीं सताते। स्वास्थ्य उत्तम और शरीर की कान्ति बनी रहती है।

9. आदित्याय नमः इस मंत्र से दूसरे व्यक्तियों पर मनुष्य का प्रभाव बढ़ता है। बुद्धि प्रखर होती है और आर्थिक उन्नति होती है।

10. सवित्रे नमः इससे मनुष्य का यश बढ़ता है।

सूर्य देव की कृपा प्राप्त होती है और उसका बौद्धिक विकास होता है। इतना ही नहीं, उसकी कल्पनाशक्ति बढ़ती है।

11. अर्काय नमः सूर्य के इस मंत्र जाप से मन दृढ़ होता है। जीवन की सभी समस्याएं दूर होती हैं। वेदों के रहस्यों और विभिन्न शास्त्रों के रहस्यों को जानने के लिए यह मंत्र बहुत लाभदायक है।

12. भास्कराय नम इससे शरीर में वाह्य और आन्तरिक स्वच्छता उत्पन्न होती है। शरीर कांतिमय होता है और उसका मन प्रसन्न रहता है।

रविवार के दिन भगवान सूर्य देव की कृपा पाने के लिए उन्हें नियमित रूप से अर्घ्य देकर इनमें से कोई एक मंत्र का जाप करें। इससे सुख, शांति और समृद्धि की प्राप्ति होती है! यदि प्रत्येक दिन स्नान करके तांबे के लोटे से सूर्य को जल अर्पित किया जाए तो यह मंगलकारी सिद्ध होता है तथा इससे स्वास्थ्य भी उत्तम रहता है।




# सोनी ब्यूटी पार्लर में लेट्स एंपायर बिहार रोहतास के तत्वधान में एक कार्यक्रम का आयोजन

संध्या 4 बजे रविवार को काली स्थान सीएमसी कंप्यूटर के नीचे सोनी ब्यूटी पार्लर में लेट्स एंपायर बिहार रोहतास के तत्वधान में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है जिसमें लेट्स एंपायर के रोहतास जिले के सभी सदस्य शामिल होंगे जिसमें एक दूसरे के साथ परिचय और लेट्स एंपायर बिहार को रोहतास जिला में जन जन तक पहुंचाने की मुहिम को कैसे आगे बढ़ाया जाए इस पर विचार विमर्श करना इसका उद्देश्य होगा अतः आप सभी महानुभाव जो लेट्स इंपायर के सदस्य हैं इस कार्यक्रम में शामिल होकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराने की कृपा करें ताकि हम संगठित होकर इस कार्यक्रम को और इस मिशन को एक नई ऊंचाइयों तक ले जाने में अपना पूरा सहयोग दे सकते ।



# बिहार राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ (गोप गुट) के महासचिव एवं एनएमओपीएस की बैठक ,बिहार





सुवेश जी अनुमंडल ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स सुपौल) सुपौल। एनएमओपीएस बिहार के राज्य स्तरीय टीम की एक बैठक विश्वेश्वरैया भवन के पीछे गोप गुट के कार्यालय में प्रातः 10रू00 बजे से की गई , उक्त बैठक में सदस्यता अभियान, ब्लैक डे कार्यक्रम इत्यादि मुद्दों पर विचार– विमर्श किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए बिहार राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ (गोप गुट) के महासचिव एवं एनएमओपीएस ,बिहार के संरक्षक श्री प्रेमचंद सिन्हा ने कहा कि हमारी 11 सूत्री मांगों में पुरानी पेंशन की बहाली एक प्रमुख मांग है और एनएमओपीएस की एकमात्र मांग पुरानी पेंशन की बहाली है, ऐसे में एनएमओपीएस ने हमारे दायित्वों में से एक दायित्व को अपने ऊपर ले लिया है. ऐसी स्थिति में हम एनएमओपीएस को भरपूर सहयोग करेंगे. उन्होंने उपस्थित गोप गुट के सभी जिला अध्यक्षों एवं जिला सचिवों से अनुरोध किया कि जिला स्तर पर भी एनएमओपीएस के जिला अध्यक्ष एवं जिला सचिव से संपर्क कर निचले स्तर तक ब्लैक डे कार्यक्रम तथा सदस्यता अभियान को सफल बनाने हेतु भरपूर प्रयास किया जाए। प्रदेश अध्यक्ष श्री वरुण पांडेय ने बताया कि बिहार में एनपीएस 1 सितंबर 2005 को लागू की गई थी इसलिए उस तिथि को ष्ब्लैक डेष् के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया है, उस दिन एनपीएस से आच्छादित सभी कर्मी अपने कार्यस्थल पर शांतिपूर्ण तरीके से काला रिबन लगाकर अपने कार्यों का निष्पादन करेंगे. उन्होंने जोर देकर कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था के तहत यह विरोध का प्रथम चरण है, अगर इस पर सरकार संज्ञान नहीं लेती है तो आगे संघर्ष जारी रहेगा। बैठक में सर्वसम्मति से श्री उपेंद्र कुमार को मसौढ़ी अनुमंडल का प्रभारी तथा श्री अलिक सुंदर कुमार को राज्य स्तरीय आईटी सेल से जोड़ने का निर्णय लिया गया। बैठक को प्रदेश उपाध्यक्ष संजीव तिवारी, उपेंद्र कुमार, हलवंत कुमार, अभिजीत रंजन, कमलेश कुमार, मुस्तफा जी, अलिक सुंदर कुमार, पप्पू कुमार, चंदन कुमार, मनोज यादव, सूरज कुमार, मिथिलेश पाठक, संजय कुमार सिंह, डॉ नंद किशोर कुमार, रणविजय कुमार इत्यादि ने संबोधित किया. मंच संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन एनएमओपीएस के मुख्य प्रवक्ता श्री संतोष कुमार द्वारा किया गया।

# संक्षिप्त समाचार

## निशुल्क जाँच एवं परामर्श शिविर मे 435 मरीजो की वरिष्ठ चिकित्सकों द्वारा जाँच के बाद दी गई मुफ्त दवाई

प्रयागराज रिपोर्टर हिमांशु चौरसिया दैनिक अयोध्या टाइम्स। करैली के साठ फिट रोड स्थित नाज इन्सटीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल साईन्सेज एवं हास्पिटल मे डॉ नाज फात्मा द्वारा रविवार को निशुल्क जाँच एवं परामर्श शिविर मे वरिष्ठ डाक्टरों की देख रेख मे 435 मरीजो की जाँच और परामर्श के उपरान्त मुफ्त दवाई दी गई वहीं उच्चकोटि की मशीनो से इसीजी ,ब्लड शुगर ,युरिन इन्फेक्शन ,बच्चों महिलाओं व बुजुर्ग मरीजो का परिक्षण करने के साथ डाक्टरों द्वारा साफ सफाई व खान पान के साथ संतुलित आहार व विटामिन और कैलोरी वाले आहार लेने की जानकारी देते हुए व्यायाम करने की नसीहत भी दी गई।क्रिटकल कंडीशन मे भर्ति नवजात शिशुओं के स्वास्थ लाभ के उपरान्त आज उनके डिस्चार्ज होने पर बच्चों के अभिभावकों के साथ डॉ काशिफ व अन्य डाक्टर्स व स्टाफ नर्सेज की उपस्थिति मे केक काट कर उपलब्धी का जश्न मनाते हुए डॉ काशिफ को बुके भेंट किया गया। डॉ नाज फात्मा द्वारा बताया गया की हास्पिटल मे प्रत्येक माह मे दो बार समय समय पर निशुल्क जाँच एवं परामर्श शिविर के माध्यम से उन लोगों को चिकित्सिय सुविधा उपलब्ध कराई जाती है जो धनाभाव के कारण अस्पताल मे इलाज नहीं करा पाते और मर्ज बढ़ने पर उनहे दिक्कतों का सामना करना पड़ता है और कर्ज के बोझ तले दब जाते हैं।शिविर में डॉ नाज फात्मा ,डॉ ईशान जैदी ,डॉ प्रभात ,डॉ प्रशान्त ,डॉ आनन्द ,डॉ आसिम मुश्ताक ,डॉ जमशेद अली ,डॉ आरिफा ,डॉ हरदीप ,डॉ शाहिदा ,डॉ अभिषेक कनौजिया डॉ आलम ,डॉ अरशद सिद्दीकी ,डॉ काशिफ ,अमित यादव ,मोहम्मद परवेज,प्रबन्धक सैय्यद मोहम्मद अस्करी ,नजर फात्मा खान ,सना फात्मा ,सारा सिद्दीकी ,पूनम ,मान ,उमा ,सीमा ,रंजीत आदि के साथ अन्य स्टाफ व नर्स मरीजो को उत्कृष्ट सेवा देने मे तत्पर रहे।

33 वर्षों से सिगरेट का सेवन करने वाले शायर रौनक सफीपुरी की लत को मात्र पाँच दिन मे छुड़ाने वाले डॉ ईशान जैदी ने बनाया कीर्तिमान

टाटा हास्पिटल से दस दिन पहले प्रयागगराज के नाज हास्पिटल मे सेवा देना शुरु किए जनरल मेडिसिन के डॉ ईशान जैदी ने मात्र पाँच दिन मे 33 वर्षों से सिगरेट के चेन स्मोकर दरियाबाद निवासी शायर रौनक सफीपुरी की लत को छूड़ा कर एक अनोखा कारनामा कर दिखाया।रौनक लगभग 33 वर्षों से सिगरेट के लती थे।यहाँ तक की पाईल्स के इलाज के दौरान भी आपरेशन के बाद डाक्टर्स उनसे सिगरेट नहीं छुड़वा पाए।उनहोने अपनी मंगेतर को भी सिगरेट के आगे छोड़ना बेहतर समझा।ऐसे सिगरेट के चेन स्मोकर को मात्र पाँच दिनो मे सिगरेट से छुटकारा दिलाने पर जहाँ नाज हास्पिटल के डॉक्टर्स हतप्रभ हैं और गौरव की अनुभूति कर रहे हैं वहीं रौनक के परिजन भी विश्वास नहीं कर पा रहे हैं। रौनक के बेटे पत्नी व छोटे भाई ने इस आश्चर्यचकित करने वाले कारनामे पर जहाँ डॉ ईशान के प्रति आभार व्यक्त किया वहीं इसे नाज हास्पिटल की।

## पालिथिन कावरीयो को न इस्तेमाल करने के लिए जागरुक करते हुये दुकानजी

प्रयागराज। नगर निगम द्वारा चलाये जा रहे पालिथिन प्रतबन्धित के प्रति जागरूक हुई जनता अब सब्जी मंडी में लोगों के हाथों में कपडे के झोले कैरी बैग देखने को मिला पुछने पर पता चला की वो पालिथिन के खिलाफ है और सरकार के ईस कदम की सराहना भी किया वही कुछ स्वयमसेवी संस्था ने भी बक्सी बांध दारागंज सब्जी मंडी मे जिनके हाथ में पालिथिन देखा उनको एक झोला भेट किया वही नगर निगम के स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर राजेन्द्र कुमार तिवारी दुकानजी पालिथिन स्लोगन लिखे परिधान पहनकर लोगो को घूम घूम कर जागरूक करते हुये दुकानदार को कैरी बैग बाटते हुये कहा आप अपने ग्राहकों से कपड़े के थैले लाने के लिये कहा



नगर निगम अपने ईस अभियान के तहत जितने जोनल अधिकारी है अपने अपने वार्डो मे जो भी ठेले वाले फल वाले सब्जी बेचने वाले दुकान दारो से कह रहे पालिथिन पूरी तरह प्रतिबंधित कर दिया गया है पकडे जाने पर जुर्माना लगाया जायेगा जब की नगर निगम की प्रचार–प्रसार वाहन से लोगों को माईक द्वारा दुकानजी घूम घूम कर लोगों को शहर मे जागरूकता कर रहे हैं स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 मे स्वच्छता के प्रति शहर को नम्बर वन बनाने के लिये सभी सम्मानित नागरिक सहयोग करे स्वच्छता को मजबूरी नहीं संस्कार मे लाये तभी हम अपने शहर को साफ स्वच्छ बनाने मे सफल होगे।

## कानपुर दक्षिण में नहीं रुक रहा जुएं की फड़ों का सजना, बुकी बेखौफ सजवा रहे जुआं की फड़ें

कानपुर नगर। दक्षिण क्षेत्र में तात्या टोपे नगर और गुजैनी मोटे जुआं की फड़ों का गढ़, जहां खुले में बेखौफ सजवाई जाती हैं जुआं की फड़ें। उन्नाव के बीघापुर में मोटा जुआं चलवाने वाले पंकज फौजी ने कानपुर दक्षिण में बनाया अपना नया ठिकाना, पंकज फौजी और कौशल सिंह नाम के युवकों द्वारा तात्या टोपे नगर में बुक लगवाकर खिलवाया जा रहा है मोटा जुआंरू सूत्र तात्या टोपे नगर में पंकज फौजी द्वारा सजवाई जा रही जुएं की फड़ पर हमीरपुर, घाटमपुर, उन्नाव, बीघापुर सहित दूर–दूर से आते हैं दांव लगाने वाले लोग, सुरक्षा का पूरा भरोसा देते हुए जुआड़ियों के खाने और पीने का किया जाता है लग्जरी इंतजाम सूत्र

सूत्रों के अनुसार पंकज फौजी, कौशल सिंह और उनके साथियों द्वारा जुआं खेलने वालों से इन सुविधाओं का लिया जाता है 10 हजार रुपये घँटे का चार्ज, बेखौफ दांव लगाते हुए होते हैं लाखों के वारे न्यारे। बर्रा थाना क्षेत्र में बिना भय सज रही जुआं की फड़ों में आखिर किसका हाँथ? स्थानीय पुलिस की भूमिका संदिग्ध, क्राइम ब्रांच के कुछ लोगों के संरक्षण में फौजी इलाके में करवाता है बेखौफ जुआं सूत्र उन्नाव के बीघा पुर में जुएँ की फड़ सजवाने में पंकज फौजी पर हुई थी कार्रवाही, अब फौजी ने कानपुर को बनाया अपना सुरक्षित ठिकाना, नेटवर्क के लोगों को तात्याटोपे नगर में जमा दीं जुआं की जड़ें। पहले भी कानपुर दक्षिण में खुले में जुआं खेलते दर्जनों जुआड़ियों के सोशलमीडिया पर वायरल हो चुके हैं वीडियो, फौजी द्वारा लगवाई जाने वाली बुक पर डिटेल के साथ बड़ा खुलासा शीघ्र।

## राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित परीक्षा में हुआ चयन

दैनिक अयोध्या टाइम्स मनोज अवस्थी। महसी (बहराइच) विकासखंड फखरपुर के कम्पोजिट विदयालय शरदपारा निरंतर अपनी उपलब्धियों एवं शैक्षिक गतिविधियों के लिए विकासखंड स्तर एवं जनपद स्तर पर विद्यालय के छात्रों ने अपना परचम लहराया है चाहे वह खेलकूद प्रतियोगिता हो या अन्य शैक्षिक गतिविधियों माध्यम से कम अपोजिट विद्यालय शरद पारा का नाम रोशन करता रहा है इसी क्रम में कक्षा 8 के चार छात्रों का चयन राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित परीक्षा में हुआ है। पलक पुत्री श्रवण कुमार, अरुण कुमार पुत्र शंकर शरण, सूरजपाल पुत्र राम शंकर, श्याम सुंदर पुत्र अवध राम



इन छात्रों को आगे की पढ़ाई के लिए अगले 4 वर्ष तक प्रतिमाह 1000 उनके खातों में भारत सरकार द्वारा प्रेषित किए जाएंगे चयनित छात्रों के अभिभावक एवं विद्यालय परिवार इस उपलब्धि से बहुत गदगद हैं विज्ञान शिक्षक मनोज कुमार गौड़ ने सभी चयनित छात्रों सम्मानित कर शुभकामनाएं प्रदान की हैं खंड शिक्षा अधिकारी जगन्नाथ यादव जी ने विद्यालय के सभी शिक्षकों एवं चयनित छात्रों को शुभकामनाएं प्रदान की हैं प्राथमिक शिक्षक संघ के संरक्षक साकेत भूषण तिवारी ने विद्यालय शरद पारा की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया है चयनित छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की है इस अवसर पर प्रधानाध्यापिका मंजू सिंह, सहायक अध्यापक दिनेश पोरवाल ,संजय सिंह ,जितेंद्र कुमार उपाध्याय ,कमलेश वर्मा, पारुल आदि उपस्थित रहे।

# MAHARISHI UNIVERSITY

Established under MUIT Uttar Pradesh Act No. 31 of 2001

| | |
|---|---|
| D.Pharm | B.C.A. |
| B.Pharm | M.C.A. |
| Diploma | M.B.A. |
| B.Tech | B.Ed. |
| L.L.B. | L.L.M |

## 100% गारंटी : सभी सुविधाएं

- स्कॉलरशिप सुविधा उपलब्ध।
- फीस एस्टालमेंट में जमा करने की सुविधा।
- प्लेसमेंट की सुविधा।

कुछ सीट शेष
जल्दी करें

श्री साईं एजूकेशन कंसलटेंसी 9918523251